RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 9
लखनऊ, रविवार, 25 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मन के मसले
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# नहीं होगी अनुच्छेद 370 की वापसी

## ● केंद्र सरकार ने कहा दो टूक, भारतीय ध्वज का अनादर कर रही हैं महबूबा मुफ्ती: रविशंकर

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** ने पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर भारतीय ध्वज का अनादर करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान संवैधानिक तरीके से समाप्त किए गए थे और इसे बहाल नहीं किया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महबूबा मुफ्ती की यह टिप्पणी राष्ट्रीय ध्वज की शुचिता का घोर अपमान है कि जब तक कश्मीर का ध्वज बहाल नहीं हो जाता, तब तक वह तिरंगा नहीं उठाएंगी।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें तब तक चुनाव लड़ने या राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा उठाने में कोई दिलचस्पी नहीं है जब तक पिछले साल पांच अगस्त को लागू किए गए संवैधानिक बदलाव वापस नहीं लिए जाते। उन्होंने कहा था कि वह तिरंगे को तभी उठाएंगी जब तत्कालीन राज्य के अलग ध्वज को बहाल कर दिया जाएगा। प्रसाद ने इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य को एक विशेष दर्जा प्रदान करता था और इसे पिछले वर्ष समाप्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि इसे अब बहाल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसे एक उचित संवैधानिक प्रक्रिया के तहत समाप्त किया गया और संसद के दोनों सदनों ने इसे अच्छी संख्या बल से मंजूरी दी थी।

कानून मंत्री ने कहा कि इसे समाप्त करना देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता थी और लोगों ने इसकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुफ्ती ने कई तरीकों से उस भारत की छवि का घोर अनादर किया है जिसका प्रतिनिधित्व तिरंगा करता है। मंत्री ने अन्य विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गंभीर अनादर दिखाने वाली, महबूबा की टिप्पणी पर चुप्पी साध रखी है जबकि वे मामूली मुद्दों पर भी भाजपा की आलोचना करते हैं। प्रसाद ने कहा, यह पाखंड और दोहरा मापदंड है। उन्होंने दावा किया कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त किए जाने से केंद्र शासित प्रदेश में विकास को बढ़ावा मिला है और समाज के कमजोर वर्ग जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को वही अधिकार प्राप्त हो रहे हैं जो उन्हें देश के बाकी हिस्सों में मिलते हैं। कानून मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में लोगों ने खुशी-खुशी स्थानीय चुनावों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, कुछ लोगों और परिवारों को दिक्कतें होंगी जो बिना किसी जवाबदेही के शासन करते थे।

## तिरंगे के संबंध में महबूबा का बयान अस्वीकार्य : कांग्रेस

**भाषा।** जम्मू

**कांग्रेस** की जम्मू-कश्मीर इकाई ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से कहा कि वह राष्ट्रीय ध्वज को लेकर भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयान देने से बचें। इसके साथ ही पार्टी इकाई ने पीडीपी प्रमुख की तिरंगे को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। तिरंगे को लेकर महबूबा मुफ्ती द्वार दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति (जेकेपीसीसी) के मुख्य प्रवक्ता रविंद्र शर्मा ने कहा कि यह बहुत ही भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयान है और उन्होंने लोगों की देशभक्ति की भावना को आहत किया है। उन्होंने कहा, इस तरह के बयान किसी भी समाज में बर्दाश्त योग्य नहीं है और अस्वीकार्य हैं। शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के सम्मान और गौरव का प्रतीक है और लोगों को याद दिलाता है कि देश की स्वतंत्रता प्राप्त करने और देश के सम्मान और क्षेत्रीय अखंडता के लिए करोड़ों भारतीयों ने कुर्बानी दी है। कांग्रेस नेता ने कहा, उन्हें इस तरह के भड़काऊबयान देकर प्रत्एक भारतीय की भावनाओं को आहत करने से बचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 14 महीने की हिरासत से रिहा होने के बाद पहली बार मीडिया से संवाद करते हुए महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा था कि वह तिरंगा तभी उठाएंगी जब जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व झंडे को बहाल कर दिया जाता है। उन्होंने कहा, जहां तक मेरी बात है, तो चुनाव में मेरी रुचि नहीं है। मैं आपको स्पष्ट कर दूं कि जिस संविधान के तहत मैं चुनाव लड़ती थी उसे जबतक वापस नहीं कर दिया जाता तब तक मेरा चुनाव से कोई लेना देना नहीं है। विरोध प्रकट करने के लिए प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीडीपी अध्यक्ष के टेबल पर राज्य के पूर्व झंडे को पार्टी के झंडे के साथ प्रमुखता से रखा गया था।

## जम्मू-कश्मीर में एमबीबीएस सीटें 500 से बढ़कर 1100 हुईं

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) में एमबीबीएस कोर्स की सीटों की संख्या वर्ष 2018-19 की 500 सीटों से बढ़ा कर वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020-2021 के लिए 1100 कर दी गई है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी के बाबत स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की तरफ से अनुमति पत्र भी प्राप्त हो चुका है। इसके तहत इस शैक्षणिक सत्र के लिए जीएमसी डोडा में एमबीबीएस के 100 छात्रों को प्रवेश दिए जाने की अनुमति दी गई है। साथ ही अनंतनाग और बारामुला जीएमसी को भी अपने दूसरे बैच के लिए 100 छात्रों को दाखिला दिए जाने की अनुमति दी गई है।

## आयकर रिटर्न भरने की तारीख 31 दिसंबर तक बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**व्यक्तिगत** करदाताओं के लिए वित्त वर्ष 2019-20 का आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा एक महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी गई है। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी के चलते इससे पहले मई में भी करदाताओं को अनुपालन में राहत देते हुए वित्त वर्ष 2019-20 के आईटीआर भरने की समय-सीमा 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा, जिन करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न भरने की समय-सीमा विस्तार से पहले 31 जुलाई 2020 थी, उनके लिए समय-सीमा 31 दिसंबर 2020 तक बढ़ा दी गई है। इसी तरह जिन करदाताओं (उनके पार्टनरों समेत) के खाताओं की ऑडिट किए जाने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने कर्जदारों को बड़ी राहत दी है। उन्हें एक तरह से दिवाली का उपहार तोहफा देते हुए उनके दो करोड़ रुपए तक के कर्ज पर ब्याज-राहत देने की शुक्रवार को देर रात घोषणा की। यह राहत इस सीमा के तहत आने वाले सभी कर्जदारों को मिलेगा, चाहे उन्होंने किस्त भुगतान से छह महीने की मोहलत (मोरेटोरियम) का विकल्प चुना हो या नहीं। वहीं जीएसटी वार्षिक रिटर्न प्रस्तुत करने की नियत तारीख भी 31 दिसंबर कर दी गयी है।

## प्रदेश के सभी पार्कों और खेल मैदानों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश

### ● हाईकोर्ट ने कहा मुख्य सचिव दिशानिर्देश जारी कर तीन माह में दें अनुपालन रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पर्यावरण संरक्षण राज्य का वैधानिक दायित्व है। रोजगार और राजस्व पर लोक स्वास्थ्य जीवन एवं पर्यावरण को वरीयता दी जानी चाहिए। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को सभी पार्कों खेल मैदानों और खुली जमीन पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है और कहा है कि सभी पार्कों का स्थानीय निकायों के मार्फत ठीक से रखरखाव किया जाए ताकि आम लोग पार्कों का उपयोग कर सकें।

कोर्ट ने कहा कि पार्कों में किसी को भी कूड़ा डालने इकट्ठा करने या अन्य उपयोग में लाने की अनुमति न दी जाए। कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव को सभी पार्कों खेल मैदानों का सही रखरखाव करने के लिए सक्षम प्राधिकारियों को दिशानिर्देश जारी करने का निर्देश दिया है और तीन माह में आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अभिनव उपाध्याय तथा न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की खंडपीठ ने राम भजन सिंह की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि उसके आवास के सामने सेक्टर 11 विजय नगर गाजियाबाद में स्थित नगर निगम के पार्क का अतिक्रमण कर लिया गया है। उसका उपयोग वाहन खड़ा करने के लिए किया जा रहा है। जबकि जिलाधिकारी ने कहा कि पार्क के स्वरूप में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि निगम या प्राधिकरण पार्क के रखरखाव करने के लिए कानूनी तौर पर बाध्य है। वे अपने वैधानिक दायित्व से बच नही सकते।

कोर्ट ने कानून एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशो का हवाला देते हुए कहा कि पार्कों खेल मैदानों के अतिक्रमण पुलिस बल से हटाये जाए और उनका रखरखाव किया जाए। कोर्ट ने कहा कि पार्क में कूड़ा फेंकना कानूनन अपराध है। अर्थ दंड लगाया जा सकता है और एक माह के जेल की सजा दी जा सकती है। स्थानीय निकायों की वैधानिक जिम्मेदारी है कि वह पार्कों खेल मैदानों की देखभाल करें। देश के स्वस्थ पर्यावरण के लिए यह जरूरी भी है। संविधान का अनुच्छेद 21 प्रदूषण मुक्त जीवन ( शेष पेज 7 )

## अवकाश सूचना

**दशहरा के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 25 अक्टूबर 2020 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 अक्टूबर 2020 को प्रकाशित होगा।**

## नवम सिद्धिदात्री



**सिद्धगन्धर्वयक्षाधैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥**

नौवीं देवी सिद्धिदात्री की कृपा से शिव ने तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इस देवी की कृपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्द्धनारीश्वर हुए। यह देवी सर्व सिद्धियां प्रदान करने वाली देवी हैं। उपासक या भक्त पर इनकी कृपा से कठिन से कठिन कार्य भी चुटकी में संभव हो जाते हैं। हिमाचल के नंदापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व आठ सिद्धियां होती हैं। इसलिए इस देवी की सच्चे मन से विधि विधान से उपासना-आराधना करने से यह सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। इस देवी का स्मरण, ध्यान, पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हैं और अमृत पद की ओर ले जाते हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,685 | |
| निफ्टी | 11,930 | |
| सोना | 51,069 | /10g |
| चांदी | 62,933 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोरोना के 53,370 नए मामले, 650 और मौतें

**नई दिल्ली।** देश में शनिवार को कोरोना संक्रमण के 53,370 नए मामले सामने आए। वहीं 24 घंटे में और 650 लोगों की मौत हुई है, इनमें से महाराष्ट्र में 184, पश्चिम बंगाल में 60, छत्तीसगढ़ में 58, कर्नाटक में 51 और उत्तर प्रदेश में 40, तमिलनाडु में 33 और दिल्ली एवं केरल में 26-26 लोगों की जान गयी है।

## गोरखनाथ मंदिर में दिखी छाऊ नृत्य की नयनाभिराम छटा



गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में पूजन करते पुजारी

### ● मिशन शक्ति के तहत संस्कृति विभाग ने किया आयोजन
### ● झारखंड के कलाकारों ने मोहा मन

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**गोरखनाथ** मंदिर में शनिवार की शाम मिशन शक्ति के तहत संस्कृति विभाग की ओर से झारखंड के पारंपरिक और लोकप्रिय छाऊ नृत्य की प्रस्तुति हुई। झारखंड से आए सृष्टिधर महतो एवं उनकी टीम के कलाकारों की नयनाभिराम प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। रामायण और महाभारत की घटनाएं को विषय वस्तु बना कर पुरुष कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। मोहुरि, शहनाई, ढोल, धुम्सा और खर्का जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर सधे हुए इस नृत्य को देख दर्शक सम्मोहित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गोरखनाथ मंदिर के सचिव द्वारिका तिवारी एवं संगीत नाटक अकादमी के सदस्य राकेश श्रीवास्तव ने किया। छाऊ नृत्य के महत्व की जानकारी देते हुए राजकीय बौद्ध संग्रहालय के डॉ. मनोज कुमार गौतम ने बताया कि यह नृत्य क्षेत्रीय त्योहारों पर उत्साह जताने के लिए किया जाता है।

### सीएम की उपस्थित में काशी के पुजारियों ने गोरखनाथ मंदिर में किया पूजन

**गोरखपुर।** इस बार के शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि गोरखनाथ मंदिर के आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में एक नया सोपान जोड़ने वाली रही। माता सिद्धिदात्री की उपासना के पश्चात गोरखनाथ मंदिर के प्रथम तल पर सीएम एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में काशी विश्वनाथ की ( शेष पेज 7 )

## डीआईजी की पत्नी का घर में फंदे से लटकता मिला शव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीआईजी** पीटीसी उन्नाव में तैनात चंद्रप्रकाश की पत्नी पुष्पा प्रकाश ने सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अपने आवास में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलते ही हड़कम्प मचा तो पुलिस अधिकारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लिया। इस दौरान जेसीपी लॉ एण्ड आर्डर नवीन अरोड़ा ने बताया कि आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है, इस मामले में अभी जांच की जा रही है, फिलहाल शव को कोरोना टेस्ट के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा, उसके बाद कुछ कह पाएंगे। डीआईजी चंद्र प्रकाश की पत्नी पुष्पा प्रकाश के मायके वाले अभी आ रहे हैं। फिलहाल घटनास्थल से कोई भी सुसाइड नोट इत्यादि नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टतया फांसी लगाकर खुदकुशी करने का मामला लग रहा। मामले की जांच की जा रही है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित आवास पर डीआईजी चंद्र ( शेष पेज 7 )

## नीतीश और नड्डा का दोतरफा हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** अलौली, तेघड़ा

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद सहित विपक्षी महागठबंधन के घोषणापत्र के वादों पर परोक्ष निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि 15 साल के शासन में बिहार में शिक्षा, इलाज, आवागमन का इंतजाम करने की बजाए जंगलराज कायम करने वालों का नौकरी और विकास की बात करना मजाक है।

वहीं नालंदा और लखीसराय रैलियों को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस-राजद-भाकपा माले के गठबंधन को विकास विरोधी करार दिया और कहा कि महागठबंधन का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रीय जनता दल के स्वभाव में ही अराजकता है और इन्होंने पिछली गलतियों के लिए जनता से अभी तक माफी नहीं मांगी है। खगड़िया के अलौली विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने हालांकि लोक जनशक्ति पार्टी या उसके नेता का कोई जिक्र नहीं किया।

लोजपा के संस्थापक दिवंगत रामविलास पासवान ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत अलौली विधानसभा से की थी और अलौली सीट से पहली बार चुनाव लड़ा था। रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस ने भी कई बार अलौली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। गौरतलब है कि लोजपा नेता चिराग पासवान इस बार राजग से अलग होकर चुनाव लड़ रहे हैं और नीतीश कुमार पर लगातार निशाना साध रहे हैं। खगड़िया के अलौली और बेगुसराय के तेघड़ा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने सवाल किया, हमारी सरकार से पहले जो सत्ता में थे, उन्होंने क्या कोई काम किया। समाज में टकराव और विवाद पैदा करके वोट लेते रहे और काम करने का मौका मिलने पर सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए सोचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजद के शासनकाल में न पढ़ाई की व्यवस्था थी, न इलाज का इंतजाम था और न लोगों के आने जाने की सुविधा थी और शाम के बाद लोगों की घर से निकलने की हिम्मत नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि पहले अपराध की कितनी घटनाएं होती थी, कितने नरसंहार, हत्या की घटनाएं होती थी जिसके कारण डाक्टरों एवं व्यापारियों को भागना पड़ा था। उन्होंने कहा, जंगलराज था पहले। हमने अपराध की घटनाओं को नियंत्रित करने का काम किया है। हमने जंगलराज से बाहर निकालकर कानून का राज कायम किया।



चुनावी रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## मुफ्त कोविड टीके का वादा बिल्कुल सही: सीतारमण

**नई दिल्ली।** भाजपा के बिहार चुनाव घोषणा-पत्र में मुफ्त कोविड टीके के वादे को लेकर विपक्षी दलों के चौतरफे हमलों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि यह घोषणा बिल्कुल ठीक है और पार्टी इस बात की घोषणा कर सकती है कि वह सत्ता में आने पर क्या करना चाहती है। सीतारमण ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया था। दस्तावेज में मुख्य रूप से किए गए वादों में भगवा पार्टी के सत्ता में फिर आने पर राज्य के लोगों को मुफ्त में कोविड का टीका लगाया जाना भी शामिल है। इस वादे को लेकर विपक्षी दलों ने भाजपा की आलोचना की थी और चुनाव आयोग से कार्वाई की मांग करते हुए आरोप लगाया था कि सत्ताधारी दल महामारी का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए कर रहा है। भाजपा की वरिष्ठ नेता सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से ( शेष पेज 7 )

## पंजाब में छह वर्षीय बच्ची से रेप को लेकर घिरी कांग्रेस

### ● भाजपा ने कहा अब क्यों नहीं वहां जाते राहुल-प्रियंका

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में चयनित रुख अपनाने के लिए शनिवार को कांग्रेस के नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा पर निशाना साधा और पंजाब में छह वर्षीय एक बच्ची से कथित बलात्कार और फिर उसे मार डालने को लेकर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए। भाजपा की वरिष्ठ नेता निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीड़िता बिहार के एक प्रवासी परिवार से है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर भी कटाक्ष किया कि क्या उन्होंने राज्य में उनके साथ संयुक्त चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ( शेष पेज 7 )

## हिमालय के दुर्लभ हिम तेंदुओं को बचाने की मुहिम

### ● सरकार ने तीन लैंडस्केप की पहचान की, स्थानीय लोगों से भी लिया जाएगा सहयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हिम** तेंदुओं (स्नो लेपर्ड) के संरक्षण तथा भूक्षरण से जूझ रहे हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए सरकार एक लंबी कवायद शुरू करने जा रही है। हिमालय के इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी रहते हैं। भारत ने इस संबंध में तीन लैंडस्केपो (भूपरिदृश्य) की पहचान की है।

इनमें लद्दाख से लेकर हिमाचल प्रदेश तक हेमिस-स्पीती, उत्तराखंड में नंदा देवी-गंगोत्री तथा सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में खानचेंडोगा-तवांग इलाका शामिल हैं। इंटरनेशनल स्नो लेपर्ड डे 2020 के मौके पर शनिवार को केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री बाबुल सुप्रियो ने कहा कि सरकार हिम तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के लिए भूपरिदृश्यों को पुराने स्वरूप में बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार इसके लिए भूपरिदृश्य आधारित प्रबंधन पर अमल कर रही है जिसमें स्थानीय हितधारक भी शामिल हैं। एक वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए सुप्रियो ने कहा 'भारत ने पुनर्बहाली के लिए तीन बड़े भूपरिदृश्यों को चुना है। इसमें लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में हेमिस-स्पीती, उत्तराखंड में नंदा देवी-गंगोत्री तथा सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में खानचेंडोगा-तवांग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें सफेद बिल्लियों के संरक्षण में सफलता मिली है और 2017 में दुर्लभ की श्रेणी से बाहर आ गई हैं।'



एक अनुमान के मुताबिक 12 देशों-भारत, नेपाल, भूटान, चीन, मंगोलिया, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा उज्बेकिस्तान में करीब 7000 हिम तेंदुए हैं। सुप्रियो ने जोर देकर कहा कि राज्यों को सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए जिससे कि अगले पांच साल में भारत में हिम तेंदुओं की आबादी बढ़ाई जा सके। सुप्रियो ने कहा केंद्र 2009 में शुरू हुए प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड (पीएसएल) के जरिये हिम तेंदुओं और उनके प्राकृतिक आवासों का संरक्षण कर रहा है। भारत में हिम तेंदुए जिन इलाकों में रहते हैं उसमें पश्चिम हिमालय का बड़ा हिस्सा, जिसमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। जैसे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश।

ये लैंडस्केप 47 हजार वर्ग किमी में फैले हैं जिसमें कम से कम पांच राष्ट्रीय अभ्यारण्य हैं। इनमें हिम तेंदुओं से समेत अन्य वन्य जीवों को देखा जा सकता है। हेमिस राष्ट्रीय पार्क पूर्वी लद्दाख में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में स्थित है जबकि ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क हिमाचल प्रदेश के कुल्लू क्षेत्र में है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी ( शेष पेज 7 )

# यूपी-112 को कॉल कर दूसरों को मदद पहुंचाने वालों को डीजीपी ने किया सम्मानित

● 4500 पीआरवी रात-दिन लोगों की सेवा में तत्पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में नारी सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम मिशन शक्ति के तहत शनिवार को यूपी.112 मुख्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यूपी.112 द्वारा महिलाओं के लिए दी जा रही सेवाएं, नई योजनाएं विषय पर हुए कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान बेहतर काम करने वाली 112 की महिला कर्मियों और मुसीबत में लोगों तक मदद पहुंचाने वाली समाज के विभिन्न क्षेत्र की महिलाओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।



एडीजी 112 असीम अरुण ने बताया कि 4500 पीआरवी रात-दिन प्रदेश के लोगों की सेवा में तत्पर है। किसी ने दूसरों के लिए 112 को कॉल कर दवाई मंगवाई तो किसी ने परिवार से बिछड़ गए बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया। समाज के लिए इस तरह अपना योगदान देने वाली मधु श्रीवास्तव , रश्मि मिश्रा , नमिता शुक्ला , प्रतिमा , मानसी अग्रवाल व प्रतिभा को पुलिस महानिदेशक ने प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त बेहतर काम करने वाली 112 कर्मियों संवाद अधिकारी प्रियंका कुमारी साहू , नेहा तिवारी , सुरेख वर्मा, शिल्पी यादव और सम्प्रेषण अधिकारी मुख्य आरक्षी तमन्ना खान, आरक्षी जयंती गंगवार, आरक्षी पंकज कुमार, उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार मिश्र को भी पुलिस महानिदेशक ने सम्मानित किया। महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना उद्देश्य: मिशन शक्ति के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश भर की महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना यूपी.112 का मुख्य उद्देश्य है। रात्रि में अकेली महिला को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए महिला स्कार्ट की सुविधा शुरू की गयी है।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे से पूर्वांचल का होगा सर्वांगीण विकास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** सरकार इस समय इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी और खासतौर पर एक्सप्रेस-वे की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी कड़ी में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण ने स्पीड पकड़ ली है। यह एक्सप्रेस-वे गोरखपुर और आजमगढ़ को जोड़ेगा। महतवपूर्ण बात यह है कि आजमगढ़ में जहां पर यह एक्सप्रेस-वे समाप्त होगा वहां से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे गुजर रहा है।

यूपीडा के अनुसार यह एक्सप्रेस-वे गोरखपुर में गोरखपुर बाईपास एनएच 27 ग्राम-जैतपुर के पास से शुरू होगा और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के चैनेज 190855 पर ग्राम सलारपुर के पास आजमगढ़ में समाप्त होगा। इस एक्सप्रेस वे की कुल लम्बाई 91.352 किमी है। यह गोरखपुर, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर और आजमगढ़ तक जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे 4 लेन चौड़ा है जिसे 6 लेन तक विस्तार किया जा सकेगा। एक्सप्रेसवे के एक ओर 3.75 मीटर चौड़ाई की सर्विस रोड स्टैगर्ड रूप में बनाई जायेंगी जिससे परियोजना के आस-पास के गांव के निवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।



इस एक्सप्रेस-वे के बीच में आमी, कुवानों, घाघरा और टांस नदी पड़ेगी। इस परियोजना में 2 टोल प्लाजा, 3 रैम्प प्लाजा, 7 फ्लाई ओवर, 16 व्हेकुलर अण्डरपास, 50 लाइट व्हेकुलर अण्डरपास, 35 पेडेस्ट्रियन अण्डरपास, 7 दीर्घ सेतु, 27 लघु सेतु तथा 389 पुलियों का निर्माण भी किया जायेगा। इस परियोजना को दो पैकेजों में वितरित किया गया है। पैकेज एक गोरखपुर बाईपास से प्रारम्भ होकर फुलवरिया अम्बेडकर नगर तक है। इसकी कुल लम्बाई 48.317 किमी है। कार्य की अनुबन्धित लागत 1774.09 करोड़ है। पैकेज 2 फुलवरिया अम्बेडकर नगर से प्रारम्भ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आजमगढ़ तक है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे इंटरमीडिएट वर्ष 2020 रोल नंबर 0930999 अंकपत्र वास्तव में खो गया जिसका उपयोग अवैध माना जाएगा ,समरीन खान पुत्री मोईन शाह खान निवासी 302/4K कटरा हैदर हुसैन, बिहाइन्ड अनस मैरेज हाल लखनऊ।

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर–15417666 P Rank- NK Bhoj somnath Anant s/o Bhoj Anant Unit AMC Record pin-900450 c/o 56 APO मेरे आर्मी दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम bhoj Sanvi somnath से बदलकर sanvi हो गया जबकि bhoj sanvi somnath और sanvi दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर–15417666 P Rank- NK Bhoj somnath Anant s/o Bhoj Anant Unit AMC Record pin-900450 c/o 56 APO मेरे आर्मी दस्तावेज में मेरे पिता का नाम bhoj Anant से बदलकर Anantrao shankarao bhoj हो गया जबकि Anantrao shankarao Bhoj और bhoj Anant दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर–15417666 P Rank-NK Bhoj somnath Anant s/o Bhoj Anant Unit AMC Record pin-900450 c/o 56 APO मेरे आर्मी दस्तावेज में मेरे माता का नाम bhoj Mahadevi से बदलकर Mahananda Anant bhoj हो गया जबकि Bhoj Mahadevi Anant और Mahananda Anant bhoj दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर–15418196 F Rank-NK Salunke Amol Sopan s/o Sopan Unit AMC Record pin-900450 C/O- 56 APO मेरे मेरे आर्मी दस्तावेज में मेरे माता का नाम Janabae S S से बदलकर Janabai Sopan Salunke, हो गया जबकि Janabae S S और Janabai Sopan Salunke दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर–15418196 F Rank-NK Salunke Amol Sopan s/o Sopan Unit AMC Record pin-900450 C/O- 56 APO मेरे मेरे आर्मी दस्तावेज में मेरे पिता का नाम Sopan से बदलकर Sopan Ramchandra Salunke, हो गया जबकि sopan और Sopan Ramchandra Salunke दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4191372K हवलदार मीर इंसान अली पुत्र श्री मीर फैजुद्दीन, यूनिट 15, कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश Manoara Khatun दर्ज हो गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम Manoara Bibi है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4201359W L/Nk हनुमान सिंह पुत्र श्री मनोहर सिंह, यूनिट 15, कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश डिम्पल चौहान एवं जन्मतिथि 1.4.1988 दर्ज हो गयी है, जबकि उनका वास्तविक नाम डिम्पल कनवर एवं जन्मतिथि 1.1.1990 है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4191657W हवलदार शिव चरन सिंह पुत्र श्री गिरधर सिंह, यूनिट 15, कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश Reetu Devi दर्ज हो गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम Ritu Rawat है, जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

# यूपी में बनेगा डाटा सेंटर खत्म होगी निर्भरता

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी परियोजना को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार रोजगार का एक बड़ा अवसर यूपी के युवाओं को देने जा रही है। प्रदेश में पहला डाटा सेंटर बनने जा रहा है। करीब 600 करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश वाले इस हाई प्रोफाइल प्रोजेक्ट को योगी सरकार ने मंजूरी दे दी है। मुंबई का हीरानंदानी समूह ग्रेटर नोएडा में करीब 20 एकड़ भूमि पर इसे बनाएगा। यह परियोजना जहां युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर लेकर आएगी वहीं अन्य जगहों पर काम कर रही आईटी कंपनियों को अपना कारोबार करने में खासी मदद मिलेगी। अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस यह अपनी तरह का पहला डाटा सेंटर पार्क होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के विकास और रोजगार देने वाली योजना को हाथों हाथ लेते हुए अधिकारियों को निर्देश देकर जमीन की व्यवस्था भी कर दी है। मुंबई के रियल एस्टेट कारोबारी हीरानंदानी समूह ने मुंबई, चेन्नई व हैदराबाद में इस तरह के डाटा सेंटर बनाने के बाद अब यूपी का रुख किया है। डाटा सेंटर को लेकर अन्य कई कंपनियों ने भी रुचि दिखाई है। डाटा सेंटर बनने के बाद दूसरे राज्यों में संचालित हो रही कंपनियों को भी यूपी से जोड़ा जा सकेगा।

डाटा सेंटर के क्षेत्र में निवेश के लिए रैक बैंक, अडानी समूह व अर्थ कंपनियों ने 10000 करोड़ रुपये के भारी भरकम निवेश का प्रस्ताव यूपी सरकार को दिया है । चूंकि डाटा सेंटर में बिजली की खपत ज्यादा होती है इसके लिए भी योगी सरकार ने योजना तैयार कर ली है। योजना के मुताबिक ओपेन एक्सेस से डाटा सेंटर पार्क को बिजली दी जाएगी। गौरतलब है कि अभी पर्याप्त डाटा सेंटर न होने के कारण उत्तर प्रदेश समेत देश के तमाम हिस्सों से डाटा विदेशों में रखे जाते हैं। डाटा सेंटर पार्क बनने के बाद हम अपने देश में ही अपने डाटा सुरक्षित रख सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर कुछ समय से देश भर में इस तरह के डाटा सेंटर बनाने की योजना पर काम हो रहा है। योगी सरकार डाटा सेंटर के सेक्टर में व्यापक संभावनाओं को देखते हुए इसके लिए अलग नीति भी बना रही है । डाटा सेंटर के क्षेत्र में बड़े निवेश में रुचि दिखा रही कंपनियों के प्रस्ताव को योगी सरकार की बड़ी औद्योगिक सफलता माना जा रहा है। डाटा सेंटर नेटवर्क से जुड़े हुए कंप्यूटर सर्वर का एक बड़ा समूह है। इसके जरिए बड़ी मात्रा में डाटा भंडारण, प्रोसेसिंग व डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कंपनियों द्वारा उपयोग किया जाता है। यूपी में सोशल मीडिया प्लेटफार्म मसलन फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि के करोड़ों उपभोक्ता हैं और इन उपयोग कर्ताओं से जुड़ा डाटा सुरक्षित रखना महंगा व मुश्किल काम रहता है।

## विजयादशमी पर्व अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक



**लखनऊ( पीएनएस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का संहार किया था। श्री योगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण हेतु समर्पित थे। नैतिक, मानवीय और सामाजिक मूल्यों के प्रतीक मर्यादा परुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन सद्मार्ग पर चलने एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। विजयादशमी का पर्व हमें आशा, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देता है। उन्होने कहा कि विजयादशमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने आतंक, अन्याय एवं अधर्म के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त की थी। विजयादशमी शक्ति उपासना का उत्सव है। नवरात्रि के नौ दिन जगदम्बा की उपासना करके भक्तों में शक्ति का संचार होता है। भगवान राम के समय से यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने विजयादशमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड.19 के प्रोटोकाल तथा सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

# यूपी में फिल्मसिटी प्रादेशिक फिल्मों के लिये साबित होगी वरदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकार** द्वारा यूपी में फिल्म इंडस्ट्री की स्थापना से प्रदेश के स्थानीय कलाकारों में काफी उत्साह है। सरकार ने प्रदेश में विश्वस्तरीय फिल्म सिटी बनाने की घोषणा की थी और अब सरकार इस ओर बहुत तेजी से बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री योगी चाहते हैं कि शीघ्र ही सारी औपचारिकताएं पूरी कर फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरु हो जाए। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में तकरीबन 70 फीसदी से अधिक अवधी, ब्रज एवं भोजपुरी फिल्मों की शूटिंग भी हो रही है। निर्माताओं को मुबंई में लोकेशन के लिए काफी खर्च करना पड़ता है। स्टूडियो, डबिंग, मिक्सिंग गानों की रिकार्डिंग की जो सुविधा मिलेगी। फिल्मसिटी से एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलने से स्थानीय निर्माताओं की बहुत सारी मुश्किलें दूर होंगी। प्रादेशिक भाषा की फिल्मो के लिए स्थानीय भाषा में पकड़ रखने वाले कलाकार भी मिल जाएंगे। कई मायनों में यूपी में फिल्मसिटी प्रादेशिक फिल्मो के लिये के लिए वरदान साबित होगी। फिल्मसिटी बनने से न सिर्फफिल्मों का बजट भी काफी कम हो जाएगा साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को बढ़ावा मिलेगा। मथुरा में माधवास रॉक बैंड के संस्थापक गायक निर्दोष सोबती का मानना है कि नोएडा में फिल्म सिटी एक बड़ा बेंचमार्क साबित हो सकती है। हमारे सीएम योगी अदित्यनाथ को सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति उनके अगाध प्रेम के लिए जाना जाता है। उम्मीद है की यूपी में बनने वाली ष्एंटरटेनमेंट इंडस्ट्रीष् में इस प्रेम की झलक ज़रूर देखने को मिलेगी। आशा है आने वाले दिनों में हमें कुछ सार्थक, प्रेरणादायक, ऐसा कुछ देखने को मिलेगा, जो हमें अपनी संस्कृति पर गर्व महसूस कराएगा। दुर्भाग्य से यह सब अब बॉलीवुड में देखने को नहीं मिलता है। लेकिन अब, आशा बँधी है,हमारे आदरणीय श्री योगी जी बॉलीवुड की तमाम विसंगतियों के खिलाफ खड़े हो सकते हैं और कलाकारों को साफसुथरे और स्वस्थ मनोरंजक फिल्मो के निर्माण के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। एक बेहतरीन पहल। रियलिटी शो लेखक आनंद श्रीवास्तव के मुताबिक यूपी फिल्मसिटी के निर्माण से, चलचित्र सृजनकर्ताओं के लिए जन्मभूमि ही कर्मभूमि बनेगी। अब सपनो को पूरा करने के लिए सड़कों की दूरी नही सिर्फरचनात्मक सफर तय करना होगा।

## प्रदेश में सत्ता संरक्षित दबंगों का हर तरफ आतंक: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज का परिचय अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार और चारों तरफ भय, भ्रम का वातावरण हो गया है। हत्या, लूट, अपहरण और बलात्कार का बोलबाला है। बेतहाशा मंहगाई, अवरूद्ध विकास, बेकारी, किसानों की बर्बादी से जिंदगी दूभर हो गई है। फर्जी एनकाउण्टर, निर्दोषों के जीवन से खिलवाड़ पर कोई अफसोस नहीं। बच्चियों के साथ आए दिन दुष्कर्म की घटनाओं से हर परिवार दहला हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्ता संरक्षित दबंगों का हर तरफ आतंक है।

सरकार के बड़े.बड़े नेताओं के संरक्षण में खनिज का काला धंधा चलता है। इस धंधे पर उंगली उठाते ही माफिया, सत्ताधीश और अफसरशाही का त्रिकोण सक्रिय हो जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में दलितों पर अत्याचार काफी बढ़ गए हैं। जिला हमीरपुर के कुरारा थाना क्षेत्र के ग्राम खरौंज निवासिनी सावित्री पत्नी स्वर्गीय भोला दलित बाल्मीकि समाज से है।


# कार्यालय जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर

पत्रांक–730 / निविदा / पन्द्रहवा वि0आ0 / रा0वि0आ0 / 2020–21 — दिनांक–23 अक्टूबर, 2020

## निविदा सूचना

जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर के समस्त पंजीकृत तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवां वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले अनुदान से निर्माण कार्य किये जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेबसाईट http//etender.up.nic.in पर दिनांक 28.10.2020 को समय 10.00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 04.11.2020 को अपराहन 5.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। जो दिनांक 05.11.2020 को 10.00 बजे निविदा समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य का प्रकार | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | **पन्द्रहवां वित्त आयोग** | | | | | | |
| 1 | ग्राम सभा दोहरीपुर में नाली कार्य। | अकबरपुर | नाली | 12.00 | 24000 | 590 | 3 माह |
| 2 | बरियावन में प्रमोद सिंह के खेत से मेन रोड तक। | अकबरपुर | नाला | 12.86 | 25720 | 590 | 3 माह |
| 3 | ग्राम सभा दोहरीपुर में सीसी कार्य। | अकबरपुर | सी.सी. | 17.49 | 34980 | 590 | 3 माह |
| 4 | बरियावन टाण्डा रोड से आंगनबाड़ी केन्द्र तक। | अकबरपुर | सोलिंग | 16.15 | 32300 | 590 | 3 माह |
| 5 | ग्राम सभा नरसिंहपुर नहर से टेकीपुर बजरंग सिंह के घर तक। | अकबरपुर | सी.सी. | 19.85 | 39700 | 590 | 3 माह |
| 6 | ग्राम हौदवा से जल्लापुर मसेढ़ा सम्पर्क मार्ग से रामपुर जशोदा वर्मा के ट्यूबेल तक। | अकबरपुर | सोलिंग | 12.65 | 25300 | 590 | 3 माह |
| 7 | ग्राम सभा गोवर्धनपुर के पुरवा चॉदपुर का अवशेष नाला। | टाण्डा | नाला | 28.00 | 56000 | 590 | 3 माह |
| 8 | ग्राम अमेदा (पोखरवा) नहर से बरखा रामनयन एवं बाबूलाल के खेत तक। | टाण्डा | सोलिंग | 18.00 | 36000 | 590 | 3 माह |
| 9 | भीटी गोसाईगंज मार्ग से रोहन पारा तक। | भीटी | नाली | 15.00 | 30000 | 590 | 3 माह |
| 10 | विद्या सिंह की बाग से मन्दिर होते हुए रिउना तक। | भीटी | सोलिंग | 19.00 | 38000 | 590 | 3 माह |
| 11 | ग्राम चाचिकपुर कौलेश्वर के घर से पकड़ी पिच रोड तक। | भीटी | लेपन | 32.00 | 64000 | 590 | 3 माह |
| 12 | मिझौड़ा से महारूआ रोड पर बेहरी से नाऊपुरवा तक। | भीटी | लेपन | 12.50 | 25000 | 590 | 3 माह |
| 13 | सोनावां गांव से नरसिंह भारी पुलिया तक। | भीटी | लेपन | 18.30 | 36600 | 590 | 3 माह |
| 14 | खेमापुर रैमलपुर सम्पर्क मार्ग से भवानी कोटेदार के घर तक। | भीटी | सी.सी. | 12.00 | 24000 | 590 | 3 माह |
| 15 | समन्था समरसिंहपुर मार्ग से शीतला तिवारी के घर तक। | भीटी | सी.सी. | 24.50 | 49000 | 590 | 3 माह |
| 16 | टाण्डवा मंझरिया मार्ग से पप्पू यादव के घर तक। | भियॉव | सी.सी. | 18.00 | 36000 | 590 | 3 माह |
| 17 | ग्राम सभा करीमनगर में मुख्य मार्ग से जगदीश सिंह के घर तक। | भियॉव | सी.सी. | 18.00 | 36000 | 590 | 3 माह |
| 18 | पैकोली बाजार से बेरगा पिच रोड तक। | भियॉव | सी.सी. | 25.00 | 50000 | 590 | 3 माह |
| 19 | चौनपुर से एदिलपुर मुख्य मार्ग के गेदुरीगंज चौरादे से पूरा बदलही रजनीश सिंह के घर होते हुए आजमगढ़ सीमा तक। | भियॉव | लेपन | 12.28 | 24560 | 590 | 3 माह |
| 20 | जलालपुर देहात मालीपुर रोड से सुजकी एजेन्सी से महेन्द्र यादव के घर होते हुए अरुण सिंह के घर तक। | जलालपुर | सी.सी. / नाली | 2200 | 44000 | 590 | 3 माह |
| 21 | मालीपुर जलालपुर मार्ग से मातादीन मदन मोहन शिक्षण संस्थान तक। | जलालपुर | लेपन | 13.23 | 26460 | 590 | 3 माह |
| 22 | ग्राम सभा सोनगांव पिच रोड से दलित बस्ती होते हुए श्री बृजेश सिंह के घर तक। | जलालपुर | सी.सी. | 13.60 | 27200 | 590 | 3 माह |
| 23 | ग्राम कदनापुर पिच रोड से देवरायपुर दलित बस्ती तक। | कटेहरी | लेपन | 15.15 | 30300 | 590 | 3 माह |
| 24 | ग्राम गोवर्धनपुर बिड़हर पक्की सड़क से यादव बस्ती तक। | रामनगर | लेपन | 20.00 | 40000 | 590 | 3 माह |
| 25 | मेला अहिरौली गोविन्द साहब में डाक बंगला के सामने सुलभ शौचालय का निर्माण। | रामनगर | सुलभ शौचालय | 26.54 | 53080 | 590 | 3 माह |
| | **राज्य वित्त आयोग** | | | | | | |
| 26 | आसोपुर बलुआ पोखरा से आसोपुर चकिया तक। | टाण्डा | नाला | 15.00 | 30000 | 590 | 3 माह |
| 27 | ग्राम रानीपुर के मजरे पिच मल्लाहपुर रमेश सिंह के ट्यूबेल से चौहान बस्ती कामू सिंह के घर होते हुए श्री रामबहाल सिंह के घर तक। | अकबरपुर | सी.सी. | 15.00 | 30000 | 590 | 3 माह |

**शर्तें एवं जानकारी :**

1. बयाने की धनराशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क (कालम 6 एवं 7 में देखें) हेतु ''बैंक ड्राफ्ट'' जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के पक्ष में देय होगा। बयाने की धनराशि के.वी.पी. / एन.एस.सी. जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, अम्बेडकर–नगर के पदनाम से बन्धक होगी की स्कैन प्रतियों ऑनलाइन निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
2. ई–टेण्डर के साथ ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन एवं पैन कार्ड की स्कैन प्रति संलग्न करनी होगी।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार समक्ष प्राधिकारी में निहित होगा।
4. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र निर्धारित प्रपत्र ऑनलाइन स्कैन करते हुए निविदा में लगाया जायेगा।
5. सार्वजनिक निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या – 594 / 77–5–2001 / 200 / 77 / टीसी0–1, दिनांक 02.02.2001 तथा शासनादेश संख्या– 3385 / 86–2015–292 / 2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
6. पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर समक्ष प्राधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
7. अन्य जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।
8. ऑनलाइन निविदा के साथ संलग्न सभी प्रपत्र / अभिलेख / के0वी0पी0 / एन0एस0सी0 की मूल प्रतियां कार्यालय में निविदा खुलने से पूर्व दिनांक 04.11.2020 तक समय 5.00 बजे सांय तक करना अनिवार्य होगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात ठेकेदार / फर्म द्वारा कार्य स्थल एवं कार्य पर लगने वाले श्रमिको का पंजीकरण श्रम विमाग में कराना अनिवार्य होगा तथा प्रवासी श्रमिकों को कार्य करने हेतु वरीयता दी जायेगी। (प्रवासी श्रमिकों की सूची कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।
10. अन्य कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा यदि निविदा में प्रतिभाग किया जाता है और उसकी निविदा स्वीकृति होने की दशा में निविदादाता को एक सप्ताह के अन्दर जिला पंचायत अम्बेडकरनगर में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

**(जय राम सिंह)**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत अम्बेडकरनगर**

**(अजय कुमार यादव)**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत अम्बेडकरनगर**

**(सुधीर सिंह)**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत अम्बेडकरनगर**


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# तेज रफ्तार सरकारी कार ने आठ लोगों को मारी टक्कर

### मौजूद लोगों ने किया कार पर पथराव मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**राजधानी** के हुसैनगंज इलाके में स्थित क्ले स्क्वायर के पास राशन की दुकान पर लाइन में लगे लोगों को तेज रफ्तार कार चालक ने कुचल दिया। हादसे में राशन लेने आए आठ लोग घायल हो गए। कार सरकारी विभाग के एक अधिकारी की बताई जा रही है। घटना से आक्रोशित लोगों ने कार पर पथराव कर तोड़फोड़ की और चालक को जमकर पीट दिया। क्ले स्कावयर के पास स्थित राशन की दुकान में राशन लेने वालों की भीड़ लगी थी। इस बीच एकाएक उधर से गुजरे नशे में धुत कार चालक ने स्टेयरिंग से अपना नियंत्रण खो दिया और लाइन में लगे हुए लोगों कुचलता हुए दीवार से भिड़ गया। घटना से राशन की दुकान के आस पास चीख.पुकार मच गई। चीख.पुकार सुनकर आस पास के घरों से लोग निकले। लोगों ने सड़क पर घायलावस्था में तड़प रहे लोगों को उठाकर किनारे किया। वहीं, दुकानों पर खड़े कुछ अन्य लोगों ने हादसे के बाद भाग रहे चालक को दौड़ाकर पकड़ा और जमकर पीटने लगे। कुछ लोगों ने कार पर पथराव कर तोड़फोड़ कर दी और हंगामा करने लगे। इंस्पेक्टर हुसैनगंज दिनेश कुमार विष्ट ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




इंस्पेक्टर ने बताया कि घायलों में 11 वर्षीय बच्चा जैद इसके अलावा जहरुन्निशा, राजेंद्र, जितेंद्र, अनुराग, सचिन, माला सोनकर और अफरोज जहां हैं। यह सब खतरे से बाहर हैं। अस्पताल में कुछ का इलाज चल रहा है और कई लोग प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिए गए। कार पर आगे भारत सरकार लिखा था। आरोपित चालक स्वामी नाथ निवासी माल एवेन्यू को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह नशे में धुत है। हालत सामान्य होने पर कार मालिक का पता लगाया जाएगा।

## कमरे में लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ।** पारा के सदरौना क्षेत्र में रहने वाले 28 वर्षीय प्रमोद कुमार ने शनिवार दोहपर अपने कमरे में पंखे के कुंडे में साल के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं बताया जा रहा है कि मामले की भनक लगते ही जब लोग उसके घर पहुंचे तो प्रमोद का शव जमीन पर पड़ा था और उसके सिर मे चोट लगी थी। आत्महत्या की घटना संदिग्ध मानी जा रही है। मृतक प्रमोद के परिवार मे दो भाई रविएपरशुए पत्नी नीतू व बेटी अम्बिका और बेटा अध्यांस 1 वर्ष है। पुलिस के मुताबिक मृतक शराब का आदी था। वहीं उसकी पत्नी भी नाराज होकर एक हफ्ते पहले अपने मायके चली गई थी। फ्लिहाल शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।






## पूजी गईं कन्याएं, कराया गया भोज

**लखनऊ।** राम नवमी के पावन उपलक्ष्य पर लखनऊ के राजकीय कन्या अनाथालय, राजकीय शिशु गृह तथा राजकीय महिला शरणालय में समाज सेवी पौलोमी पाविनी शुक्ला द्वारा कन्या पूजन किया गया। इस मौके पर उनकी माता जी अपर मुख्य सचिव उप्र शासन आराधना शुक्ला और प्रशांत शर्मा ने भी पूजन किया। पौलोमी के अनुसार इन गृहों में कुल 96 बालिकाएं जो कि 11-18 वर्ष की आयु की, 24 बालिकाओं में 5-10 वर्ष की आयु की, 42 शिशु 5 वर्ष से कम आयु के तथा 31 महिलाएं आवासित हैं। पौलोमी पाविनी शुक्ला ने इन अनाथ लड़कियों को मिठाई, खान पान की सामग्री तथा पिज़्ज़ा भी भेंट किया। आराधना शुक्ला ने बताया कि इस पुनीत कार्य का उद्देश्य है समाज के संपन्न व्यक्तियों को अनाथ बच्चों के हित के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करना। कोई भी त्यौहार तभी सार्थक होगा जब समाज के नि:शक्त वर्ग भी इसमें शामिल हो सकें तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सके। पौलोमी पाविनी शुक्ला उच्चतम न्यायलय में अधिवक्ता हैं। गत 5 वर्षों से अनाथ बच्चों को समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए कार्यरत हैं।

# राजधानी में कोरोना के 292 नए केस, 8 की मौत

### प्रदेश में मिले कोरोना के 2277 नए मरीज

**पायनियर समाचार।** लखनऊ



**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस के संक्रमण की रफ्तार में इधर कमी आई है। शनिवार को राजधानी में 292 नए केस सामने आए हैं। जबकि 8 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है।राजधानी में अभी तक 60ए623 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। आज 284 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अभी तक 57ए228 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 3395 केस एक्टिव हैं। अभी तक इलाज के दौरान 849 लोगों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 6173 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 21, गोमती नगर 29, रायबरेली रोड 24, जानकीपुरम 10 हजरतगंज 16, तालकटोरा 14, अलीगंज 17, विकास नगर 15, आशियाना 10, महानगर 11, चिनहट10 सरोजिनी नगर 14 चौक 10 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। वही आज दूसरी तरफ कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 76 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 76 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 42 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 34 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। उधर, प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 2277 नए मरीज मिले हैं जबकि 25 लोगों की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। 2852 व्यक्ति उपचारित होकर डिस्चार्ज किए गए हैं। अब तक कुल 433703 लोग पूर्णतया उपचारित होकर डिस्चार्ज किए गए । प्रदेश में 27681 कोरोना के एक्टिव मामले हैं । एक्टिव केसों में 59ण्43 प्रतिशत की कमी आई है। होम आइसोलेशन में 12,683 लोग हैं। प्रदेश में रिकवरी का प्रतिशत अब बढ़कर 92.62 प्रतिशत हो गया है। बीते 24 घंटे के दौरान लखनऊ में 292, कानपुर नगर में 45, प्रयागराज में 149 मरीज मिले हैं।

## अधिक संख्या में पॉजिटिव वाले जिलों में टेस्ट की संख्या बढ़ायी जाए: आरके तिवारी

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी ने अनलाक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि कोरोना के कारण जिन मरीजों की हॉस्पिटल में मृत्यु हो रही है। उन सभी मामलों का सर्विलांस चेक किया जाए कि सर्विलांस टीम समय से पहुंची या नहीं तथा टेस्ट व इलाज शुरू होने में किसी प्रकार का विलम्ब तो नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त निजी चिकित्सालयों में जो मरीज टेस्ट में पॉजिटिव पाये जाते हैं। उसकी सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर को समय से दी जा रही है या नहीं इसकी भी पड़ताल की जाए। निजी प्रयोगशालाओं में जांच में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की सूचना लैब द्वारा इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर व सीएमओ को अनिवार्य रूप से भेजी जा रही है अथवा नहीं, इसकी भी जांच कर अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन जिलों में अधिक पॉजिटिव केस आ रहे हैं। वहां टेस्ट की संख्या बढ़ा दी जाये। उन्होंने निर्देश दिये कोविड हॉस्पिटल्स में ऐसे सभी चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टाफजो कि पीपीई किट पहनकर मरीजों को देखने व इलाज के लिए कोविड वार्ड में जाते हैं। वह अनिवार्य रूप से अपने नाम व पदनाम की पट्टिका अवश्य लगाएं ताकि मरीजों व तीमारदारों को इसकी पूरी जानकारी रहे तथा कोविड चिकित्सालयों में स्थापित सीसीटीवी फुटेज का भी नियमित अवलोकन किया जाए कि मरीजों के इलाज, भोजन, साफ-सफाई आदि सेवाओं में कोई कमी तो नहीं है।



# महापौर ने दी विकास कार्यों की सौगात

**लखनऊ( पीएनएस )।** शहर के विकास कार्य को गति देने के लिए महापौर द्वारा 15 करोड़ के कार्य जनता को समपित किया गया। इस धनराशि से सड़क, नाली, नाला निर्माण कार्य, समरसेविल, पार्क का सौंदर्यीकरण, पार्क-निर्माण, फुटपाथ निर्माण जैसी सुविधाएं, दी जाएंगी। वहीं, 222 विकास कार्यों में 6 करोड़ 45 लाख रुपये के कुल 91 कार्यो का शिलान्यास किया गया । शनिवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने नवरात्रि के पावन अवसर पर विकास कार्य की घोषणा की। अष्टमी के दिन नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी, पार्षदों के साथ महापौर ने लखनऊ की जनता के लिए महापौर निधि के लगभग 15 करोड़ रुपये के काय ? की झड़ी लगा दी। मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, नाला निर्माण कार्य, समरसेविल, पार्क का सौंदर्यकरण, पार्क.निर्माण, फुटपाथ निर्माण, राम लीला ग्राउंड का निर्मा, राम राम बैंक चौराहे के सौंदर्यकरण का कार्य आदि विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया। महापौर द्वारा महापौर निधि से लगभग 15 करोड़ रुपये के किये गए कुल 222 विकास कार्यों में 6 करोड़ 45 लाख रुपये के कुल 91 कार्यो का शिलान्यास किया गया । साथ ही 8 करोड़ 52 लाख रुपये के 131 कार्यो का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

**सभी जोनों और क्षेत्रों में हुए विकास कार्य:** महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा किये गए विकास कार्यों में सभी जोनों और क्षेत्रों, वार्डों में कार्य कराए गए है। लोकार्पित हुए कार्यों को जल्दी ही पूरा भी किया जाएगा। महापौर ने कहा कि वह स्वयं लखनऊ का विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोकमंगल दिवस के माध्यम से जो जनता की शिकायतें आती थी और उन क्षेत्रों में स्वयं दौरा करने जाती थीए ऐसे स्थलों को चिन्हित कर जहां कई दशकों से सड़क नही बनी, वहाँ कार्य कराये गए है।

निधन पर कार्यक्रम को किया था स्थगित: महापौर संयुक्ता भाटिया को जन्मदिन के अवसर पर 19 अक्टूबर को यह लोकार्पण करना था। लेकिन 2 दिन पूर्व वरिष्ठ पार्षद रमेश कपूर बाबा के निधन की वजह से महापौर ने जन्मदिन के मौके पर होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया था।

### मुख्य सचिव की फर्जी फेसबुक प्रोफाइल से ठगी

# गिरोह के सरगना सहित दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव आरके तिवारी की फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के सरगना सहित दो अपराधियों को एसटीएफऔर साइबर क्राइम सेल की टीम ने मथुरा के गोवर्धन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इनमें से एक के नाबालिग होने की वजह से उसे नोटिस देकर छोड़ दिया गया। अभियुक्तों के पास से विभिन्न प्रकार के सिमए पेटीएम व अन्य सोशल मीडिया के फर्जी अकाउंट मिले हैं ।

मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी के नाम से सोशल मीडिया ; फेसबुक द्ध पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से धन उगाही करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसके सम्बन्ध में दिनेश कुमार गुप्ता उपनिदेशकमुख्य सचिव कार्यालय द्वारा थाना साइबर क्राइम पुलिस स्टेशनए लखनऊ पर 10ण्09ण्2020 को धारा 419ध्420 भादवि ए 66 ; सी द्ध ए 66 ; डी द्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कराया गया।उपरोक्त सूचना को फेसबुक डॉट कॉम से प्राप्त आईपी लॉग्स व इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के माध्यम से विकसित करते हुए मुखबिर खास द्वारा मिली सूचना के आधार पर 23ध10ध2020 को गैंग के सरगना सहित तीन अभियुक्तों शराफत उर्फ कालाए सुखदीन खान और अजरू निवासी ग्राम मडौरा को साइबर क्राइम का गढ़ कहे जाने वाले गोवर्धन थाना क्षेत्रए जनपद मथुरा से एसटीएफ व थाना साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। अजरू के नाबालिग होने की वजह से उसे नोटिस देकर छोड़ दिया गया। पूछताछ में गैंग के सरगना शराफत उर्फ काला ने बताया कि साबिर पुत्र जमली निवासी ग्राम मडौरा थाना गोवर्धन जनपद मथुरा कई वर्षों से फेसबुक प्रोफाइल हैक करध् फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाककर लोगों को मैसेन्जर पर चैट कर खुद को मुसीबत में होने का झांसा देकर फर्जी नाम पते पर खोले गए पेटीएमए फोनपेए गूगलपे आदि यूपीआई एकाउंट्स में रुपए जमा कराकर ए आनलाइन ठगी कर रहा था।



## मथुरा के कई गांवों के सैकड़ों युवक कर रहे हैं ऑनलाइन ठगी

उसने बताया कि साबिर ने ही मुझे भी फेसबुक प्रोफाइल हैक करना व दूसरों के नाम की फेसबुक प्रोफाइल बनाना सिखाया था। मेरे अतिरिक्त मेरे गांव मडौरा व बगल के गांव देवसेरस के लगभग 100 से 150 लोग साबिर से ही यह काम सीख कर आनलाइन ठगी ध् धन उगाही कर रहे है । हम लोग रेण्डम नम्बर को फेसबुक आईडी व पासवर्ड में डालकर हैकिंग का प्रयास करते रहते है ए जिन फेसबुक प्रोफाइल का आईडी व पासवर्ड एक ही नम्बर होता है वो आसानी से हैक हो जाती हैं। इसके अतिरिक्त कुछ लोगों की फेसबुक प्रोफाइल को देख कर ही यह पता लग जाता है कि यह व्यक्ति बहुत धनी ध् रसूखदार है जिसकी बात को उसकी फ्रेंड लिस्ट में ऐड फ्रेंड मना नही करेंगे उनकी प्रोफाइल पिक्चर को कापी कर उनके नाम की हुबहू फेसबुक प्रोफाइल बना लेते है और उनकी फ्रेंड लिस्ट में एड कुछ फ्रेंड को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज देते है जिसमें से कुछ लोग फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर लेते है । फिर उनको मैसेन्जर पर वॉइस टाइपिंग के माध्यम से हायए हेलो के मैसेज भेजते हैं।

## सैनिटाइजर छिड़ककर खुद को लगाया आग महिला की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के अलीगंज इलााके में स्तिथ महिला ने खुद पर सैनेटाइजर डाल कर आत्मदाह कर लिया। सूचना पर पहूंची पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।

एसीपी के मुताबिक महिला का नाम अंकिता दीक्षित है। रविवार को पारिवारिक कलेश के चलते उसने सैनेटाइजर डाल कर आग लगा ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद अंकिता के पिता ने शुक्रवार को स्थानीय थाना में ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने अंकिता के पति मनीष दीक्षित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस बाकी ससुराल वालों की तलाश कर रही है। एसीपी के मुताबिक अंकिता की चार साल की एक बेटी है।

# कोतवाल बनी छात्रा ने पुलिसकर्मियों को पढ़ाया शालीनता का पाठ

## निगोहा में दरबार

**संवाददाता।** निगोहां

**नायक** फिल्म की तर्ज पर शनिवार को मिशन शक्ति के तहत दिनभर के लिए निगोहां कोतवाल बनाई गई 11 वीं की छात्रा शाम्भवी सिंह की शालीनता ने पुलिसकर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार की अहमियत समझा दी। थाने पहुंची कस्बे के सत्यनारायण तिवारी इण्टर कालेज की टॉपर रही शाम्भवी ने मातहतों से रुबरु होकर पुलिस और पब्लिक में बेहतर तालमेल के लिए फ्रेण्डली पुलिसिंग अमल में लाने पर जोर दिया। सीओ नईमुल हसन और इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह के साथ थाना परिसर और पुलिसकर्मियो की बैरक का जायजा लेते हुए थाना प्रभारी शाम्भवी सिंह ने पुलिस की सुख.सुविधाओं और चुनौतियों को भी नजदीक से महसूस कर उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन भी लिया। सीओ नईमुल हसन ने बताया एसएचओ बनकर शाम्भवी सिंह ने काफी शानदार अनुभव मिलने की बात कही। पुलिसिंग को नजदीक से महसूस कर बेहद गदगद शाम्भवी ने अपना अनुभव शब्दों में लिखकर देने के लिए कहा है।



**उत्पीड़न की शिकायत पर लिया एक्शन, कराया निपटारा:**निगोहां थाने की महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करने के दौरान एसएचओ शाम्भवी सिंह ने पुलिसकर्मियों को महिलाओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर समाधान कराने की नसीहत दी। थाना समाधान दिवस की जन सुनवाई के दौरान हेल्पडेस्क के माध्यम से पहुंची महिला उत्पीड़न की शिकायत पर दम्पत्ति को तलब कर बारी.बारी से दोनो पक्ष की सुनकर शराबी पति को फटकार लगाकर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। पति के गलती मानने पर पत्नी ने कार्रवाई नहीं करने की गुजारिश की तो दम्पत्ति को बेहद शालीनता से समझा.बुझाकर आरोपी पति को दोबारा पत्नी से बुरा बर्ताव करने पर कड़ी कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी। एसएचओ बनीं शाम्भवी के फैसले को सभी ने सराहा और दम्पत्ति हंसी.खुशी अपने घर लौट गए। इसी तरह जमीनी विवाद के दो मामलों में जांच का निर्देश देते हुए पुलिसकर्मियों को शान्ति.व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित कार्रवाई करने को कहा।

**एफआईआर से कोर्ट में पैरवी तक की प्रक्रिया समझी:** एसएचओ का कार्यभार संभाल रही शाम्भवी सिंह ने सीओ नईमुल हसन के मार्गदर्शन में फरियादियों की एफआईआर दर्ज करने से लेकर विवेचना ए आरोप पत्र दाखिला और कोर्ट में पैरवी कर न्याय दिलाने की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझकर समाज के लिए पुलिस की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण माना। दोपहर बाद कार्यभार छोड़ने के दौरान शाम्भवी ने खाकी वर्दी पहनकर अपने शानदार अनुभव को साझा करते हुए आमजन को आधुनिक पुलिस के प्रति धारणा बदलने की जरुरत बताई। उसने बतौर पुलिस अधिकारी पुलिसिंग को करीब से महसूस करने का अवसर देने के लिए पुलिस अधिकारियों और सरकार का आभार भी जताया।

## हाईस्कूल टॉपर छात्रा चांदनी को मिली दो घंटे की थानेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला अपराध को रोकने के लिए नवरात्रि के मौके पर प्रदेश में चलाए जा रहे मिशन शक्ति के तहत मलिहाबाद थाने में शनिवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज मलिहाबाद में 2019-20 में हाईस्कूल की टॉपर छात्रा चांदनी को दो घंटे के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। सब्जी बिक्रेता राकेश कुमार की पुत्री चांदनी ने प्रभारी बनने के बाद थाने में एफआईआर दर्ज की। शास्त्रागार, मालखाना आदि का रखरखाव भी देखा। साथ ही महिला सिपाहियों से ड्यूटी के अनुभव सीखे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान चांदनी ने बताया कि दो घंटे का प्रभारी बनने पर उसे आज बहुत खुशी हो रही है। इसके साथ ही महिलाओं से अपील की कि उन्हें डर और संकोच छोडकर जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लेनी चाहिए। पुलिस 24 घंटे आपके साथ हैं। आप कही से भी 1090ए 1076 या 112 नंबर मिलाकर शिकायत कर सकती हैं। बॉलीवुड की फिल्म नायक में अभिनेता अनिल कपूर को एक दिन का सीएम बनाया गया था। यह तो आपने देखा ही होगा मगर असलियत में फिल्मी अंदाज में किसी को एक दिन का इंस्पेक्टर बनाया जाए आपने नहीं सुना होगा। निगोहां में जहां मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करने के लिए कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा शाम्भवी सिंह को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। यही नहीं बाकायदा छात्रा थानाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठकर पुलिस का काम कर रही हैं। लोगों की शिकायत सुनने के साथ थाने का बारीकी से निरीक्षण किया। थाने का समस्त स्टाफ छात्रा के आदेशों का पालन करते हुए सरकारी दस्तावेज को दिखाते भी नजर आया।

**आरटीओ कार्यालम में बनेगी महिला हेल्पडेस्क:** लखनऊ। शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अंतर्गत ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में महिला हेल्पडेस्क स्थापित किया जाएगा। ताकि डीएल और वाहन संबंधी कार्यो में उनकी मदद की जा सके। इसी क्रम में महिला सशक्तीकरण पर चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम में शनिवार को आलमबाग बस स्टैंड पर महिला यात्रियों और बसों के चालकों एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चहनियाँ चंदौली

पत्रांक–675 / लेखा0 / क्षे0प0केन्द्रीय / पन्द्रहवां वित्त / 2020–21

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत चहनियां जनपद चंदौली केन्द्रीय वित्त / पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2020–21 में क्षेत्र पंचायत अंश द्वारा संपादित कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा फार्म दिनांक 23.10.2020 से 29.10.2020 तक कार्यालय समय 10 बजे से सायं 5 बजे तक मु0 500 रुपया कैशियर के पास जमा कर प्राप्त कर निविदा फार्म जमा किया जा सकता है। निविदा दिनांक 30.10.2020 गठित समिति द्वारा फार्म दाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी।

| क्रम. सं. | योजना का नाम | परियोजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | केन्द्रीय वित्त / पन्द्रहवां वित्त | नवोदय विद्यालय में उत्तरी चारदिवारी के बगल से सी0सी0 कार्य। | 9.00 |
| 2 | '' | कैलावर में बारात घर बंशी यादव के बाउंड्री तक बाउंड्री निर्माण कार्य। | 3.00 |
| 3 | '' | कैलावर में पोखरे के किनारे ट्रैक पिच निर्माण कार्य। | 6.00 |
| 4 | '' | कैथी में संजय पान की दुकान से हनुमान मंदिर तक मिट्टी खडंजा कार्य। | 2.00 |
| 5 | '' | सैदपुर चंदौली मेंन रोड से मोहनपुरवा यादव बस्ती तक मिट्टी खडंजा मरम्मत कार्य। | 5.00 |
| 6 | '' | दिनदास पुर में श्रीनाथ के खेत से रामलाल के खेत तक मि0ख0 कार्य। | 3.00 |
| 7 | '' | हसनपुर में खडंजा से रामकरण यादव के खेत के मोड़ से रामजनम यादव के घर तक सी0सी0 कार्य। | 4.00 |
| 8 | '' | नैढी मकुंदपुर में पिच रोड से शाहमुहम्मद के घर तक मिट्टी खडंजा कार्य | 2.00 |
| 9 | '' | मारुफपुर में सीताराम के खेत से विश्वनाथ प्रजापति के घर तक मि0ख0 कार्य। | 3.00 |
| 10 | '' | हिनौता में पिच रोड से मोहन यादव के घर तक सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 11 | '' | भलेहटा में अमरनाथ यादव के घर से जटाशंकर गुप्ता के घर तक सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 12 | '' | ओरवा में दुलारे यादव के घर से नहर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 3.00 |
| 13 | '' | सर्वानंद पुर में मोती के घर से एस0एस0 कान्वेंट स्कूल तक इंटरलॉकिंग / सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 14 | '' | विशेश्वर पुर में मिट्टी खडंजा कार्य। | 3.00 |
| 15 | '' | सरौली में इस्लाम के मकान से कमरुद्दीन के घर तक सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 16 | '' | सिवाने खांनपुर में अतवारु यादव के घर से प्रमोद के मडई तक मिट्टी खडंजा कार्य। | 2.00 |
| 17 | '' | गुरेरा में रामनिवास यादव के खेत से कैलाश यादव के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 2.00 |
| 18 | '' | बलुआ में विश्वकर्मा मंदिर का बाउंड्री वाल निर्माण कार्य। | 3.00 |
| 19 | '' | स्ट्रीट लाइट, निर्माण कार्य ग्राम सभा– कैलावर, सोनहुला, चहनियां, सिंगहा, कांवर, पक्खोपुर, तिरगावा, रसूलपुर, खण्डवारी। | 2.00 |
| 20 | '' | हाई मास्क एवं सोलर लाइट का निर्माण कार्य, कैलावर, सोनहुला, चहनियां, सिंगहा, कांवर, पक्खोपुर, खण्डवारी। | 5.00 |
| 21 | '' | पुरा सोनहुला में सन्तु के घर से हरिजन वस्ती तक मिट्टी खडंजा / सीवर नाली कार्य। | 6.00 |
| 22 | '' | सोनहुला में पिच रोड से शिवपूजन साब के घर तक नाली व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 23 | '' | सोनहुला में महेंद्र पंडित के घर से पुंज विश्वकर्मा के घर तक नाली मरम्मत व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 24 | '' | पूरा सोनहुला छोर पर रमेश पासवान के घर से चौथी कनौजिया के घर तक नाली मरम्मत व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 25 | '' | पूरा पोखरी सोनहुला में शंकर यादव के घर से गुलाब सिंह के घर तक नाली व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 26 | '' | डेरवा में रामेश्वर गुप्ता के घर से लक्ष्मी सिंह के मकान तक भूमिगत नाली व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 27 | '' | विशुनपुरा–वन्शिपुर में प्यारेराम के घर से नहर तक भूमिगत नाली व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 28 | '' | मरकनिया में पक्का नाला से ढक्कनदार नाला निर्माण कार्य। | 4.00 |
| 29 | '' | अमिलाई नरैला पर कन्हैया यादव के घर से हरिद्वार यादव के घर तक सीवर इंटरलॉकिंग / सी0सी0 कार्य। | 4.00 |
| 30 | '' | सिकरौरा में संपर्क मार्ग से यादव बस्ती तक ढक्कनदार नाली व मिट्टी खडंजा कार्य। | 3.00 |
| 31 | '' | जुडा हरधन में शिवपाल के घर से पक्का नाला तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य | 3.00 |
| 32 | '' | चहनियां में राजा गुप्ता के दूकान से तुल्यान्शु हॉस्पिटल तक व शिवपूजन सोनकर के घर तक भूमिगत नाली व मिट्टी खडंजा कार्य। | 3.00 |
| 33 | '' | चहनियां में अवशेष सी0सी0 से चहान देवी मंदिर तक सी0सी0 / इंटरलॉकिंग व नाली कार्य। | 6.00 |
| 34 | '' | ग्राम सभा रानेपुर मेंन रोड से जानकी मौर्या के घर से लालजी मौर्या के मशीन तक भूमिगत नाली व मिट्टी खडंजा कार्य। | 2.00 |
| 35 | '' | पहाड़पुर मोलना पुर में नाली व मिट्टी खडंजा कार्य। | 2.00 |
| 36 | '' | पक्खोपुर में राजकुमार के घर से गामा के घर तक भूमिगत नाली व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 37 | '' | कैथी में रामसरन राम के घर से रामफल के मकान तक नाली मरम्मत व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 38 | '' | खण्डवारी में राकेश यादव के घर से मनोहर गुप्ता के दुकान तक भूमिगत नाली व सी0सी0 कार्य। | 3.00 |
| 39 | '' | हैण्ड पंप निर्माण कार्य, ग्राम सभा कैलावर, सोनहुला, सिंगहा, कांवर, पक्खोपुर, महमदपुर, खण्डवारी में निर्माण। | 5.00 |
| | | योग | 134.00 |

**नियम व शर्ते निम्नवत हैं–**

1. निविदा फार्म निर्धारित समय व तिथि के बाद मान्य नहीं होगा।
2. सामग्री की आपूर्ति कार्यालय आदेश के बाद कार्य प्रभारी के मांग के अनुसार कार्यस्थल पर एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करना होगा
3. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
4. स्वीकृति निविदा फॉर्म दाताओं को 2 प्रतिशत निर्धारित जमानत राशि खण्ड विकास अधिकारी पद नाम से एफ0डी0आर0 कार्यालय में जमा करना होगा।
5. सामग्री की गुणवत्ता में शिकायत / कमी पाए जाने पर एवं सामग्री समय से कार्यस्थल पर आपूर्ति न करने की दशा में जमानत राशी जब्त कर ली जायेगी तथा किसी भी न्यायलय में वाद नहीं होगा।
6. सामग्री आपूर्ति के पास जी0एस0टी0 नं0 पैन कार्ड, आधार कार्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
7. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में अन्य शर्ते तथा जानकारी खण्डविकास अधिकारी कार्यालय चहनियां में श्री अवधेश चौहान अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के पटल से प्राप्त किया जा सकता है।
8. बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने व अंतिम निर्णय का अधिकार प्रमुख / खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
9. फर्म द्वारा प्रस्तुत दर पी0 डब्ल्यू0डी0 द्वारा अनुमन्य दर के अंतर्गत होना चाहिए।
   सामग्री की आपूर्ति निर्धारित कैरी / वैध खनन से की जाय वैध खनन अथवा स्थानीय सामग्री की दशा में आपूर्तिकर्ता को उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।
   खनन सामग्री (गिट्टी, मोरंग–बालू, बोल्डर, आदि) हेतु खनिज विभाग द्वारा जारी परमिट (ई–एम0एम0 11) अनिवार्य होगा।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत चहनियाँ
चंदौली

खण्ड विकास अधिकारी
चहनियाँ, चंदौली


# प्रदेश में अब तक 22 लाख नए रोजगार सृजित किए गये : सहगल

## ● खादी के मॉडर्न परिधानों की प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव सूचना एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग डॉ.नवनीत सहगल ने कहा है कि प्रदेश में अब तक 22 लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री 27 अक्तूबर को प्रदेश के करीब 3 लाख पटरी दुकानदारों को कर्ज बांटेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है ए आयोग के साथ बैठक करके भर्ती की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है। पारदर्शिता व नियमानुसार भर्ती हो इसका पालन कराया जा रहा है। औद्योगिक गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। प्रदेश की 4.35 लाख इकाइयों को आत्मनिर्भर पैकेज में 10,744 करोड़ कर्ज दिए गए हैं । उद्योगों और निजी क्षेत्र में भी रोजगार सृजन की प्रक्रिया जारी है । इन इकाइयों के माध्यम से 22 लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं। इसके साथ ही अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा.नवनीत सहगल ने कहा कि खादी को और ज्यादा मशहूर करने के लिए हर साल खादी फैशन शो का आयोजन किया जाता रहा है। इसमें देश एवं विदेश के ख्याति प्राप्त डिजाइनरों द्वारा तैयार किये गये स्टायलिस खादी परिधानों का प्रदर्शन किया गया है। इससे लोकल फॉर वोकल विजन को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिल रही है। डा. सहगल ने यह बात शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड में देश के प्रतिष्ठित फैशन डिजाइनरों एवं निफ्ट रायबरेली से तैयार कराये गये खादी के मॉडर्न परिधानों की बिक्री हेतु आयोजित प्रदर्शनी के शुभारम्भ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में युवा पीढ़ी को आकर्षित करने हेतु निफ्ट के छात्रों द्वारा तैयार किये गये स्टाइलिश परिधानों का प्रदर्शन किया गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत तुरुषमा वि.ख. हरिहरपुर रानी, जनपद श्रावस्ती

पत्रांक–मेमो / आर.जी.एस.ए. / पंचम वित्त / 15वॉ वित्त / मनरेगा / सामग्री आपूर्ति / ग्रा0पं0 निविदा

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा / पंचम वित्त / 15वॉ वित्त / आर.जी.एस.ए. अन्तर्गत वर्ष 2020–21 मे स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड़ ईट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, पेन्ट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेन्ट, पुट्टी एंव अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनॉक 25.10.2020 से 01.11.2020 तक सामग्री हेतु आप निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनॉक 01.11.2020 को 12.00 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा, तथा निविदा उसी दिन 03.00 बजे निविदादाओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते :**

1. अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रु0 है।
6. समग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगा।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस मे पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरान्त ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–तुरुषमा**
**विकासखण्ड–हरिहरपुर रानी**
**जनपद–श्रावस्ती**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत–तुरुषमा**
**विकासखण्ड–हरिहरपुर रानी**
**जनपद–श्रावस्ती**



## कार्यालय ग्राम पंचायत असनहरिया वि.ख. हरिहरपुर रानी, जनपद श्रावस्ती

पत्रांक–मेमो / आर.जी.एस.ए. / पंचम वित्त / 15वॉ वित्त / मनरेगा / सामग्री आपूर्ति / ग्रा0पं0 निविदा

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा / पंचम वित्त / 15वॉ वित्त / आर.जी.एस.ए. अन्तर्गत वर्ष 2020–21 मे स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड़ ईट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, पेन्ट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेन्ट, पुट्टी एंव अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनॉक 25.10.2020 से 01.11.2020 तक सामग्री हेतु आप निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनॉक 01.11.2020 को 12.00 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा, तथा निविदा उसी दिन 03.00 बजे निविदादाओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते :**

1. अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रु0 है।
6. समग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगा।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस मे पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरान्त ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–असनहरिया**
**विकासखण्ड–हरिहरपुर रानी**
**जनपद–श्रावस्ती**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत–असनहरिया**
**विकासखण्ड–हरिहरपुर रानी**
**जनपद–श्रावस्ती**


## नवरात्र में चमका वाहनों का बाजार

**लखनऊ।** नवरात्रि में वाहनों का बाजार इस बार खूब चमका। एक तरफ जहां लोग माइलेज वाले वाहनों को पसंद कर रहे है वहीं पॉवरफुल और हाईली पिकअप वाले वाहनों की डिमांड भी देखने को मिली। महंगे वाहनों की भी बिक्री जम कर हुई। शोरूम डीलरों के अनुसार मार्च से पहले भी वाहन सेक्टर में काफी उथल पुथल रही। मार्च के बाद तो लॉकडाउन हो गया। अनलॉक होने के बाद भी वाहनों की सेल प्रभावित रही। लेकिन नवरात्रि में वाहन सेक्टर का ना केवल सन्नाटा दूर हुआ बल्कि वाहनों की सेल शानदार रही। अब धनतेरस पर एक बार फिर से वाहनों का कारोबार रफ्तार पकड़ेगा। ऑनलाइन हुआ रजिस्ट्रेशन: डीलरों के अनुसार इस नवरात्रि नई गाड़ियों का बाजार उम्मीद से अधिक शानदार रहा। इस दौरान राजधानी में एक करोड़ से अधिक की कीमत वाली लग्जरी कारों की बिक्री भी आरटीओ ऑफिस में दर्ज की गई। एक करोड़ 20 लाख की मर्सडीस बेंज के साथ ही 50 से 70 लाख के बीच की लग्जरी कारों का रजिस्ट्रेशन आरटीओ ऑफिस में किया गया। बीएमडब्लू के साथ ही हुंडई मॉडल की कारों का रजिस्ट्रेशन हुआ। दो पहिया वाहनों में एक लाख तक के वाहन भी खूब बिके। नवरात्रि में कुछ कितने वाहन बिके इसकी तस्वीर मंगलवार को साफ होगी। आरटीओ ऑफिस के कर्मचारियों के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन ऑटोमोबाइल सेक्टर में तकरीबन आठ करोड़ रुपये के वाहनों की बिक्री हुई। इसमें दो और चार पहिया वाहनों की बिक्री शामिल हैं। शनिवार को 3275 दो और चार पहिया वाहनों का रजिस्ट्रेशन ऑन लाइन किया गया। नौ दिनों में तकरीबन 35 सौ से अधिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

## जंगल में लटका मिला बुजुर्ग का शव

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह इलाके जंगल में एक बुजुर्ग गांजा तस्कर का शव पेड़ से लटका मिला। शौच के लिए गए एक युवक ने शव लटका देख मामले की सूचना पुलिस को दी। काकोरी के दुबग्गा सब्जी मण्डी के पीछे स्थित जंगल में एक बुजुर्ग ने पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं छन्दोईया गांव में रहने वाले राजेश जब वहां शौच के लिए गए तो उन्होंने बुजुर्ग के शव को लटका देख सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांज की तस्करी करता था मृतक पुलिस के मुताबिक मामले की जानकारी पाकर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। कुलदीप नाम के एक युवक ने मृतक की पहचान अपने 60 वर्षीय चाचा सुखदेव साहू निवासी हयातनगर बरावन कला थाना ठाकुरगंज के रूप में की है।

## राज्यपाल ने विजय दशमी पर्व की बधाई दी

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजय दशमी ;दशहराद्ध पर्व के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व ष्विजय दशमीष् का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए कि सत्य के मार्ग का अनुसरण करते हुए बुराई से दूर रहें। राज्यपाल ने अपील की है कि सभी लोग आपसी प्रेम, शांति और भाईचारे के वातावरण में पर्व मनायें।

## जागरुकता रैली आयोजित

**महोना ( लखनऊ )।** नगर पंचायत महोना में आज मिशन शक्ति ;महिला सशक्तिकरणद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षाए सम्मान व स्वावलंबन बेटी बचाव बेटी पढ़ाव एवं शिक्षा हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महिलाओं के सशक्तिकरण के अंतर्गत आयोजित जागरूकता रैली का नेतृत्व सभासद प्रवीण मौर्या एवं सभासद रजनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस जागरूकता रैली में चंद्रशेखर आज़ाद इण्टर कॉलेज की बालिकाओं ए स्वच्छता समिति की महिला सदस्यों आंगनबाडी कार्यकत्रियों महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला सफाई कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। उक्त कार्यक्रम में सभासद अजय मिश्र, राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रदेशवासियों के मंगलमय भविष्य की कामना की

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी और कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विजयदशमी पर्व पर प्रदेशवासियों के मंगलमय भविष्य की कामना की है। लल्लू ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय एवं असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। प्रमोद तिवारी तथा आराधना मिश्रा, मोना ने कहा है कि नवरात्रि का पर्व जहां मातृ शक्ति का द्योतक है, वहीं विजय का पर्व दशहरा हमें बुराई पर अच्छाई की एवं असत्य पर सत्य की तथा अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देता है।

## मिस्टर ब्राउन ने नया बेकरी ब्रांड डेनब्रो उतारा

लखनऊ। प्रसिद्ध बैकरी ब्रांड मिस्टर ब्राउन ने इटली के डेनबो के साथ तकनीकी सहयोग से अपना नया बेकरी ब्रांड डेनब्रो प्रारंभ किया है। डेनबो में एक छत के नीचे पौष्टिक, जैविक और अंतरराष्ट्रीय बेकरी उत्पाद मिलेंगे। कंपनी अगले तीन वर्षों में 50 आउटलेट खोलकर 200 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक मेगा विस्तार योजना पर काम कर रही है। इस विस्तार में किसानों को आश्वासन दिया जायेगा कि उनके जैविक उत्पादों को सीधे ख़रीदा जायेगा। हमने लखनऊ में 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार के साथ 500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए निवेश कर रहे हैं,कंपनी की संस्थापक तनुश्री गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में अपने नए ब्रांड डेनब्रो का पहला आउटलेट शुरू करने के बाद, अब हम 31 मार्च, 2021 तक लखनऊ में तीन, चंडीगढ़ में एक और दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पांच और नए डेनब्रो आउटलेट लॉन्च कर रहे हैं। उन्होंने आगे जोड़ा की इससे 5,000 प्रत्यक्ष और 3,500 अप्रत्यक्ष नौकरियां दी जाएंगी।

## 188 गाँवों में खोले सुकन्या समृद्धि खाते

**लखनऊ।** नवरात्र पर्व के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में डाक विभाग ने पहल करते हुए नई इबारत लिखी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत आरम्भ सुकन्या समृद्धि योजना में तमाम कन्याओं के खाते खुलवाकर उनका भविष्य सुनिश्चित करने की पहल करते हुए नवरात्र पर्व की सार्थकता सिद्ध की है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव की पहल पर नवरात्र के दौरान वाराणसी डाक परिक्षेत्र के 188 गाँवों में 10 साल तक की सभी सुयोग्य कन्याओं के सुकन्या खाते खुलवाकर उन्हें सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम बनाया गया है। इसी क्रम में वाराणसी के तपोवन शाखा डाकघर में आयोजित कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने तमाम सुकन्याओं को पासबुक के साथ उपहार देकर सम्मानित किया। प्रवर डाक अधीक्षक सुमीत कुमार ग्राम, डाक अधीक्षक राम मिलन, महंत दीन बंधु दास जी महराज, पार्षद वंदना सिंह, सहायक निदेशक शम्भू राय ने भी इन सुकन्याओं के सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति का स्थान अहम है।


## उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

**ई निविदा सं.:** सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट-545 — **निविदा सूचना** — **दिनांक:** 23.10.2020

मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता / निर्माण / उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद, भारत के राष्ट्रपति के लिये उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें, आन लाइन (ई टेंडरिंग) निर्धारित प्रपत्र पर आमन्त्रित की जाती हैं।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट -545 | उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल में प्रयागराज जंक्शन पर यार्ड के रीमॉडलिंग के संबंध में सभी इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्यों के साथ नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। | ₹ 336897793.63 (रू. तैंतीस करोड़ अढ़सठ लाख सत्तानबे हजार सात सौ तिरानबे एवं तिरसठ पैसे मात्र) | ₹ 1834500/- (रू. अठ्ठारह लाख चौंतीस हजार पाँच सौ मात्र) |

**निविदा जमा एवं खुलने की तिथिः** 13.11.2020 समय 15:30 बजे खुलेगा। **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 18 माह। निविदा संबंधी पूर्ण जानकारी हेतु भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRO NCR 1135/20 (A)



## उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

**निविदा सूचना सं. : 4520202021** — **ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** — **दिनांक: 23.10.2020**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यो के लिए ई–निविदाएँ प्रपत्र पर **दिनांक 18.11.2020** को **13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र. सं. | निविदा नं. | कार्यों का विवरण | अनुमानित मूल्य (₹ में) | बयाने की रकम (₹ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 141 | सहायक मण्डल अभियन्ता / लाइन / कानपुर के अन्तर्गत कानपुर–रूरा सेक्शन के बीच गर्डर ब्रिज पर एच.बीम स्लीपर्स द्वारा स्टील चैनल स्लीपर्स के प्रतिस्थापन एवं अन्य सम्बद्ध कार्य। | ₹ 1,51,99,733.50 | ₹ 2,26,000.00 |
| 2. | 142 | सहायक मण्डल अभियन्ता / लाइन / कानपुर के अन्तर्गत मेन लाइन पर बेल्डेबिल सी एम एस क्रासिंग द्वारा मौजूदा सी एम एस क्रासिंग का प्रतिस्थापन और थिक वेब स्विच (टी डब्लू एस) द्वारा घुमावदार स्विच के प्रतिस्थापन का कार्य। | ₹ 1,03,17,183.20 | ₹ 2,01,600.00 |
| 3. | 143 | सहायक मण्डल अभियन्ता / लाइन / कानपुर के अन्तर्गत कानपुर–रूरा सेक्शन में ट्रैक मशीन द्वारा कुशन को 350 मिमी तक बढ़ानें के लिए संबद्ध ट्रैक के कार्य। | ₹ 2,13,70,767.70 | ₹ 2,56,900.00 |


**कार्य समापन की अवधि :** (क्र.सं. 1 एवं 2 के लिए) **06 माह,** (क्र.सं. 3 के लिए) **12 माह, सभी निविदाओं के खुलने की तिथि : 18.11.2020, इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य :** (क्र.सं. 1 के लिए)– पुलों पर रनिंग ट्रैक में चैनल स्लीपरों के फैब्रिक्केशन एवं बिछाने का कार्य **अथवा** पुलों पर रनिंग ट्रैक में एच.बीम वाले चैनल स्लीपरों के फैब्रिकेशन एवं बिछाने का कार्य। क्र.सं. 2 एवं 3 के लिए)– **पी. वे वर्क। नोट:– 1.** उपर्युक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 13:30 बजे** तक निविदा खुलने की तिथि **दिनांक 18.11.2020** तक उपलब्ध है। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई–बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** सभी निविदादाता निविदा संख्या 141, 142 एवं 143 हेतु अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाणपत्र, जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसमें निविदा का मूल्य **रु. 50 लाख** से अधिक हो, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **5.** माल एवं / अथवा सेवाओं के सप्लायर / ठेकेदार समय–समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। **6.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **7.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **8.** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **9.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **10.** ऑनलाइन निविदा **दिनांक 18.11.2020** को **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **11.** निविदा प्रपत्र में दिये गये अन्य निर्देशों के साथ–साथ, निविदादाता निविदा के साथ जमा किये जाने वाले प्रपत्रों हेतु निविदा प्रपत्र के पैरा 10.0 बयाने की राशि (EMD) के लिए निविदा प्रपत्र के पैरा **12.1 (a) नोट– (ii), (iii) & (iv)** एवं रेट भरने एवं परमारमेंस गारंटी (PG) जमा करने हेतु निविदा प्रपत्र के पैरा **13.0(h)** पर विशेष ध्यान दें। **12.** ई–टेण्डर फार्म सभी निविदाकारों को मुफ्त जारी किए जाएंगे। **1133/2020 V**

North Central Railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# टीबी उपचार के लिए नई पहल जरूरी

यदि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करना है तो तपेदिक रोग के लिए डीओटी पर कम निर्भरता और वीओटी की अधिक स्वीकार्यता तथा अन्य रोगी केंद्रित उपचार पद्धतियों की आवश्यकता है।

**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं।




तपेदिक (टीबी) से पीड़ित होने की बात पता चलने के उपरांत, नियाम मोहम्मद को मानकीकृत प्रत्यक्ष उपचार अल्पकालीन कोर्स (डीओटी) का पालन करने को कहा गया। शुरुआत में, उसने कार्यप्रणाली का पालन किया, जिसका अर्थ था डीओटी प्रदाता (स्वास्थ्यरक्षाकर्मी अथवा स्वयंसेवी) के सामने टीबी की दवाएं लेना। ऐसा उपचार का पालन करने एवं उसे पूर्ण करना सुनिश्चित करने एवं दवा-प्रतिरोधी टीबी (डीआरटीबी) को विकसित होने से रोकने के लिए किया गया था। लेकिन उसके लिए, दवाएं लेने के लिए दैनिक रूप से स्वास्थ्यरक्षा केंद्र जाना और अनुपालन के पंजीकरण का अर्थ था काम के कई घंटे बर्बाद होना। एक निर्माण कर्मी के तौर पर, मोहम्मद का बचना उसकी दैनिक आमदनी पर निर्भर था और वह आय के इस नुकसान को सहन नहीं कर सकता था, तो वह न केवल स्वास्थ्यरक्षा केंद्र जाने बल्कि उपचार के प्रति प्रतिबद्धता के मामले में भी धीरे-धीरे अनियमित हो गया। अत:, यह आश्चर्य की बात नहीं थी कि जब उसे मार्च में घर-घर जाकर टीबी परीक्षण कार्यक्रम के दौरान डीआरटीबी से प्रभावित पाया गया। यह महसूस करते हुए कि काउंसेलिंग तथा व्यवहार परिवर्तन उसे वापस लाइन पर लाने के लिए आवश्यक था, विकास के लिए तकनीक का प्रयोग करने वाले एक सामाजिक उद्यम, जेडएमक्यू ग्लोबल, जिसने परीक्षण अभियान का संचालन किया था, उसे अपने दायरे में ले लिया।

एक बार जब टीम ने समझ लिया कि मोहम्मद द्वारा व्यवस्था का पालन करने की संभावना अधिक है यदि उसे काम का हर्जा न करना पड़े, उसे नवीन पहल के अंतर्गत पेशेंट एक्टिव कम्प्लायंस एंड ट्रीटमेंट (पैक्ट) औजार किट, एक मरीज-केंद्रित मोबाइल समाधान दिया जो खासकर डीटीआरबी प्रभावित लोगों के लिए प्रारूपित किया गया है। पैक्ट का इस्तेमाल करके निर्माण कर्मी को उपाचार के लिए काम का हर्जा नहीं करना पड़ा क्योंकि उसे रोज स्वास्थ्यरक्षाकर्मी के सामने उपस्थिति होने की जरूरत नहीं रह गई थी। इसके बजाए, वह यह दिखा सकता था कि वह दवा लेते समय एक वीडियो चला सकता था और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित टीबी इकाई को वीडियो भेजने के लिए ऐप का इस्तेमाल कर सकता था।

जैसे ही मोहम्मद ने वीडियो आब्जर्व थेरेपी (वीओटी) का इस्तेमाल करते हुए अपना उपचार करवाना प्रारम्भ किया, कोविड महामारी के चलते देशव्यापी लाकडाउन घोषित कर दिया गया। लेकिन श्रमजीवी को पता था कि उसे उपचार को लेकर चिंता करने की आवशयकता नहीं थी क्योंकि उसे पिछले दो महीनों तक उपचार दिया जा चुका था। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, मरीज को पता था कि वह कोई भी समस्या होने पर टेलीकान्फ्रेंसिंग द्वारा चिकित्सक से सलाह लेने के लिए ऐप का इस्तेमाल कर सकता था।

ऐसे समय पर जब भारत में 51 प्रतिशत टीबी के मरीज़ों, जिनका सर्वेक्षण टीबी ऐक्टिविस्टों के वैश्विक गठबंधन द्वारा किया गया था, ने कहा कि महामारी के दौरान उन्हें चिकित्सा देखभाल कराने की संभावना काफी कम थी क्योंकि कोरोना संक्रमण का डर था, ऐसे में डीआरटीबी देखभाल एवं प्रबंधन तक लगातार पहुंच सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। उपचार तथा देखभाल को सीधे मरीजों के हाथों में देने के लिए टेलीमेडिसिन एवं रोगी केंद्रित मोबाइल उपकरणों की सुविधा उपलब्ध करा के, पैक्ट प्रतिबद्धता बढ़ाने में सफल रहा है।

जेडएमक्यू ग्लोबल द्वारा गहन शोध एवं परीक्षणों के उपरांत मुद्दे को संबोधित करने के लिए तीन प्रकार की रणनीति अपनाई। तकनीकी समाधानों को विकसित करने में अपनी दक्षता का इस्तेमाल करते हुए, उसने सर्वप्रथम एक रोगी औजार किट बनाई। इसमें एक घटक शामिल था जो डीआरटीबी मरीजों को दैनिक रूप से दवाएं लेने की आवश्कयता याद दिलाता है तथा वीओटी तकनीक के द्वारा अनुपालन की जानकारी देता है। उसके पास व्यक्तिगत विवरणों के साथ मरीज़ के विशिष्ट रूप से निर्मित आंकड़े होते हैं जैसे कि पूर्व की बीमारी का इतिहास, उपचार व्यवस्था, परीक्षण रिपोर्टें आदि।

यह सुनिश्चित करता है कि सभी जानकारियां निर्बाध रूप से स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं तक पहुंचती हैं और मरीज़ों की पहुंच भी उन उपचार के इतिहास एवं अग्रिम कार्रवाई अनुसूची तक हो जाती है। दूसरे, ऐप के द्वारा मरीज़ दूर बैठकर वीडियो संपर्क उपकरण के द्वारा टीबी उपचार इकाई अथवा वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक से जुड़ जाता है। इसका अर्थ होता है कि टीबीयू तक आवागमन को कम किया जा सकता है और भारत में महामारी के धीमे पड़ने के संकेत न होने के कारण, रोग प्रतिरोधक क्षमता के अभाव वाले मरीजों के लिए यह जीवन रक्षक कारक साबित हो सकता है।

उपचार प्रक्रिया का पालन बढ़ाने के लिए तीसरी रणनीति है डिजिटल बर्ताव से संप्रेषण में बदलाव तथा डीआरटीबी रोगियों के लिए अभिप्रेरक सामग्री। रोचक डिजिटल कहानियां, सीखने के उपकरण एवं संदेश स्थानीय भाषाओं में विकसित किए जा रहे हैं और मरीजों को जोड़ने, संलिप्त करने एवं अभिप्रेरित करने के लिए श्रव्य-दृश्य रूप से पैकेज किए जाते हैं। इस तरह से, निम्न साक्षरता स्तर वाले लोग भी आसानी से ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

वर्तमान समय में, पैक्ट का उपयोग नूह (मेवात), हरियाणा में किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से मात्र 100 किलोमीटर दूर स्थित है और भारत का सर्वाधिक पिछड़ा जिला माना जाता है। 2018 में, इसे नीति आयोग की आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल किया गया था अथवा ऐसे पिछड़े जिले की सूची में जो खराब स्वास्थ्यरक्षा एवं विकास संकेतकों के चलते विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है। ऐसा, एक गैर मुनाफा संगठन, सहगल फाउंडेशन द्वारा किए गए अध्ययन के बाद हुआ, जिसमें पाया गया था कि यह जिला हरियाणा के अन्य जिलों से भी पिछड़ गया है। नूह में प्रतिवर्ष 28,00 तपेदिक के मरीज आते हैं। डीआरटीबी रोगियों के उपचार की शुरुआत 24 प्रतिशत तथा उपचार सफलता दर केवल 35 प्रतिशत होने के कारण, नूह में सबसे पहले पैक्ट लागू करने का निर्णय लिया गया था। योजनाकारों का मानना है इस जिले में यदि कोई चीज कारगर होती है तो उसको भारत के 114 अन्य आकांक्षी जिलों में लागू किए जाने की क्षमता है।

पहल की शुरुआत को मात्र सात महीने हुए हैं लेकिन पहले से ही ऐसे संकेत मिल चुके हैं कि पैक्ट अनुपालन एवं प्रतिबद्धता को बढ़ा रहा है। मोहम्मद, नूह के 120 डीआरटीबी रोगियों में से एक है, जिसने वीओटी तकनीक का इस्तेमाल करते हुए 85 प्रतिशत इलाज का अनुपालन दर्ज कराया है। लाकडाउन खुलने के बाद वह अपने काम पर वापस लौटा और उसे अपने उपचार के मार्ग में बाधक नहीं बनने दिया। वह अब निर्माण कार्य स्थल से दवा लेने से संबंधी अपने वीडियो स्वास्थ्यरक्षा केंद्र को भेजता है। यद्यपि मोहम्मद को एक सफल मामला माना जाता क्योंकि उसने अपना व्यवहार बदला और उपचार के मानकों का पालन किया, टीम उसकी निगरानी करती रहती है। क्योंकि वह डीआरटीबी से प्रभावित है, उसे अधिक लंबे समय तक एवं ज्यादा जटिल उपचार अवधि से गुजरना पड़ेगा। टीम सुनिश्चित करना चाहती है कि श्रमजीवी अंत तक चौकन्ना रहे, अत: वह अगले छह महीनों तक उसकी निगरानी करना जारी रखेगी क्योंकि पैक्ट के अधीन आने वाले सभी रोगियों की कम सक कम एक वर्ष तक निगरानी की जाती है।

जो डीआरटीबी से पीड़ित होने की पहचान होने के बाद उपचार से गुजर रहे हैं पैक्ट रोगाणु के आलोक में उन्हें उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से प्रारूपित किया गया है। उसने हाल ही में एक बड़ी दवा कम्पनी जॉनसन एंड जॉनसन की ग्लोबल पब्लिक हेल्थ तथा जॉनसन एंड जॉनसन पहल द्वारा संस्थागत दवा प्रतिरोधक टीबी लाइफलाइन क्विकफायर चैलेंज जीता है। गैर मुनाफा संगठन के संह संस्थापक हिल्मी कुरेशी के अनुसार, उन्होंने समाधान को रोगी-केंद्रित बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। चूंकि वे भारत तथा अफ्रीका के अन्य हिस्सों में टीबी तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के लिए मोबाइल तकनीक समाधन मुहैया कराने में लगे हुए हैं, उन्होंने मरीजों के हाथों में उचित औजार मुहैया कराने के लिए अस्तित्वमान निचलल पादन से ऊपर तक ले जाने वाली तकनीक से जुड़े मॉडल को अपनाया है। इस काम के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता था क्योंकि हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने अपनी वैश्विक रिपोर्ट में आगाह किया है कि महामारी 2020 में 1.8 मिलियन टीबी पीड़ितों की मौतों का कारण बन सकती है। भारत उन देशों में से एक है जिस पर इन मौतों का सर्वाधिक बोझ पड़ने की संभावना है।

नवीन पहलकदमियों की आवश्यकता को फेफड़ों के स्वास्थ्य पर हाल ही में आभासी रूप से आयोजित किए गए 51वें यूनियन विश्व सम्मेलन में भी हरी झंडी दी गई है। इस सम्मेलन का संयोजन इंटरनेशन यूनियन अगेंस्ट टीबी एंड लंग डिजीज (दि यूनियन) द्वारा किया गया था जो दुनिया का सहला वैश्विक स्वास्थ्स एनजीओ है। नागरिकों के स्वास्थ्य में निवेश करने तथा रोकथाम के योग्य, उपचार योग्य एवं ठीक हो जाने वाली टीबी जैसी बीमारी को पराजित करने में विफलता नोवल कोरोनावायरस तथा भावी महामारियों के प्रभाव की संभावना में वृद्धिकारी है, यह कहना है दि यूनियन के कार्यकारी निदेशक, जोसे लुई कास्ट्रो का।

75 प्रतिशत टीबी शोधकर्ताओं का कहना है कि उनके पास आवश्यक संसाधन नहीं है, ऐसे में वर्तमान संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता बेहद अहम हो जाती है। इस चिंता को मैकगिल विश्वविद्यालय टीबी केंद्र के निदेशक, डॉ मधुकर पाई, ने उजाकर किया है कि टीबी की दवाएं, टीके, यहां तक कि स्पुटम कप भी संभवत: उपलब्ध न हों। ऐसे में पैक्ट जैसे टीबी रोकथाम एवं देखभाल के नए उपकरण अधिक जरूरी हो जाते हैं। इससे पहले इस नवीन पहल पर आधारित उपकरण किट की आवश्यकता इतनी नहीं थी, यह ध्यान में रखते हुए कि कोरोना के दौर में स्वास्थ्यरक्षा केंद्रों में आवागमन एवं स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों से संपर्क कम से कम करने की अनिवार्यता है।

यदि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करना है तो तपेदिक रोग के लिए डीओटी पर कम निर्भरता और वीओटी की अधिक स्वीकार्यता तथा अन्य रोगी केंद्रित उपचार पद्धतियों की आवश्यकता है।

# कोरोना संक्रमण से बढ़ा कैंसर का खतरा

भारत में अधिकांश कैंसर मरीजों के निदान में विलंब होता है। ऐसे में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से कैंसर के निदान और इलाज में खतरा बढ़ गया है। ऐसे में भारत जैसे देश में स्थिति और गंभीर हो सकती है

**वेदांत काबरा**
(लेखक सर्जिकल आंकोलाजी के विभागाध्यक्ष हैं)



इस वर्ष अप्रैल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक छोटे कस्बे की पचपन वर्षीय महिला को स्तन में बिना दर्द वाली छोटी सी गांठ का अनुभव हुआ। लेकिन कोरोनावायरस के कारण लागू लाकडाउन तथा अस्पताल जाने पर संक्रमण के भय से वह डाक्टर के पास नहीं गई। लाकडाउन में रियायत के बावजूद उसका परिवार चिकित्सा सलाह के लिए दिल्ली जाने से डर रहा था। इस कारण जब वह चार महीने बाद कैंसर विशेषज्ञ के पास पहुंची तो कैंसर तेजी से बढ़ कर तीसरे चरण में पहुंच गया था और उसका जीवन खतरे में पड़ गया था। दुर्भाग्य से यह गंभीर रूप से बीमार रोगी के निदान में विलम्ब का अकेला मामला नहीं है। ऐसे रोगियों की संख्या बहुत है। महामारी की शुरुआत में कैंसर क्लीनिकों में आने वाले रोगियों की संख्या में भारी कमी आई और संपूर्ण लाकडाउन में रियायत के बावजूद यह काफी समय तक कम रही। लेकिन अब एक ब्रिटिश दानदाता संगठन ने अनुमान लगाया है कि लगभग एक मिलियन ब्रिटिश महिलाओं में स्तन कैंसर का सही समय पर निदान नहीं हो पाया है। ऐसे में भारत जैसे देश में स्थिति और गंभीर हो सकती है क्योंकि यहां स्तन कैंसर का निदान काफी बाद में हो पाता है। कोरानावायरस महामारी के कारण निदान व इलाज में और ज्यादा विलम्ब हुआ है। इसका नकारात्मक असर कैंसर रोगियों की जीवन प्रत्याशा पर हो सकता है।

भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर तुलनात्मक रूप से सामान्य है और सभी प्रकार के कैंसर में यह 28 प्रतिशत है। देश में हर चार मिनट में एक महिला में इस कैंसर का निदान होता है तथा हर 13 मिनट में एक महिला की जान चली जाती है। अनुमान है कि 2018 में इसके कारण 87,000 महिलाओं ने प्राण गंवाए। अनेक कारणों से पिछले 25 साल में बीमारी का प्रकोप बहुत बढ़ा है जिनमें बढ़ता शहरीकरण, आरामदेह जीवनशैली, प्लास्टिक बर्तनों व माइ क्रोवेव ओवनों का प्रयोग, मुटापे में बढ़ोत्तरी, शारीरिक गतिविधियों में कमी, बच्चा पैदा करने की आयु में विलम्ब तथा स्तनपान में कमी शामिल हैं। इसके साथ ही धूम्रपान, मदिरापान व जंक फूड के प्रयोग से भी खतरा बढ़ रहा है। भारत में अधिक मृत्यु दर का कारण बहुसंख्य रोगियों में निदान देर से होना तथा उपयुक्त इलाज न मिलना है। कम आयु में स्तन कैंसर पाए जाने की घटनायें चिन्ताजनक रूप से बढ़ी हैं। शहरी भारत में लगभग आधी रोगी पचास साल से कम आयु की हैं। लक्षणों के बारे में जागरूकता की कमी, समग्र व व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम का अभाव तथा सामाजिक पूर्वाग्रह भी देर में निदान के कारण हैं। दुर्भाग्य से कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण अनेक गैर-कोरोना बीमारियों के निदान व इलाज में विलंब हुआ है जिनमें सभी प्रकार के कैंसर शामिल हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य को वैसे भी अनेक परिवारों में प्राथमिकता नहीं दी जाती है और वे बीमारी की नियमित जांच कराने के लिए अस्पताल जाने से बचती हैं।

कोरोनावायरस एक दीर्घकालीन समस्या है और निकट भविष्य में यह बनी रहेगी। ऐसे में महामारी पर नियंत्रण के साथ सभी सं क्रामक बीमारियों के इलाज पर ध्यान देना उच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकारों व स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं को नीतिगत निर्णय लेते हुए अन्य गंभीर बीमारियों के निदान व इलाज पर ध्यान देना होगा। शिक्षित लोगों को भी स्वास्थ्य स्थितियों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए तथा इलाज में आने वाली बाधायें दूर करनी चाहिए। यह भी समान रूप से महत्वपूर्ण है कि अस्पतालों में गैर-कोरोनावयरस इलाज में बाधा न आने पाए। इसके लिए जनता में अस्पतालों में व खासकर ओपीडी में कोरोना से सुरक्षा के प्रति विश्वास पैदा किया जाना चाहिए। खुशी की बात है कि निदान व इलाज की परिष्कृत विधियों से दुनिया भर में स्तन कैंसर रोगियों का जीवन बचाने में बड़ी सीमा तक सफलता मिली है। हालांकि, उनका जीवन कैंसर के प्रकार, निदान के समय रोग के स्तर और इलाज की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। अनुमान है कि अमेरिका में निदान के बाद 90 प्रतिशत तक महिलायें पांच साल तथा 84 प्रतिशत 10 साल जीवित रह सकती हैं। लेकिन भारत में स्तन कैंसर रोगियों की जीवन प्रत्याशा अनेक कारणों से बहुत कम है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, 40 साल के बाद नियमित स्क्रीनिंग, स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली का पालन तथा अत्यधिक धूम्रपान का निषेध महत्वपूर्ण है।

**अध्ययनों के द्वारा अनुमान लगाया गया है कि अमेरिका में निदान के बाद 90 प्रतिशत तक महिलायें पांच साल तथा 84 प्रतिशत 10 साल जीवित रह सकती हैं। लेकिन भारत में स्तन कैंसर रोगियों की जीवन प्रत्याशा अनेक कारणों से बहुत कम है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, 40 साल के बाद नियमित स्क्रीनिंग, स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली का पालन तथा अत्यधिक धूम्रपान का निषेध महत्वपूर्ण है।**

नवीन तकनीकों से कोरोनावायरस महामारी के प्रकोप से बचने में सहायता मिल सकती है जिससे रोगियों की जीवन गुणवत्ता में सुधार होता है। अब स्तन कैंसर में सर्जरी का अर्थ पूरा स्तन निकालना नहीं है। 60-70 प्रतिशत रोगियों में कीमोथेरेपी के बाद या उसके पहले ब्रेस्ट कंजरवेशन सर्जरी संभव होती है। इसी प्रकार दो दशक पहले सभी रोगियों में आमतौर से आर्मपिट नोड हटाए जाते थे, पर अब ट्यूमर की उपस्थिति का पता लगाने वाली लिम्फनोड बायोप्सी से केवल प्रभावित नोड ही हटाए जाते हैं। इस प्रकार बाकी नोड बचे रहने पर कंधे सामान्य रूप से काम करते रहते हैं तथा हाथों की सूजन काफी सीमा तक कम हो जाती है। सर्जरी के साथ ही व्यक्तिगत रोगियों के अनुसार व्यवस्थित इलाज हो सकता है जिसमें कीमो, हारमोन, इम्यून व लक्षित चिकित्सा शामिल हैं। समान आकार के ट्यूमर वाली दो रोगियों में नतीजे एकदम अलग हो सकते हैं। नई निदान तकनीकों से स्तर कैंसर का बहुत जल्दी सटीक निदान संभव है जिससे रोगियों का जोखिम कम होता है। कम जोखिम वाले रोगियों को कीमोथेरेपी से बाहर रखा जा सकता है।

कैंसर रोगियों में कोरोनावायरस संक्रमण का खतरा अधिक होता है। यह खतरा बीमारी के इम्यूनो-सप्रेसिव चरण में और गंभीर हो जाता है जब कीमोथेरेपी का प्रयोग होता है। इसलिए यदि कीमोथेरेपी से बचाने वाले निदानों का समुचित प्रयोग किया जाए तो इससे रोगी इम्यूनिटी घटाने वाली कीमोथेरेपी से बचते हैं तथा उनको इसके लिए अस्पताल जाने से मुक्ति भी मिलती है। पिछले दशकों में रेडियेशन थेरेपी में भी व्यापक बदलाव आए हैं तथा आधुनिक मशीनों से सटीक रेडियेशन दिए जा सकते हैं। इससे फेफड़ों व हृदय को अत्यधिक रेडियेशन से बचाया जा सकता है तथा कुछ रोगियों में रेडियेशन देने का समय पांच सप्ताह से घटा कर दो सप्ताह किया जा सकता है। कनाडा में शोध से एक नई सस्ती तकनीक का पता चला है जिससे स्तन कैंसर से ग्रस्त महिलाओं को नियमित स्क्रीनिंग में रेडियेशन से बचाया जा सकता है। वाटरलू विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इस तकनीक में हानिरहित माइक्रोवेव तथा कृत्रिम बुद्धि साफ्टवेयर के प्रयोग से मिनटों में शुरुआती चरण पर छोटे ट्यूमरों का पता चल जाता है।

एक स्तन के ऊतकों की दूसरे स्तन के ऊतकों से तुलना कर यह व्यवस्था अत्यन्त संवेदनशील रूप से एक सेंटीमीटर से भी छोटे व्यास वाले स्थानों में विकृतियों का पता लगा सकती है। इसके नकारात्मक नतीजे से कैंसर को फौरन खारिज किया जा सकता है, जबकि सकारात्मक परिणाम के बाद मैमोग्राफी या मैग्नेटिक रिजोनेंस जैसे परीक्षणों की जरूरत होती है। इससे रोगियों द्वारा प्रतीक्षा का समय कम होता है तथा जल्दी निदान संभव हो जाता है। इस उपकरण से रेडियेशन से मुक्ति मिलती है, रोगी सहज अनुभव करता है तथा मैमोग्राम की अन्य जटिलताओं से भी राहत मिल सकती है। लेकिन यह तकनीक अभी शुरुआती चरण में है और इसके भारत आने में कुछ समय लगेगा। इस प्रकार जनता को समझना चाहिए कि कोरोनावायरस गंभीर महामारी है।

उनको ऐसे में अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से बचते हुए नियमित चेकअप व खासकर कैंसर जैसे रोगों की आशंका होने पर डाक्टर से मिलने में विलम्ब नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही अस्पताल जाते समय पूरी सावधानी बरतना अब सामान्य बात हो जानी चाहिए।

# कार्यालय जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर

पत्रांक :–729/जि0पं0अम्बे0/निविदा/15वां वि0आ0/रा0वि0आ0/2020–21 दिनांक 23 अक्टूबर, 2020

## निविदा सूचना

जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर के समस्त पंजीकृत तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों की प्रतिशत दर पर शासनादेश संख्या–6/2018/256/78–2–2018–42 आई0टी0/2017 टी0सी0 दिनांक 24 अप्रैल, 2018 के क्रम में सील बन्द निविदायें प्रकाशन की तिथि से दिनांक 4.11.2020 को समय 3.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन दिनांक 04.11.2020 को अपराह्न 3.30 बजे से अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के कार्यालय में निविदा समिति की उपस्थित में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि में कार्यालय बन्द रहता है तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि अगले कार्य दिवस में की जायेगी, स्थान एवं समय तथा निविदा की शर्ते पूर्ववत रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य का प्रकार | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी. एस.टी. सहित) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | **पन्द्रहवां वित्त आयोग** | | | | | | |
| 1 | हंसवर आरोपुर मुख्य मार्ग से बगिया बाबा के स्थान तक। | बसखारी | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 2 | हसनपुर गिरण्ट में कच्चे नाले से गांव तक। | बसखारी | सोलिंग | 6.00 | 12000 | 590 | 3 माह |
| 3 | सम्मोपुर बनियानी पिच रोड से सुरेन्द्र वर्मा के घर से अवशेष। | बसखारी | सी०सी० | 5.80 | 11600 | 590 | 3 माह |
| 4 | ग्राम आतडीह में श्री चन्द्रभान सिंह के घर से कलेनिया तालाब तक। | कटेहरी | नाली | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 5 | राजेपुर मस्जिद से तालाब तक। | कटेहरी | नाला | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 6 | ग्राम औरंगनगर में नन्दलाल के घर से बुढ़वा बाबा के आगे तालाब तक। | कटेहरी | नाली | 4.00 | 8000 | 590 | 3 माह |
| 7 | सारंगपुर गांव में नाली निर्माण। | कटेहरी | नाली | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 8 | ग्राम टीकमपारा फत्तेपुर पक्की सड़क मोड़ से नहर पटरी पर श्रीमती हीरा सिंह के चक तक। | कटेहरी | सोलिंग | 5.50 | 11000 | 590 | 3 माह |
| 9 | मंशापुर पिच रोड से जयमलपुर खड़न्जा से भाषकर के घर तक। | कटेहरी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 10 | बन्दनडीह राधेश्याम के घर होते हुए लाली बाग तक। | कटेहरी | सोलिंग | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 11 | खैजरा गांव से लोरपुर खड़न्जा तक। | कटेहरी | सोलिंग | 2.10 | 4200 | 590 | 3 माह |
| 12 | करमपुर रणविजय सिंह के घर से ठाडू सिंह के घर के मोड़ तक अवशेष। | कटेहरी | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 13 | घाघूपुर हनुमान मन्दिर से जवाहिर के घर होते हुए सड़क तक। | कटेहरी | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 14 | दरवन चौराहे से कन्हैया प्रसाद राजभर के मकान तक। | कटेहरी | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 15 | साखबीर बाबा स्थान पर सलम शौचालय का निर्माण। | कटेहरी | सुलभशौ0 | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 16 | ग्राम मिटौरा नहर से खोजवा बाग (बैसोलिया तक)। | मियॅाव | सोलिंग | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 17 | जलालपुर रामगढ़ रोड से मोहम्मद मजीद के घर के सामने होतु हुए टिंकू सिंह के घर तक। | मियाँव | सी०सी० | 4.28 | 8560 | 590 | 3 माह |
| 18 | भीटी गोसाईंगंज मार्ग से रोहनपारा तक। | भीटी | नाली | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 19 | गोसाईगज तारून मार्ग से नगहरा (डड़वा) होते नदी तक। | भीटी | नाली | 9.90 | 19800 | 590 | 3 माह |
| 20 | ग्राम सभा परवरभारी में फेरईपुरवा से दक्षिण तालाब तक नाली निर्माण। | भीटी | नाली | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 21 | महरूआ मिझौडा मार्ग पर सेहरा से चनवा ताल तक। | भीटी | सोलिंग | 8.50 | 17000 | 590 | 3 माह |
| 22 | ग्राम सभा हीडी में देवी सिंह के खेत से विवेक के घर तक। | भीटी | सोलिंग | 8.50 | 17000 | 590 | 3 माह |
| 23 | भीटी तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय तक। | भीटी | सी0सी0 | 5.00 | 10000 | 590 | 3 माह |
| 24 | गोसाईज भीटी मार्ग से बुझावन के घर तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 25 | पवन वर्मा के खेत से परसौली पिच मार्ग तक। | भीटी | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 26 | सरायजंगल के पुरवा वाले डीहरथान से रायगंज तक। | भीटी | सोलिंग | 7.200 | 14400 | 590 | 3 माह |
| 27 | ग्राम सभा सोनावां प्रधानमंत्री सड़क से विजय बहादुर के घर तक सी0सी0/नाली। | भीटी | सी0सी0 | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 28 | ग्राम जैतपुर में शहीद उदय प्रताप के घर से अखिलेश सिंह के घर तक। | भीटी | सोलिंग | 9.50 | 19000 | 590 | 3 माह |
| 29 | झारखण्डी स्थान पर सुलभ शौचालय का निर्माण। | भीटी | सुलभ शौचालय | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 30 | मेला अहिरौली गोविन्द साहब में किरोधन की दुकान तक नाली निर्माण। | रामनगर | नाली | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 31 | नेवारी दुराजपुर कब्रिस्तान के बगल नाली निर्माण। | रामनगर | नाली | 9.98 | 19960 | 590 | 3 माह |
| 32 | मेला अहिरौली गोविन्द साहब में डाक बंगले से नाले तक नाली निर्माण। | रामनगर | नाली | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 33 | मेला अहिरौली गोविन्द साहब में चबूतरों का निर्माण। | रामनगर | चबूरा | 9.98 | 19960 | 590 | 3 माह |
| 34 | मेला अहिरौली गोविन्द साहब में चबूतरों के बीच में मिट्टी एव सोलिंग कार्य। | रामनगर | मि0/सो0 | 4.87 | 9740 | 590 | 3 माह |
| 35 | आरोपुर रन्नापुर सम्पर्क मार्ग से ग्राम पंचायत खत्मीपुर में अरिन मिश्रा के घर तक। | रामनगर | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 36 | ग्राम पंचायत महेशपुर मण्डप के पूरवा गोल्हवा में दुर्बली दलित के खेत से गोल्हवा शिवमन्दिर तक। | रामनगर | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 37 | हुसेनपुर मुस्लमान प्रधानमंत्री सड़क से डा0 मिथलेश त्रिपाठी के स्कूल होते हुए पिच मार्ग तक। | रामनगर | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 38 | ग्राम धारूपुर में हरेन्द्र प्रजापति के घर से अवधेश सिंह के घर तक। | जहांगीरगंज | सी0सी0 | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 39 | ग्राम तेन्दुवाईकलां सोलिंग मार्ग से शिव कुमार चौबे के खेत तक। | जहांगीरगंज | सोलिंग | 5.32 | 10640 | 590 | 3 माह |
| 40 | ग्राम चोरमरा कमालपुर खड़न्जा से राजेन्द्र यादव के खेत तक। | जहांगीरगंज | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 41 | ग्राम समा खरूईयां संकटा निषाद के घर से विरेन्द्र निषाद के घर तक। | जहांगीरगंज | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 42 | ग्राम समा कम्हरिया में निषाद बस्ती तक का अवशेष कार्य। | जहांगीरगंज | सी0सी0 | 5.10 | 10200 | 590 | 3 माह |
| 43 | ग्राम पंचायत टण्डवा देवराम में अक्धराज विश्वकर्मा के घर से शिवदास यादव के घर होते हुए पोखरी तक। | जहांगीरगंज | सी0सी0 | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 44 | मालीपुर रोड से मसूदपुर गांव सोलिंग मार्ग से श्री लालता प्रसाद के खेत के बगल से श्री विनोद वर्मा के खेत तक। | जलालपुर | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 45 | कल्यानपुर मुख्य मार्ग रामसुमेर वर्मा के ट्यूबेल से बच्चाराम वर्मा के खेत तक। | जलालपुर | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 46 | ग्राम समा पेठिया पैकोलिया दलित बस्ती से यादव पुरवा तक। | जलालपुर | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 47 | बरियावन टाण्डा रोड पर शहीद स्मारक सुल्तानपुर तुलसीपुर में नाली निर्माण। | अकबरपुर | नाली | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 48 | ग्राम कुर्की में अमरेन्द्र सिंह के घर से नहर तक। | अकबरपुर | नाली | 8.42 | 16840 | 590 | 3 माह |
| 49 | कजरी जमालुद्दीनपुर (बहवा) दिनेश के घर से पुल तक अवशेष नाला निर्माण कार्य। | अकबरपुर | नाली | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 50 | अकबरपुर दोस्तपुर मार्ग से रामपुर सकरवारी में हनुमान मन्दिर के सामने से राजमणि सिंह के मकान के आगे तक। | अकबरपुर | सी0सी0 | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 51 | सी0बी0 सिंह लॉ कालेज से चनवा सम्पर्क मार्ग अधियरवां प्रा0वि0 का अवशेष कार्य। | अकबरपुर | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 52 | कर्नल जगन्नाथ सिंह विद्यालय से पीठापुर सैरया पिच मार्ग तक। | अकबरपुर | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 53 | लोरपुर ताजन में सोलिंग कार्य। | अकबरपुर | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 54 | बरियावन टाण्डा मार्ग पर अशरफपुर पक्की सड़क माइनर से कब्रिस्तान तक। | अकबरपुर | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 55 | ग्राम सुल्तानपुर तुलसीपुर पक्की सड़क से बाबा भूपनाथ साहब मन्दिर तक रिटर्निगवाल | अकबरपुर | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 56 | मालीपुर रोड से ग्राम चन्दनपुर बिहलोलपुर शिवशंकर सिंह के घर तक। | अकबरपुर | सी०सी० | 3.85 | 7700 | 590 | 3 माह |
| 57 | ग्राम सभा घुरहूपुर में घामू सिंह के खेत से घुरहूपुर चौहान बस्ती तक। | अकबरपुर | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 58 | आसमानपट्टी मंजीसा सुलेमपुर मार्ग से सुलेमपुर गांव तक नरेन्द्र बहादुर सिंह के घर तक। | अकबरपुर | लेपन | 5.47 | 10940 | 590 | 3 माह |
| 59 | ग्राम सभा अशरफपुर माइनर के आगे कब्रिस्तान के रास्ते पर नाले पर पुलिया निर्माण। | अकबरपुर | पुलिया | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 60 | विकास खण्ड रामनगर वैदिक आश्रम देव भूमि नया गांव में साधना कक्ष से सरयू घाट तक। | टाण्डा | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 61 | ग्राम सभा सलाहुदीनपुर से चॉदपुर का अवशेष कार्य। | टाण्डा | लेपन | 7.00 | 14000 | 590 | 3 माह |
| 62 | ग्राम सभा गोवर्धनपुर के मजरे जुड़ावनपुर का अवशेष कार्य। | टाण्डा | लेपन | 5.55 | 11100 | 590 | 3 माह |
| 63 | ग्राम सलाहुद्दीनपुर से गुलावनपुर होते हुए चॉदपुर तक। | टाण्डा | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 64 | टाण्डा करमपुर बरसावां में पप्पू पाण्डेय के घर से शत्रुघन पाण्डेय के घर तक। | टाण्डा | सी०सी० | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 65 | बिहरई में ग्रीस वर्मा के आवास से हरिजन बस्ती होते हुए तालाब तक सी०सी०/नाली। | टाण्डा | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 66 | ग्राम समा गुवांव में हुबलाल हरिजन के घर होते हुए विमलापति त्रिपाठी के घर तक। | टाण्डा | लेपन | 7.00 | 14000 | 590 | 3 माह |
| | **राज्य वित्त आयोग** | | | | | | |
| 67 | बीबीपुर पिच रोड से नहर की पटरी होते हुए रामजियावन के घर तक। | बसखारी | सोलिंग | 7.50 | 15000 | 590 | 3 माह |
| 68 | ग्राम मसड़ा में अमित मास्टर के घर से मो० वसीर खान के घर तक। | बसखारी | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 69 | भूलेपुर रामसूरत के मकान से नहर पर पुलिया निर्माण। | बसखारी | पुलिया | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 70 | मेढ़ीसुमेपुर में गुलाबचन्द्र के ट्यूबेल से हरसम्हार तक। | बसखारी | सोलिंग | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 71 | ग्राम कमनापुर प्रधानमत्री सड़क से सत्यप्रकाश सिंह के घर तक। | कटेहरी | सी०सी० | 6.00 | 12000 | 590 | 3 माह |
| 72 | ग्राम समा खजावा में स्व० मोतीलाल वर्मा के हाते से प्रा०स्कूल तक। | कटेहरी | इ०ला0 | 7.50 | 15000 | 590 | 3 माह |
| 73 | ग्राम समा खजावां में हनीफ के गिमटी से जब्बार से प्रा०स्कूल तक। | कटेहरी | इ०ला० | 7.50 | 15000 | 590 | 3 माह |
| 74 | ग्राम सभा टिकरी धारूपुर से तलवा होते हुए शाहपुर पिच मार्ग तक। | कटेहरी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 75 | ग्राम पंचायत आमा में काली जी के स्थान से मंशाराम के घर तक। | कटेहरी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 76 | ग्राम पंचायत आमा में बीरबल के चक से रमजू के मशीन तक। | कटेहरी | सोलिंग | 5.00 | 10000 | 590 | 3 माह |
| 77 | ग्राम मंशापुर गांव से मीरपुर पप्पू तिवारी के घर तक। | कटेहरी | सोलिंग | 7.50 | 15000 | 590 | 3 माह |
| 78 | ग्राम समा चन्दापुर सम्पर्क मार्ग से जनार्दन तिवारी का पूरा तक। | कटेहरी | सी०सी० | 8.50 | 17000 | 590 | 3 माह |
| 79 | ग्राम सेहरा जलालपुर से मनवा सम्पर्क मार्ग से रामकुमार निषाद के घर से बसन्त उपाध्याय के घर तक। | कटेहरी | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 80 | सुखारी टावर से कुर्चा रोड तक। | कटेहरी | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 81 | मंशापुर मंगला सिंह के खेत से करौना पिच रोड तक | कटेहरी | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 82 | पक्खनपुर पक्की सड़क से गांव तक। | कटेहरी | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 83 | कदनापुर पिच रोड से देवरायपुर दलित तक। | कटेहरी | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 84 | लोरपुर खइन्जा से खैजरा गांव तक। | कटेहरी | सोलिंग | 4.50 | 9000 | 590 | 3 माह |
| 85 | जलालपुर रामगढ़ रोड से तिघरा जय गुरूदेव मन्दिर तक। | मियॅाव | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 86 | ग्राम रामगढ़ रोड से जियालाल के घर होते हुए माहुल रोड तक। | मियॅाव | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 87 | ग्राम सभा प्रतापपुरकला श्री भगत हरिजन के घर से प्रमोद निषाद के घर तक। | मियॅाव | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 88 | ग्राम सम्मनपुर में भीटी उमरावां पिच रोड से अढ़नपुर कुर्मीयाना पिच रोड से सीताराम पाण्डेय के घर तक। | भीटी | सी0सी0 | 7.50 | 15000 | 590 | 3 माह |
| 89 | पमोली मे अहिस के पूरा से मामपुर गांव तक। | भीटी | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 90 | पमोली पिच रोड से मल्लेपुर तक। | भीटी | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 91 | बनगांव रामपुर गिरण्ट सम्पर्क मार्ग से रूद्र प्रताप के घर तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 92 | पूरेदरवार अहिरन का पूरा पिच रोड से प्रा०वि० पूरदरवार होते हुए टावर तक। | भीटी | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 93 | मदारभारी प्रा०पाठशाला से मिश्र कापूरा तक। | भीटी | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 94 | खमपुर सम्मनपुर सम्पर्क मार्ग से रामशकल के घर तक। | भीटी | सी0सी0 | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 95 | टेमा पिच रोड से अढ़नपुर बंशराज के घर तक। | भीटी | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 96 | भीटी जैतूपुर चपरा सम्पर्क मार्ग से चपरा में समर बहादुर सिंह के घर तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 97 | प्रधानमंत्री सड़क से बाहरपुर से अनिरूद्ध पाण्डेय के घर तक। | भीटी | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 98 | भीटी उमरावां मार्ग से दुबाने का पूरा से दिवाकर बाबा के घर तक। | भीटी | सी0सी0 | 3.50 | 700 | 590 | 3 माह |
| 99 | सेमरी भीटी सम्पर्क मार्ग पर बथुआ कालिका पूरा में अवधेश प्रताप द्विवेदी के घर तक | भीटी | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 100 | ग्राम चाचिकपुर पिछवारा से दैत्यबीर तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 101 | मनियारी प्रा०स्कूल से मत्तूपुर गांव तक। | भीटी | सोलिंग | 7.00 | 14000 | 590 | 3 माह |
| 102 | बाले डीहा से रायगंज तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 103 | ग्राम बढ़ईया से जरूखा खडन्जा मार्ग तक। | भीटी | सोलिंग | 4.00 | 8000 | 590 | 3 माह |
| 104 | ग्राम चाचिकपुर में उदयभान सिंह के चक से हरीराम वर्मा के घर तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 105 | ग्राम चपरा मार्ग से रेवली तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 106 | भारत ग्राम फरीदपुर प्र०स्कूल से सराय जंगल मार्ग तक। | भीटी | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 107 | जलालपुर परशुरामपुर में प्रदीप वर्मा के घर से रामकेवल की सरिया होते हुए राम बुझावन के घर सी0सी0/नाली कार्य। | भीटी | सी0सी | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 108 | ग्राम रनियवां मार्ग के पाल्हनपुर रोड से जय प्रकाश के घर तक। | भीटी | सोलिंग | 5.00 | 10000 | 590 | 3 माह |
| 109 | मिझोड़ा महरूआ रोड से ब्राम्हबाबा से नाऊ कापूरा पिच रोड तक। | भीटी | सोलिंग | 5.00 | 10000 | 590 | 3 माह |
| 110 | प्रा०पाठशाला रनीवां से अनिल मिश्रा के घर तक। | भीटी | सी0सी | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 111 | जल्लापुर गांव में प्रधानमंत्री सड़क से राजेश कुमार सिंह आई०पी०एस० के घर तक। | रामनगर | सी0सी | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 112 | ग्राम समा हैवतपुर में जयनरायन के खेत से निषाद बस्ती बहरामपुर में रामसूरत निषाद के घर तक। | रामनगर | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 113 | चहोड़ा सम्पर्क मार्ग से इन्द्रेश यादव के खेत से लखमीपुर सम्पर्क मार्ग होते हुए जानकी यादव के खेत तक। | रामनगर | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 114 | ग्राम पंचायत मधुवाना माइनर से राजेन्द्र वर्मा के घर तक। | रामनगर | सी0सी | 6.00 | 12000 | 590 | 3 माह |
| 115 | बिड़हर रोड से लालचन्द्र पाण्डेय के घर तक अवशेष। | रामनगर | सी0सी | 5.30 | 10600 | 590 | 3 माह |
| 116 | मालपुर माइनर से सेमरा मानापुर तक अवशेष। | रामनगर | लेपन | 5.50 | 11000 | 590 | 3 माह |
| 117 | ग्राम पंचायत सन्दहा मजगवां मुख्य मार्ग से तालाब तक। | रामनगर | सोलिंग | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 118 | राजेसुल्तानपुर कम्हरिया मार्ग से ग्राम मालपुर माधवपुर धोबी के घर तक। | जहांगीरगंज | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 119 | राजेसुल्तानपुर कम्हरिया मार्ग से टण्डवा देवराम रोड से मालपुर माधवपुर हरिजन बस्ती तक। | जहांगीरगंज | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 120 | ग्राम राजेसहरयारपुर संतोष सिंह के घर से डीहबाबा स्थान तक। | जहांगीरगंज | सी०सी० | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 121 | ग्राम पिपरपुर नसीरपुर पिच मार्ग से मुन्नीलाल के खेत से जयमंगल के घर तक। | जहांगीरगंज | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 122 | नरियावं में इस्लामियां स्कूल के पास से नहर पटरी पर खड़न्जा। | जहांगीरगंज | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 123 | अलीचक में नरेन्द्र यादव के घर के सामने नाली का निर्माण। | जहांगीरगंज | नाली | 3.00 | 6000 | 590 | 3 माह |
| 124 | नरियावं में अनवर सादाता अंसारी के घर के बगल नाली का निर्माण। | जहांगीरगंज | नाली | 2.00 | 4000 | 590 | 3 माह |

शेष पेज 7 पर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 125 | तेन्दुआईकलां प्रा०वि० के आये पूरव मुख्य मार्ग से बिन्देश्वरी मिश्र के घर तक। | जहांगीरगंज | सी०सी० | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 126 | चाड़ीपुर दलित बस्ती निनक के घर से मेन रोड तक। | जहांगीरगंज | सोलिंग | 7.00 | 14000 | 590 | 3 माह |
| 127 | गोपाल बाग राजेसुल्तानपुर मेला स्थल पर सुलभ शौचालय का निर्माण। | जहांगीरगंज | शुलभ शौ0 | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 128 | महमदपुर चौराहे पर प्रेम चन्द्र चौरसियां के घर से सरकारी नाली तक। | जहांगीरगंज | नाला | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 129 | ग्राम मखदूमपुर दलित बस्ती से प्रधानमंत्री रोड से पूरब सहसा गांव तक। | जहांगीरगंज | सोलिंग | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 130 | बसखारी जहांगीरगंज मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायम मामपुर आजमगढ़ी की दुकान से नियूरा बाबा के स्थान तक। | जहांगीरगंज | सी०सी० | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 131 | चिरैया डाढ़ में अवशेष सी०सी० कार्य। | जलालपुर | सी०सी० | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 132 | पारा शिव मन्दिर सम्पर्क मार्ग का अवशेष । | जलालपुर | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 133 | ग्राम सरदिल में सम्मनपुर पिच से हरीराम वर्मा के नलकूप तक। | जलालपुर | सी०सी० | 5.50 | 11000 | 590 | 3 माह |
| 134 | ग्राम कन्नूपुर बड़ेपुर सम्पर्क मार्ग से स्व० श्री शेर बहादुर सिंह के घर के पूरब से लखन साव के ट्यूबेल तक। | जलालपुर | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 135 | कर्बला कासिमपुर गौरा महमदपुर रोड से पारा राजाराम राजमर की दुकान से अवशेष कार्य। | जलालपुर | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 136 | ग्राम समा गोलपुर संग्राम राजभर के घर से मुख्य सड़क तक। | जलालपुर | सी०सी० | 7.50 | 15000 | 590 | 3 माह |
| 137 | ग्राम सभा नगरपुर डा0 राजितराम मौर्या के घर से स्व० ग्रीस गुप्ता के घर तक। | जलालपुर | नाला | 5.00 | 10000 | 590 | 3 माह |
| 138 | ग्राम समा हैदराबाद घोसियाना वसीम के घर से नदी के किनारे शमशान घाट तक। | जलालपुर | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 139 | ग्राम समा पटीहा गानेपुर में निरंकारी भवन से गानेपुर सम्पर्क मार्ग से इन्द्रजीत के खेत तक। | जलालपुर | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 140 | ग्राम सभा गुवावां जमालपुर सम्पर्क मार्ग से रामपुर दूबे सम्पर्क मार्ग तक। | जलालपुर | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 141 | मालीपुर बैरागल सम्पर्क मार्ग से अम्बेडकर प्रतिमा तक। | जलालपुर | सोलिंग | 6.00 | 12000 | 590 | 3 माह |
| 142 | ग्राम सभा पेठिया में संजय सिंह के घर तक। | जलालपुर | सोलिग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 143 | बरियावन टाण्डा मार्ग अशरफपुर माइनर से कब्रिस्तान के रास्ते नाले पर पुलिया निर्माण। | अकबरपुर | पुलिया | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 144 | बरियावन गांव में जिला पंचायत रोड से हनुमान मन्दिर होते हुए विनोद वर्मा के घर तक। | अकबरपुर | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 145 | ग्राम समा अलावलपुर में शारदा नहर से बाबूलाल के खेत पिच मार्ग तक। | अकबरपुर | लेपन | 7.35 | 14700 | 590 | 3 माह |
| 146 | मुरादपुर पिच रोड से पहाड़पुर पिच रोड तक। | अकबरपुर | लेपन | 7.40 | 14800 | 590 | 3 माह |
| 147 | ग्राम दोहरीपुर में शारदानहर के बगल नाली पर आर०सी०सी० पुलिया। | अकबरपुर | पुलिया | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 148 | ग्राम सभा अलावलपुर में बाबूलाल के खेत से प्रदीप वर्मा के घर तक। | अकबरपुर | नाला | 7.30 | 14600 | 590 | 3 माह |
| 149 | अकबरपुर बनगांव मार्ग से सरैया सम्पर्क मार्ग पर रामसुन्दर वर्मा के नलकूप से रामआसरे वर्मा के घर अरजानीपुर तक। | अकबरपुर | सी०सी० | 7.25 | 14500 | 590 | 3 माह |
| 150 | मुरादपुर गांव में दक्षिण नहर की पुलिया पक्की सड़क से विषई के घर तक। | अकबरपुर | सी0सी0 | 7.50 | 15000 | 590 | 3 माह |
| 151 | ग्राम सभा जमुनीपुर मे शारदा सहायक नहर से कादीपुर सम्पर्क मार्ग तक। | अकबरपुर | सोलिग | 7.35 | 14700 | 590 | 3 माह |
| 152 | ग्राम सभा जोरियन कटुई में रामबहादुर वर्मा की बाउण्ड्री से होते हुए ठाकुर वर्मा के घर के आगे पिच मार्ग तक। | अकबरपुर | सी०सी० | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 153 | ग्राम सभा जोरियन कटुई मे पुरवा बसोढी मे पिच मार्ग से कुर्मी पूरा तक। | अकबरपुर | सी०सी० | 7.30 | 14600 | 590 | 3 माह |
| 154 | फरीदपुर में जय गुरूदेव आश्रम से जय प्रकाश वर्मा के घर तक। | अकबरपुर | लेपन | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 155 | ग्राम सभा कल्हुआ कौरा में श्री हीरालाल मिस्त्री के नलकूप से सगीर के घर तक। | अकबरपुर | सी0सी0 | 6.60 | 13200 | 590 | 3 माह |
| 156 | ग्राम पंचायत कजारी नन्दापुर में अकबरपुर मालीपुर मुख्य मार्ग से अल्लीपुर कोड़रा सरहद तक। | अकबरपुर | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 157 | जगदीशपुर नोखा पुरवा कजरी राजदेव के खेत से नहर पटरी होते हुए राजेन्द्र प्रसाद चौधरी के खेत तक। | अकबरपुर | सोलिंग | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 158 | अकबरपुर बसखारी मुख्या मार्ग कुर्की बाजार से बनगावां होते हुए शेखपुरा तक। | अकबरपुर | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 159 | दोस्तपुर महरूआ मार्ग पर अहेथा में मदरसा तक। | अकबरपुर | सी०सी० | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 160 | रामपुर गिरधरामऊ मार्ग से अमरेन्द्र तिवारी के घर तक। | टाण्डा | सी०सी० | 5.84 | 11680 | 590 | 3 माह |
| 161 | रज्जीपुर माइनर से संसारीपुर बाबा तक। | टाण्डा | लेपन | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 162 | प्रधानमंत्री सम्पर्क मार्ग से बीठलपुर गांव में बृजेश वर्मा के घर से रामलौट के घर तक। | टाण्डा | सोलिंग | 9.00 | 18000 | 590 | 3 माह |
| 163 | ग्राम पंचायत सद्दरपुर इस्माइलपुर से टाण्डा अकबरपुर रोड के किनारे थिरूआ नाला तक। | टाण्डा | नाला | 10.00 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 164 | मया टाण्डा रोड से महुवारी गांव में अखण्ड प्रताप सिंह के घर तक। | टाण्डा | लेपन | 8.00 | 16000 | 590 | 3 माह |
| 165 | अकबरपुर टाण्डा मार्ग से धागा मिल तक अवशेष। | टाण्डा | लेपन | 1.72 | 3440 | 590 | 3 माह |

2– प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) उपरोक्त तालिका के कालम 8 में दर्शाया गया है।

3– निविदा की स्वीकृति के पश्चात ही अन्य निविदादाताओं की धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।

4– निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के कार्यालय से आवश्यक मूल्य प्रकाशन की तिथि से दिनांक 04.11.2020 को समय 02 बजे तक नगद देय से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र विभागीय वेवसाइट www.ambedkarnagar.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है और निविदा प्रपत्र लागत का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं जिला पंचायत कार्यालय से उपलब्ध प्रपत्र में कोई अन्तर होने पर अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय का प्रपत्र मान्य होगा।

5– निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि संलग्न होनी चाहिए/धरोहर धनराशि शिड्यूल बैंक की बैंक ड्राफ्ट/डाकघर बचत खाता (एन०एस०सी०) के रूप में होनी चाहिए जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अम्बेडकरनगर के पदनाम से होगा। यदि कोई ठेकेदार एक से अधिक कार्य के लिए निविदा डालता है तो प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ अलग–अलग धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6– निविदा से सम्बन्धित विवरण निविदा डालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्राइंग, विशिष्टियाँ मात्राओं का विवरण एवं ठेके की अन्य शर्ते जिनका पालन ठेकेदार को किया जाना है, के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10:00 बजे से 2:00 अपरान्ह तक निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 04.11.2020 तक देखा जा सकता है।

7– कोई निविदादाता जिसका अपराधिक रिकार्ड है निविदा में भाग लेने से प्रतिबन्धित होगा।

8– एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार मा० अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित होगा।

9– निविदा स्वीकृत होने के पश्चात ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य स्थल एवं कार्य पर लगने वाले श्रमिको का पंजीकरण श्रम विभाग में कराना अनिवार्य होगा तथा प्रवासी श्रमिकों को कार्य करने हेतु वरीयता दी जायेगी। (प्रवासी श्रमिकों की सूची कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

10–सशर्त निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी।

11–निविदा स्वीकृत होने की दशा में कुल 10 प्रतिशत धनराशि (धरोहर धनराशि मिलाकर) जमानत धनराशि जमा करने पर ही अनुबन्ध किया जायेगा। निविदा स्वीकृत के बाद तत्काल अनुबन्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मान ली जायेगी।

12–निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र के साथ चरित्र प्रमाण पत्र/हैसियत प्रमाण पत्र की नवीनतम प्रमाणित छायाप्रति प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसकी अवधि निविदा देते समय 02 वर्ष से अधिक की नहीं होगी।

13– निविदा के साथ संलग्न सभी प्रपत्र/अभिलेख/के0वी0पी0/एन०एस०सी० आदि की मूल प्रतियां कार्यालय में निविदा खुलने से पूर्व दिनांक 04.11.2020 तक समय 3.00 बजे अपराह्न तक सील बन्द निविदा टेण्डर वाक्स में डालना अनिवार्य होगा।

14–अन्य कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा यदि निविदा में प्रतिभाग किया जाता है और उसकी निविदा स्वीकृति होने की दशा में निविदादाता को एक सप्ताह के अन्दर जिला पंचायत अम्बेडकरनगर में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

| (जय राम सिंह) | (अजय कुमार यादव) | (सुधीर सिंह) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी, | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत अम्बेडकरनगर | जिला पंचायत अम्बेडकरनगर | जिलापंचायत अम्बेडकरनगर |

# मोदी 27 को दो हजार वेंडरों से करेंगे संवाद कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र के फेरी, पटरी, ठेला, खोमचा वालों से संवाद करेगें। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत फेरी, पटरी वालों को व्यापार करने के लिए 10-10 हजार का ऋण देगें। फेरी वाले इसे धीरे-धीरे चुकायेगें और व्यापार बढ़ायेगें। इस दौरान पीएम कुछ फेरी पटरी वालों से बातचीत करेगें और उनका दर्द बांटेगें। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। नगर आयुक्त गौरांग राठी ने बताया कि प्रधानमंत्री से बातचीत करने वालों में तीन नाम अभी फाइनल किए गये हैं। इंग्लिशिया लाइन के चाट विक्रेता शशि गुप्ता, दुर्गाकुंड के मेमा विक्रेता अरविन्द मौर्या तथा सिगरा के रोल विक्रेता आनंद कुशवाहा शामिल हैं। बाकी अभी और नाम जोड़े जायेगें। इस कार्यक्रम के जरिए डेढ़ से दो हजार वेंडरों

### ● मंगलवार को पीएम मोदी स्वनिधि योजना के तहत देंगे 10-10 हजार रुपये का ऋण

से संवाद कराने की योजना बनाई गई है। इसके तहत पांचों जोन के जोनल कार्यालय क्षेत्र में, सरकारी भवन, टीएफसी, कमिश्नरी आदि में बैठाने की व्यवस्था की जाएगी। ठेले, खोमचे वालें वेंडर्स को भी इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत वेंडर्स के खाते में 10 हजार रूपये बतौर ऋण भेजा जा रहा है। इसका लाभ 30 हजार वेंडरों को मिलेगा। अब तक 25 हजार वेंडरों का डाटा फीड हो चुका है। इनमें से 18 हजार वेंडरों के खाते में पैसा भेजा जा चुका है।

### ये है योजना

**प्रधानमंत्री** स्वनिधि योजना के तहत वर्किंग कैपिटल लोन को एक साल में मासिक किस्तों में चुकाया जाना है। लोन को समय से चुकाने पर हर साल 7 फीसदी की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। यह सब्सिडी सीधे लोन लेने वाले के खाते में जाएगी।

### ये हैं पात्र

**सड़क** के किनारे ठेले, खोमचे, फेरी, पटरी पर दुकान चलाने वालों को यह कर्ज दिया जाएगा। फल, सब्जी, लॉन्ड्री, सैलून और पान दुकानें इस श्रेणी में शामिल की गई है। इन्हें चलाने वाले भी यह लोन ले सकते हैं।

### योजना के लिए सरकारी धन का आवंटन

**सरकार** ने स्ट्रीट वेंडरों की मदद की खातिर पीएम स्वनिधि योजना में पांच हजार करोड़ रूपये की धनराशि रखी गई है। ऋण के लिए कोई कड़ी शर्त नहीं रखी गई है। यह आसान शर्तो के साथ मिल जाऐगा।

## आराधना में लीन हुए मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** नवरात्र पर मां जगदंबा की आराधना में लीन हो गए हैं। शुक्रवार की रात उन्होंने महानिशा की पूजा की तो शनिवार को महागौरी की आराधना में लगे रहे। नवरात्र और विजयादशमी की पारंपरिक पूजा के लिए शुक्रवार को दोपहर बाद गोरखनाथ मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की सुबह मां भगवती के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूरे विधि-विधान से आराधना की। गोरखनाथ मंदिर परिसर में हर तरफ श्रद्धालु दर्शन के लिए देखे जा रहे हैं। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। इसी दौरान गोरक्षपीठाधीश्वर ने सभी देव विग्रहों का षोडशोपचार पूजन भी किया। सम्पूर्ण अनुष्ठान मन्दिर के प्रधान पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी वैदिक के नेतृत्व 11 पंडितों द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# निर्मलीकुण्ड घाट पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज

### ● केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति ने तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता।** अयोध्या



**केन्द्रीय** दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल प्रमुख संरक्षक विजय गुप्ता, सहसंयोजक गगन जायसवाल, प्रभारी सामान्य प्रशासन डा0 संतोष पाण्डेय एवं विद्युत विभाग प्रमुख सुप्रीत कपूर आदि केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों ने विसर्जन स्थल निर्मलीकुण्ड पर घाट निर्माण कार्य की तैयारियो का जायजा लिया तथा नगर निगम एवं बाढ़ कार्य निर्माण खण्ड के कार्य पर संतोष जताया।

केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि दुर्गापूजा समितियों ने शनिवार को अपने अपने पूजा स्थलो पर माँ की प्रतिमाओ का भावपूर्ण मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करके स्थल विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया। रविवार को होने वाले माँ दुर्गा की प्रतिमाओ को निर्मलीकुण्ड के पावन जल मे प्रवाहित करने के कार्यक्रम मे एक साथ ज्यादा भीड़ न होने पाये एवं कोविड 19 का संक्रमण नगरवासियों मे फैलने से रोकने हेतु जिला प्रशासन ने नगर की प्रतिमाओ के विसर्जन हेतु पुलिस चौकी क्षेत्रानुसार अलग अलग समय निर्धारित किया है। पुलिस समन्वयक जेएन चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस चौकी चौक एवं नवीन मण्डी क्षेत्रो मे स्थापित प्रतिमाओ के विसर्जन हेतु दिन मे 10 से 11 बजे, पुलिस चौकी फतेहगंज एवं अलीगढ़ क्षेत्रो के लिए दिन मे 11 से 12 बजेए पुलिस चौकी देवकाली एवं सिविल लाइन क्षेत्रो के लिए दिन मे 12 से 1 बजे, पुलिस चौकी साहबगंज एवं रामनगर क्षेत्रो के लिए दोपहर 1 से 2 बजे एवं पुलिस चौकी रिकाबगंज एवं हवाईपट्टी क्षेत्रो के लिए दोपहर 2 से 3 बजे का समय निर्धारित किया गया है। कैण्ट थाने की समस्त प्रतिमाओ का विसर्जन दिन मे 10 बजे से लेकर 2 तक किया जायेगा। जानकारी देते हुए केन्द्रीय समिति के प्रवक्ता डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि रामलीला प्रभारी प्रेमनाथ राय, वरिष्ठ पदाधिकारी केशव बिगुलर, मेला कैम्प प्रमुख शिव जी गौड़ एवं विद्युत प्रभारी तारकेश्वर शर्मा आदि पदाधिकारियों ने बताया कि विजयादशमी के पावन पर्व पर लल्ली देवी रामलीला स्थल, फतेहगंज, साहबगंज, हैदरगंज एवं सिविल लाइन करम अली का पुरवा रामलीला समितियों द्वारा रावण दहन एवं लल्ली देवी रामलीला स्थल, साहबगंज तथा कोठापार्चा रामलीला समितियों द्वारा प्रतीकात्मक राजगद्दी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

केन्द्रीय समिति के ज़ोनल प्रमुखो अशोक कनक, अतुल सिंह, राजेश गौड़, आलोक शंकर, दीपक गौतम, राजू जायसवाल, पवन निषाद, अखिलेश पाठक एवं चन्दन गुप्ता तथा सेक्टर प्रमुखो बजरंगी साहू, सुनील मौर्या, रंजीत शर्मा, राजेश श्रीवास्तव एवं अर्जुन ने अपने अपने क्षेत्रो की पूजा समितियों को सूचित किया कि विसर्जन हेतु माँ दुर्गा की प्रतिमा छोटे वाहन से वैकल्पिक पूजा स्थलो से सहादतगंज हनुमानगढ़ी होते हुये निर्मलीकुण्ड जाकर विसर्जित की जायेंगी तथा प्रत्येक प्रतिमा के साथ अधिकतम पाँच लोग ही जा सकेंगे।

## फैक्ट्री के अंदर मजदूर का फांसी पर लटकता मिला शव

**उन्नाव।** शहर के दही चौकी स्थित दफ्ती फैक्ट्री के अंदर मजदूर का शनिवार की सुबह संदिग्ध हालात में फांसी पर शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, फैक्ट्री प्रबंधतंत्र ने मृतक के परिजनो को चार लाख तीस हजार रूपए की मुआवजे राशि दी है। घटना को लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नही है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर गांव के रहने वाले रति पाल (55) पुत्र राजाराम शहर के दही चौकी स्थित सनराईज ओवर सीज दफ्ती फैक्ट्री में मजदूरी करता था। परिजनो ने बताया कि शुक्रवार की शाम पांच बजे वह घर से फैक्ट्री जाने के लिए निकला था। शनिवार की सुबह रतिपाल का छोटा बेटा छोटू खाना लेकर पहुंचा तो पिता का शव फांसी पर लटकता देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंचे दहीचौकी प्रभारी प्रेमनारायण सरोज ने जांच पड़ताल के बाद शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फैक्ट्री प्रबंध तंत्र ने मृत के परिजनो को 4 लाख रूपए की चेक व तीस हजार नगद की मुआवजा राशि सौंपी है। मृतक अपने पीछे छह बच्चो को छोड़ गया है।

## संस्था के सदस्यों को सम्मानित करना गौरवपूर्ण क्षण: अनिल भूषण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**अटेवा** पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश की ओर से सामाजिक शैक्षणिक तथा विधि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया। सिविल लाइन्स स्थित होटल जे के पैलेस में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कोरोना संक्रमण काल में अटेवा और अन्य संस्थाओं द्वारा किए गए सेवा कार्य की सराहना की।

उन्होंने कहा कि संस्था के लोगों ने अपने जीवन को दांव पर लगाकर जनता की मदद की। ऐसी संस्थाओं के सदस्यों को सम्मानित करना सभी के लिए गौरव की बात है। ऐसे लोगों के सम्मानित होने से अन्य लोगों को भी समाजसेवा की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक आर एन विश्वकर्मा ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के बीच समाजसेवा का कार्य करना बहुत ही कठिन था। फिर भी संस्था के लोगों ने सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर हरि प्रकाश यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार प्रदर्शन हरिश्याम मानव कल्याण एवं शोध संस्थान के सचिव राजीव कुमार मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट के अधिवक्ता नीरज सिन्हा ने किया। सम्मानित होने वालों में एपीएस की प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या सुष्मिता कानूनगो समाजसेवी शिखा खन्ना वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ज्ञान प्रकाश सिंह बृजराज गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्रबंधक विजय सिंह मेजा प्रधान रूचि अभिषेक तिवारी अधिवक्ता परिषद के प्रदेश महामंत्री शीतल गौड़ अटेवा के चंद्रशेखर सिंह भोजपुरी गायक मनोज कुमार सिंह वरिष्ठ शिक्षक जगतपाल सुरेश कुमार आदि शामिल रहे।

## इविवि से हाईकोर्ट तक के लिए करना होगा भुगतान

**प्रयागराज।** इलाहाबाद गवर्नमेंट इंटर कॉलेज से इलाहाबाद संग्रहालय तक की यात्रा करने के लिए साठ रुपये और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय तक यात्रा करने के लिए अस्सी रुपये का भुगतान करना होगा। कैलिफोर्निया स्थित कैब हैलिंग कंपनी इन ड्राइवर इलाहाबाद में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है। यह एकमात्र एप्प है जो उपयोगकर्ताओं को वास्तविक समय में सवारी की बुकिंग करने से पहले ही कैब के किराए पर मोलभाव करने की अनुमति देता है। सेट योर ओन प्राइस राइड हैलिंग एप्प के साथ सस्ती सवारी प्राप्त करने की संभावना के साथ यात्री और ड्राइवर प्रत्येक मार्ग का उचित और अनुकूल मूल्य तय कर सकते हैं। सुश्री पावत नंदा भारत पीआर और संचार प्रबंधक ने कहा कि सवारी बुक करने के लिए एप्प डाउनलोड करना होगा। इस प्लेटफार्म के लाभों का परीक्षण करने की संभावना मिल सके। जो इसके मुख्य प्रतियोगियों की तुलना में काफी अधिक है।

## पेज 1 का शेष

### प्रदेश के...

का अधिकार देता है। विकास के नाम पर उद्योग लगाकर इस अधिकार में कटौती नही की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 51 ए नागरिकों के कर्तव्य बताता है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पार्कों खेल मैदानों की स्वच्छता का ध्यान रखे। कोर्ट ने सभी निकाय प्रधिकारियों से पार्कों की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

### सीएम की...

प्रतिकृति की विशेष पूजा हुई। तकरीबन एक घंटे से ज्यादा चले इस अनुष्ठान को बनारस के संत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा के नेतृत्व में काशी से ही आए सात ब्राह्मणों ने सम्पन्न कराया। इसके लिए सतुआ बाबा काशी के बाबा विश्वनाथ का विग्रह लेकर आए थे। आरती से पहले विग्रह का विधिवत श्रृंगार किया गया। उसके बाद फिर शुरू हुआ आरती का सिलसिला। भोले शंकर को पसंद डमरू और घंटा-घड़ियाल की मंगल ध्वनियों के बीच आरती का आयोजन हुआ। श्रृंगार और आरती के दौरान पूरे समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धाभाव से मौजूद रहे। उन्होंने इस मांगलिक एवं धार्मिक अनुष्ठान के लिए सतुआ बाबा की सराहना की। इस अवसर पर मंदिर परिवार के सदस्य व कई साधु संत मौजूद रहे।

### डीआईजी की...

प्रकाश की 36 वर्षीय पत्नी पुष्पा प्रकाश ने फांसी लगा कर जान दे दी। घटना करीब 11:00 बजे के आसपास की है। आनन-फानन कुछ लोगों की मदद से लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रथम दृष्टतया सुसाइड का मामला बता रही है। पुलिस का कहना है कि पुष्पा प्रकाश ने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों की इसकी वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। न ही मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। डीआईजी चंद्र प्रकाश इस समय पीटीएस उन्नाव जनपद में तैनात हैं। इसके साथ ही हाथरस जिले के चंदपा कोतवाली इलाके की युवती के कथित सामूहिक दुष्कर्म और मौत मामले की जांच के लिए बनी एसआईटी में चंद्र प्रकाश बतौर सदस्य हैं।

### मुफ्त कोविड...

कहा, यह घोषणा-पत्र में किया गया ऐलान है। एक दल इस बात की घोषणा कर सकता है कि वह सत्ता में आने पर क्या करना चाहता है। बिल्कुल वही घोषणा की गई है। स्वास्थ्य राज्य का विषय है। यह पूरी तरह सही है। उन्होंने कहा कि हर दल अपने घोषणा-पत्र में यह बताता है कि सत्ता में आने पर वह क्या करना चाहता है।

### पंजाब में...

से इस मुद्दे पर सवाल पूछा था। यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने राजद भाइयों के खिलाफ महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार के आरोपों के बारे में बात करने के लिए 2008 की एक समाचार रिपोर्ट का हवाला दिया जो उनके और उनके बड़े भाई तेजप्रताप के संदर्भ में है। बिहार में 1990-2005 के राजद के शासनकाल के दौरान जंगल राज के लिए लालू प्रसाद यादव की पार्टी की आलोचना करते हुए सीतारमण ने पत्रकारों से कहा, यह (पंजाब की घटना) राजद को ठेस नहीं पहुंचा सकती है, क्योंकि जब वे सत्ता में थे तब यही चीजें थीं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, दिखावा करने वाली कांग्रेस ने एक शब्द नहीं कहा है। राहुल गांधी ने होशियारपुर की घटना पर ट्वीट नहीं किया है। कोई नाराजगी नहीं दिखाई और कोई पिकनिक भी नहीं की। गौरतलब है कि राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश के हाथरस में उस पीड़ित लड़की के परिवार से मिलने गए थे जिससे कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया गया था और बाद में उसकी दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। सीतारमण ने कहा, कांग्रेस पार्टी को जवाब देना चाहिए।

### हिमालय के...

स्थित गंगोत्री नेशनल पार्क 15 स्तनपायी प्रजातियों का घर है। इसी तरह उत्तर और पश्चिम सिक्किम जिलों में स्थित खानचेनडोंगा में करीब 18 दुर्लभ प्रजातियां रहती हैं। अरुणाचल प्रदेश का नामदफा राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र और जैव विविधता के मामले में देश का तीसरा सबसे बड़ा राष्ट्रीय पार्क है। वर्चुअल बैठक के दौरान सुप्रियो ने 'हिमाल संरक्षक' कार्यक्रम की शुरुआत की तथा एक ओरिगामी नोटबुक लांच किया जो वन्यजीवों के अवैध व्यापार के खिलाफ लड़ाई की थीम पर आधारित है।

### भारतीय पुरूष और महिला टीम फाइनल में

**चेन्नई।** बी अधिबान और आर वैशाली के चमत्कार खेल से शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पुरूष और महिला टीमों ने शनिवार को क्रमशः कजाखस्तान और मंगोलिया पर जीत के साथ एशियाई नेशन्स (क्षेत्रीय) ऑनलाइन कप चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। पुरूष टीम ने कजाखस्तान को 2.5-1.5 और 3-1 से शिकस्त दी जबकि महिला टीम ने मंगोलिया पर 3.5-0.5 और 4-0 से जीत दर्ज की। बी अधिबान ने रिनात जुमाबाएव के खिलाफ अपने दोनों मैचो मे जीत हासिल की।

### एंजर्स ने लीग–वन में रेनेस के अजेय रहने का सिलसिला तोड़ा

**पेरिस।** एंजर्स ने लीग-वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) ने रेनेस को उसके घरेलू मैदान पर 2-1 से हराकर टूर्नामेंट में अब तब अजेय रहने का सिलसिला तोड़ दिया। इस हार से रेनेस की टीम तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई। लिली और मौजूदा चैम्पियन पेरिस सेंट जर्मेन क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर है।

### ब्रैडी का सामना ओस्ट्रावा ओपन के सेमीफाइनल में सबालेंका से

**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने ओस्ट्रावा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में क्वालीफायर सारा सारीबेस टोर्मो को 0-6, 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। अब सेमीफाइनल में बेलारूस की इस खिलाड़ी का सामना अमेरिका की जेनिफर ब्रैडी से होगा जिन्होने रूसी क्वालीफायर वेरोनिका कुर्दमेतोवा को 6-7, 6-3, 6-1 से पराजित किया। चौथी वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका ने सातवी वरीय एलिसे मर्टन्स को 6-4, 6-1 से हराकर बाहर किया। अब उनकी भिड़ंत मारिया सक्कारी से होगी।

### टेटे अभ्यास शिविर 28 अक्टूबर से सोनीपत में


**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने शनिवार को कहा कि टेबल टेनिस का राष्ट्रीय प्रशिक्षण (अभ्यास) शिविर सोनीपत में 28 अक्टूबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों के चार बार के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल के साथ 10 अन्य खिलाड़ी भाग लेंगे। साइ ने इस शिविर के लिए 18 लाख रुपए मंजूर किए है, देशभर में लगे लॉकडाउन के बाद इस खेल का पहला राष्ट्रीय शिविर होगा।

### सासुओलो और टोरिनो ने 3–3 से ड्रा खेला

**सासुओलो (इटली)।** सासुओलो ने अंत में वापसी के बावजूद सीरी ए मे शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया और टोरिनो से 3-3 से ड्रा खेला।टोरिनो ने शुक्रवार को इस मैच से सत्र में पहला अंक हासिल किया। इस मैच के दौरान अंतिम आठ मिनट में चार गोल हुए। सासुओलो शीर्ष पर चल रही टीम एसी मिलान से दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है।

# वरुण के पंजे में फंसी दिल्ली, केकेआर जीता

- कैपिटल्स को 59 रन से करारी शिकस्त दी
- राणा (81 रन) और नारायण (64 रन) के अर्धशतक


वरूण के 20 रन पर पांच विकेट

**अबुधाबी। कोलकाता**

नाइट राइडर्स ने नीतिश राणा (81 रन) और हरफनमौला सुनील नारायण (64 रन) के अर्धशतकों के बाद वरूण चक्रवर्ती (20 रन देकर पांच विकेट) की फिरकी की बदौलत शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 59 रन से करारी शिकस्त दी। पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ महज 84 रन पर सिमटकर हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इस जीत से शानदार वापसी की। उसके अब 11 मैचों में 12 अंक हो गए हैं जिससे वह चौथे स्थान पर बनी हुई है। केकेआर ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारे गए राणा (53 गेंद में 13 चौके और एक छक्का) और नारायण (32 गेंद में छह चौके और चार छक्के) के बीच चौथे विकेट के लिए 56 गेंद में 115 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 194 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी। उसके लिए कप्तान श्रेयस अय्यर 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। स्पिनर वरूण चक्रवर्ती इस सत्र में पांच विकेट झटकने वाले पहले गेंदबाज बने, जिन्होंने चार ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट चटकाए। पैट कमिंस ने चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जबकि लॉकी फर्गुसन को एक विकेट मिला। दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के 14–14 अंक हैं। दिल्ली 11 मैचों सात जीत से बेहतर रन रेट की बदौलत बेंगलोर से आगे दूसरे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को पहला झटका पारी की पहली ही गेंद पर लगा जिसमें कमिंस ने अजिंक्य रहाणे को पगबाधा आउट किया। दूसरा झटका भी इसी आस्ट्रेलियाई ने दिया जब पिछले दो मैचों में शतक जड़ने वाले शिखर धवन तीसरे ओवर में उनकी गेंद पर बोल्ड हो गए। इससे दिल्ली ने भी पॉवरप्ले में केकेआर की तरह दो विकेट गंवाकर 36 रन बनाए। केकेआर ने अपनी गेंदबाजी से दबाव बनाए रखा और दिल्ली कैपिटल्स का 10 ओवर के बाद स्कोर 64 रन था। टीम को 66 गेंद में 137 रन बनाने थे। कप्तान अय्यर और ऋषभ पंत (27) के बीच तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी बनी। पर वरूण चक्रवर्ती ने आते ही अपने पहले ओवर में पंत को आउट किया और फिर दूसरे ओवर में लगातार गेंदों पर अय्यर और शिमरोन हेतमाएर (10) के विकेट झटक लिए। वरूण चक्रवर्ती को अपना चौथा विकेट मार्कस स्टोइनिस के रूप में मिला जो उनकी लेग कटर पर लांग आफ में कैच देकर आउट हुए और इसी ओवर में उन्होंने रांग उन पर अक्षर पटेल (09) को बोल्ड किया। उन्होंने तीन ओवर में 12 रन देकर पांच विकेट झटके। दिल्ली इसके बाद मैच से बाहर हो चुकी थी। इससे पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद केकेआर ने शुरूआती तीन विकेट 42 रन के अंदर गंवा दिए थे। उसने राणा को शुभमन गिल के साथ बल्लेबाजी के लिए भेजा। लेकिन पॉवरप्ले में गिल और राहुल त्रिपाठी के विकेट गंवा दिए, दोनों नोर्जे की गेंदों पर पवेलियन लौटे।

#### स्कोर

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** गिल का पटेल बो नोर्जे 09, राणा का देशपांडे बो स्टोइनिस 81, त्रिपाठी बो नोर्जे 13,कार्तिक का पंत बो रबाडा 03,नारायण का रहाणे बो रबाडा 64,मोर्गन का रबाडा बो स्टोइनिस 17,कमिंस नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 07, **कुल योग** : 20 ओवर मे छह विकेट पर 194 रन, **विकेट पतन** :1-11, 2-35, 3-42, 4-157, 5-194, 6-194, **गेंदबाजी** : देशपांडे 4-0-40-0,नोर्जे 4-0-27-2 ,रबाडा 4-0-33-2,पटेल 1-0-7-0,स्टोइनिस 4-0-41-2, अश्विन 3-0-45-0

**दिल्ली कैपिटल्स :** रहाणे पगबाधा कमिंस 00,धवन बो कमिंस 06, अय्यर का नागरकोटी बो वरूण चक्रवर्ती 47, पंत का शुभमन गिल बो वरूण चक्रवर्ती 27,हेटमाएर का त्रिपाठी बो वरूण चक्रवर्ती 10, स्टोइनिस का त्रिपाठी बो वरूण चक्रवर्ती 06, पटेल बो वरूण चक्रवर्ती 09, रबाडा का त्रिपाठी बो कमिंस 09,अश्विन नाबाद 14, देशपांडे का मोर्गन बो फर्ग्युसन 01, एनरिच नोर्जे नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 06, **कुल योग** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 135 रन, **विकेट पतन** :1-0, 2-13, 3-76, 4-95, 5-95, 6-110, 7-112, 8-132, 9-135, **गेंदबाजी** : कमिंस 4-0-17-3,कृष्णा 2-0-19-0, नागरकोटी 2-0-11-0,फर्ग्युसन 4-0-30-1,नारायण 4-0-37-0, चक्रवर्ती 4-0-20-5

## राजस्थान रॉयल्स का सामना मजबूत मुंबई इंडियंस से

**अबुधाबी।** गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने दबदबे भरे प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी, हालाकि उसके लिए कप्तान रोहित शर्मा की फिटेनस चिंता का विषय बनी होगी। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत दर्ज करना जरूरी होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 10 विकेट की जीत से मुंबई ने फार्म में वापसी की जबकि इससे पिछले मैच में वह किंग्स इलेवन पंजाब से सुपर ओवर में हार गई थी। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स को पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से आठ विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही मुंबई इंडियंस प्ले ऑफ में पहुंचने की ओर है लेकिन राजस्थान के लिए यह मैच काफी अहम है जो सातवें स्थान पर है और एक और हार उसे बाहर होने के करीब पहुंचा देगी। लेकिन सवाल यही होगा कि रोहित रविवार को इस मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, जो हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच नहीं खेले थे।

## आरसीबी के खिलाफ सीएसके जीत और सम्मान हासिल करने की कोशिश करेगा

**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 11 में से आठ मुकाबलों में हार का सामना करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कोशिश रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ जीत दर्ज कर सम्मान हासिल करने की होगी। सीएसके के नाम 11 मैचों में छह अंक है और टीम अपने तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीत कर प्लेऑफ में अगर–मगर के फेर के साथ पहुंच सकती है। इसके लिए दूसरी टीमों के नतीजे भी उसके मुताबिक होने चाहिए ।आईपीएल की तीन बार की चैम्पियन मौजूदा सत्र में हर विभागों में संघर्ष कर रही है। युवा खिलाड़ियों पर भरोसा नहीं जताने के लिए टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की आलोचना भी हुई। सीएसके ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ युवा रुतुराज गायकवाड़ और नारायण जगदीशन को अंतिम 11 में शामिल किया, लेकिन दोनों बल्लेबाज खाता खोले बिना आउट हो गए। शुक्रवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ सैम कुरेन के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चल सका।

### अगले साल को ध्यान में रखकर बाकी तीन मैचों में युवाओं को मौका देंगे : धोनी

**शारजाह।** अब तक 11 में से आठ मैच गंवाकर आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि अगले साल को ध्यान में रखते हुए बाकी तीन मैचों में युवाओं को परखा जाएगा। मुंबई इंडियंस के हाथों दस विकेट से मिली हार के बाद धोनी ने कहा , इस तरह के प्रदर्शन से दुख होता है। हमें देखना होगा कि गलती कहां हुई। यह हमारा साल नहीं था।

### पावरप्ले में ही मैच हमारे हाथ से निकल गया था: फ्लेमिंग

शारजाह। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 10 विकेट से मैच गवांने पर कहा कि उनकी टीम के लिए पावरप्ले काफी बुरा रहा जिसमें उनकी टीम में बहुत ज्यादा विकेट खो दिए थे।फ्लेमिंग ने मैच के बाद शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम वास्तव में बहुत स्तब्ध हो गए थे।

# पंजाब ने सनराइजर्स को दिया झटका

- 12 रनों से हराया

**भाषा। दुबई**

किंग्स इलेवन पंजाब ने सनराइजर्स को 12 रनों से हरा दिया। इससे पहले अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को किंग्स इलेवन पंजाब को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के कप्तान डेविड वार्नर के फैसले को सनराइजर्स के गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। पंजाब के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। पंजाब के लिए कप्तान के एल राहुल (27), मनदीप सिंह (17) और क्रिस गेल (20) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन ठोस पारियां नहीं खेल सके।पंजाब को एक भी बड़ी साझेदारी नहीं मिल पाई। गेल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्हें सनराइजर्स के गेंदबाजों ने आफ स्टम्प के बाहर गेंद डालकर खुलकर खेलने की नहीं दिया। आखिर में झल्लाकर गेल ने वेस्टइंडीज के अपने साथी खिलाड़ी जैसन होल्डर की गेंद पर खराब शॉट



खेला और लांग आफ में वार्नर ने शानदार कैच लपका। होल्डर ने 27 रन देकर और राशिद ने 14 रन देकर दो दो विकेट लिए। वहीं संदीप शर्मा ने 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। राशिद ने 11वें ओवर की पहली ही गेंद पर राहुल को बोल्ड करके पंजाब को करारा झटका दिया। इस समय स्कोर तीन विकेट पर 66 रन था। ग्लेन मैक्सचवेल (12) का खराब फार्म जारी रहा और वह संदीप की गेंद पर लांग आन में वार्नर को कैच देकर लौटे। दीपक हुड्डा को राशिद ने चकमा दिया और आगे निकलकर खेलने के प्रयास में वह बेयरस्टॉ की स्टम्पिंग का शिकार हो गए। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इस कदर दबाव बनाया था कि 11 ओवर तक पंजाब की पारी में कोई चौका छक्का नहीं लगा।

#### स्कोरबोर्ड

**किंग्स इलेवन पंजाब पारी :** राहुल बो राशिद 27, मनदीप का राशिद बो संदीप 17,गेल का वार्नर बो होल्डर 20, पूरन नाबाद 32, मैक्सवेल का वार्नर बो संदीप 12, हुड्डा स्ट बेयरस्टॉ बो राशिद 0,जोर्डन का अहमद बो होल्डर 7,अश्विन रन आउट ,बिश्नोई नाबाद 0, **अतिरिक्त** : सात रन, कुल योग : 20 ओवर मे सात विकेट पर 126 रन, **विकेट पतन** : 1-37, 2- 66, 3- 66, 4-85, 5 . 88, 6- 105, 7- 110, **गेंदबाजी** : संदीप 4-0 -29- 2, खलील 4-0-31- 0, होल्डर 4-0 -27- 2, राशिद 4-0- 14-2, नटराजन 4-0-23-0

### पिचें धीमी और सूखी होने से मदद मिल रही है : बोल्ट

**शारजाह।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि उन्हें इस इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में पिचों से निरंतर सटीक गेंदबाजी करने में मदद मिल रही हैं जो प्रत्एक मैच के साथ धीमी और सूखी होती जा रही हैं। मुंबई इंडियंस ने अनुभवी लसिथ मलिंगा की जगह इस बाएं हाथ के गेंदबाजी टीम में शामिल किया, जिन्होंने शुक्रवार को यहां चार विकेट – पॉवरप्ले में तीन – झटककर चेन्नई सुपर किंग्स पर 10 विकेट की जीत दर्ज करने में मदद की।

### विराट सभी प्रारूपों में संपूर्ण बल्लेबाज : रूट

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट ने विराट कोहली को सभी प्ररूपों का संपूर्ण बल्लेबाज मानते हुए कहा कि सीमित ओवरों के प्रारूप में रनों का पीछा करने की उनकी क्षमता असाधारण है। मौजूदा समय में व्यापक रूप यह माना जाता है कि कोहली, न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रूट वर्तमान में विश्व टेस्ट क्रिकेट में अग्रणी बल्लेबाज हैं।

## तन्मय श्रीवास्तव ने क्रिकेट से संन्यास लिया



**मुंबई।** भारत के अंडर–19 (2008) विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बल्लेबाज तन्मय श्रीवास्तव ने शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने नए सपने देखे हैं, जिस पर काम करने की बड़ी महत्वकांक्षा है। बाएं हाथ के इस तीस साल के बल्लेबाज ने सोशल मीडिया के जरिए संन्यास की घोषणा की, लेकिन अपने आगे कि योजना के बारे में नहीं बताया। कानपुर में जन्में इस क्रिकेटर ने ट्वीट किया, यह मेरे क्रिकेट करियर को अलविदा कहने का समय है। मैंने यादें और दोस्त बनाने के साथ जूनियर क्रिकेट, रणजी ट्रॉफी और अंडर –19 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे टीम के साथ कप लेकर घर (देश) लौटा। श्रीवास्तव ने इसके साथ ही लगातार समर्थन के लिए अपने कोचों, उत्तर प्रदेश क्रिकेट प्रशासकों, माता–पिता और पत्नी का धन्यवाद किया। मुझे लगता है कि मैंने मैदान के अंदर और बाहर क्रिकेट से जुड़ी ऐसी यादें बनाई है जो जीवन भर मेरे साथ जुड़ी रहेंगी। मैंने नए सपने देखे है और उसके लिए बड़ी महत्वकांक्षा है। अब अगले अध्याय का समय है। वह मलेशिया में 2008 में खेले गए अंडर–19 विश्व कप में 262 रन के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने फाइनल में 43 रन का अहम योगदान दिया था। इस टीम के कप्तान विराट कोहली थे। श्रीवास्तव ने प्रथम श्रेणी के 90 मैचों में 10 शतकों और 27 अर्धशतकों की मदद से 4,918 रन बनाए है। वह हालांकि सीनियर भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधित्व के बाद उन्होंने उत्तराखंड का नेतृत्व किया। आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब और पूर्व टीम कोच्चि टस्कर्स का प्रतिनिधित्व किया था।

# बाइडेन, हैरिस समर्थक भारतीय-अमेरिकियों ने ट्रम्प को बताया शत्रु

- भारतीय अमेरिकियों ने कहा कि बाइडेन ने अमेरिकी सीनेटर और उपराष्ट्रपति के रूप में समुदाय की मदद की

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका में** राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति पद के लिए पार्टी उम्मीदवार एवं भारतीय–अमेरिकी सीनेटर कमला हैरिस के समर्थक भारतीय–अमेरिकियों ने कहा है कि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार समुदाय को सबसे अच्छी तरह समझते हैं, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शत्रु है, जो वैश्विक मंच पर भारत की आलोचना करते हैं।

भारतीय अमेरिकियों ने शुक्रवार को कहा कि बाइडेन ने अमेरिकी सीनेटर और उपराष्ट्रपति के रूप में समुदाय की मदद की। सिलिकॉन वैली के उद्यमी अजय जैन भुटोरिया ने कहा, ट्रम्प प्रशासन के चार साल के बाद हम यह जानते हैं कि हमारे बच्चों और नाती–पोतों के पास वह अवसर नहीं होंगे, जो हमारे पास थे। हमें ऐसे नेता की आवश्यकता है, जो हमारे समुदाय, हमारे मूल्यों, हमारे गौरव को समझता हो, जो हमारी कड़ी मेहनत की सराहना करे और अपने प्रशासन में समान अवसर दे और हमारी राय ले। भुटोरिया ने शुक्रवार को ट्रम्प और बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के लिए हुई अंतिम बहस का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने वैश्विक मंच पर भारत की आलोचना की। उन्होंने कहा, समुदाय समझता है कि भारत का असली मित्र और दुश्मन कौन है। ट्रम्प दुश्मन हैं। ट्रम्प ने बहस के दौरान कहा कि आप भारत में कोविड–19 संक्रमण के मामलों की संख्या पर भरोसा नहीं कर सकते और भारत दूषित है। उन्होंने एच। वीजा कार्यक्रम निलंबित कर दिया, भारत के साथ व्यापार समझौतों को खतरे में डाल दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मित्रता को केवल तस्वीर खिंचवाने के अवसर के तौर पर इस्तेमाल किया। भुटोरिया ने कहा, बाइडेन ने व्हाइट हाउस में (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक) ओबामा के साथ दीपावली मनाई थी। उन्होंने कहा कि बाइडेन और हैरिस का भारतीय–अमेरिकियों के साथ गहरा नाता है। कैलिफोर्निया स्टेट असेम्बली की सदस्य ऐश कालरा ने कहा कि वह पिछले दो दशक से हैरिस और उनकी बहन माया को जानती है। हैरिस को अपनी भारतीय विरासत पर गर्व है। कारोबारी अशोक भट्ट ने कहा कि ओबामा–बाइडेन के पूर्व प्रशासन ने भारत को प्राथमिकता दी थी।

### तेजी से पटरी पर लौटने और बाइडेन की मंदी के बीच का चयन होगा तीन नवंबर का चुनावः राष्ट्रपति ट्रम्प

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी इस चुनाव में उनके प्रशासन के प्रयासों के चलते अर्थव्यवस्था के अत्यंत तेजी से पटरी पर लौटने और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के कारण पैदा होने वाली मंदी के बीच चयन करेंगे।ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई अंतिम बहस के एक दिन बाद कहा, बाइडेन ने कल रात साबित कर दिया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के योग्य नहीं है। ट्रम्प ने अपने हजारों समर्थकों के बीच कहा कि इस देश ने स्वयं देखा कि यह चुनाव तेजी से पटरी पर लौटने के ट्रम्प के प्रयास और बाइडेन की मंदी के बीच चयन होगा।उन्होंने कहा कि तीन नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए होने वाला चुनाव अमेरिका की सफलता को लेकर आशावादी एवं देशभक्ति वाली सोच और बाइडेन की निराशाजनक सोच के बीच चयन होगा। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि बाइडेन कट्टरपंथी, समाजवादी वामपंथियों के पूरे नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा, यह देश कभी समाजवादी देश नहीं होगा।



पेंसाकोला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चुनावी सभा को संबोधित करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### मिस्र में संसदीय चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान शुरू हुआ

**काहिरा।** मिस्र में संसदीय चुनाव के पहले चरण के तहत शनिवार को मतदान शुरू हुआ।प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रजेनटेटिव्स) में मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल सिसी के समर्थकों के आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे समय पर यह चुनाव हो रहे हैं जब अरब दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में कोरोना वायरस के मामलों में मामूली वृद्धि हो रही है और अधिकारियों ने महामारी की दूसरी लहर की चेतावनी दी है। अगस्त में सीनेट चुनावों की तरह, मिस्र के चुनाव अधिकारियों ने कहा कि फेस मास्क मतदाताओं को मुफ्त में दिए जाएंगे और मतदान केन्द्रों को कीटाणु मुक्त किया जाएगा। दो चरणों में होने वाले चुनाव के लिए छह करोड़ 30 लाख मतदाता हैं।


मिस्र में हो रहे संसदीय चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करती महिला मतदाता

### सिंगापुर मे कोविड-19 के 14 नए मामले

**सिंगापुर।** सिंगापुर में शनिवार को कोरोना वायरस से संक्रमण के कुल 14 मामले दर्ज किए गए जिनमें से 11 लोग बाहर से आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इसके साथ ही इस द्वीपीय देश में कुल कोविड–19 मरीजों की संख्या बढ़कर 57,965 हो गई है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि नए मामलों में से दो स्थानीय समुदाय के हैं जबकि एक मामला विदेशी कामगारों के रहने के लिए बने डॉर्मेट्री का है।

## टू प्लस टू वार्ता में की जाएगी भारतीय अमेरिकी वैश्विक सहयोग की समीक्षा

**भाषा। वाशिंगटन**

**राष्ट्रपति डोनाल्ड** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा है कि अगले सप्ताह नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच होने वाली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में विश्व के दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच वैश्विक सहयोग की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी और आगे उठाए जाने वाले कदमों का खाका तैयार किया जाएगा।

अमेरिका में तीन नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है और यह चुनाव से पहले ट्रंप सरकार की आखिरी सबसे बड़ी राजनयिक वार्ता होगी। इस दो दिवसीय वार्ता में भारत और अमेरिका के शीर्ष चार कैबिनेट मंत्री भाग लेंगे। इस बैठक में दोनों देशों के संबंधों की आगामी चार साल के लिए आधारशिला रखे जाने की संभावना है, भले ही चुनाव कोई भी जीते।अमेरिका के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारत के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका में द्विदलीय समर्थन है।एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने वाशिंगटन डीसी में फॉरेन प्रेस सेंटर द्वारा आयोजित कांफ्रेंस कॉल के दौरान संवाददाताओं से कहा, इस टू प्लस टू वार्ता में अमेरिका और भारत के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी की दिशा में की गई प्रगति की समीक्षा की जाएगी और आगामी कदमों का खाका तैयार किया जाएगा। इस साल वार्ता में चार बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना हैं। ए मुद्दे हैं– हिंद प्रशांत में जन स्वास्थ्य के मामले में सहयोग एवं काम समेत वैश्विक सहयोग, ऊर्जा एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग समेत आर्थिक सहयोग, लोगों के बीच आपसी संबंध और रक्षा संबंध।

भारत और अमेरिका अर्थव्यवस्था और द्विपक्षीय व्यापार को पटरी पर लाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त सहयोग (यूआईडीएफसी) ने भारत में निवेश परियोजनाओं में 50 करोड़ डॉलर की सहायता मुहैया कराने की प्रतिबद्धता जताई है और हाल में मुंबई में एक प्रबंध निदेशक को नियुक्त किया है, जो भारत और क्षेत्र में निवेश को विस्तार देने में मदद करेगा।अधिकारी ने बताया कि कोविड–19 का टीका विकसित करने के संयुक्त प्रयास उल्लेखनीय प्रगति के साथ जारी है।

छह से अधिक अमेरिकी कंपनियां और संस्थान सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया जैसे भारतीय साझेदारों के साथ मिलकर टीका खोजने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि वैश्विक सहयोग में उच्च स्तरीय वार्ता भी शामिल है। उन्होंने कहा, हिमालय से लेकर दक्षिण चीन सागर तक हिंद–प्रशांत में चीन के बढ़ते आक्रामक व्यवहार के कारण हमारे लिए समान सोच रखने वाले भारत जैसे साझेदारों के साथ मिलकर काम करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

### कमला हैरिस ने राष्ट्रपति ट्रंप को नस्लवादी बताया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नस्लवादी बताया और कहा कि ऐसा नहीं है कि वह अचानक कुछ करते या कहते हैं बल्कि उनमें एक तरह का स्वरूप (पैटर्न) दिखता है।द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार सवालों का जवाब देते हुए हैरिस ने कहा, लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या वह नस्लवादी हैं? हां, वह हैं। उन्होंने कहा, क्योंकि आप देखते हैं कि यह कोई अचानक या बिना सोचे समझे नहीं है। हम इस स्वरूप को देख चुके हैं। चाहे वह बराक ओबामा की वैधता पर सवाल करना हो या फिर शर्लोट्सविले जाना हो। हैरिस ने कहा कि ट्रंप ने कहा था, दोनों ही तरफ अच्छे लोग हैं।

प्रदेश सरकार की अनूठी पहल

# जनसुनवाई की और गश्त पर भी निकलीं बेटियां



मछरेहटा-3 घंटे के लिए थानेदार बनीं दीक्षा शुक्ला शिकायत सुनते हुए



मिश्रिख में बनीं इंस्पेक्टर छात्र



लहरपुर में कोतवाल बनीं प्रज्ञा मिश्रा



इमलिया थाने की इंस्पेक्टर बन जांच करतीं सोमी सिंह

संवाददाता। सीतापुर

## कोतवाल बनीं बेटियों ने दी सम्मान की सीख थानों में एक दिन की संभाली कमान

**जब 3** घंटे के लिए मेधावी छात्राओं ने थानेदार बनकर जनसमस्याएं सुनी। नवरात्रि में टॉपर छात्राओं को मिले इस सम्मान से वह जहां गद्गद हुई, वहीं बेहतर पुलिसिंग के गुर भी सीखे। एसएचओ की गाड़ी से सवार होकर 3 घंटे के लिए थानेदार बनी छात्राओं ने थाने पहुंचकर सबसे पहले कम्प्यूटर कक्ष का जायजा लिया, इतना ही नहीं एफआईआर रजिस्टर सम्बन्धित कर्मियों को जांच के लिए निर्देश भी दिए। सीता की नगरी में थानेदारी की शक्ति पाकर वह ललकारना भी नहीं भूली कि महिलाओं पर हो रहा अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर असल महिलाओं पर बढ़ते अपराधों को लेकर योगी सरकार ने मिशन शक्ति अभियान महिला हेल्प डेस्क, जैसे कई कार्यक्रम चलाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक और सशक्त बनाने का काम किया। इसी के तहत जिले के पुलिस मुखिया आरपी सिंह के निर्देश पर इलाके की टॉपर छात्राओं को 3 घंटे के लिए थाने की कमान सौंपी गई। थाना मछरेहटा में छात्रा दीक्षा शुक्ला ने थाने की कमान संभाली। इस दौरान दीक्षा शुक्ला ने कम्प्यूटर रूम पहुंचकर मौजूद आरक्षी से जानकारी ली। थाना प्रभारी ओपी तिवारी ने दीक्षा को पुलिसिंग के टिप्स दिए और दीक्षा बोली कि बड़े होकर उसे पुलिस बनना है। थाना थानगांव प्रभारी बनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी शीलू ने गश्त करके बिना हेलमेट बाइक सवारों को हिदायत दी और तीन सवारियां बिठाए बाइक सवारों का चालान भी काटा। कोतवाली महमूदाबाद में कोतवाल बनी भूमिका सिंह ने मंदिरों की सुरक्षा की जांच की और बिना मास्क मंदिर में प्रवेश पर पाबंदी लगाइ। इस दौरान कोतवाल भूमिका ने 2 चालान काटे और बाइक सवार से जुर्माना भी वसूला। कोतवाली मिश्रिख की कमान छात्रा प्राची मिश्रा ने संभाली 10वीं की छात्रा प्राची ने इलाके के गांव इस्लामनगर से आयी शातंना की समस्या सुनी और मातहतों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिया। इस दौरान निर्देश देते हुए कोतवाल प्राची ने कहा कि महिलाओं को त्वरित समाधान उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें दोबारा न आना पड़े। कोतवाली महोली में छात्रा सुर्कीति मिश्र प्रभार संभाला और आयी 3 समस्याओं को सुना। कचूरी से आए किसान वीरपाल की फसल काटे जाने पर कोतवाल सुर्कीर्ति ने आरक्षी प्रणव तोमर को जांच के आदेश दिए। कोतवाली लहरपुर में छात्रा प्रज्ञा मिश्र ने 10 से 1 बजे तक कोतवाली का प्रभार संभाला। इस दौरान कोतवाल प्रज्ञा ने बाजार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और बिना मास्क टहल रहे 6 लोगो का चालान काटा। थाना इमलिया सुल्तानपुर में छात्रा सोमी सिंह ने कमान संभाली और कोविड केयर हेल्प डेस्क का रजिस्टर जांचा। इस दौरान थाना प्रभारी सोमी सिंह ने 3 सवारियां बिठाए। 1 बाइक सवार का चालान भी काटा। इसी तरह थाना पिसावां में पल्लवी सिंह, कोतवाली नगर में अंजली ने कमान संभालते हुए अपराधियों को कड़ा संदेश दिया। उधर महमूदाबाद में जब बेटियों को थानाध्यक्ष बनाया गया तो उनका उत्साह देखते ही बना। महमूदाबाद में भूमिका ने कोविड प्रोटोकाल के पालन पर जोर दिया और बिना मास्क के घूम रहे कई लोगों को हिदायत दी। रामपुर कला में कुमारी नारायणी ने दमादार प्रदर्षन किया। बिसवां कोतवाली में जसप्रीत सिंह ने मेधा का परिचय करवाया।

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता

# श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव महाअष्ठमी पूजा

संवाददाता। सीतापुर

**श्री श्री** सर्वजनिन दुर्गोत्सव में महाअष्ठमी पूजा बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कमेटी की ओर से पूजा का सिलसिला सुबह से ही विधी विधान से शुरू किया गया। पुरोहित गोपाल मुखर्जी अपने सहयोगी के साथ महाअष्ठमी पूजा, पुष्पांजलि, सन्धि पूजा पूर्ण किया। इसके बाद माँ का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम मंत्रो उच्चारण से पूरा आंख अस्पताल परिसर गूँज रहा था। चारो तरफभक्ति मई वातावरण के साथ महाष्ठमी पूजा में माँ के श्रृंगार के साथ धुप, नैवेध, सिंदूर, पुष्प, फल, इत्यादि वस्तुओ से


सीतापुर-आंख अस्पताल में भूजन करती महिलाएं


नैमिषारण्य में पूजन कर आरती करते महंत।

श्रदलुओं ने अपनी पूजा प्राम्भ की। इसके बाद व्रत धारण किये हुए श्रद्धालुओं ने मा को पुष्पांजलि अर्पित की। श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव में सन्धि पूजा का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ ने 108 कमल के पुष्प के साथ साथ दीपक जलाकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के की प्राथना की। इसके पूर्व पुरोहित की ओर से पूजन कर दीप प्रज्वलित कर संधि पूजन का प्रारम्भ किया। 108 दीप जलने से पूरा पंडाल प्रकाश मय हो गया। इस मौके पर महिलाओ में वंदना राय, नीता मुखर्जी, प्रियंका राय, नीता दास, श्यामली पोले, इला दत्ता, सुधा विश्वास, निधी चक्रवर्ती, मंजली मुखर्जी, प्रियंका विश्वास, अपर्णा दास राखी ने दीप जलाकर पूजा पूर्ण की।

## क्विक न्यूज

### कोरोना के मिले 28 मरीज




**सीतापुर।** जिले में शनिवार को कोरोना में हल्का उछाल देखा गया। 28 नए मरीजों की पहचान की गई। षहर के तरीनपुर व श्रीनगर कॉलोनी में 3-3, आरएमपी डिग्री कॉलेज में 2 और नेपालापुर, शास्त्रीनगर, जेलरोड, सिविल लाइंस व मुंशीगंज में 1-1 केस मिला है। बिसवां व खैराबाद में 3-3, पिसावा में 2 और गोंदलामऊ, महमूदाबाद, महोली, मिश्रिख व सिधौली में 1-1 केस निकला है। अब जिले में 4,152 कोरोना केस हो गए हैं।

### किसान मंच ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**सीतापुर।** किसान मंच के पदाधिकारियों ने बिसवां के रूकनापुर गांव में किसानों से वार्ता की और मंच के अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने एसडीएम को फोन करके किसानों की समस्याएं गिनाईं। एसडीएम ने भी समस्याओं के जल्द निदान का भरोसा दिलाया। जिला उपाध्यक्ष अंबुज श्रीवास्तव, संगठन मंत्री दिनेश शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष डॉ इस्लामुद्दीन अंसारी, जिला सचिव मासूम अली, ब्लाक उपाध्यक्ष शिवपूजन यादव, ब्लाक सचिव जसपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### वांछित अपराधी गिरफ्तार

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव पुलिस ने पाक्सो व आईटी एक्ट में वांछित पटियाला पंजाब के अर्शदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विनोद मिश्र ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है, गिरतारी टीम में सिपाही दिनेश पाठक, अमर सिंह व पूनम की महती भूमिका रही है।

### इस बार नहीं देखने को मिलेगा दशहरा मेला

**सीतापुर।** इस बार न तो दशहरा मेला देखने को मिलेगा और न ही बारावफात का जुलूस। त्योहारों को लेकर षासन ने गाइडलाइन जारी कर दी है। राम लीला मंचन और मूर्ति विर्सजन को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। विर्सजन के दौरान जुलूस प्रतिबंधित है। रावण दहन में भी कोविड प्रोटोकाल का पालन करना होगा। गांवों में बाजार हाट में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य होगा।

### कल होगा मिशन शक्ति अभियान का समापन

**सीतापुर।** मिशन शक्ति अभियान का समापन रविवार सुबह 11 बजे होगा, मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया है जिसमें डीएम विशाल भारद्वाज बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे, वहीं पुलिस विभाग वांसतिक नवरात्र तक अभियान को चलाएगी।

# सीओ सिटी ने कराया सुरक्षा का एहसास


सीतापुर-पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते सीओ सिटी पीयूष सिंह

संवाददाता। सीतापुर

**दुर्गा अष्टमी** को लेकर शहर पुलिस सक्रिय रही। सीओ सिटी पीयूष सिंह पूरे दिन शहर का भ्रमण करते रहे। उन्होंने दलबल के साथ लालबाग चौराहे पर भी काफी वक्त दिया।

हरगांव नगर इकाई की प्रथम बैठक में

# जिला संगठन मंत्री श्यामली सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद हरगांव नगर इकाई की बैठक सूर्यकुंड तीर्थ पर संपन्न हुई जिसमें प्रमुख रुप से जिला संगठन मंत्री श्यामली सिंह मौजूद रही। जिला संगठन मंत्री की घोषणा के पश्चात हरगांव नगर इकाई की प्रथम बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद शैक्षिक जगत में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है इसको लेकर समय-समय पर विभिन्न कार्य योजना के माध्यम से समाज में जन जागरण करना हम सभी का कर्तव्य है वर्तमान समय में विद्यार्थी परिषद ऑनलाइन सदस्यता के माध्यम से छात्रों को जोड़ने का अभियान चला रहा है जिसमें हम सभी की शत-प्रतिशत भागीदारी रहे जिसे सीतापुर जनपद


हरगांव-बैठक के बाद मौजूद कार्यकर्ता

की अधिकतम सदस्यता हो। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष अमर सिंह राठौर नगर अध्यक्ष अंशु वर्मा नगर उपाध्यक्ष सत्य नारायण अवस्थी ने सामूहिक रूप से अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया बैठक में जिला सहसंयोजक आकाश अवस्थी, रितेश, जिला प्रमुख शिवा अवस्थी, तहसील सह संयोजक आशुतोष, नगर सह मंत्री प्रशांत सिंह ,उत्कल, गुलशन, जिला सह शोशल मीडिया प्रमुख गोपाल मिश्र ,अंकित, अंकुर सोनी, प्रियांशु, हर्ष, अभिरेन्द्र सिंह अभिषेक, शुभम गुप्ता, राजन, मोनू, विशाल, रामू, करण, सौरभ, मनजीत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने चलाया मिशन शक्ति अभियान, चिपकाए स्टीकर


सीतापुर-जागरूकता स्टीकर लगाते एआरटीओ डा. उदित बाजपेयी


सिधौली में स्टीकर लगाती पीटीओ शैहपर किदवई

संवाददाता। सीतापुर

**परिवहन विभाग** द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत सिधौली व सीतापुर में महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन जागरूकता हेतु विभिन्न वाहनो में स्टीकर चिपकाये गये साथ ही वाहन चालको, परिचालको तथा यात्रियो को इस सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डा. उदित नारायण द्वारा बताया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा शासना की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा यह हम सब की जिम्मेदारी भी है। नारी उत्थान में ही सबका उत्थान है। मॉ, बहन व बेटी का सम्मान करना ही हमारी संस्कृति की मूल पहचान है। सुरक्षित व स्वालम्बी नारी से ही परिवार, समाज व देष का सम्मान बढ़ता है। हमें कभी भी ऐसा कोई कार्य नही करना चाहिए जिससे महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा व सम्मान में क्षति पहुॅचे। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में महिलाओं एवं बालिकाओं की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि मॉ, पत्नी, बहन, बेटी द्वारा अपने बेटा, पति, भाई, पिता को यातायात नियमो के उल्लघंन हेतु रोका, टोका जाता है। तो निश्चित ही सड़क हादसो व घायलो, मृतको की संख्या में कमी आयेगी। यातायात नियमो का खुद पालन करके तथा दूसरो को भी इसके लिये प्रेरित करके महिलाओ एवं बालिकाओ के साथ साथ अन्य सभी को सुरक्षित बनाया जा सकता है। यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई ने 09 महिलाओ को हेलमेट प्रदान करते हुए बताया कि महिलाओ को भी दो पहिया वाहनों से चलते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा समस्त यातायात नियमो का पालन करना चाहिए। मिषन षक्ति के दृष्टिगत सिधौली एवं सीतापुर में ऑटो, टैम्पो, ई-रिक्शा उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम व प्राईवेट बसो में मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा एवं कोविड-19 जागरूकता के स्टीकर चिपकाये गये तथा रोडवेज डिपो सीतापुर, सिधौली, महमूदाबाद व मिश्रिख में ऑडियो व वीडियो के माध्यम से महिलाओ की सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सीतापुर प्रगति संस्थान ने भी अपना सहयोग दिया। अभियान में प्रवर्तन कर्मी आदित्य कुमार, कपूर गौंड, अजय कुमार, सुशील कुमार, राजीव कुमार, आदि भी मौजूद रहे।

# कुपोषित बच्चों के निदान को लेकर हुआ गहन मंथन


सीतापुर-बैठक करते सीडीओ संदीप कुमार

## सीडीओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

**कलेक्ट्रेट सभागार** में शनिवार को कुपोषित बच्चों की समस्याओं पर मंथन करके निदान तलाशे गए। सीडीओ संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला पोषण समिति अभियान की मासिक समीक्षा बैठक में नवीन पोशाहार वितरण प्रणाली, कार्यकत्री व सहायिकाओं की भर्ती, आंगन बाड़ी केन्द्रों के क्षमता उन्नयन आदि पर जोर दिया गया। ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट से मनीष शर्मा द्वारा बाल विवाह के संबंध में आंकड़ा दर्शाते हुए बाल विवाह उन्मूलन पर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम व बाल विवाह रोंकथाम हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की गई। बैठक में एसीएमओ डा. पीके सिंह, प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड सुनील कुमार त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र शर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# एक दिन की इंस्पेक्टर बनी छात्रा, सुनी फरियाद

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी





**शासन के** दिशा निर्देश पर महिला शक्ति मिशन के रुप मे आज साक्षी मेहरोत्रा एक दिन की प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी बनकर कोतवाली में आयी। सबसे पहले उन्होंने अपने कार्यालय में बैठकर सभी अधीनस्थों का परिचय प्राप्त किया। उसके उपरांत कार्यालय में बैठक कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया।

पायनियर के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि 1 दिन के कोतवाली प्रभारी बनने पर गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। आज मंत्री जी का नगर में कार्यक्रम है। सभी को अपनी अपनी ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिए गए है। वही कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी को नहीं करने बालो पर सख्ती के साथ निपटा जाऐगा। वहीं एक महिला फरियादी भी पहुंची जिसका तत्काल समस्या के समाधान का निर्देश दिऐ। वही 1 दिन के प्रभारी निरीक्षक साक्षी मेहरोत्रा ने हवालात सहित पूरी कोतवाली का निरीक्षण किया। इस भ्रमण कार्यक्रम में क्राइम इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश यादव। एसएसआई अमरनाथ रायए कस्बा इंचार्ज जगपाल सिंहए जयवीर सिहए आरक्षी निधि सिंह व नेहा यादव साथ रही।

मैलानी संवाददाता के अनुसार, शासन के निर्देश पर पर दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा मिट्ठी चोपडा पुत्री स्व अनिल कुमार चोपडा वार्ड नं 9 को दो घंटे के लिए मैलानी थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया जिसमे नवांगतुक थाना अध्यक्ष मिठठी चोपडा ने थाने मे महिला हेल्प डेस्क का व थाने मे उपस्थिति अभिलेखों व शास्त्रागार व भोजनालय कार्यालय कक्ष का निरिक्षण किया। साथ ही आये फरियादियो की समस्याएं सुनकर सम्बंधित पुलिस कर्मियों को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप निरिक्षक अजय कुमार मिश्र उप निरिक्षक विपिन कुमार सिंह उप निरिक्षक भूपेन्द्र सिंह व तमाम पुलिस कर्मियों व अरविंद मिश्रा राजेश सिह जगदम्बा प्रसाद सुनील कुमार चोपडा सुरेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

निघासन संवाददाता के अनुसार, मिशन शक्ति के तहत कोतवाली की अस्थायी कमान एक छात्रा को सौंपी गई। छात्रा ने कमान संभालने के बाद फरियादियों की फरियाद सुन त्वरित कार्यवाही करते हुए आदेशित किया तथा महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण भी किया। इसके अलावा पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल गस्त के दौरान एक चार पहिया वाहन का चालान भी किया। इस दौरान नायब तहसीलदार अरुण सोनकरए सीओ प्रदीप वर्माए कोतवाल डीके सिंह सहित समस्त स्टाफमौजूद रहा।

गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार, मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आठवें दिन पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना गोलाए मैलानी एवं भीरा में थाना प्रभारी का कार्य सांकेतिक रूप से विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं को सौपा गया। जिसमें छात्राओं ने कार्यभार ग्रहण कर मामले के निराकरण के लिए अधीनस्थों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रवीन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि महिलाओं को स्वाबलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल की गई है। इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी तथा वह अन्याय का सामना करने के लिए खुलकर सामने आएगी। थानाध्यक्ष बनी छात्राओं ने जन समस्याओं को सुना गया प्रार्थनापत्रो का अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित हल्का प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर सभी थानों के प्रभारी एवं स्टाफए गणमान्य नागरिक एवं मिडिया बन्धु उपस्थित रहे।

बेहजम संवाददाता के अनुसार, नीमगांव थाना क्षेत्र में आज मिशन शक्ति के तहत दो घंटे के लिए थाना प्रभारी बनाए जाने के बाद नवनियुक्त थाना प्रभारी ने थाने में आए हुए फरियादियों की फरियाद सुनते हुए उनके त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वही प्रभारी निरीक्षक पायल सिंह ने सर्वप्रथम अभिलेखागारए शस्त्रागार व मेस का निरीक्षण किया। बताते चलें 2 घंटे की थाना प्रभारी निरीक्षक पायल सिंह कस्बा नीम गांव की निवासी है। स्वर्गीय गंगा दीन शिक्षा निकेतन में कक्षा 7 की छात्रा है। इस मौके पर थाना कोतवाली स्टाफ सहित प्रभारी एसओ मिशन नारी शक्ति पायल सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंहए एसआई हीरा लाल रावत और एसआई अनेक पाल सिंह ने अपने उत्तर दायित्व का निर्वहन करते हुए नारी शक्ति का सम्मान कराया गया।

# किसानों के धान खरीदने में कोताही पर होगी जेल: डीएम



**लखीमपुर-खीरी।** शनिवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के साथ मोहम्मदी तहसील के कृषि उत्पादन मंडी समिति में स्थापित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानी। डीएम ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी किसानों का नियमानुसार सभी क्रय केंद्रों पर धान क्रय किया जाए। साथ ही किसानों को राजकीय धान क्रय केंद्रों पर धान क्रय करने हेतु एवं समर्थन मूल्य प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित एवं जागरूक किया जाए। किसानों के कल्याण के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। वहीं सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने वाले को जेल भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने धान विक्रय करने आए किसानों से एक एक कर बातचीत की। धान बेचने के दौरान किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हुई के संबंध में डीएम ने किसानों से जानकारी प्राप्त की। मंडी समिति में स्थापित धान क्रय केंद्रों के केंद्र प्रभारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप सभी पात्र किसानों का धान अनिवार्य रूप से क्रय करने हेतु निर्देशित किया। वहीं धान क्रय केंद्रों मे कम खरीद होने पर फटकार लगाई। धान खरीद में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार विकास धर दुबेए नायब तहसीलदार ज्ञान प्रताप मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बेटे की मौत, मां घायल

**फतेहपुर।** खागा कस्बा के सब्जी मण्डी के समीप शनिवार की सुबह मां के साथ निमंत्रण से लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे 28 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मां घायल हो गयी। जिसे हरदों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। असोथर कस्बा बाजार निवासी राम मनोहर का पुत्र राजकुमार अपनी मां मिथलेश देवी के साथ शुक्रवार की शाम निमंत्रण पर कौशाम्बी जनपद गया था। आज सुबह लौटते समय जैसे ही बाइक खागा कस्बा के सब्जी मण्डी के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे राजकुमार की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि उसकी मां बुरी तरह घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल महिला को उपचार के लिए हरदों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# मंत्री ने मोहम्मदी में किए कई उद्घाटन

- मां जानकी रसोई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना पत्रकारों से भी हुए रूबरू



**मोहम्मदी**-खीरी। प्रदेश सरकार के संसदीय कार्यए वित्त एवं स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री ने आज मोहम्मदी में नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए पार्कए चौराहा और अटल कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। वही रविदास पार्क और रविदास मूर्ति का अनावरणए कन्वेंशन सेंटर में मिशन शक्ति के रूप में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया। वहीं राम जानकी रसोई के माध्यम से जानकी एंबुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बापू वाटिका अशोक चौराहा का भी उद्घाटन कर कद्दावर मंत्री सुरेश कुमार खन्ना नगर पालिका परिषद पहुंचे जहां गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके उपरांत नगर पालिका परिषद में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में चौराहों और पार्कों का उद्घाटन किया है। उन्होंने बताया कि मेरे पास तीन मंत्रालय का भार है। सरकार ने जो जिम्मेदारी दी है उसका आप सभी के सहयोग से निर्वाहन कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना शुरू की जिसमे बेटी के जन्म से लेकर शादी तक की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वास्थ्य के बारे में बताया कि करौना महामारी में जिस तरीके से सरकार ने कम से कम समय में मरीजों को घर से अस्पताल पहुंचाया। सरकार की सक्रियता के चलते उत्तर प्रदेश में कम केस रहे। इस पर गंभीरता पूर्वक सरकार संवेदनशील होकर सतर्कता के साथ हर स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की गई। उत्तर प्रदेश में अभी तक 27 हजार मौतें हुई जो नहीं होनी चाहिए थीं लेकिन बड़े पैमाने पर कोरौना फैलने से रोकने में सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई भारत सरकार के सहयोग से अब प्रदेश में प्रतिदिन 55000 कोरोना के टेस्ट हो रहे हैं। अभी तक पूरे प्रदेश में एक करोड बीस लाख टेस्ट हो चुके हैं लेकिन हमें आपको जो सरकार की जो गाइडलाइन है उसका पालन करें। महामारी के चलते हआर्थिक संकट सरकार पर आ गया था। परंतु धीरे.धीरे सरकार पटरी पर अर्थव्यवस्था को ले आई है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दम्पति की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम अफोई के समीप शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के टिकारी गांव निवासी राम कुमार का 52 वर्षीय पुत्र लालचन्द्र अपनी 45 वर्षीय पत्नी इन्द्ररानी के साथ मोटरसाइकिल द्वारा निमंत्रण में कौशाम्बी जनपद गया था। बताते हैं कि देर शाम लौटते समय जैसे ही यह लोग सुल्तानपुर घोष थाने के अफोई गांव के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने सदर अस्पताल मार्च्युरी पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# विधायक आवास में 151 कन्याओं का पूजन, कराया भोज



संवाददाता। फतेहपुर

**आज सदर** विधायक आवास में लगभग 151 कन्याओं का पाद पूजन कर कन्या भोज कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ऐतिहासिक कन्या पूजन कार्यक्रम शक्ति पर्व सदर विधायक विक्रम सिंह ने नवदुर्गा के नव शक्तियों का आवाहन दलित वर्ग से आयी हुयी लगभग 151 कन्याओं के चरण पूजन कर अन्तर्वेद की प्रकृति शक्तियों का आवाहन कर सबसे सुख शान्ति की कामना की। अश्पृश्यता की मानसिक बीमारी से समाज को बचाने एवं मातृ शक्तियों के सम्मान की परम्परा जारी रखी। यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते रमन्ते तत्र देवता की लाइन को अक्षरशः उतारते हुये सदर विधायक ने आवाहन किया कि प्रत्येक कन्या को अपनी कन्या के समान ही आदर सम्मान देकर समाज को एक नयी दिशा दी जा सकती है जिस दिशा में समाज की सभी सृजनात्मक शक्तियों का जागरण सम्भव है।

उन्होनें इस अवसर पर सभी कन्याओं के चरण पूजन कर यज्ञ हवन कर माता के सभी स्वरूपों का आवाहन तथा इन कन्याओं को यथोसामर्थ्य भेंट देकर भोज करवाते हुये विदा किया तथा समाज में नारी शक्ति का सम्मान सुनिश्चित करने का आवाहन किया। शक्ति पर्व के नाम से सम्पन्न इस कार्यक्रम में लगभग 151 दलित कन्यायें शामिल हुयी और इस कार्यक्रम में प्रसन्नता से शामिल होकर अन्तर्वेद के गौरव गान की साक्षी बनीं। इस अवसर पर धन्नंजय द्विवेदी, फतेहपुर विकास मंच के डॉ0 देवेन्द्र श्रीवास्तव, बच्चा तिवारी, नगर अध्यक्ष जेपीसिंह फौजी, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, बाबुन सिंह, ज्ञानू सचान, अशोक तपस्वी, गायत्री सिंह जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, राजा सिंह, आनन्द मान सिंह, अभिषेक शुक्ला, राकेश मौर्य मण्डल अध्यक्ष हसवा, रितिक पाल, दीपक मौर्य, शिवम, रणधीर सिंह, शानू सिंह, सुनील राज पासवान, सोनू तिवारी, अमन सागर बाल्मीकि, अभिजीत भारती आदि मौजूद रहे।

# कायस्थ आश्रम में भगवान चित्रगुप्त मंदिर का हुआ भव्य शिलान्यास



फतेहपुर। कायस्थ आश्रम मुराइनटोला में भगवान चित्रगुप्त जी के मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव ने भाग लिया और मुख्य जजमान के रूप में हवन पूजन किया। इसके बाद सभी कायस्थ बंधुओं ने एक-एक ईंट रखकर शिलान्यास पूजन किया। वही कार्यक्रम में कायस्थ सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 तेज मानसिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया तो सचिव सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि सभी कायस्थ बंधुओं के सहयोग से भगवान चित्रगुप्त जी का मंदिर बनना है। जैसे ही मंदिर बनकर तैयार होता है। सभी कायस्थ बंधुओं के लिए एक उपयुक्त स्थान होगा और लोग भगवान चित्रगुप्त जी के दर्शन करके कुछ देर आश्रम में बैठकर सुकून महसूस करेंगे। इस अवसर पर कायस्थ मंच ट्रस्ट, चित्रांश महासभा, कायस्थ सभा ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही कायस्थ एकता का परिचय देकर जनपद में यह संदेश दिया कि कायस्थ एक होकर कोई भी कार्य कर सकता है। इस अवसर पर राकेश श्रीवास्तव, कायस्थ मंच ट्रस्ट के अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बीमार गायों का समय पर इलाज कराएं: संतोष शर्मा



संवाददाता। शाहजहांपुर

**नगर आयुक्त** संतोष शर्मा ने मधईटोला गौषाला एवं नंदीषाला का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान गौषाला एवं नंदीषाला में साफ- नगर सफाई का विषेश ध्यान दिये जाने के लिए निर्देष दिए । इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने गौशाला में मौजूद पशुओं को गुड़ -चना का भोज भी कराया

इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा गौषाला में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से वहॉ मच्छरो के प्रजनन की सम्भावना है। जिससे गाये एवं वहॉ काम कर कर कर्मचारी अस्वथ्य हो सकते है। इसके सम्बन्ध में नगर आयुक्त ने सहायक अभियन्ता( जल) )को आदेश दिया कि जल निकासी की व्यवस्था कराए तथा गायो को हरा एवं पौश्टिक भोजन दिया जाये। नगर आयुक्त ने गायो को माला पहनाया उन्हे गुड व चना खिलाया । इस मौके पर गौशाला में बीमार गायो के लिए चिकित्सक से इलाज कराने का फरमान सुनाया । निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस0 के0 सिंह ,सहायक नगर आयुक्त एवं सहायक अभियन्ता (जल) उपस्थित रहे।

# शाहजहांपुर के 23 थानों पर महिला हेल्प डेस्क एक्टिव



संवाददाता। शाहजहांपुर

**मिशन शक्ति** अभियान के तहत के जिले के 23 थानों पर महिला हेल्प डेस्क का षुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एस आनन्द की उपस्थिति में महिलाओं के द्वारा थाना सेहरामऊ दक्षिणी में महिला हेल्प डेस्क का फीता कटवाकर षुभारम्भ कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा है कि सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क के हो जाने से अब महिलाओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न होगी। अब महिलाएं अपनी समस्याएं महिला पुलिस कर्मी से बिना किसी संकोच के खुलकर बता सकेंगी। उन्होंने कहा है कि मुझे विष्वास है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हेतु हम अपनी सकारात्मक व सृजनात्मक सोच के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति व्यापक सुरक्षा और सम्मान का भाव जागृत करने में सफल होंगे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि हर थानें पर महिला हेल्प डेस्क हो जाने से अब महिलाओं के उत्पीड़न आदि की षिकायतें महिला हेल्प डेस्क पर सुनी जाएंगी। उन्होंने कहा है कि अब कोई भी पीड़ित महिला अपनी षिकायत सुगमता से महिला हेल्प डेस्क पर जाकर दर्ज करा सकेगी। उन्होंने कहा है कि थानें में महिला हेल्प डेस्क के साथ-साथ महिला आगंतुक कक्ष की भी स्थापना की गयी है। श्री एस आनन्द ने कहा है कि महिला हेल्प डेस्क का रंग गुलाबी इसलिए रखा गया है, ताकि अलग से दृष्टिमान हो की महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित षिकायत सुनने के लिए है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ कन्या पूजन



**शाहजहांपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार,एम. एस. डॉ. एम.पी. गंगवार, उप प्राचार्य डॉ. नीरा गोयल, कोविड सी.एम.एस डॉ. आर्य देश दीपक, सी.एम.एस महिला डॉ. अनिता दसमाना आदि संकाय सदस्यो की उपस्थिति में चिकित्सा महाविद्यालय के स्टाफ एवं स्वीपर क्लास के सभी लोगो की 10 वर्ष से कम की कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। जिसमें जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पूजा त्रिपाठी पांडेय के निर्देशन में सर्वप्रथम प्राचार्य,ध्एम.एस, उप-प्राचार्य, कोविड सी.एम.एस आदि ने कन्याओं के पैर धुलवाए। कन्याओं को आसान पर बैठाकर प्रसाद वितरित किया। प्राचार्य अभय कुमार ने सभी बालिकाओं को एकत्र कर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। उपहार स्वरूप सभी कन्याओं को स्कूल बैग जिसमें पेन्सल बॉक्स, कलर्ज, बुक्स, वोटर बॉटल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने जय माता दी के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## क्विक न्यूज

### बाघ ने ग्रामीण को बनाया निवाला

**निघासन-खीरी।** शनिवार को मवेशी चराने गए एक युवक पर बाघ ने हमला कर दियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला तिकुनियां कोतवाली क्षेत्र के मंझरा पूरब का है। मंझरा पूरब निवासी अवधेश यादव पुत्र बदलू शनिवार सुबह मवेशी चराने खेतों की तरफगया था। वहां घात लगाए बाघ ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिकए बाघ के हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ ही महीनों के अंतराल पर बाघ कई लोगों को अपना निशाना बना चुका है। इसी गांव के निवासी राम दुलारे ने बताया कि अवधेश अपने कुछ साथियों के साथ शनिवार सुबह मवेशी चराने खेतों की तरफगया था। अवधेश के साथ में उसके कुछ साथी भी थेए जिनके बीच से बाघ अवधेश को उठाकर जंगल की तरफले गया। उन्होंने बताया कि बाघ के हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी बाघ कई लोगों को अपना निशाना बना चुका है। कई लोगों को निशाना बनाने के बाद अब यह बाघ आदमखोर हो चुका है। स्थानीय लोग बताते हैं कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं तब वन विभाग के लोग आते हैं और ग्रामीणों को जंगल की तरफना जाने की सलाह देकर वापस चले जाते हैं। बाघ द्वारा लगातार हो रहे हमले और लोगों की चीख पुकार सुनकर भी वन विभाग की नींद ना खुलना तथा कोई पुख्ता इंतजाम ना किया जाना वन विभाग पर सवालियां निशान लगा रहा है।

### पराली जलाने पर तीन किसानों के खिलाफ मुकदमा

**बरेली।** सुप्रीम कोर्ट के मना करने के बाद भी पराली जलाने के मामले मे पुलिस ने तीन किसानो के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने ये कार्रवाई बरेली के खेतो मे जल रही पराली का वीडियो वायरल होने पर की। बहेड़ी और शीशगढ़ थाना क्षेत्र मे किसानो ने धान की कटाई करके पराली को खेतो मे जला दिया। पराली जलने से निकले धुएं से बढ़ते प्रदूषण को देख किसी ने इसका वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। खेत मे जल रही पराली के वीडियो को देखकर पुलिस हरकत मे आई। पुलिस ने वीडियो कहां का है इसकी जांच पड़ताल की। पुलिस की पड़ताल मे पराली जलाने वाले तीन किसान आरोपी पाए गए। पुलिस ने बताया कि बंजरिया क्षेत्र के गांव लालू नगला के मुख्तयार अली पुत्र अख्तर अली ने बीते दिनो अपने खेत मे धान की फसल उठाने के बाद पराली को खेत मे जलाया था, जिसका कुछ ग्रामीणो ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो की जांच कर चौकी इंचार्ज बंजरिया प्रदीप कुमार ने खेत मालिक के खिलाफवातावरण मे प्रदूषण फैलाने के आरोप मे मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके अलावा दो और किसानो के खिलाफपराली जलाने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

### वृद्ध महिला की नदी में डूब कर मौत

**बरेली।** गांव के पास से बह रही नदी में डूब कर एक वृद्धा की मौत हो गई। लोगों ने शव को नदी से निकाला। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव राम नगला निवासी 70 वर्षीय कौशल्या देवी पत्नी स्वर्गीय नत्थू लाल कि कल शाम गांव के पास से बहने वाली बहगुल नदी में डूबकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण कौशल्या देवी मानसिक रूप से कमजोर हो गई थी। कल शाम को वह बिना बताए घर से बाहर निकली थी। लोगों ने उन्हें बहगुल नदी के पास टहलते हुए देखा था। इसी दौरान वह नदी में गिर गई। पास के खेतों में काम कर रहे लोगों में उन्हें पानी में डूबते हुए देख लिया लोगों ने शोर मचा दिया। मौके पर मौजूद गांव के कुछ लोग नदी में कूद पड़े और लगभग आधा घंटे बाद लोगों ने कौशल्या देवी की लाश को नदी से निकाल लिया। घटना की सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंच गये। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका के कोई भी बच्चा नहीं था। उसके पति की कई साल पहले ही मौत हो चुकी थी।

### जिला अस्पताल में भर्ती सफाईकर्मी की मौत

**बरेली।** लगभग 15 दिनों से अस्पताल में भर्ती नगर निगम के सफाई कर्मचारी की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कोतवाली थाना क्षेत्र में सिविल लाइंस निवासी 55 वर्षीय गोपाल पुत्र रामभरोसे कि बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के घरवालों ने बताया कि गोपाल अविवाहित था और नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद पर काम करता था। लगभग 15 दिन पूर्व उसके पैर में चोट लग गई। घर वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान बीती रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था।

### पुलिस ने टॉप 10 हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस.आनन्द के ड्राइव अरेस्टिंग क्रिमनल्स के तहत अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस ने रात्रि में चौकिंग के दौरान व रोकथाम अपराध जरिये मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम साथ जिले के टाप 10 अपराधी इमरान उर्फडेविड पुत्र इम्तियाज निवासी महमंद जलालनगर को सुभाष नगर तिहारे से गिरफ्तार किया । पुलिस ने अभियुक्त के पास एक देशी बन्दूक व 12 बोर 2 कारतूस जिन्दा 12 बोर बरामद किये गये। जिसके संबंध में थाना सदर बाजार परशस्त्र अधि. पंजीकृत किया गया है। अपराधी की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश द्वारा लूट हत्या आदि कई घटनाओं को दे चूका है उसके विरूद्ध एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है गैंगस्टर एक्ट व गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की जा चुकी है।

### एसएस कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली




**शाहजहांपुर।** एस एस कालेज की एन सी सी यूनिट ने रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। रैली निकालने से पूर्व केयरटेकर डॉक्टर आलोक कुमार सिंह ने कैडेटों को महिलाओं के प्रति सरकार की ओर से चलाई गई विशेष सुरक्षा योजना डायल-181, 112, 1090, समेत पाक्सो, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, महिला सुरक्षा आदि के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ सिंह ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध है, महिला अबला नहीं सबला है। महिला सिर्फजननी ही नहीं बल्कि समाज की पालनहार है। रैली को संबोधित करते हुए डॉ अजीत सिंह चारक ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, किशोरी, शिक्षा, सुरक्षा, गुड टच-बैड टच पर विस्तार से प्रकाश डाला जबकि डॉ प्रांजल शाही ने केडेटो को नारी सम्मान के लिए उन्हें शपथ दिलाई गई। सीनियर अंडर ऑफिसर तन्मय तिवारी के नेतृत्व में 150 कैडेटों का दल रैली को कालेज गेट से नवादा इंदेपुर, बरेली मोड़ होते हुए जिला अस्पताल के गेट पर पहुंच कर एन सी सी व एन एस एस के कैडेटों ने नुक्कड़ नाटिका के द्वारा लोगो को महिला सम्मान हेतू जागरूक किया। इस कार्यक्रम में शमिश्ठा, प्राची, प्रिंसी,सबा बी, हर्षा, प्रियंका, मोनिका, आयुष, प्रिया मौर्या, शिवजीत मिश्रा, पुनीत, पंकज संध्या व दिव्यांशी का विशेष योगदान रहा।

### अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान चार लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर बैजानी निवासी बदलू का 32 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र उर्फअंकुश गांव के ही विमलेश पुत्र केदार 30 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से आज दोपहर किसी काम से जा रहा था। जैसे ही बाइक बैरमपुर तेलियानी के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गये। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के मुराइनटोला मुहल्ला निवासी रफीक का 35 वर्षीय पुत्र शाहनवाज आज दोपहर मोटरसाइकिल से हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह पिलखिनी मोड़ के समीप पहुंचा तभी इसी थाना क्षेत्र के अचाकापुर गांव निवासी रामचन्द्र के 30 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार बाइक लेकर आ रहा था। तभी दोनों में भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों घायल हो गये। मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने जितेन्द्र उर्फ अंकुश की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

# अब डेंगू की दस्तक से हाहाकार

- पुलिस चौकी और रेलवे तालाब उगल रहा भरथना में डेंगू मच्छर
- डेंगू रोग से भरथना में तीन लोगों की हो चुकी अकाल मौत
- मुस्लिम बस्ती अनवरगंज में आधा दर्जन से अधिक मरीज मिले



संवाददाता। भर्थना

**यूं तो** भरथना नगर क्षेत्र बीते कई माह से कोरोना वायरस की दहशत में जीने को मजबूर बना हुआ था। इसी बीच नगर क्षेत्र में भीषण गन्दगी से उत्पन्न होने बाले डेंगू रोग की दशतक ने भरथना के वाशिंदों को दहशत के बीच बुरी तरह झकझोर कर रख दिया है। पालिका प्रशासन ने नगर के नाला नालियों में कीचड़ युक्त ठहरे पानी व नगर की बीचों बीच विभिन्न जगहों पर लगाये जाने बाले कूड़े के ठेर डेंगू आदि खूंखार मच्छरों को जन्म देकर नगर को भयंकर बीमारी की चोइट में पहुँचा दिया है। वहीं भरथना रेलवे स्टेशन का तालाब व नगर की खण्डरनुमा पुलिस चौकी जो भयंकर गन्दगी का केन्द्र बने हुए है। यहाँ से उत्पादित डेंगू व अन्य खूंखार मच्छरों ने निकट स्थित प्रमुख मुस्लिम बस्ती अनवरगंज को अपनी चपेट में लेलिया है।

वार्ड सभासद निहालुद्दीन के अनुसार अनवरगंज बस्ती में डेंगू रोग ने प्रवेश कर लिया है। जिसकी चपेट में आकर बस्ती के एक दर्जन से अधिक महिला पुरुष व बच्चे गम्भीर बुखार की चपेट में आकर इधर उधर इलाज ले रहे है। जबकि बस्ती के आधा दर्जन लोगों को डेंगू मच्छर ने अपने डंक के घातक हमला से गम्भीर कर दिया है। जिसमें प्रमुख रूप से संजीदा बेगम 40 बर्ष पत्नी जमालुद्दीन आशिफ 20 बर्ष पुत्र जमालुद्दीन व कु0साजिया 17 बर्ष पुत्री मिन्टूअलीएसदफ 14 बर्ष पुत्री तौफीक आदि के अलावा कई अन्य लोग डेंगू रोग की चपेट में आ चुके है। जिनका इलाज मुख्यालय के जेके हॉस्पिटल व डॉक्टर के0के0शर्मा के चिकित्सालय के अलावा विभिन्न स्थानों के चिकित्साकय में डेंगू रोग का इलाज करा रहे है। आपको बतादें भरथना नगर में बीते तीन दिनों में डेंगू रोग की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही विभिन्न मोहलों में कई लोग डेंगू रोग की गिरफ्त में आ चुके है। जिन्हें उच्च इलाज के लिए गम्भीर हालत में जनपद के वाहर आगरा व कानपुर लेजाया गया है। अनवरगंज वार्ड के सभासद निहालुद्दीन ने स्थानीय व रेल प्रशासन से गन्दगी का अम्बार बनी खण्डर पुलिस चौकी व रेलवे तालाब की साफसफाई कराकर एंटी लार्वा दवाई का लगातार छिड़काव कराये जाने की मांग की है। ताकि भरथना में कोरोना वायरस की तर्ज पर डेंगू के कहर से आम जनमानस को बचाया जा सके।

## बुखार से ग्रामीण की जान गई, कई बीमार

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलेपुर गांव में बुखार के चलते एक ग्रामीण की मौत हो गई। गांव में कई लोग बीमार हैं। स्वास्थ्य टीम अब तक नहीं पहुंची है। इसके चलते बीमार निजी स्तर से इलाज कराने को मजबूर हो रहे हैं। अलेपुर गांव निवासी रामलखन चार दिन से बीमार थे। उन्हें मलेरिया और टायफइड की शिकायत थी। पहले परिजनों ने शहर में इलाज कराया जब राहत नहीं मिली तो उन्हें इलाज के लिए दो दिन पहले आगरा ले गए। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को रामलखन की मौत हो गई। इस पर परिजन रात में शव लेकर घर आ गए। शनिवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

परिजनों ने बताया कि आगरा में इलाज के दौरान रामलखन को डेंगू बताया गया था। डेंगू के चलते मौत हुई है। मां रामश्रीए पत्नी सीमा देवीए भाई दीपकए मोहितए ह्यह्यह्यप्रभातए का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं। इसमें एक बेटी प्रांजलि और दूसरा तीन साल का आर्यन है। वहीं दूसरी ओर गांव मे आधा दर्जन से अधिक लोग बीमार हैं। इसमें हिमांशु, रामप्यारी, सत्यदेव, महेश, रामप्रकाश, विमलेश, लवकुमार, शुभनेश आदि हैं। कोई कस्बे में इलाज करा रहा है तो कोई शहर में इलाज कराने के लिए बीमारों को ले गया है। स्वास्थ्य टीम के न पहुंचने से यहां लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द स्वास्थ्य टीम भेजी जाए जिससे कि जो लोग बीमार हैं उन्हें इलाज मिल सके।

## क्विक न्यूज

### थानाध्यक्ष की भावभीनी विदाई

**ताखा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने थाना उसराहार के थाना अध्यक्ष सतीश चंद्र यादव का ट्रांसफर थाना सैफई के लिए कर दिया है आज पूरी पुलिस टीम ने सतीश चंद्र यादव को माला पहनाकर मिठाई खिलाकर थाना ऊसराहार से विदा किया। सतीश चंद्र यादव का कार्यकाल लगभग साढे 3 महीने रहा लोगों का कहना है ऐसे अफसरों को जिन्होंने क्राइम पर कंट्रोल किया है सट्टा को बिल्कुल थाना उसराहार के क्षेत्र में बैन कर दिया। ऐसे अफसरों का इतनी जल्दी ट्रांसफर अच्छा नहीं है। उन्हें यहां और सेवा का अवसर मिलना चाहिए था सतीश चंद यादव विदाई समारोह कार्यक्रम में भावुक नजर आए उन को विदा करने वालों में सत्य प्रकाश यादव कस्बा इंचार्ज उसराहार उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव उप निरीक्षक आफताब अली एसआई मोहन वीर सिंह और समस्त पुलिस पार्टी कस्बा उसराहार के संभ्रांत व्यक्तियों सहित मौजूद रहे।

### छप्पर में लगी भीषण आग, गांव में मचा हड़कंप

**चकरनगर।** तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव बदनपुरा में देर शांम छप्पर में भीषण आग लग गयी। आग की लपटों को देखकर गांव में अफरा.तफरी मच गयी। ग्रामीणों ने घंटों की मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक छप्पर सहित अन्य सामान राख के ढ़ेर में तब्दील हो गया। बदनपुरा गांव निवासी धरम सिंह पुत्र नाथू सिंह राजावत के छप्पर में गुरुवार देर शांम करीब आठ बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटों को देखकर ग्रामीणों में अफरा.तफरी मच गयी। तदोपरांत घंटो की कड़ी मसक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया। तब तक छप्पर राख के ढ़ेर में तब्दील हो गया। वहीं समीप में खड़े थ्री व्हीलर की पन्नी और लाइट भी झुलस गई। इस दौरान समीप में बंधे पशु भी ग्रामीणों के सहयोग के बाद बचाये गये। उक्त आग की घटना में कारण का पता नहीं लग सका। सूचना पर पहुंचे ग्राम लेखपाल ध्रुव तिवारी ने उक्त घटना का जायजा लेते हुए शासन को रिपोर्ट भेजकर हर संभव किसान को मदद का अश्वासन दिया है।

### शिकायत निस्तारण में सहयोग न करने वालों के खिलाफ होगा मुकदमा

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** शनिवार को समाधान दिवस के चलते थाना राजेपुर और अमृतपुर डीएम मानवेन्द्र कुमार सिंह और एसपी डॉ. अनिल कुमार मिश्रा नें फरियादियों की समस्याओं को सुना कार्यवाही के निर्देश दियें। राजेपुर थाने में डीएम-एसपी नें समस्या सुनने के दौरान उन्होंने थानाध्यक्षों, कानून-गो व लेखपालों को निर्देशित किया कि बार-बार कब्जा करने वालों पर तत्काल विधिक कार्यवाही की जायें। उन्होंने कहा कि विवादित चकमार्गों की पैमाइश कर व मिट्टी लडवाकर कायम कराया जायें । उन्होंने कहा कि थाना दिवस में आयी शिकायतों में पुलिस व राजस्व टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर शिकायत का निस्तारण करें शिकायत के निस्तारण में सहयोग ना करने वालों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया जायें। राजेपुर थाने में तहसील दिवस में लेखपालों को निर्देश दिये गये की ग्राम समाज की भूमि पर गेंहू नही बोया जायें। सीओ अमृतपुर राजवीर सिंह, थानाध्यक्ष अमृतपपुर जसबंत सिंह, राजेपुर थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार आदि रहें।

### ट्रैक्टर की टक्कर से मौत

**इटावा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क के किनारे खड़े 45 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र राजाराम को तेज आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दीए जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पैरोल पर आए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**चकरनगर।** भरेह थाना क्षेत्र के गांव पथर्रा में पैरोल पर आए युवक ने शुक्रवार को किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किचन में शव लटकता देखकर वृद्ध माता पिता के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पथर्रा निवासी पंकज 30 पुत्र दीवान सिंह सेंगर ने शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे किचन के कुंडे में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पुत्र का शव फांसी के फंदे पर लटकता देख कर वृद्ध माता.पिता के होश उड़ गए। चीख.पुकार सुनकर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि उपरोक्त युवक ने जनवरी माह में छोटे पुत्र उदयवीर सिंह सेंगर को कुल्हाड़ी से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें उक्त घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। उक्त मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। जिसे पैरोल पर छोड़ा गया था।

### बेटी के कंगन उतारने से रोका तो कर दी मारपीट

**फर्रुखाबाद।** शराब पीने के लिए बेटी के कंगन उतारने से रोका तो गुस्साए पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। परेशान होकर पत्नी ने पति के खिलाफपुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने इसमें कार्रवाई का भरोसा दिया है। थाना क्षेत्र के पैलानी दक्षिण गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बीस साल पहले शादी हुई है। छोटे बच्चे हैं। पति शराब पीने के आदी हैं। आए दिन शराब पीने के लिए वह रुपए मांगते है। न देने पर मारपीट करते हैं। रात में पति तीन वर्षीय पुत्री के हाथ के कंगन उतार रहे थे। जब उन्हें देखा गया। मना किया गया तो वह नहीं माने और मारपीट कर दी। महिला ने रोते हुए पुलिस से कहा कि इसमें पति के खिलाफकार्रवाई की जाए जिससे कि उसे न्याय मिल सके। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### सट्टे में हुई गिरफ्तारी, कोतवाली से जमानत देकर किया रिहा

**फर्रुखाबाद।** एआरटीओ आफिस के नजदीक से शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को रेलवे रोड निवासी अचल सिंह को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी सट्टे में होना बताई है। 4 लाख 99 हजार 450 रुपए की नगदी के साथ सट्टा सामग्री, पर्चियां, नोट बुक, एक मोबाइल भी बरामद किया है। इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। शनिवार को अचल सिंह को कोतवाली से जमानत देकर रिहा किया गया। शहर कोतवाल वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि दरोगा रामकेश, रविंद्र कुमार के साथ अचल सिंह उर्फ योगी पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी रेलवे रोड को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इटावा बरेली हाईवे पर एआरटीओ आफिस की तरफसेंट्रल जेल चौराहे के नजदीक से आरोपित अचल सिंह को सट्टा सामग्री सहित गिरफ्तार किया गया है। इसका कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। अचल सिंह से जो जानकारी मिली है उस आधार पर अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। टिन्नी की भी इस मामले में तलाश है। जो कमालगंज का रहने वाला है।

### गंदगी के चलते फैल रहे संक्रामक रोग

**फर्रुखाबाद।** मुरैठी गांव में बीमारों को देखने के लिए स्वास्थ्य टीम पहुंची। बीमारों को देखकर दवा दी और उनके सैंपल लिए गए। गांव में भीषण गंदगी को देखते हुए साफसफाई पर जोर दिया गया। कहा गया कि गंदगी से लोग दूर रहें। डॉशिशिर, एलटी लोकेंद्र, आशा पुष्पा, प्रेमलता आदि के साथ स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची। जैसे ही ग्रामीणों को पता चला कि स्वास्थ्य टीम आ गई है तो बीमार लोग अपना चेकअप कराने के लिए निकल आए। इसमें बड़े और बच्चे भी शामिल थे। इस बीच यहां बीस मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चार ग्रामीण बुखार से पीड़ित मिले। इस पर स्वास्थ्य टीम ने चारो का सैंपल लिया। वहीं अन्य ग्रामीण खांसीए जुकामए खुजली से घिरे हुए थे। ऐसे बीमार लोगों को सीएचसी आने के लिए कह दिया गया। डॉशिशिर ने बताया कि गांव में भीषण गंदगी फैली है। साफसफाई की स्थिति बहुत ज्यादा खराब है इसलिए यहां लोग बीमार हो रहे हैं। इसीलिए संक्रामक रोग फैल रहे हैं। उन्होंने साफसफाई पर जोर दिया। कहा कि साफसफाई कराई जाए। इसमें कोई लापरवाही न हो। उन्होंने ग्रामीणों से पानी को लेकर भी कहा। पानी को उबालकर पिएं जिससे कि जो लोग बीमार हैं उन्हें जल्द राहत मिलेगी।

### अर्न्तराष्ट्रीय खिलाडी माया को आईजी ने किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** नारियों को उचित सम्मान देने के लिये नवरात्र पर्व पर विभिन्न आयोजन किये गये। शुक्रवार को महिला डेस्क के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में आईजी मोहित अग्रवाल ने अर्न्तराष्ट्रीय ग्रेपलिंग खिलाडी महिला कोरी को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एडीजी जयनारायण सिंह, कमिश्नर, डीएम, एसपी, सीओ, सॉसद भोले सिंह, विधायक प्रतिभा शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान मौजूद रहे थे।

### सैकड़ों युवाओं ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

**अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव एवं विधानसभा प्रभारी अकबरपुर संध्या राजभर के नेतृत्व व अमर सैनी विधानसभा उपाध्यक्ष अकबरपुर की अध्यक्षता में सिकंदरपुर में तेजतर्रार युवा नेता अविनाश राजभर की उपस्थिति में सैकड़ों साथियों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं में कपिल गुप्ता, पार्थिव चौधरी, नीलेश पटेल, अभय पाठक, अमित राजभर, बलजीत राजभर, अमित कनौजिया, शिवम सिंह, सौरभ सिंह, अंकित उपाध्याय, दानिश खान, अंगद, बलजीत, सुनील, अमरजीत, अरविंद, आदि उपस्थित रहे। पार्टी में शामिल हुए साथियों ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में जो काम कर दिखाया है वह अभी तक किसी भी सरकार ने नहीं किया। पूरी दुनिया में दिल्ली मॉडल की चर्चा हो रही है । चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी,रोजगार, इन सब को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। युवाओं ने कहा कि संजय सिंह उत्तर प्रदेश में सभी जगह जाकर सभी पीड़ित वर्गों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।युवा नेता अविनाश राजभर ने कहा की भ्रष्ट सिस्टम को खत्म करना है तो दिल्ली मॉडल उत्तर प्रदेश में भी लाना है। इसके लिए हम सब दिन रात मेहनत करेंगे।सभी युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ कहा।उत्तर प्रदेश में इस बार।आम आदमी पार्टी की सरकार।

## चोरी की घटना का खुलासा तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के ऊंचगांव चौकी से महज 200 मीटर दूरी स्थित कुशवाहा एटूजेड टेलीकॉम में चोरों ने 17 अक्टूबर को दुकान में पीछे के रास्ते से सेंध लगाकर 26 मोबाइल सेट, एक लैपटॉप, 19 ब्लूटूथ, 14 हेडफोन, 27 चश्मा, मोबाइल चार्जर, मोबाइल बैट्री व अन्य मोबाइल के उपकरण सहित लाखों की नकदी पार कर दी थी। जिसकी सूचना दुकान स्वामी सतीश कुशवाहा निवासी दुर्जनपुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो के आधार पर थाना पुलिस ने तेजी से तहकीकात करते हुए रायबरेली जनपद के भइया खेड़ा मजरा उसरू थाना सरेनी निवासी मोहित पुत्र राजेंद्र, सतेंद्र पुत्र राजकुमार, अंकुर पुत्र राजेंद्र को मय चोरी किये हुए सामान के साथ नारायनपुर तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों पर पूर्व में भी रायबरेली के थाना सरेनी जनपद में नकबजनी के दो मुकदमें पंजीकृत हैं।

### लाखों का सामान बीन ले गए चोर

**औरास।** क्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव के मजरा नई बस्ती निवासिनी रजनी पत्नी स्व. पुत्ती लाल ने थाने में तहरीर दे आरोप लगाया कि उसका लडका नीरज गैर प्रांत में प्राइवेट नौकरी करता है। घर वह और उसकी बहू राधा रहती है। शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से चढ कर घर में घुसकर नीचे कमरे में घुसकर अलमारी का व बक्से का ताला तोड़ डेढ़ लाख से अधिक के जेवरात उसके बेटी व बहू के चोरी हो गये। पीड़िता ने शनिवार को पीआरवी व औरास पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राज बहादुर ने घटना की जांच की। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने के बाद कार्यवाई की जायेगी।

## नेटवर्क की खराबी के कारण ऑनलाइन शिक्षा पर लगा ग्रहण

**अंबेडकरनगर।** जिले का शहरी क्षेत्र हो अथवा ग्रामीण क्षेत्र, हर जगह मोबाइल नेटवर्क उपभोक्ताओं को रूला रहा है। ऐसी कोई भी कम्पनी नही जिसके मोबाइल नेटवर्क से उपभोक्ता संतुष्ट होते प्रतीत हो रहे हों। मोबाइल कम्पनियां द्वारा उपभोक्ताओं से 4 जी नेटवर्क का शुल्क वसूला जा रहा है लेकिन नेट की स्पीड टूजी व 3जी से ज्यादा नही मिल पाती है। इससे एक तरह जहां ट्राई के दिशा निर्देशों का माखौल उड़ाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को भी चूना लग रहा है। कोरोना संक्रमण काल में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आनलाइन शिक्षा की व्यवस्था पूरी तरह नेट पर आधारित है लेकिन नेटवर्क की खराबी के कारण स्कूल संचालकों के परिश्रम का लाभ छात्रों को नही मिल पा रहा है। ग्रामीणांचलों में संचालित जनसेवा केन्द्रों पर भी नेटवर्क की खराबी का असर देखा जाता है। कटेहरी विकास खण्ड के कई गांवो में वाई –फाई लगने के बाद भी उसका कनेक्शन चालू नही किया जा सका। क्षेत्र के हैदराबाद भिउरा गांव में लगा वाई –फाई कनेक्शन सरकार की मंशा को आइना दिखा रहा है। ठेकेदारों की मनमानी के कारण सरकार की मंशा सफल नही हो पा रही है।

## सातनपुर मंडी में धान की खरीद न होने पर किसानों का हंगामा

**फर्रुखाबाद।** सातनपुर मंडी में धान खरीद केंद्र बनाए गए हैं। किसानों ने धान की खरीद जानबूझकर न किए जाने का आरोप जड़कर यहां हंगामा किया। सिटी मजिस्ट्रेट के सामने केंद्र प्रभारी पर आरोप जड़े गए। सिटी मजिस्ट्रेट ने व्यवस्थाएं सुधारे जाने के निर्देश दिए। काफी देर तक उन्होंने यहां रुककर व्यवस्थाओं को परखा। कहा कि किसानों का धान समय से लिया जाए। उन्हें परेशान न किया जाए। यदि क्वालिटी को लेकर कोई दिक्कत है तो उनके सामने पूरी स्थिति साफ की जाए।

मंडी में दोपहर में सिटी मजिस्ट्रेट अशोक कुमार पहुंचे। यहां पर कुछ किसानों ने कहा कि धान की खरीद नहीं की जा रही है। धान लेकर जब सेंटर पर जा रहे हैं तो कहा जा रहा है कि क्वालिटी सही नहीं है। इससे उन्हें कम दामों में धान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने केंद्र प्रभारी पर आरोप जड़ा कि वह जानबूझकर परेशान कर रहे हैं और मोटा पतला धान बता रहे हैं। रानीगढ़ निवासी संजीव कुमार ने सिटी मजिस्ट्रेट को बताया कि उनका 39 पैकेट धान नहीं खरीदा जा रहा है। दो दिन से वह आ रहे हैं और केंद्र प्रभारी उन्हें टरका रहे हैं।

चौकी महमदपुर के उमेश चंद्र अपनी भाभी के साथ यहां आए थे। कहा कि लगातार वह धान के लिए दौड़ रहे हैं। यहां कहा जा रहा है कि बैंक का खाता गलत है। जबकि हम इसी खाते पर गेहूं बेचकर भुगतान ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह चार दिन से परेशान हो रहे हैं। इस बीच केंद्र प्रभारी ने कहा कि ज्वाइंट खाता है इसमें पहले नाम पति का आ रहा है। खतौनी में इन लोगों के नाम हैं। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि ज्वाइंट खाता है तो भुगतान तो हो ही जाएगा। इनका धान खरीदिए और भुगतान की व्यवस्था कीजिए।

सिटी मजिस्ट्रेट ने किसानों को भरोसा दिया कि उनका जो भी धान है वह यहां खरीदा जाएगा। जो क्वालिटी को लेकर दिक्कत होगी उसमें पूरी स्थिति साफ होगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि धान खरीद केंद्र की स्थिति ठीक नहीं है। पूरी रिपोर्ट डीएम को दी जाएगी। यहां किसान परेशान हो रहा है।

## एसपी ने अकबरपुर व रूरा थाने में सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**कानपुर देहात।** एसपी केशव कुमार चौधरी ने शनिवार को थाने पर आयोजित किये गये सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना, एसपी ने अधीनस्थों को शीघ्रता व गुणवत्तापूर्वक शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये। रूरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में व्यापार मण्डल के मोनू गुप्ता, छोटे मिश्रा, नीरज शुक्ला, श्यामजी वैश्य ने निर्माणाधीन ओवरब्रिज के लिये खोदे जा रहे गडढों की बेरीकेटिंग की मॉग की, रामलीला कमेटी के दिलीप सिंह मुन्ना, रामऔतार दीक्षित, सीताराम पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने रावण पुतला दहन स्थल पर अवैध कब्जा की शिकायत की जिस पर एसपी ने सीओ व एसडीएम को मौके पर भेजकर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये। रूरा थाने में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसपी केशव कुमार चौधरी, सदर एसडीएम आनन्द कुमार सिंह, सीओ सॅदीप सिंह, रूरा एसओ विद्यासागर सिंह सहित राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मचारी सहित फरियादी मौजूद रहे। अकबरपुर कोतवाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी ने समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये इस मौके पर अकबरपुर कोतवाल तुलसीराम पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम व सीओ के आश्वासन पर कमेटी रामलीला कराने पर राजी



एसडीएम व सीओ से वार्ता करते रामलीला कमेटी के पदाधिकारी

**रूरा, कानपुर देहात।** एसडीएम व सीओ के आश्वासन पर आयोजक कमेटी रामलीला का मॅचन करने को तैयार हो गयी। आयोजकों ने कुम्भकर्ण वध, रावध वध व सिंह व सीओ सॅदीप सिंह से कमेटी ने शिकायत की, जिस पर मौके पर राजतिलक की लीला आयोजित किये जाने का आश्वासन दिया।

रूरा के रामलीला मैदान में विगत 70 वर्षों से मित्रमण्डल व रामलीला कमेटी द्वारा भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की विभिन्न लीलाओं का मॅचन किया जा रहा था। पिछले वर्ष भी रावण दहन के स्थल पर विवाद हुआ था जिसके चलते निर्वतमान थाना प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था, आयोजकों ने अबकी बार भी रावण दहन के स्थल पर अवैध कब्जा न हटाने पर आयोजन न करने की धमकी दी थी। शनिवार को समाधान दिवस पर रूरा थाने आये एसडीएम सदर आनन्द कुमार पहुॅचे दोनों अधिकारियों ने 15 दिन के भीतर रावण दहन स्थल पर पैमायश करवाकर पक्का चबूतरा के निर्माण का आश्वासन दिया, एसडीएम ने इस मौके पर दान स्वरूप समिति के 2 हजार रूपये भी प्रदान किये। आयोजन समिति ने बताया कि पहले से कोई तैयारी नहीं हो पायी है फिर भी कोरोना गाइंड लाइन का पालन करते हुये कुम्भकर्ण, रावण बध व राजतिलक की लीलाओं का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर दिलीप मुन्ना, सीताराम पाण्डेय, रामऔतार दीक्षित, छुन्ना तिवारी, विवेक पाण्डेय, सभासद नवनीत शुक्ला, दीपक दीक्षित सहित अन्य लोगों ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### दूसरे गुट के रामलीला कराने पर अड़ने पर सक्रिय हुये अधिकारी

- डीएम के आदेश को अधीनस्थों ने नहीं माना: घनश्याम उपाध्यक्ष

**कानपुर देहात।** आयोजन समिति के अध्यक्ष द्वारा रामलीला के मॅचन से मना करने पर दूसरा गुट हरकत में आया तथा डीएम को प्रार्थना पत्र देकर इस परम्परागत धार्मिक आयोजन को हर हाल में करवाने के लिये गुहार लगायी। जिस पर डीएम ने एसडीएम व सीओ के मौके पर जाकर दोनों पक्षों से वार्ता कर मामले के निस्तारण व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने का आदेश जारी किया। उपाध्यक्ष घनश्याम जादौन ने बताया कि धार्मिक आस्था के चलते इस कार्यक्रम को कराये जाने के लिये डीएम से निवेदन किया गया था जिस पर डीएम ने दोनों पक्षो से वार्ता कर विवाद के निस्तारण का निर्देश दिया था। शनिवार को ही रामलीला मैदान में पहुॅचे एसडीएम व सीओ ने मुझसे किसी भी प्रकार की कोई वार्ता न कर डीएम के आदेश का उल्लॅघन किया है। मुझसे बिना बात किये आयोजन कराया जाना अन्यायपूर्ण तथा उच्चाधिकारियों के आदेश का खुला उल्लॅघन है।

## फर्रुखाबाद में फिर शुरू हुआ अवैध खनन, सिस्टम हुआ फेल

**फर्रुखाबाद।** जिले में अवैध खनन का कारोबार तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। अवैध कारोबारी मिट्टी और बालू के नाम पर अपनी जेब भर रहे हैं। कहीं रात के अंधेरे में तो कहीं दिन के उजाले में यह खेल फल फूल रहा है। बड़े पैमाने पर चल रहे इस खेल को लेकर जिम्मेदार सब जानते हैं लेकिन कार्रवाई के बजाय सभी नजरें फेरे रहते हैं। खास बात यह है मिट्टी का खनन करने से लेकर उसे ठिकाने तक पहुंचाने में अवैध कारोबारी नियमों को अपने सिस्टम के जरिए फेल कर देते हैं। पुलिसकर्मी दबी जुबान इस खेल के फलने फूलने की बात स्वीकार भी करते हैं।

इस समय खनन का काला कारोबार चरम पर हैं लेकिन इसके बाद भी जब खबर प्रकाशित की जाती है तो अफसर अपनी साख बचाने के लिए दो चार का चालान काटते है लेकिन बाद में वही ट्रैक्टर, जेसीबी और डम्पर अपने टायरों तले सरकार के फरमान को रौंदने का काम शुरू कर देते हैं बीते दिनों से नेकपुर कला में एक पुराने तालाब में डम्पर से मिट्टी डालने की रफ्तार तेज हैं पूरे क्षेत्र को पता है कि आखिर खनन कहाँ से और किस तरह से अबैध रूप से हो रहा है केबल जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी बखूबी चुप रहकर निभा रहें हैं पता चला है कि काफी दिनों से गांव की जमीनों को अवैध रूप से खोखला किया जा रहा है। गांव के ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो उनकी ही जान पर बनी रहती है। कई स्थानों पर खाकी, खादी के गठजोड़ से अवैध खनन किया जा रहा है। वैसे अवैध खनन के यह मामले एक बानगी मात्र है हकीकत में इस प्रकार का अवैध धंधा जिले के दर्जनों स्थानों पर बेखौफतरीके से चल रहा है। शायद यही कारण है कि बेधड़क चलने वाले अवैध खनन को रोकने के नाम पर एक दो धर पकड़ की औपचारिकता मात्र की जाती है।

### रात के अंधेरे में होता खनन

जानकार सूत्रों की मानी जाए तो अवैध कारोबारी इसके लिए चिह्नित स्थान पर रात के अंधेरे में मशीनों से अवैध खनन करते हैं। इसके बाद यहां से निकलने वाली मिट्टी को ठिकाने तक पहुंचाने के लिए डंफर और ट्रैक्टर आदि जब वहां से अपने गन्तव्य को रवाना होते हैं तो आगे आने वाले खतरों की निगरानी के लिए अधिकांश सफेद रंग की लग्जरी गाड़ियां उनकी पेट्रोलिंग करती हुई चलती है। जो आने वाले खतरे से बचने के लिए मोबाइल फोन के जरिए पूरा नेटवर्क दुरस्त रखती है। इस बीच यदि कोई कोई संकट आता है तो वाहन सवार अवैध कारोबारियों के गुर्गे पहले से एलर्ट कर देते हैं।

### पुलिस अधिकारियों के घरों की भी निगरानी

सूत्रों की माने तो जब कभी कोई सख्त अधिकारी आ जाता है तो उससे निपटने के लिए अवैध कारोबारी उसकी भी नाकेबंदी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। होता यह है कि अवैध खनन करने वाले खदान से गाड़ियों को बाहर निकाले के लिए जैसे यह लोग सीधे उस अधिकारी की लोकेशन लेने के लिए उसके बंगले आफिस के आसपास अपनी अपनी गाड़ियों पर सवार होकर खड़े हो जाते हैं। इसके बाद एक गाड़ी मिट्टी लेकर निकल रहे डंपर और ट्रैक्टरों के आगे आगे चलती है। ताकि कोई खतरा सामने से आने पर वह उन्हें पहले से सचेत कर सके। खनन निरीक्षक राजीव रंजन नें बताया खनन को लेकर लगातार कार्यवाही चल रही हैं नेकपुर में चल रहे डम्परों को पकड़ने का प्रयास किया गया था लेकिन वह हाथ नही लगे हैं खनन पर कार्यवाही जारी हैं लगातार खनन करने वालों पर नजर रखी जा रही हैं जल्द कार्यवाही अमल में लायी जायेगीं।

## नगर पंचायत में आयोजित किया गया जागरूकता कैंप




**रूरा, कानपुर देहात।** नगर पॅचायत कार्यालय परिसर में मिशन शक्ति के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रभारी ईओ ने नगर पॅचायतकर्मियों व ऑगनवाडी कार्यकत्रियों के बीच महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान से जुडी योजनाओं को जन–जन तक पहुॅचाने की अपील की गयी। नवरात्र पर्व पर प्रदेश सरकार द्वारा देश की आधी आबादी को जागरूक करने का विशेष अभियान चलाया गया। नगर पॅचायत कार्यालय परिसर में भी नारियों की सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन से जुडी शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। वरिष्ठ लिपिक तथा प्रभारी ईओ वीएन सिंह ने उपस्थित ऑगनवाडी कार्यकत्रियों से प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुॅचाने की अपील की। इस मौके पर राजेश कुमार रावत, सैनूर अहमद, याद कुमार यादव सहित सम्बन्धित वार्डों की ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियॉ मौजूद रही।

अंध विश्वास की हो गयी हद

# देवी प्रतिमा के सामने अपनी गर्दन काट कर बलि चढ़ाने का प्रयास

● गंभीर हालत में युवक को कानपुर रेफर किया गया

संवाददाता। हमीरपुर

**कुरारा** थानाक्षेत्र के बेरी गांव स्थित प्राचीन प्रसिद्ध कोटेश्वर मंदिर में एक युवक ने जागरण कार्यक्रम के बाद आज तड़के धारदार सरौते से गर्दन काट कर देवी मंदिर में अपनी ही बलि चढ़ाने का प्रयास किया। गर्दन की नस कटते ही युवक अचेत हो गया जानकारी होने के बाद वहां पहुंचे पुजारी व अन्य भक्तों में वहां खून से लतपथ पड़े युवक को देख अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर गंभीर हालत में उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक बेरी गांव निवासी 40 वर्षीय रुकमणि उर्फ रुकमा अविवाहित है और वह प्रत्येक सोमवार को गांव स्थित कोटेश्वर मंदिर में पूजा करने जाता है। नवरात्र के चलते वह शुक्रवार रात मंदिर पहुंचा और वहां भजन कीर्तन कर जागरण किया। मध्यरात्रि में उसने मंदिर में पूजा पाठ करने के बाद आज तड़के धारदार सरौते से अपनी गर्दन काटकर मंदिर में स्वयं अपनी बलि देवी के सामने चढ़ाने का प्रयास किया मगर गर्दन की नस कटते ही बेहोश हो गया। गांव वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई और मंदिर में लोगों की भीड़ लगना शुरू हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे बेरी चौकी इंचार्ज विवेक त्रिपाठी ने घायल युवक को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। जहां से गंभीर हालत में उसे कानपुर रेफर कर दिया जिला अस्पताल में तैनात मानसिक रोग सलाहकार डा. नीता के अनुसार ऐसी घटनाएं मानसिक रोगियों द्वारा की जाती है। इसे व्यक्तित्व विकार कहा जाता है जिसमें व्यक्ति पूर्व की भ्रांतियों को मन में रखता है और उसे लगता है कि ऐसा करने से उसकी सारी परेशानियां दूर हो जाएंगी। जिसे लेकर व्यक्ति धीरे धीरे प्लान बनाता है और फिर उसको अंजाम देता है। इसका इलाज साइको थेरेपी के माध्यम से संभव है बस जरुरत है ऐसे लोगों को पहचानने की। ऐसे लोग समाज का व अपना दोनों का नुकसान कर सकते है। वहीं कुरारा क्षेत्र मे पिछले साल अंध विश्वास समाप्त करने के लिये जिला विज्ञान क्लब ने कई कार्यक्रम किये है मगर उसका कोई असर नही दिखायी पड़ रहा है इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा अंध विश्वास की घटनाएं घट रही है।

# अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए: प्रभारी मंत्री

संवाददाता। हमीरपुर



**जनपद** के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग एवं प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने समीक्षा बैठक में कहा कि अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, जिससे जनपद में अपराधियों में भय व्याप्त हो और अपराधी जनपद छोड़ने पर मजबूर हो जाएं।

उन्होंने कहा कि जनपद अपराध मुक्त होने पर निवेशक आकर्षित होंगे जिससे जनपद में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तथा लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जनपद में इसी नीति पर कार्य किया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में अपराधों में कमी आई है थानों में महिला हेल्प डेस्क संचालित हैं प्रभारी मंत्री ने जनपद के सभी ग्राम व मजरों में अनिवार्य रूप से विद्युतीकरण करने तथा सरकार की मंशा के अनुसार शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए जिससे किसानों को सिंचाई का कार्य समय से हो इस अवसर पर विधायक सदर युवराज सिंह माननीय विधायका श्रीमती मनीषा अनुरागी अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती जयंती राजपूत मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार व्यास अध्यक्ष नगर पालिका कुलदीप निषाद जिला अध्यक्ष भाजपा ब्रज किशोर गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन ट्रक, एक डम्पर सीज चौदह का काटा चालान

● सचल दल की कार्रवाई से मचा हड़कंप

● मौरम लदे ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ चला सघन अभियान

**कदौरा ( जालौन )।** शुक्रवार आधी रात को एआरटीओ ने ओवरलोड मौरंग भरे ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 3 ट्रकों व एक डम्फर को सीज करते हुए 14 का चालान कर दिया इससे ट्रक चालकों में हड़कम्प मचा रहा है।

शुक्रवार रात 11 बजे एआरटीओ मनोज कुमार सिंह ने चतेला तिराहे, बस स्टॉप, व पथरेहठा के पास ओवर लोड मौरम भर कर निकल रहे ट्रकों को पकड़ने के लिए छापामार कार्यवाही की तो इसकी सूचना पर हड़कम्प मच गया और ट्रक चालक आनन फानन में अधिकारियों को देख ट्रकों को लेकर भागने लगे।

थाना पुलिस के सहयोग से सचल दल ने गांव के अंदर छिपे 3 ट्रकों व एक डम्फर को पकड़ कर सीज कर दिया जबकि 14 ट्रकों का चालान काट सम्मन शुल्क वसूला एआरटीओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शिकायत मिली थी कि क्षेत्र ओवर लोड ट्रक मौरम भर कर निकल रहे हैं जिस पर थाना पुलिस के सहयोग से छापामार कार्यवाही में चार गाड़ियों पर सीज की कार्यवाही कर उनको कृषि मंडी में खड़ा करवा दिया है जबकि 14 का चालान काट सम्मन शुल्क वसूला गया है ओवर लोडिंग पर लगाम लगाने के लिए सचल दल लगातार भ्रमण कर रहा है किसी को बख्शा नही जाएगा इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक जितेंद सिंह कांस्टेबल अरविंद सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पुजारी हत्याकांड: मृतक के भाई ने दर्ज कराई चार लोगों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

**राठ ( हमीरपुर )।** दबंगों द्वार पुजारी की हुई पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। आज एसपी हमीरपुर व सीओ ने घटना स्थल निरीक्षण जांच पड़ताल की। बतादें कि बीते 22 अक्टूबर की शाम एक युवक के साथ बाइक से बिवांर इलाज कराने जा रहे एक बुजुर्ग पुजारी को मुस्करा थाना क्षेत्र के ग्राम बसवारी में मौदहा तिराहे के पास उनकी बाइक में टक्कर लगने के बाद हुए विवाद के चलते कुछ लोगों ने पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया था। जहां कल इलाज के दौरान पुजारी की मौत हो गई थी। शनिवार को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर नरेंद्र कुमार क्षेत्राधिकारी राठ अखिलेश राजन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक पुजारी रतीराम यादव उर्फ रविंद्र स्वरूप महाराज के भाई रामबरन यादव ने मुस्करा थाने में आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रोहित, जीतेंद्र कल्लू व दीपक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

# नाना जी देशमुख के 104वीं जयंती पर होगा 'अनहद' का आयोजन: डा. नंदिता पाठक

● सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र देगा भारत रत्न नानाजी को पुष्पाजंलि

संवाददाता। चित्रकूट




**राष्ट्रऋषि** भारत रत्न नाना जी देशमुख जी के 104वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर देश की ख्याति प्राप्त संस्था 'टूवर्डस बेटर इंडिया' के सौजन्य से 30 अक्टूबर को सुर,लय और ताल की त्रिवेणी सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अनहद' का आयोजन होगा। कार्यक्रम की संयोजिका अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकूट को गौरवांवित करने वाली प्रख्यात समाजसेविका डा0नंदिता पाठक एवं के0वेंकट कृष्ण राव ने संयुक्त रूप से बताया कि नाना जी के तिथि अनुसार जन्मदिन अथार्त शरद पूर्णिमा को चित्रकूट में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं। परन्तु इस वर्ष वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप के कारण इस वर्ष 30 अक्टूबर को ऑनलाइन राष्ट्रऋषि नाना जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। डॉ. नंदिता पाठक ने बताया कि इस कार्यक्रम के भव्य आयोजन और नाना जी के विचारों को सभी तक पहुंचाने हेतु समिति का गठन किया गया है। जिसमे देश भर से प्रबुद्धजनों को जोड़ा गया है। अनहद सांस्कृतिक संध्या के लिए देश भर से गायन, वादन नृत्य के लिए नाम आना प्रारंभ हो गया है। आयोजन समिति ने अमिता खरे, भोपाल, कथक नृत्यांगना का पोस्टर रिलीज किया। उन्होने कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी का सम्पूर्ण जीवन गरीबों के आत्मनिर्भर बनाने को समर्पित रहा है। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को अपनी कर्मभूमि बनाकर भारत रत्न नानाजी देशमुख ने स्वावलम्बन की अलख जगाने का काम किया है। नानाजी से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे है। नानाजी की जन्म जयंती शरद पूर्णिमा पर सभी को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेकर कार्य करने का संकल्प लेना होगा।

# बाइक के पेड़ से टकराने से दो युवकों की मौत

**रामपुरा( जालौन )।** देवी दर्शन करने जा रहे दो नव युवकों की पेड़ से टकराने से मौत हो गई राहगीरों ने डायल 112 पर दी सूचना आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को सीएचसी रामपुरा में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित दूसरे को माधौगढ़ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया दूसरे को भी माधौगढ़ में इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोलू पुत्र सुदामा कुशवाहा 17 वर्ष ,कल्लू पुत्र भगवान दास कुशवाहा 18 वर्ष निवासी ग्राम कुरसेडा थाना गोहन जनपद जालौन अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स से जालौन देवी माता मंदिर जा रहे थे तभी बहादुरपुर कोठी के समीप ओवरटेक के चक्कर में गाड़ी पेड़ से टकरा गई जिससे एक की मौके पर मौत हो गई दूसरा गंभीर हालत में रहेगीरो ने देखा तो तुरंत 112 पर सूचना दी गई आनन-फानन में पहुंची स्थानीय पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया गया जहां गोलू को डॉक्टरों द्वारा मृत तथा दूसरे को माधोगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया वहीं माधौगढ़ सीओ की मदद से कुठौंद थाना अध्यक्ष अरुण तिवारी ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की वजह साफ नहीं हो पाई है।

# किसानों की समस्या न निपटी तो चार से फिर होगा अनशन



**चित्रकूट।** भाकियू के क्रमिक अनशन के तीसरे दिन तहसीलदार प्रमेश श्रीवास्तव, कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे, क्षेत्रीय वनाधिकारी नफीश खान, अवर अभियंता विद्युत करन सिंह, सहायक रेंजर बिजय मोहन सिंह, डिप्टी आरएम संजय श्रीवास्तव व खण्ड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने अनशन स्थल पहुंचकर भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल से समस्याओं पर चर्चा कर दस दिन की मोहलत लेकर लिखित समझौते पर हस्ताक्षर कर अनशन समाप्त कराया। शनिवार को किसानों की अगुवाई करते हुए जिलाध्यक्ष रामसिंह पटेल ने कहाकि बछरन, जमहिल, अर्जुनपुर, रमपुरिया आदि गांवों में जंगली जानवरों की समस्या का दस दिन के अन्दर निदान न हुआ तो चार नवम्बर से किसान पुनः आंदोलन को बाध्य होंगे। किसान योगेंद्र सिंह, रमेश सिंह, कल्याण सिंह, चन्द्रपाल सिंह, ज्ञान सिंह, श्रीपाल सिंह, क्षत्रपाल सिंह, उमाशंकर सविता, हरप्रसाद गर्ग, कमलाशरण सिंह आदि किसानों ने अनशन समाप्त किया। इस मौके जिला प्रवक्ता हरबक्श सिंह, जिला उपाध्यक्ष उदय नारायण सिंह, तहसील अध्यक्ष शिवदयाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पहाड़ी राज किशोर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर विनय कुमार त्रिपाठी, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, नन्हे सिंह, राज नारायण सिंह, नथन प्रधान पीढ़िया बाबा, यशवंत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह और बछरन से आए सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# दबंगों की पिटाई से दलित नाबालिग की जान गई

● चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** पुरानी रंजिश में दबंगों ने दलित युवक को बंधक बनाकर उसकी पिटाई की। इलाज दौरान युवक की मृत्यु हो गई। ये मामला मऊ थाना क्षेत्र के औंझर गांव का है। 15 अक्टूबर को सुधीर चमार को गांव के संतोष व परिजनों ने पुरानी रंजिश के चलते बंधक बनाकर नदी किनारे ले गये। वहां उसके हाथ-पैर बांधकर जमकर पिटाई कर मरणासन्न छोड़कर भाग गये। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से न लेते हुए शान्तिभंग में चालान कर पीड़ित परिजनों से रुपये की मांग करने लगे। पीड़ित परिजनों के रुपये न देने पर आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पीड़ित का इलाज जिला अस्पताल में हुआ। डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजनों ने पैसे के अभाव में उसका इलाज नहीं कराया। इससे उसकी घर में मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हडकम्प मच गया। आनन-फानन में परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने बताया कि पुलिस ने शान्तिभंग की कार्यवाही की थी। डॉक्टरी रिपोर्ट में गम्भीर चोंट न आने से मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। युवक की मृत्यु के बाद परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित परिजनों से पुलिस पर पैसे की मांग का आरोप गलत है। मामले की जांचकर कार्यवाही की जा रही है।

# श्रम विभाग में योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर हो रहा है खेल

**चित्रकूट।** सरकार गरीब जनता के हितों के लिए कई योजनायें चला रही है, विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और संविदा कर्मियों की मनमानी से गरीब जनता को लूटने का काम जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में हो रहा है।

सरकार की जन कल्याणकारी योजना उप्र भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने श्रमिकों के लिए कई योजनाये चला रहा है। जिसके पंजीकरण व योजनाओं को लेकर गरीब जनता को लूटा जा रहा है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ कई बार आवाज उठाई गयी। विभागीय अधिकारियो और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियो की मनमानी से कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। श्रम प्रवर्तन कार्यालय मे संविदा कर्मी, कम्प्यूटर आपरेटर व एकाउण्टेन्ट तथा दलाल गरीब जनता को लूटा रहे हैं। श्रम प्रवर्तन कार्यालय में दलालों को लगाकर अवैध श्रमिक पंजीकरण कराये जा रहे हैं। जिसमें सरकारी शुल्क से ज्यादा वसूली की जा रही है। श्रमिकों के पंजीकरण के लिए मनरेगा में पचास दिन काम और अन्य दैनिक मजदूरी मे 90 दिन काम निर्धारित है, जबकि विभाग में हो रहे श्रमिकों के पंजीकरण में विभागीय ठेकेदारो से फर्जी कार्य दिखाकर पंजीयन किया जा रहा है। जिससे ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मनमानी से गरीब जनता खासी परेशान है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में साइकिल सहायता योजना, सौर ऊर्जा योजना, मात्रत्व हित लाभ योजना, शिशु हित लाभ योजना, दुर्घटना सहायता योजना, शादी अनुदान योजना, आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। पूर्व में श्रम कार्यालय में तैनात संविदाकर्मी कम्प्यूटर आपरेटर ने गरीब जनता को मनमाने ढंग से लूटने का काम किया था। राजनैतिक पकड और विभागीय अधिकारियों की साठगांठ के चलते श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में संविदा कर्मी कम्प्यूटर आपरेटर ने तबाही मचा रखी थी। कार्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर की दबंगई इस कदर हावी थी कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी का चार्ज सम्भाले बैठे एपी शुक्ला भी कुछ बोलने को तैयार नही थे। जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में श्रम प्रवर्तन अधिकारी बनकर आये कल्याण सिंह ने संविदा कर्मियों के भ्रष्टाचार का खुलासा किया था। संविदा कर्मियों को फ्रंचाइजी कम्पनी ने संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर कार्य मुक्त कर दिया था।

## सभ्य समाज में महिलाओं के साथ अपराध चिंताजनक:एसपी

**उरई ( जालौन )।** राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) के शैक्षणिक भवन लेक्चर थियेटर-2 में महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में महिला सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक, जनपद जालौन स्थान उरई एवं प्रधानाचार्य सादर आमंत्रित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. विद्या चौधरी (सह-आचार्य, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग) एवं डा. छवि जायसवाल (सह-आचार्य, बाल रोग विभाग) के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के सभ्य समाज में महिलायें विभिन्न अपराधों का शिकार हो रही है यह चिन्ता का विषय तो है पर पुलिस विभाग पूरी जिम्मेदारी एवं तत्परता से कार्य कर रहा है और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 किसी भी प्रकार का अपराध होने पर जनपद जालौन में 11 मिनट के अन्दर घटना स्थल पर पहुँच जाती है। जिसका करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। महिला सुरक्षा की टिप्स बताते हुए मुख्य अतिथि डा0 यशवीर सिंह जी नें कहा कि छात्राओँ को फेसबुक, सोशल मीडिया पर अपराधियों के सक्रिय रहते अनेक अपराधों का शिकार होना पड़ता है जिसके लिए महिलायें व बच्चियाँ अपने बचाव में सावधानी व अलर्ड रहनें से ही उन शिकारियों से बच सकती है जो उनके नुकसान पहुँचानें की फिराक में रहते है। आटो या टैक्सी पर बैठने से पहले उसका नंबर नोट कर फोटो लेकर घर या मित्र को भेज दें तो यह सुरक्षा में काफी सहायक होगा। उन्होनें महिला सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 1090 इत्यादि के बारे में भी विस्तार से बताया।

# पीड़ित व्यापारी को मंत्री ने दिया मदद का भरोसा



**चित्रकूट।** आगजनी के शिकार किराना के थोक विक्रेता वंशगोपाल गुप्ता से सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने भेंटकर ढांढस बंधाया। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने राज्यमंत्री को मुख्यमंत्री सम्बोधित मांग पत्र सौंपा।

शनिवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने राज्यमंत्री को सौंपे मांग पत्र में कहा कि आगजनी से पीड़ित व्यापारी को शासन से मदद दिलाई जाए। देश की रीढ़ व्यापारियों के संकट में मदद को व्यापारी राहत कोष का गठन अति आवश्यक है। घटना स्थल पहुंचे राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने पीड़ित व्यापारी से भेंटकर कहा कि राहत कोष की मांग व्यापारियों के हित में है। ये बहुत ही सार्थक पहल है। वे मुख्यमंत्री से भेंटकर व्यापारी राहत कोष के गठन का अनुरोध करेंगे। आगजनी के शिकार व्यापारी की मदद दिलाने का प्रयास किया जायेगा। शंकर एजेंसी में आगजनी से महिला की मृत्यु बेहद दुखद घटना है। उपजिलाधिकारी से मृतक आपदा कोष से मदद दिलाई जाएगी। नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने भी मदद का भरोसा दिया।

इस मौके पर पीड़ित परिवार के वंशगोपाल गुप्ता, राजुल गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, अमित पौहरिया, डॉ प्रदीप, शेशू जायसवाल, राकेश, काजू आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### डेंगू से किशोर की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर व क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे डेंगू बुखार के संक्रमण में आकर कई लोग मौत के मुंह में समा गए। विगत दिन नगर के मोहल्ला गांधी नगर में डेंगू बुखार के चलते इलाज दौरान हुई किशोर की मौत के बाद जागे स्वास्थ्य विभाग ने शिविर के माध्यम से रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित कीं। शनिवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर के माध्यम से कई मरीजों का परीक्षण किया गया। इसके पश्चात करीब 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ सरदमन ने संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। घरों में रखे डस्टबिन साफ रखें। बगैर चिकित्सक की सलाह से मेडिसिन न लें। तथा किसी भी मरीज को बुखार आने पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परीक्षण करा कर निशुल्क दवा प्राप्त करें। इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद रहे।

### सीडीओ ने कुपोषित बच्चों के 11 परिवारों को दिये दुधारु गौवंश

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने कर्वी ब्लाक के बंदरी गांव में कुपोषित बच्चों के 11 परिवारों को दुधारु गौवंश दिये। शनिवार को सीडीओ अमित आसेरी ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण लाभ लें। ये योजना शासन से संचालित है। कुपोषित बच्चों के परिवारों को शासकीय गौशालाओं से दुधारु पशु दिये जायें, ताकि कुपोषित बच्चे व परिवार स्वस्थ्य रहें। शासन ने व्यवस्था की है कि प्रतिमाह गौवंश भरण-पोषण को नौ सौ रुपये दिये जायेंगे। उन परिवारों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने हरिहरपुर में बने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीडीओ राजेश नायक, बाल विकास परियोजना अधिकारी बीएल गुप्ता, प्रधान बंदरी ओमप्रकाश, सचिव विनोद कुमार, रोजगार सेवक लवकुश तथा ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

### सचिव-प्रधान सरकारी पैसे का कर रहे बंदरबांट

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के कलवारा बुजुर्ग के ग्रामीणों ने प्रधान पर विकास कार्यों में धांधली बरतने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार प्रधान के खिलाफ जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। पहाड़ी ब्लाक के कलवारा बुजुर्ग के ग्रामीण भूपत राजपूत व रवि लोधी ने बताया कि प्रधान से कई बार जनसूचना मांगी गई है। सचिव व प्रधान की मिलीभगत से जनसूचना नहीं मिल रही है। गांव की सफाई नहीं हो रही है। सड़कों में गन्दा पानी, कीचड़ भरा रहता है। सफाई कर्मचारी सिर्फ प्रधान के यहां सफाई करने जाता है। जब कोई अधिकारी गांव में आते है, तभी सफाई होती है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास का लाभ गरीबों को नहीं मिला है। गांव की सड़कों की हालत ये है कि पांच साल पहले एक राजगीर मिस्त्री प्रधान बनने के बाद लाखों का मालिक कैसे बन गया। सरकार के बजट को प्रधान अपनी जेब में डाल रहा है।

### टॉपटेन बदमाश को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर बरगढ़ पुलिस ने टापटेन अपराधी लवकुश द्विवेदी को आठ सौ ग्राम गांजे के साथ दबोचा है। शनिवार को आपरेशन क्लीन के तहत थानाध्यक्ष बरगढ़ रविप्रकाश की टीम के दरोगा सिद्धनाथ राय ने टॉपटेन अपराधी लवकुश द्विवेदी पुत्र रामसजीवन निवासी मुर्का को आठ सौ ग्राम गांजे के साथ दबोचकर जेल भेजा है। टॉपटेन अपराधी लवकुश पर विभिन्न अपराधों के सात संगीन मामले थाने में दर्ज हैं। इसी क्रम में बरगढ़ पुलिस ने राजकुमार पुत्र पन्नालाल निवासी भारतपुरवा के कब्जे से दस लीटर महुआ की शराब बरामद कर चालान किया है। बहिलपुरवा थानाध्यक्ष दीनदयाल सिंह की टीम ने गदाखान निर्मोहीपुरवा से लालन पटेल पुत्र देशराज को दो सौ ग्राम गांजे के साथ दबोचकर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।

### दो ने खाया जहर, एक रेफर

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के बीरा गांव निवासी अजय कुमार की 27 वर्षीय पत्नी रीमा ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। हालत गंभीर देख परिजनों ने उरई रिफर कर दिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गांव निवासी मुन्ना की 16 वर्षीया पुत्री अर्चना ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

### बाइक से गिरकर घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के बकरई गांव निवासी फजल (30) पुत्र चन्नू बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। इसी तरह कोतवाली क्षेत्र के बरदा गांव निवासी सुरेंद्र तिवारी पुत्र शम्भूनाथ, कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी इकबाल पुत्र अब्दुल, मुस्करा थाने के छानीबांध निवासी भज्जू पुत्र कल्लू, जरिया थाने के वीरा गांव निवासी अंकित पुत्र राजकिशन और चरखारी निवासी चंद्रपाल (24) पुत्र ठाकुरदास बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### डेंगू से महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे में डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। अब डेंगू ने धीरे धीरे कांशीराम कालनि में भी पैर पसार लिये है। आज झांसी में भर्ती डेंगू पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कांशीराम कालनि निवासी नीलम (26) पत्नी सानू को शुक्रवार की रात अचानक बुखार आ गया। हालत बिगडने पर पति इलाज के लिये झांसी ले गये। जहां जांच के दौरान महिला डेंगू पॉजिटिव निकली। शनिवार को महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।क्षेत्र में डेगू से कई लोग जान गवा चुके है।

### गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई की

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफगैंगेस्टर के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि बालेन्द्र उर्फ बल्लू पुत्र राजाभैयानिवासी सौखर थाना सुमेरपुर, सुरेंद्र उर्फबउआ कोरी पुत्र इंदल निवासी वार्ड 6 कुरारा ,अनिल पुत्र सीताराम निवासी कांसीराम कालोनी कुरारा के खिलाफगैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बाइक की डिग्गी से उड़ाये एक लाख रुपये

**कोंच (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी निवासी सुशील कुमार पटैरिया पुत्र रामकुमार ने शनिवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते रोज शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे उसने इलाहाबाद बैंक मंडी शाखा से अपने खाते में जमा 1 लाख रुपये निकाले और उक्त रुपये एक बैग में रखकर उस बैग को बाइक की डिग्गी में रख लिया।सुशील ने प्रार्थना पत्र में बताया कि बैंक से कुछ दूरी पर स्थित बाबू पैलेस के समीप वह बाइक से उतरकर सब्जी खरीदने लगा तभी अज्ञात व्यक्ति ने डिग्गी का लॉक तोड़कर बैग पार कर दिया।बैग में नगदी के अलावा तमाम कागजात भी रखे हुए थे। पीड़ित सुशील ने उक्त घटना को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

### पड़री में सांड के हमले में वृद्ध की गई जान

**कोंच (जालौन)।** ग्राम पड़री में बीती देर शाम सांड के हमले में एक वृद्ध की जान चली गई।मामले के मुताबिक कोंच नगर के समीपवर्ती ग्राम पड़री निवासी करीब 65 बर्षीय वृद्ध सलीम पुत्र तिजई रोज की तरह शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे गांव से बाहर शौचक्रिया से निवृत होकर वापस घर की ओर लौट रहा था तभी कोंच-उरई की मुख्य सड़क पर झुण्ड के रूप में खड़े गौवंशों में शामिल सांड ने अचानक सलीम के ऊपर हमला बोलकर उसे सड़क पर पटक दिया जिसके चलते सलीम गम्भीर रूप से घायल हो गया।वहीं चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीण सलीम को उपचार हेतु तत्काल ही एक निजी नर्सिंग होम लेकर गये झसन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।सलीम की इस प्रकार से मौत हो जाने पर परिजनों में दुःख व्याप्त है, साथ ही गांव में गौशाला संचालित होने के बाबजूद भी सड़क पर सैकड़ों गौवंशों की मौजूदगी होने पर आक्रोश नजर आ रहा है।

### सिकरी में तिली की फसल में आग लगाने का आरोप

**कोंच (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरी की रहने वाली महिला शीला देवी पत्नी करन सिंह ने शनिवार को मंडी चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके खेत में कटी हुई रखी तिली की फसल में पड़ोसी खेत मालिक ने आग लगा दी जिससे उसका करीब 30 हजार रुपये का नुकसान हो गया है। शीला देवी ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

### हारजीत की बाजी लगाते पांच गिरफ्तार

**कुठौंद (जालौन)।** थाना कुठौंद के विचोली में राजू के खेत मे हो रहे जुवा की सूचना मुखबिर मिलते ही थाना अध्यक्ष अरुण तिवारी ने एस आई सतेंद्र दुबे को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा और एसआई ने पुलिस के साथ घेरा बन्दी कर राजवीर पुत्र कैलाश निवासी सिहरि चौलापुर,राहुल पुत्र रविन्द्र निवासी विचौली,हरेंद्र पुत्र हीरा लाल पाल,निवासी मदनेपुर,लल्लू पुत्र विश्राम सिंह निवासी जखा ब्रजेश पुत्र भिकारी लाल को जुवा खेलते मौके पर। पकड़ लिया उक्त लोगों का।जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा। पंजीकृत कर जेल भेज दिया पकड़े गए लोगो से 2090 रुपये मौके से बरामद हुए।

## मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत डीएम ने की जिला टास्क फोर्स की बैठक

# बाल विवाह पर जताई चिंता

संवाददाता। श्रावस्ती



**मिशन** शक्ति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आठवें दिन महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान पर नारी सुरक्षा नारी सम्मान पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी टी के शिबु ने एक बैठक की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य मुख्य विकास अधिकारी ईसान प्रताप सिंह तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। मिशन शक्ति जागरूकता अभियान की बैठक करते हुए जिलाधिकारी टी के शिबु ने निर्देश दिये कि बाल विवाह जो जिले में प्रचलन पूर्व से ही चला आ रहा है जो चिन्ता का विषय है बाल विवाह होने से परिपक्व हुए बिना लड़कियां गर्भधारण करके मॉ बन जाती है जिससे जच्चा.बच्चा दोनों कुपोषित हो जाते हैं यही कारण है कि इस जनपद में अन्य जनपदों की अपेक्षा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर अधिक है जो चिन्ता का विषय है। इसे रोके बिना स्वस्थ समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इसी कारण से जिले में बाल विवाह रोकने हेतु विशेष प्रयास किये जा रहें हैं यही नहीं बाल विवाह की सूचना देने वाले व्यक्तियों को 2000) रुपये का ईनाम दिया जायेगा तथा सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा।

बाल कल्याण समिति को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक थानों के साथ समन्वय स्थापितकर बाल अपराधियों की सूची अवश्य लेते रहें तथा कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं के सभी प्रकार के उत्पीड़न को रोकने हेतु विशेष बल दिया जाय जिला प्रोबेशन अधिकारी चमन सिंह ने अवगत कराया कि इसके लिए कमेटी भी गठित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि बेटी.बचाओ बेटी पढाओ योजना का जन.सामान्य में प्रचार.प्रसार किया जाय जिसके अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों एवं दर्शनीय स्थलों पर वॉल पेंटिंग कराकर, होर्डिंग लगवाकर एवं लोगों में पम्पलेट आदि का वितरण कर उन्हें जागरूक किया जाय। जिलाधिकारी ने नवनिर्मित वन स्टाप सेंटर के संचालन हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए बेटी बचाओ.बेटी पढाओ के कार्यक्रम को निरंतर आगे बढाये तथा इस कार्यक्रम को आगे बढाने के लिए स्वयं सेवी संगठनों से भी मदद ले। बैठक के दौरान ज्ञात हुआ कि जनपद में महिलाओं की समस्याओं को सुनने के लिए वन स्टाप सेंटर का नवनिर्माण कराया गया है इसके संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया गया है।

## क्वालिटी कार्यक्रम की समीक्षा के लिये डीएम ने डॉक्टरों के साथ की गहन मंत्रणा



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी के शिबु ने कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त जिला अस्पताल के डॉक्टरों एवं स्टाफ के साथ बैठक कर क्वालिटी कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम की समीक्षा की। अस्पताल को हाई टेक बनाने के लिए डिजास्टर प्लान बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और एलार्म सिस्टम को क्रियाशील किया जाय।अस्पताल के मुख्य द्वार पर बैटरी से संचालित ग्लोसाइन बोर्ड को लगाया जाय। सभी अनुभागों को फोन इण्टर कॉम की सुविधा से जोड़ा जाय।बिजली विभाग से आडिट कराकर विधुत सुरक्षा प्रमाण पत्र लिया जाय।एम्बुलेंस स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर की व्यवस्था आवश्यकतानुसार उचित स्थान पर किया जाय।आर के एस की मीटिंग हर महीने कर उसका रिकार्ड डिजिटिलाइज किया जाय। सभी स्टाफ का भी स्वास्थ्य परीक्षण हरहाल में कराया जाय। सभी नोडल अधिकारी अपने गैप और कार्य योजना पूर्ण करें साथ ही जिला क्वालिटी कंसल्टेंट द्वारा सभी विभागों के चेक लिस्ट के अनुसार असेसमेंट कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान सी एम ओ डॉ ए पी भार्गव सी एम एस डॉ जेठा सिंह डॉ एन एन पाण्डेय डॉ दीप शिखा मिश्रा डॉ अनिल सिंह डॉ अजय गौतम डॉ प्रदीप यूनिसेफ के डॉ एच सी पालीवाल वा स्टॉप नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

## तीन दिन बाद भी व्यवसायी के पुत्र का नहीं लगा सुराग

**सुलतानपुर।** रहस्यमय परिस्थितियों में गायब शहर के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी के पुत्र का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका है। प्रथम दृष्टया नदी में छलांग लगाए जाने की आशंका पर पुलिस ने जांच-पडताल शुरू की है। गोताखोरों को नदी में उतारा गया है, लेकिन बहत्तर घंटे बाद भी कुछ अता-पता नहीं चल सका है। अब पीड़ित परिजन अपहरण की आशंका जता रहे हैं। नगर के सिरवारा रोड निवासी प्रतीक सिंह (21) पुत्र अर्जुन सिंह ( दवा व्यवसायी) 21 अक्टूबर को अचानक लापता हो गए। रात करीब दस बजे गोलाघाट पुल पर प्रतीक की अपाचे मोटर साइकिल बरामद की गई थी। प्रथम दृष्टया युवक के नदी में छलांग लगाए जाने की खबर फैली तो पुलिस मौके पर पहुंची। नदी में गोताखोरों को उतारा गया। लेकिन तीन दिन बीत चुके हैं न तो अभी तक युवक का सुराग लग सका है और न ही शव ही बरामद किया जा सका है। वहीं परिवारीजनों का रो-रोकर बुराहाल है।

# पूर्व विधायक ठा. सुरेन्द्र बहादुर ने कैंसर केन्द्र को दान की सवा करोड़ रुपये की धनराशि

संवाददाता। लालगंज रायबरेली



**कैंसर** पीड़ितों की सेवा व इलाज के लिये बैसवारा क्षेत्र के प्रख्यात दानवीर पूर्व विधायक ठा. सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने सवा करोड़ रूपये की धनराशि भारत सरकार की इकाई टाटा स्मारक केन्द्र की वाराणसी स्थित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केन्द्र को दान स्वरूप प्रदान किया है।

पूर्व विधायक ठा. सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने 1 करोड़ 23 लाख रूपये की घनराशि अपने पूज्य पिता ठाकुर रतन पाल सिंह की स्मृति में कैंसर रोग का आधुनिक तकनीकी से उपचार किये जाने के लिये अस्पताल में उपकरण तथा संयन्त्र स्थापित किये जाने हेतु प्रदान किये हैं। श्री सिंह के जनकल्याण हेतु इस सराहनीय योगदान के लिये शुक्रवार को वाराणसी में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजन समारोह में होमी भाभा कैंसर अस्पताल व महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केन्द्र वाराणसी की ओर से निदेशक डा. सत्यजीत प्रधान ने उनको भव्य स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट किया, और आश्वस्त किया कि श्री सिंह के द्वारा प्रदत्त इस धनराशि से दोनों कैंसर अस्पतालों में कैंसर के उपचार में प्रयुक्त होने वाली आधुनिक तकनीकों की उपलब्धता में वृद्धि की जायेगी। उन्होने कहा कि श्री सिंह द्वारा प्रदत्त यह योगदान कैंसर सम्बन्धी अनुसन्धान कार्यों को सफलता पूर्वक संचालित करने में अहम भूमिका निभायेगा। सम्मान से अभिभूत पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि बैसवारा क्षेत्र के कैंसर पीड़ितों को उनकी संस्तुति पर कम से कम खर्च पर इलाज और उनको विशेष सुविधा प्रदान की जायेगी। दानवीर सुरेन्द्र बहादुर सिंह के इस जन कल्याणकारी कार्य के लिये सरेनी क्षेत्र के पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय, पूर्व चेयरमैन सुरेश नारायन सिंह बच्चा बाबू, समाज सेवी ओमप्रकाश सर्राफ, के.सी. गुप्ता, श्याम किशोर अवस्थी, पूर्व प्रवक्ता डा. महादेव सिंह, अध्यापक बीरेन्द्र शुक्ला, प्रमुख व्यवसायी निशान्त सिंह जिला योजना समिति सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी, सोनू मिश्रा, अनूप सिंह, करन सिंह आदि ने प्रशंसा की है।

# नारी का सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी: अशोक

संवाददाता। सुलतानपुर

- सुधा फाउंडेशन के बैनर तले 'नारी शक्ति' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नारी** है तो दुनिया है। नारी का सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार की अनेक योजनाएं नारी के उत्थान और विकास के लिए संचालित हैं, जिनकी सम्यक जानकारी से महिलाएं लाभ उठा सकती हैं।

यह बातें मुख्य अतिथि व जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार ने तहसील बल्दीराय क्षेत्र अन्तर्गत राम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज बल्दीराय के प्रांगण में सुधा फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा सिंह के संयोजन में आयोजित मिशन नारी शक्ति के कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी सुरक्षा, स्वावलम्बन, नारी स्वाभिमान के साथ-साथ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम पर विशेष जोर देते हुए उपस्थित लोगों जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं व बेटियों को डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि डटकर मुकाबला करने की जरूरत है। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि जिला प्रोविजन अधिकारी अशोक कुमार व उनकी पत्नी सुमन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। सुमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, सम्मान व सुरक्षा के सम्बन्ध में सम्यक जानकारी बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज जो महिलाओं व बालिकाओं पर हिंसा व वारदात होती है। इससे बचने के लिये हमें जागरूक रहने की जरूरत है। पुलिस विभाग से एस0आई0 सैय्यद नसीरुद्दीन, डॉ नफीस खान ने भी सम्बोधित किया। संस्था की अध्यक्ष सुधा फाउण्डेशन सुधा सिंह ने उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागतध्कार्यक्रम के अन्त में सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य व कवि कर्मराज शर्मा तुकांत ने किया। इस अवसर पर प्रताप सेवा समिति से तारा शुक्ल,रोली सिंह,शोध छात्रा शशि यादव सुधा फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा सिंह, जिलाध्यक्ष मु0 इसराइल, महिला विंग युवा अध्यक्ष कवयित्री अखिलेश तिवारी डॉली,तहसील अध्यक्ष इम्तियाज खान, अखिलेश तिवारी ''डाली'' ब्लॉक अध्यक्ष बब्बन वर्मा, राहुल दुबे, आनन्द अग्रहरि, रंजीत अग्रहरि, राम राज शर्मा, शालू सहित अन्य सम्मानित व्यक्ति व कालेज की दर्जनों छात्राओं व महिलाओं उपस्थित रहीं।

## सिरातुल मुस्तकीम डिग्री कॉलेज की टॉपर बनीं सानिया अंजुम

**सुल्तानपुर।** सिरातुल मुस्तकीम डिग्री कॉलेज हनीफ नगर लोलेपुर के स्नातक तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम 2020 डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा घोषित किया जा चुका है। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें से 21 छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुई जो महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। सानिया अंजुम 1295 अंकों के साथ महाविद्यालय की टॉपर रहीं, उम्मे इंसा 1279, नुसरत जहां 1260, शीबा खातून 1210, कजरा अंसारी 1201, फरीन हाशमी 1165, कायनात बानो 1155, मंतशा शाहिद 1142, शहर बानो 1142, नगमा बानो 1129, शारिबा कौसर 1121 ,बुशरा नाज 1121, अमरीन बानो 1114, गुलरुख 1101, गुल अफरोज 1100, सफक फातिमा 1097 जेनब 1096, सबा परवीन 1091, अमरीन फातिमा 1089, जैनब बानो 1088, सुम्बुल फातिमा 1086 अंक पाकर प्रथम श्रेणी मैं पास किया।

## क्विक न्यूज

### सतर्क दृष्टि रखकर मूर्ति विसर्जन कराएं नोडल सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट: जिलाधिकारी

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी के शिबु ने निर्देश दिये कि दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 25 एवं 26 अक्टूबर को होगा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटो की तैनाती की गई हैं जो अपने अपने क्षेत्रों में निरंतर निगरानी करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मां दुर्गा पूजा विसर्जन कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे। सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों का ओवरऑल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है जो अपने तहसील क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए विसर्जन कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे। सभी तैनात मजिस्ट्रेटो को जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमण कर सतर्क दृष्टि रखेंगे व सौहार्द पूर्ण ढंग से मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सम्पन्न करायेंगे। तथा समय.समय पर वस्तु स्थिति से हम भी अवगत कराते रहेंगे।

### घूस लेने का वीडियो वायरल पर लेखपाल निलंबित

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार तहसील के अन्तर्गत जगतपुर ब्लाक सर्किल मे तैनात लेखपाल चन्द्रभान सिंह का किसान से घूस लेने का वीडियो सोसल मीडिया में वायरल होने पर डीएम के आदेश पर जांच प्रारंभ हो गया है। बताते चले कि ऊंचाहार तहसील के सम्पूर्णसमाधान दिवस लिखे बैनर के निकट जगतपुर ब्लाक सर्किल मे तैनात लेखपाल चन्द्रभान सिंह द्वारा किसान से पैसे देते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के का मामला डीएम वैभव श्रीवास्तव तक पहुंचा जिन्होने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ऊंचाहार से जांच करके आख्या मांगा है।जिसमे एसडीएम प्रथम दृष्टया लेखपाल चन्द्रभान सिंह को निलंबित करते हुए तहसील ऊंचाहार से सम्बन्ध कर दिया है वहीं तहसीलदार को जांच सौंपकर 15 दिनो मे जांच का आख्या मांगा है। तहसीलदार अभिनव पाठक ने बताया कि ये गोपनीय जांच है हम सार्वजनिक नही कर सकते है। जांच मे जो सत्य होगा उसकी जांच किया जा रहा है उसकी रिपोर्ट जांच के बाद एसडीएम के माध्यम से डीएम को प्रेषित कर दिया जाएगा।

### आशीष कुमार पटेल को बछरावां विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी की जिम्मेदारी सौंपी गई

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विधानसभा में समाजवादी पार्टी की विचारधारा को आम जनमानस तक पहुंचाने व अवगत कराने के लिए समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष राहुल निर्मल बागी द्वारा बछरावां विधानसभा क्षेत्र के निवासी आशीष कुमार पटेल को बछरावां विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी की जिम्मेदारी दी गई। बछरावां विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी के पद पर मनोनयन होने से क्षेत्र के समाजवादी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। समाजवादी पार्टी के इस निर्णय का सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया कि एक योग्य व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब निश्चित ही पार्टी की विचारधारा को आम जनमानस तक आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी पद पर मनोनीत होने पर संवाददाता ने जब उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह पूर्ण रुप से निर्वाहन करेंगे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा कराए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे व जिला अध्यक्ष द्वारा मुझ पर जताए गए भरोसे को बरकरार रखेंगे।

### मां के संघर्ष से बेटियों ने रोशन किया परिवार का नाम

**कूरेभार, सुलतानपुर।** परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों लेकिन, मां अपने बच्चों के लिए जान लड़ा देती है। जब जीतकर या हारकर बच्चा लौटता है तो मां ही है, जो कि मुस्कुराकर उसे अपनी गोद में समेट लेती है। ऐसी ही एक मां है कूरेभार कस्बे की आराधना। पति के निधन के बाद परिवार सदमे में था। बच्चों को तालीम कैसे दिलाई जाए, यह एक बड़ा सवाल था। लेकिन, आराधना ने हिम्मत नहीं हारी और चुनौतियों का डटकर सामना कर बेटियों को शिक्षिका बनाया। कस्बा निवासी आराधना के पति राकेश कुमार कसौधन की 1993 में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पांच बेटियों की परवरिश और पढ़ाई-लिखाई कैसे होगी, ये सवाल खड़े हो गए। ऐसे में आराधना ने किराना दुकान खोलकर संघर्ष शुरू किया। लगन और मेहनत के बल पर बच्चों की शिक्षित बनाने के साथ अच्छे मुकाम पर पहुंचाया। बड़ी बेटी आकांक्षा का चयन डेढ़ वर्ष पूर्व गोंडा के आर्य नगर स्थित परिषदीय विद्यालय में बतौर शिक्षक पद पर हुआ तो खुशी की लहर दौड़ गई। फिर क्या था जिदगी की गाड़ी पटरी पर दौड़ने लगी। परिवार ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दूसरी बेटी दीपाली कसौधन का 2019 में खंड विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ लेकिन, उसने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। दीपाली को शिक्षण कार्य में दिलचस्पी है। एक सप्ताह पूर्व दीपाली व बहन दिव्या का चयन एक साथ शिक्षिका पद पर हुआ है। घर में माह भर पहले ही दीपावली खुशियां छा गईं। अन्य दो बेटियां रक्षा कसौंधन, केएनआई से बीए के साथ-साथ पीसीएस की तैयारी कर रही है तो सबसे छोटी बेटी अंशिका सेंट जेवियर्स में अध्यनरत है। उनके इस कठिन परिश्रम व संघर्ष की लोग आज भी मिसाल देते हैं।

### इकौना थाने पर समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक बी0 सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी इकौना महेन्द्र पाल शर्मा ने थाना इकौना पर आयोजित समाधान दिवस में पहुंच कर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना वा उनके निराकरण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारीए कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## महिला हेल्प डेस्क ने आपसी मतभेद की वजह से अलग रह रहे दंपत्ति को साथ रहने के लिया करा लिया राजी

**श्रावस्ती।** जमुनहा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना मल्हीपुर में स्थापित महिला हेल्प डेस्क को एक पारिवारिक विवाद से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। उक्त प्रार्थना पत्र को महिला हेल्प डेस्क ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बंदरा गजोबरी निवासी दोनों दंपत्ति को थाने पर बुलाया गया। जहां महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी जूली वा मोनिका कुशवाहा द्वारा उपनिरीक्षक केशवराम मौर्य के पर्यवेक्षण में दोनो दम्पतियो की काउंसलिंग कराने के उपरांत दंपत्ति एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। जिन्हें राजी खुशी से एक साथ घर भेजा गया।

# पराली जलाना दंडनीय अपराध : डीएम

संवाददाता। रायबरेली



**जिलाधिकारी** वैभव श्रीवास्तव ने माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार पराली जलाना दण्डनीय अपराध है। इस सम्बन्ध में जनपद के कृषक भाइयो को सूचित किया जाता है, कि पराली जाने पर आर्थिक दण्ड के साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ0आई0 आर0) एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में जनपद के कम्बाइन हार्वेस्टर मालिको को भी सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा कटाई किये गये खेत में कृषक द्वारा पराली जलाया जाता है तो कृषक के साथ कम्बाइन हार्वेस्टर मालिक को भी दोषी मानते हुए उनकी मशीन सीज करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ0आई0 आर0) एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उसकी मशीन का पंजीकरण निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिस गांव में पराली जलाने की घटना होगी वहाँ के ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिव को भी दोषी माना जायेगा एवं सम्बन्धित के विरूद्ध भी विधिक एवं अन्य दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिस कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन में एस0एम0एस0 सिस्टम नही लगा है तो ऐसे कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के साथ पैडीस्ट्राचापर, मल्चर या बेलन यंत्रो मे से किसी एक यंत्र का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जायेगा। इन यंत्रो के प्रयोग के बिना फसल कटाई करने पर कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन सीज कर दी जायेगी और तब तक नही छोड़ी जायेगी जब तक उसमें एस0एम0एस0 सिस्टम न लगा दिया जाए। साथ ही हारवेस्टर मशीन का पंजीकरण भी निरस्त कर दिया जायेगा। जिसमे हारवेस्टर मालिक स्वंय जिम्मेदार होगे। कृषक भाइयो को यह भी सूचित किया जाना है कि 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रुपए 2500-प्रति घटना। 02 से 05 एकड़ के लिये रूपये 5000ध्प्रति घटना। 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रुपये 15000- प्रति घटना। पराली जलाये जाने की घटना होने पर सम्बन्धित कृषक के विरूद्ध अर्थदण्ड एवं विधिक कार्यवाही के साथ ही उन्हे कृषि विभाग व अन्य शासकीय लाभो से वंचित कर दिया जायेगा जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसके साथ ही जनपद के समस्त ग्राम प्रधानो को भी सूचित किया जाता है कि पराली के अलावा किसी भी प्रकार का कूड़ा करकट जलाना प्रतिबन्धित है, अपनी ग्राम पंचायतो में इस सम्बन्ध में मुनादी एवं बैठक कराके समस्त ग्रामवासियो को अपने स्तर से सूचित करे अगर इसके बाद भी किसी किसान द्वारा पराली जलायी जाती है तो सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा पराली जलाने पर किसानो के विरूद्व (एफ0आई0आर0) प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुये सम्बन्धित से नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही कर वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी तथा वसूली कर वसूली की धनराशि को पर्यावरण के निर्धारित लेखाशीर्षक मे जमा किया जायेगा।

# बेजुबानों की जीवन रक्षक बनीं सांसद मेनका गांधी

- सांसद की तहरीर पर ट्रक चालक समेत तीन लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता का केस



**सुल्तानपुर।** तीन दिवसीय दौरे से दिल्ली वापस जा रही पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने यमुना एक्सप्रेस वे पर दिल्ली ले जा रहे ट्रकों में भूसे की तरह भरकर भेड़ व बकरियों को मुक्त करा दिया। सांसद के निर्देश पर ट्रक चालक समेत तीन लोगों के विरुद्ध गौतमबुद्धनगर के दनकौर थाने में आपराधिक मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर आरोपी तीन लोगों को जेल भेज दिया है। मुक्त कराए गए 114 भेड़ बकरियों को संजय गांधी एनिमल केयर सेंटर भेज दिया गया जहां उनका जीवन पूर्णतया सुरक्षित हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सांसद महोदया शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस वे से कार पर सवार होकर दिल्ली जा रही थी कि मथुरा क्रास करते ही आधी रात के वक्त उन्हें एक ट्रक में दो पार्ट में भेड़ और बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी, ट्रक को रोका गया तो पता चला कि उसमें भेड़ बकरियां भूसे की तरह भरी गई थी, सांसद के निर्देश पर पुलिस कमिश्नर ने तत्कालिक कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिए दनकौर थाना अध्यक्ष ने सांसद की तहरीर पर ट्रक चालक समेत तीन लोगों पर 289 व पशु क्रूरता अधिनियम का मामला पंजीकृत करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## इस वर्ष नहीं होगा ऐतिहासिक श्री रामलीला का मंचन

**करनैलगंज ( गोंडा )।** करनैलगंज की प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्रीराम लीला का मंचन व दशहरा करीब डेढ़ सौ वर्षों बाद कोरोना काल में इस वर्ष नहीं मनाया जाएगा। दशहरे के दिन करनैलगंज के रामलीला मैदान में होने वाले श्रीराम व रावण युद्ध को देखने के लिए करीब 50 हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ हर साल उमड़ती थी। मगर इस वर्ष कोरोना काल के कारण करनैलगंज की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन नहीं किया गया। जबकि रामलीला मंचन में दशहरे के एक दिन पहले फांसी नाटक का मंचन क्षेत्र का प्रसिद्ध मंचन होता है। जो शनिवार को आयोजित होता, मगर श्रीराम लीला का मंचन ना होने के कारण लोग निराश हुए। उधर दशहरे के दिन भगवान श्रीराम के विमान एवं रावण के विमान को रामलीला के मैदान में दौड़ कर पूरे मैदान में घूमते हुए अग्निबाणों की वर्षा के साथ श्रीराम रावण युद्ध देखने की लालसा लोगों में धरी की धरी रह गई। इस बार पूरे करनैलगंज में रामलीला का मंचन कोरोना के चलते नहीं किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण कदमः सांसद

- राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में लाया जाय 'क्राइम अगेन्स्ट वीमेन': प्रतीक भूषण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

संवाददाता। गोंडा



उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व विधायक प्रतीक भूषण सिंह पायनियर

**महिला** सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति अभियान के रूप में चलाए जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी थानों मे महिला हेल्प डेस्क की शुरूआत की गई। इसीक्रम में जनपद में मुख्य कार्यक्रम प्रदेश स्तर से चयनित कोतवाली नगर में आयोजित किया गया। जिसमें महिला सुरक्षा साहित्य, जागरूकता व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 19 महिला पुलिसकर्मियों व 10 समाजसेवी महिलाओं सहित कुल 29 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि बालिकाओं-महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए मुख्यमंत्री द्वारा चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलओं एंव बालिकाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अब प्रदेश के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना से उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही हो सकेगी। विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह ने कहा कि ''क्राइम अगेन्स्ट वीमेन'' को राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में लाया जाय तथा महिलाओं से सम्बन्धित अधिक घटना वाले क्षेत्रों को रेडजोन घोषित करने की कार्यवाही की जाय। आयुक्त एसवीएस रंगाराव ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन व अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा इस अभियान को पूरी तरह से सफल बनाया जाय। डीआईजी डा0 राकेश सिंह ने मिशन शक्ति के विभिन्न चरणों का उल्लेख करते हुए अभियान के उद्देश्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि महिला हेल्प डेस्क स्थापना से महिला सशक्तीकरण को बल मिलेगा और उचित वातावरण में महिलाओं की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जनजागरूकता एवं जन सहभागिता से अभियान अपने उद्देश्यों में सफल होगा। कार्यक्रम में सम्मानित होने वोली महिलाओं में धनगर स्वयं सहायता समूह हलधरमऊ की अध्यक्ष विनीता पाल, साहित्यकार डा0 उमा सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिका जूली पाण्डेय, ममता चौधरी प्रधानाचार्य, नीलम जैन, पूनम वर्मा, साक्षी अरोड़ा, रूषि दूबे, रूकसाना व माही गुप्ता, उपनिरीक्षक गुरप्रीत कौर, महिला आरक्षी कोमल वाजपेयी, शिल्पा यादव, अर्चना यादव, शैलजा सिंह, जूली तिवारी, अंकिता सिंह, वन्दना दिनकर, अनामिका, उर्वशी, बेनजीर, भारती सिंह, शिल्पा यादव, रीना सिंह, शालिनी यादव, सीमा वर्मा, हेमलता, अनीता शुक्ला व मंजू वर्मा शामिल रहीं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार, एसडीएम सदर वीर बहादुर यादव, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन कमरूद्दीन, एलबीएस प्राचार्य श्रीमती वन्दना सारस्वत, कोतवाल नगर आलोक राव आदि उपस्थित रहे।

# ऐसे तो सामुदायिक शौचालय भी दिखेंगे महज ढांचे जैसे!

संवाददाता। बस्ती

- किसी की छत तो किसी की दीवार और कहीं नींव ही नजर आएगी
- शौचालयों को पूरा करने के लिए है धन का घोर अभाव
- निर्माण पूरा करने को चाहिए 26 करोड़ 89 लाख
- उपलब्ध धनराशि से सिर्फ 746 शौचालय ही किए जा सकते हैं तैयार

**पंचायत** भवन की तरह सामुदायिक शौचालय के निर्माण में धन आड़े आ रहा है। कुल 12135 शौचायलयों का निर्माण का लक्ष्य है, जो धन उपलब्ध है, उससे कुल 746 का ही निर्माण हो सकता है। सामुदायिक शौचालयों को पूरा करने के लिए जिले को 26.89 करोड़ की आवश्यकता है। इस तरह 489 ग्राम पंचायतों के शौचालय खंडहर की तरह नजर आएगें। किसी की छत तो किसी की नींव तो किसी का दिवार दिखाई देगा। 26.89 करोड़ का इस्तेमाल नवनिर्वाचित प्रधान ही कर पाएगें। शासन को भेजी गई रिपोर्ट में 746 सामुदायिक शौचालय के पूर्ण हो पाने की जानकारी दी गई है। एक सामुदायिक शौचालय के निर्माण पर सरकार का 5.55 लाख व्यय होता है, और यह धन टाइट फंड से खर्च होता है। जो शौचालयों पूर्ण हो चुके है, या फिर निर्माणधीन है, उनमें अधिकांश की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे है। हालांकि अनेक ऐसे शौचालयों का निर्माण भी हुआ जो माडल के रुप में नजर आरहे है।

जिले में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण और उसके धन के गलत इस्तेमाल को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इन दोनों परियोजनाओं पर सरकार का दो अरब 20 करोड़ खर्च हो रहा है। 758 पंचायत भवन पर एक अरब 51 करोड़ और 1235 सामुदायिक शौचालय के निर्माण पर 69.89 करोड़ व्यय होना है। चूंकि प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के कगार पर है, और सरकार पंचायत चुनाव से पहले इन दोनों योजनाओं को लागू करके एक तरह ग्राम पंचायतों का समुचित विकास कराना चाहती है। दोनों योजनाओं में कोई कमी नहीं हैं, मगर जानकारों का मानना है कि अगर यही दोनों योजना एक साल आई होती तो सरकार का मकसद हल हो सकता था। चूंकि यह योजना कार्यकाल के अंतिम दिनों में लागू की गई, इस लिए इन दोनों परियोजनाओं की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे है। कारण, प्रधान से लेकर ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ से लेकर सेक्रेटरी तक अच्छी तरह जानते हैं कि अगर रात-दिन भी मेहनत कर दिया जाए तो दोनों परियोजनाओं को धन के अभाव पूरा नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि हर कोई काम से अधिक धन का बंदरबांट करना चाहता है। गुणवत्ता को लेकर कोई चिंतित नहीं है, बल्कि उनकी सारी चिंता अधिक से अधिक धन अर्जित करने की है। एक वर्ग ऐसा भी जो यह कह रहा है कि सरकार ने प्रधानों, ब्लॉक प्रमुखों, बीडीओ, माननीयों और सेक्रेटरियों को अवसर प्रदान किया हैं, क्यों कि सरकार भी जानती है, कि धन के अभाव में दोनों योजनाएं इस वित्तीयवर्ष में पूरी हो ही नहीं सकती। विभाग की ओर से भी सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए कोई फुल प्रूफ योजना नहीं बनाई, बल्कि बहती गंगा में हाथ नहीं अपितु डुबकी लगाई।

### निरीक्षण में धन के अभाव में एक दर्जन काम भी बंद मिले

**जिला** समन्वयक स्वच्छ भारत मिशनराजा शेर सिंह ने अवकाश के दिन शनिवार को परसुरामपुर ब्लॉक के लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में बन रहे सामुदायिक शौचालय के निर्माण की प्रगति जानने के लिए निरीक्षण किया। कारण पोर्टल पर इन ग्रामों के निर्माण की प्रगति कई दिनों ने बंद पो कर रहा था। ग्राम जीतीपुर, लोहरौली पुराना, घोसड़े मिश्र, करनपुर, नाथपुर, इटवा, गोपीनाथपुर, गुणौना और कलवापुर में काम बंद मिला। अधिकतर धन के अभाव में काम बंद मिला।

## विजयादशमी की पूर्व संध्या पर हुआ फलाहार आध्यात्मिक काव्य संगोष्ठी

**बस्ती।** असत्य पर सत्य के विजय पर्व विजयादशमी की पूर्व संध्या पर समाचार पत्र वितरक जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश गोस्वामी के संयोजन में अमहट घाट शिव मंदिर परिसर में आध्यात्मिक काव्य संगोष्ठी एवं फलाहार का आयोजन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि श्रीराम जैसी मर्यादा को जीवन में उतारने पर ही अहंकार, अनीति का रावण मारा जाएगा। रावण एक प्रवृत्ति है। साहित्यकार, चिकित्सक, समाजसेवी डा. वीके वर्मा ने कहा कि देवी भगवती की कृपा से ही श्रीराम ने रावण को मारा। शक्ति और सत्य के साधना की विजयादशमी तभी सार्थक होगी जब अनीति, अधर्म का नाश हो। अध्यक्षता करते हुए कवि पं. चन्द्रबली मिश्र ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें सदैव संदेश देता है कि अन्यायी कितना ही प्रतापी क्यों न हो वह नैतिकता के साहस से मारा जाता है। कार्यक्रम में दीन दयाल तिवारी,सुनील कुमार भट्ट, गोविन्द, दिलीप, सर्वेश, लवकुश सिंह, राजेन्द्र, रमेश, विजय प्रकाश गोस्वामी व अन्य शामिल रहे।

## डीएम-एसपी ने दुधारा थाने में सुनीं समस्याएं

- दिया मामलों के शीघ्र निस्तारण का निर्देश



संवाददाता। सेमरियावां/संतकबीरनगर

**शनिवार** को दुधारा थाना परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण कराये जाने का मातहतों को निर्देश दिया। लगभग सुबह 11 बजे जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह दुधारा थाने पर पहुंचे इस दौरान सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुना और उसके त्वरित निस्तारण कराने हेतु मातहतों को निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के सात तथा पुलिस से संबंधित तीन मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान तहसीलदार शशांक शेखर राय, थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव, राम अजोर, राकेश कुमार श्रीवास्तव, इम्तियाज अहमद, अमित मौर्या, राजाराम सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे। पीआरओ सेल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि पूर्व में सभी प्रकरण निस्तारित कर दिये गये थे। आज कुल 64 मामले आये जिनमें 19 मामलो का निस्तारण मौके पर किया गया फरियादी संतुष्ट भी रहे। उन्होंने बताया कि खलीलाबाद कोतवाली में 15 मामले आये 6 का निस्तारण, दुधारा थाना में 10 मामले आये, धनघटा में 7 मामले आये 3 का निस्तारण, महुली में 12 मामले आये 3 का निस्तारण, थाना मेंहदावल में 3 मामले आये 1 का निस्तारण किया गया, थाना बखिरा में 4 मामले आये, थाना बेलहर कला में 9 मामले आये 4 का निस्तारण तथा धर्मसिंहवा में 4 मामले आये 2 का निस्तारण किया गया।

## चार साल बाद गिरफ्त में आया एक लाख का ईनामी कमलेश

- पुलिस को चकमा देकर जिला अस्पताल से वर्ष 2016 में हुआ था फरार
- देशी रिवाल्वर, फैक्ट्रीमेड दो बन्दूक, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद



पकड़ा गया इनामी बदमाश और पुलिस टीम — पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**जिला** अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से फरार एक लाख के इनामी अपराधी कमलेश माझी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पिछले चार वर्षों से अधिक समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। एक एनकाउंटर के दौरान वर्ष 2016 में उसे गिरफ्तार किया गया था। पैर में गोली लगने के बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से चकमा देकर वह फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी फरारी के बाद उस पर इनाम घोषित किया था। बावजूद इसके वह पिछले चार वर्षों से पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाया था। गिरफ्तार कमलेश माझी के पास से पुलिस ने फैक्ट्रीमेड दो डीबीबीएल गन, एक रिवाल्वर, तीन कारतूस, एक मोटर साईकिल बरामद किया है। पीआरओ सेल के अनुसार विशेषरगंज-हर्रैया मार्ग पर नदाएं गांव के पास पुलिस एवं एसओजी टीम ने घेराबन्दी कर उसे गिरफ्तार करने में सफलता पाई। अयोध्या जिले के राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र के कौशल्याघाट निवासी कमलेश माझी 2016 से फरार चल रहा था। उसके विरूद्ध अयोध्या के कैंट,कोतवाली, बस्ती के परसरामपुर, छावनी थाने में पूर्व में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। वर्ष 2016 में उसे एक एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार किया गया था। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से चकमा देकर वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी पुलिस ने सूचना बाद नदाएं गांव के पास घेराबंदी की। इस दौरान बिना नम्बर की एक मोटर साईकिल से आ रहे कमलेश माझी को रोक कर तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देशी रिवाल्वर और तीन कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान मोटर साईकिल भी चोरी की निकली। हर्रैया थाना पर पूछताछ के दौरान उसने वर्ष 2016 में अगस्त 2016 में अयोध्या जिले के गोसाईगंज क्षेत्र के रहने वाले रामकिशन निषाद और अभिषेक तिवारी द्वारा कौशल्याघाट के पास उसे दो लाइसेंसी बन्दूक रखने के लिए देने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर दोनो लाइसेंसी बन्दूक उसके घर से बरामद की गई। बरामद बन्दूक रौनाही में कैशवैन लूट के दौरान गार्ड से लूटी गई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक छावनी सौदागर राय, एसओजी प्रभारी राजेश राय, सर्विलांस सेल प्रभारी जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक श्याम मोहन तिवारी व अन्य शामिल रहे।

## जांच के 'जंजाल' में गुजरे गए तीन साल

- दो जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई
- तीसरी जांच में दोषियों को दे दी गई क्लीन चिट
- चौथी बार विषेष जांच अधिकारी बनाए गए जिला विकास अधिकारी
- कार्रवाई के बजाए पिछले तीन साल से हो रही है सिर्फ छानबीन
- दुबौलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बंजरिया सूबी का मामला

संवाददाता। बस्ती

**जिले** में किस तरह जांच के नाम पर खेल 'खेला' जा रहा है, इसका उदाहरण दुबौलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बंजरिया सूबी में आसानी से देखा जा सकता। शिकायतकर्ता पिछले तीन साल से षपथ पत्र के साथ शिकायत करता आ रहा हैं, मगर उसे इतने सालों में उसे परिणाम के नाम पर मिलता है जांच टीम के अधिकारियों का नाम। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि लाखों रुपये का चूना लगाने वाले प्रधान, सेक्रेटरी और तकनीकी सहायक के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उसे बचाने के लिए ही बार-बार जांच बैठा दी जाती है। जबकि पहली दो जांच टीम तीनों को लाखों रुपये के गबन का दोषी मानकर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भी कर चुकी है। मगर कार्रवाई करने के बजाए तीसरी जांच टीम बैठा दी गई, और इस जांच टीम ने तीनों दोषियों को क्लीन चिट दे दिया। अब षिकायतकर्त्ताओं के अनुरोध में डीएम की ओर से चौथी जांच ऐसे समय बैठाई गई, जब प्रधान का कार्यकाल समाप्त होने को है। इस बार जिला विकास अधिकारी को विशेष जांच अधिकारी बनाया गया। शिकायतकर्त्ता रजनीकांत सिंह, आरती सिंह, विजय कुमार सिंह, उर्मिला सिंह और दानबहादुर सिंह सहित अन्य का कहना है कि वे लोग जांच और शिकायत करते-करते थक गए, वे लोग पिछले दिसंबर 17 से ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा मनरेगा और षौचालय में किए गए सरकारी धन के गबन करने की जांच कराने की मांग करते रहे, मगर इन तीन सालों में उन लोगों को दर्द, पीड़ा और दुश्मनी के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला। व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहते हैं कि अगर जांच और कार्रवाई का यही आलम रहा तो जिले से भ्रष्टाचार मिटाना और जीरो टारलेंस की बाते कागजों में ही सिमट कर रह जाएगी। कहतें हैं कि हद तो तब हो गई, जब तीसरी जांच टीम ने पिछले दो जांच टीम के रिपोर्ट को धत्ता बताकर प्रधान, सेक्रेटरी और तकनीकी सहायक को बरी कर दिया, कहते हैं कि इससे बड़ा मजाक और भ्रष्टाचार और कोई हो ही नहीं सकता। कहते हैं कि आज तक उन लोगों को यह समझ में नहीं आया कि जब पहली जांच टीम ने दोषी माना तो कार्रवाई करने के बजाए किस मकसद से और क्यों दूसरी जांच बैठाई गई, और जब दूसरी टीम ने भी दोषी माना तो फिर क्यों तीसरी जांच बैठाई गई, और वही हुआ जो दोषी चाहते थे, उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। शुक्रवार को शिकायतकर्ता को टीम विशेष जांच अधिकारी बनाए गए जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव से मिलने आई थी, और पूछ रही थी, 'साहब' क्या इस बार न्याय मिल पाएगा, या फिर पांचवी जांच टीम बैठानी पड़ेगी।

### ...क्यों नहीं होती फर्जी रिपोटिंग करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई

**शिकायतकर्त्ताओं** का कहना है कि प्रशासन क्यों नहीं फर्जी रिपोर्ट लगाने और दोषियों को क्लीन चिट देने वाली तीसरी जांच टीम के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करता। कहते हैं कि जांच अधिकारी लोग अच्छी तरह जानते हैं कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, इस लिए वे दोषियों को बचाने के लिए भारी सौदा करते है। अगर इन लोगों के खिलाफभी कार्रवाई होने लगे तो कईयों को न्याय मिल जाएगा, और कई दोषी जेल के अंदर नजर आएंगे। जीरो टालरेंस का मकसद भी हल हो जाएगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने माता के दर पर मत्था टेका

संवाददाता। मिर्ज़ापुर

**प्रदेश** अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के स्वतंत्र देव सिंह जब शनिवार को मां विन्ध्यवासिनी का मत्था टेकने के लिए जिले में पुलिस लाइन स्थित हैलीपैड पर उनका हेलीकाप्टर उतरा तब उनके स्वागत मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्या, राज्यमंत्री रमाशंकर पटेल समेत जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। उसके बाद वे सीधे मां विन्ध्यवासिनी दरबार में मत्था टेकने पहुंचे।

## समय माता महारानी ट्रस्ट को 51 हजार का दान

- पूजन-अर्चन के बाद डा. उदय ने परिवार के साथ जरूरतमंदों को फल वस्त्र वितरित किया

संवाददाता। संतकबीरनगर



**सूर्या** एकेडमी के प्रबन्धक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी सहपत्नी श्रीमती सविता चतुर्वेदी के साथ शनिवार को परिवार के साथ खलीलाबाद के प्राचीन समय माता मन्दिर महारानी ट्रस्ट में 51 हजार रूपये दान दिया। निरन्तर समाजसेवा के प्रति अग्रेसित है। पूजन अर्चन के बाद चतुर्वेदी परिवार ने जरूरतमंदो में वस्त्र एवं फल वितरित किया। मन्दिर परिसर में उपस्थित ब्राह्मणों में दक्षिणा देकर आर्शीवाद प्राप्त किये। इस अवसर पर उनके साथ सुभाष चन्द्र शुक्ल, अखण्ड प्रताप चतुर्वेदी, सौरभ सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसायी कैलाशपति रूंगटा सहित सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे। नवरात्रि के पावन अवसर पर भारी संख्या में जरूरतमंदो में वस्त्र नकदी आदि दान करने का सिलसिला इस बार भी जारी रहा। परिवार के साथ खलीलाबाद के माता समय माँ मन्दिर पहुंचे समाजसेवी डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने पत्नी व सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी की एमडी श्रीमती सविता चतुर्वेदी और बेटे अखंड चतुर्वेदी के साथ मां के मंदिर में माथा टेक मां का आशीर्वाद लिया। दान के विषय में हम सभी जानते हैं। दान अर्थात देने का भाव, अर्पण करने की निष्काम भावना। उन्होंने कहा कि उन्मुक्त हृदय से श्रद्धापूर्वक एवं सामर्थ्य अनुसार दान एक बेहतर समाज का निर्माण करता है।

## प्रो. डा. नवीन ग्लोबल टेच के सह राज्य संयोजक नियुक्त

संवाददाता। बस्ती



**ग्लोबल** टेच इंटरनेशनल ने योग, एक्यूप्रेशर, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में पिछले ढाई दशक से सक्रिय योगाचार्य डॉ0 रमेश चन्द्रा को राज्य संयोजक, प्रोफेसर डा. नवीन सिंह को सह राज्य संयोजक नियुक्त किया है। जीटीआई के सीईओ डॉ0 संजीव पांडेय ,प्रोफेसर विद्या भूषण ने ग्लोबल टेच इंटरनेशनल के आजीवन सदस्य प्रोफेसर डा. नवीन सिंह को उत्तर प्रदेश का सह राज्य संयोजक नियुक्त करते हुए कहा है कि वे चिकित्सा सेवा, परामर्श, प्रशिक्षण के साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपना श्रेष्ठतम योगदान देते रहेंगे।

इस मनोनयन पर प्रोफेसर जेपी अग्रवाल, एमवी त्रिपाठी, अर्चना दूबे, शंकर कुमार सान्याल, डॉ. एनपी सिंह, रामकुमार शर्मा, विशाल जायसवाल, ई. जयपाल दास,योगाचार्य डॉ. रमेश चंद पटेल, सीईओ अनिल शुक्ला, जयप्रकाश सिंह, डॉ. एलके राय, रेड क्रास सोसाइटी के सचिव सरदार कुलवेन्द्र सिंह मजहबी, ओम प्रकाश आर्य, विश्वनाथ शर्मा, डॉ. प्रवेश कुमार, गरुडध्वज पांडेय, सुभाष चंद आर्य, राम मोहन पाल, उमेश मद्धेशिया,डॉ पंकज गौतम, चंद्र प्रकाश चौधरी ,सक्षो दुबे आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## सांसद ने जनपद को बदनाम करने वाले मीरजापुर 2 वेब सीरीज के जांच की मांग की



**मिर्ज़ापुर।** जनपद की अपना दल एस की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री से मीरजापुर 2 वेबसीरीज के सम्बन्ध में निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मीरजापुर जनपद विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह जनपद समरसता का केन्द्र बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मीरजापुर नामक वेबसीरीज के जरिये इसे हिंसक इलाका बतलाकर बदनाम किया जा रहा है। इस सीरिज के माध्यम से जाति वैमनस्य फैलाने का यह कुत्सित प्रयास है। उन्होंने कहा है कि मीरजापुर जिले की सांसद होने के नाते मेरी जोरदार मांग है कि इसकी निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करनी चाहिए।

## श्री दुर्गापूजा व रामलीला समिति ने किया हवन-पूजन, भंडारा भी

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र



**स्थानीय** ग्राम पंचायत के बीजपुर बाजार परिक्षेत्र स्थित दुर्गापूजा पंडाल में शनिवार को श्री श्री दुर्गापूजा व रामलीला समिति के तत्वावधान में हवन एवं कन्या पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तजनों ने काफी संख्या में भाग लेकर मां दुर्गा का महाप्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इसके पूर्व चालू माह अक्टूबर 2020 के 17 तारीख से पूजा परिसर में पर्दा पर रामायण सीरियल का भी भक्तजनों ने आनंद उठाया। शनिवार को पूजा परिसर का माहौल भक्तिरस से सना हुआ दिखा। एक तरफ गायक कलाकार मन्नू तिवारी व साथी कलाकारों द्वारा भक्तिरस से युक्त गीतों के गायन का श्रोतागण आनंद उठा रहे थे तो दूसरी तरफ श्रद्धालु महाप्रसाद को ग्रहण कर मां दुर्गा से अपने तथा देश के सलामती के लिए मिन्नते कर रहे थे। यहीं आलम थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं तथा एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के पूजा पंडालों में भी देखने को मिला जहाँ भक्तिरस युक्त माहौल दिखाई दिया। बीजपुर बाजार में आयोजित विशाल भंडारे में पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता के साथ-साथ अन्य पदाधिकारियों में विकाश मंगला, रविंद्र गुप्ता , विनोद गर्ग, प्रेमचंद गुप्ता, उपेंद्र प्रताप सिंह, यशवंत सिंह, धनञ्जय शर्मा, मुन्ना गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, लल्लन सिंह जयराम शर्मा आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए देखे गए। अन्य संभ्रांत नागरिकों में जिला पंचायत सदस्य जरहा केदारनाथ यादव, शिवधारी गुप्ता व क्षेत्र के अन्य लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

## कोविड-19 का पालन, होगा दादा मियां का उर्स: मौ. सैय्यद अमीर

**सेमरियावां** (संतकबीरनगर)। लगभग 50 वर्षो से अधिक ब्लॉक के सालेहपुर स्थित हजरत सैयद मोहम्मद अशरफ सिमनानी उर्फ दादा मियां की दरगाह पर अकीदतमंदों द्वारा मनाये जाने वाला उर्स इस वर्ष कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार सम्पन्न किया जायेगा और उर्स में भीड़ भाड़ इकट्ठा ना हो। जिसके लिए मेले का आयोजन नहीं होगा। उक्त जानकारी दरगाह प्रबंधन सीमित के सज्जादा नसीन नौसाद अशरफके उत्तराधिकारी मौलाना सैयद अमीर हमजा अशरफने दी। उन्होंने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस को देखते हुए कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुसार हजरत सैयद शाह मोहम्मद शहीद अशरफउर्फदादा मियां के उर्स के मौके पर हर साल 14 नम्बर को तकरीरी कार्यक्रम, 15, को नातिया मुशायरा, 16 को महफिले शमा यानी कव्वाली का प्रोग्राम व 17 को कुल-ए-खानी के जलसे का समापन किया जाता था लेकिन इस बार कोरोना वायरस को देखते हुए दरगाह पर होने वाले सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिये गये हैं।

## कार्यकारी निदेशक सुरक्षा ने किया एनटीपीसी रिहंद स्टेशन का दौरा

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र



**कार्यकारी** निदेशक सुरक्षा ई एम जी ऐश मैनेजमेंट एस डी सुबोजीत मलिक चौधरी ने शुक्रवार को एन टी पी सी रिहंद स्टेशन का दौरा करके मातहतों को सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम रिहंद स्टेशन के शिवालिक अतिथि गृह में पहुँचने पर स्टेशन के उच्चाधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता प्रदान करके परम्परागत ढंग से उनका स्वागत किया। निरीक्षण की कड़ी में उन्होंने स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित लेक पार्क नंदन कानन पार्क एवं कौशल विकास केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर वहाँ की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। परियोजना के निरीक्षण के दौरान श्री चौधरी ने ईकाई दो के क्लोरीनेशन प्लांट व सीलो क्षेत्र का भ्रमण करके वहां के विभागाध्यक्षों को सुरक्षा के संदर्भ में विशेष सावधानियां बरतने को कहा। अगली कड़ी में उन्होंने इकाई एक के पी ए पी एच टर्बाइन फ्लोर तथा कंट्रोल रूम का सघनता पूर्वक निरीक्षण किया। रिहंद प्रस्थान के पूर्व श्री चौधरी ने वृक्षारोपणकार्य का संपादन भी किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य रूप से कार्यकारी निदेशक रिहंद बालाजी आयंगर, मुख्य महाप्रबंधक ओ एंड एम महाप्रबंधक अनुरक्षण एस कृष्णा, महाप्रबंधक एडीएम के एन रेड्डी आदि मौजूद रहे।

## पीएचडी में प्रवेश के लिये इच्छुक छात्रों के साथ नहीं होने देंगे अन्याय: उद्देश्य

**जौनपुर।** पीएचडी प्रवेश परीक्षा में परास्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम शैक्षणिक सत्र में अध्यनरत विद्यार्थियों को शोध पात्रता परीक्षा हेतु आवेदन करने की अनुमति प्रदान करने के संदर्भ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक उद्देश्य सिंह व जिला एसएफडी संयोजक कौतुक उपाध्याय के नेतृत्व में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुजीत जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। कुछ छात्रों का परास्नातक में थीसिस शोध कार्यद्ध के कारण अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया जा सका है। ऐसे में ये छात्र आवेदन से वंचित होंगे जो उचित नहीं है। छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। 23 अक्टूबर को आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

## खेत में धान की पराली न जलाने के लिये की गयी बैठक

**मछलीशहर, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के अमारा गांव में हल्का लेखपाल ने ग्रामीणों के साथ बैठक करके धान की पराली खेत में न जलाने तथा पराली का सही उपयोग करने के लिए जानकारी दिया। गुरूवार को उक्त गांव में हल्का लेखपाल रितम्भरा ने ग्रामीणों के साथ हुई बैठक में बताया कि खेत में पराली जलाने से खेत की उर्वरता बढ़ाने वाले कीट नष्ट हो जाते हैं जिससे खेत की उर्वरता कम हो जाती है। साथ ही पराली जलाने से उससे निकलने वाले जहरीले धुएं से पूरा वातावरण दूषित हो जाता है जो मानव जीवन के लिए बहुत ही खतरनाक साबित हो रहा है।

## 50–50हजार के ईनामी शनी और ढोलक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जनपद के सैदपुर थाना पुलिस ने 50.50 हजार के दो इनामिया बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार कर्मवीर सिंह उर्फशनि एवं आनंद सिंह उर्फढोलक सिंह का नाम देवचंदपुर में हुए गोलीकांड में सामने आया थाए जिसके बाद से पुलिस इनकी तलाश सरगर्मी से कर रही थी। वही दोनों के ऊपर 50.50हजार के इनाम भी घोषित कर दिए गए थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को दो पिस्टलों के साथ गिरफ्तार किया है। देवचंदपुर स्थित पेट्रोल पंप से लूटी गई 3 लाइसेंसी रायफल भी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार कर्मवीर सिंह और आनंद सिंह उर्फ ढोलक सिंह के ऊपर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और दोनों हत्या व डकैती के मुकदमे में वाछित चल रहे थे।

## थानाध्यक्ष को निलम्बित करने की संस्तुति

**जौनपुर।** जिले के मछलीशहर के नायब तहसीलदार मान्धाता सिंह के साथ समाधान दिवस पर मुंगराबादशाहपुर के थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह द्वारा अभद्रता एवं कुर्सी से उठाये जाने के मामले में जांचोपरान्त जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष को निलम्बित करने की सस्तुति कर दिया है। अपर मुख्य सचिव गृह विभाग उत्तर प्रदेश को लिखे गये पत्र में जिलाधिकारी ने लिखा है कि इस प्रकरण से राजस्व विभाग के कर्मियों में रोष है। थानाध्यक्ष का कार्यव्यवहार अच्छा नहीं है। इनके द्वारा समाधान दिवस में भूमि विवाद के निस्तारण में रूचि न लेकर आपस में विवाद करना एवं अभद्रता करना किसी दशा में उचित नहीं है। थानाध्यक्ष के विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही कया जाना आवश्यक है। इन्हे भविष्य में किसी थाने का जार्च न दिया जाय। इसकी संस्तुति की जाय।

## एमएलसी ने किया पत्रकार भवन का लोकपर्ण

**गाजीपुर।** पत्रकारों के बहुप्रतिक्षित पत्रकार भवन का आज लोकापर्ण विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल के कर कमलो द्वारा किया गया तत्पचात जिला पंचायत सभागार में नव निवार्चित पदाधिकारियों को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत सुन्दरकाण्ड पाठ प कृष्णा बिहारी त्रिवेदी व सत्यनरायण भगवान के कथा व हवन पत्रकार राममनोज त्रिपाठी ने विधि विधान से पूजन किया गया। मुख्यअतिथि ने पत्रकार भवन पर लगे शिलापटट का अनावरण कर भवन का लोकापर्ण किया।

## देवी कथा में रुद्राक्ष की महिमा की दी जानकारी

**रूद्रपुर, देवरिया।** श्री दत्तात्रेय धाम बेलुआर घाट पर श्री मद देवी भागवत कथा के 8 वे दिन प0 गंगासागर तिवारी शास्त्री ने रुद्राक्ष की महिमा के बारे में बताया। एक हजार वर्ष भगवान भोले नाथ पलक नीचे नही गिराए, उनके आंख से जल टपकने लगा। जिससे रुद्राक्ष की उतपत्ति कही जाती है। रुद्राक्ष 40 प्रकार के होते हैं, जो श्वेत वर्ण का एक मुखी रूद्राक्ष प्राप्त हो जाने परए इक्षित फल की प्राप्ति होती हैए दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्वास्थ्य लाभ होता है। तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से बलए बुद्धिए लक्ष्मी की प्राप्तिहोती हैए चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्वास्थ्यए लक्ष्मी ए पदए प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है। अलग अलग इक्षावो की पूर्ति हेतु अलग अलग मुखी रूद्राक्ष धारण का विधान, विशेषज्ञ की राय से धारण करना चाहिए। स्वामी परमानन्द गिरी ने अपने उदबोधन में कहा कि ईश्वर ने मानव कल्याण हेतु ही रुद्राक्ष का प्रसाद दिया है।

# बूथ पर दें ध्यान, होगी बंपर जीत



संवाददाता। देवरिया

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ली बूथ समिति के सदस्यों की बैठक

**बूथ** संख्या 181 रूच्चापार बूथ पर कन्या पूजन के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने सबका परिचय जाना और उनसे केंद्र तथा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बूथ समिति के सदस्यों से उस बूथ पर उपचुनाव में भाजपा की स्थिति को पूछा तो सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि यह बूथ भाजपा एक तरफ। जीतेगी। तत्पश्चात बूथ समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी केवल अपनेअपने बूथ पर ध्यान दे और भारी अंतर से विरोधियों से चुनाव अगर जीत गये तो भाजपा इस उपचुनाव को ऐतिहासिक मतों से जीतेगी। हम अपने बूथ के लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताये।बूथ पर सरकार के योजनाओ के लाभार्थियों से सम्पर्क करेंए साथ ऐसे पात्र लोगों को भी सूची बद्ध करे जो सरकार की योजनाओं से अब तक वंचित है और चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद उन पात्र लोगो को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाये।इसके बाद उन्होंने समिति के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री डा् सतीश द्विवेदी,प्रदेश मंत्री भाजपा त्रयम्बक त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष डा धर्मेन्द्र सिंह सैथवा, क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, मण्डल प्रभारी मारकंडेय शाही, मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सिंह आजाद और बूथ समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### देवरिया में की कन्या पूजा



**देवरिया।** विधानसभा उपचुनाव के लिये भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में भाग लेने देवरिया पहुचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह कल देर रात बैतालपुर मण्डल के रूच्चापार बूथ संख्या 181 पर पंहुचे एजहा उन्होंने शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी और महानवमी की पूर्व संध्या पर जनपदवासियों एवं कार्यकर्ताओ को हार्दिक शुभकामनाएं दिया और बूथ पर पूरे विधि विधान से कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने कहा है कि नवरात्र का पर्व केवल व्रत और उपवास का नहींए बल्कि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। उन्होंने महाअष्टमी व महानवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड19 के प्रोटोकॉल तथा शारीरिक दूरी का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि जगत की समस्त व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं। इनके अनंत रूप हैं।

# मुख्तार के करीबी शम्मे हुसैनी के हॉस्पिटल पर भी चला बुल्डोजर

संवाददाता। गाजीपुर



आखिरकार गंगा किनारे बने शम्मे हुसैनी हॉस्पिटल और समूह की अन्य बिल्डिंगों पर प्रशासन का बुल्डोजर गरज पड़ा। शनिवार की सुबह जिला प्रशासन के आला अफसरों की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण किया गया। इससे पहले शुक्रवार की शाम जिला अधिकारी के यहां की गई अपील को बोर्ड ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई।

वही पूरी रात अस्पताल संचालकों द्वारा अस्पताल परिसर को खाली करने की कवायद की जाती रही। विदित हो कि सदर एसडीएम प्रभास कुमार की कोर्ट ने बीते आठ अक्टूबर को शम्मे हुसैनी अस्पताल को लेकर आदेश दिया था कि एक सप्ताह के अंदर इसे ध्वस्त करा दें, अन्यथा जिला प्रशासन द्वारा गिरा, जाने पर इसमें जो खर्च आएगा उसे भी वसूल किया जाएगा। एक सप्ताह के मिले समय में अस्पताल के संचालक हाईकोर्ट चले गए। हाइकोर्ट ने दस दिनों का समय देते हुए जिलाधिकारी के यहां अपील करने का आदेश दिया था। इसके बाद संचालक द्वारा जिलाधिकारी के यहां अपील की गई थी। जिसे कल खारिज कर दिया गया। मालूम हो कि एनजीटी के गाइडलाइन के अनुसार गंगा के 200 मिटर के क्षेत्र में कोई निर्माण नहीं हो सकता है। इतना हीं नहींए गाजीपुर के मास्टर प्लान के अनुसार उक्त स्थान का कोई कामर्शियल उपयोग नहीं हो सकता है। बावजूद इसके सभी मानक को ताख पर रखकर करोड़ों की लागत से यह भारी भरकम अस्पताल बना दिया गया।

# मोदी व योगी के शासन में चमकने लगा है पूर्वांचल: रवि किशन

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी अनुसूचित वर्ग मोर्चा द्वारा सीसी रोड स्थित मंगलम मैरेज हाल में अनुसूचित वर्ग के लोगो का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये सांसद गोरखपुर रवि किशन ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में ऐतिहासिक विकास हो रहा है। कभी किसी ने सोचा नही था कि गोरखपुर में एम्स होगा,गोरखपुर में खाद कारखाना होगा,देवरिया में मेडिकल कालेज होगा लेकिन अगर आज यह सम्भव है तो केवल इसलिये की देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इसलिये मैं यहां आया हूँ कि आप सभी से निवेदन कर सकूं की इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी डा् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी को आप लोग विजयी बना के सदन में भेजिये। ताकि विकास का जो रास्ता खुला है वह आगे बढ़े। कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रमापति शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ चल रही है। बीते साढ़े पांच वर्षों से ज्यादा के वक्त में मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए कई ऐसी योजनाओं को लागू किया है। जिनसे समाज के ये वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। मोदी सरकार ने हर साल एससीध्एसटी के कल्याण के लिए आम बजट में जहां बढ़ोतरी की हैए वहीं उनकी आर्थिकए शैक्षणिक और सामाजिक स्थित को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले भी लिए हैं।

मोदी सरकार ने वर्ष 2020–21 के आम बजट में अनुसूचित जाति और जनजातियों के कल्याण की योजनाओं को संचालित करने के लिए 1 लाख 18 हजार करोड़ रुपये का बंपर आवंटन किया है। बजट में अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ी जाति के लोगों के विकास के लिए जहां करीब 85 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए 53 हजार 700 करोड़ रुपये का आवंटित किए गए हैं। प्रभारी मंत्री श्रीराम चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने दलित विद्यार्थियों में प्रथामिक से लेकर उच्च शिक्षा तक सहूलियत के लिए कई प्रावधान किए हैं। सरकार ने इस बार के बजट में दलित विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली मुख्य योजनाए पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप अनुसूचित जाति में 2987,33 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं दलितों के शैक्षणिक कल्याण की अन्य योजना प्री मैट्रिक स्कालरशिप में सरकार ने 115 करोड़ के बजट से बढ़ाकर के 700 करोड़ किया है।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

**पथरा, सिद्धार्थनगर।** उप जिलाधिकारी जग प्रवेश सहित तहसीलदार अरुण कुमार वर्मा ने शनिवार को तहसील क्षेत्र के कई क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले बिहरा क्रयकेंद्र पर पहुंचकर बिक रहे गेहूं के बीज के दामों तथा स्टाक का निरीक्षण किया । इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक माप मशीन का भी निरीक्षण किया। और केंद्र प्रभारी को सख्त हिदायत दिया कि धान की तौल में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों का शिकायत आने पर केंद्र प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उसके उपरांत एसडीएम एवं तहसीलदार ने बलुआ एबांसीए मिठवल पाली के क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## भक्तों के प्रेम से सहज हो जाता हैं भगवान

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ ब्लाक के ग्राम परिगवा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस की कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास स्वामी सूर्यकांत आचार्य जी ने कहा कि भगवान भक्तों के प्रेम से सहज और सुलभ हो जाते हैं। कथा को विस्तार देते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का प्रसंग सुना श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।भगवान ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। श्री महाराज जी ने कहा कि भगवान गोपियों के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए ही माखन चोरी लीला की गोपियां स्वयं चाहती है कि भगवान हमारे यहां पधारे इसीलिए भगवान ने माखन चोरी की। उन्होंने कहा कि ईश्वर दुर्लभ भी है और सुलभ भी हैए दुर्लभ इतना है कि ऋषि महात्मा जन्म जन्मांतर तक तपस्या करते रहते हैं लेकिन ईश्वर की एक झलक नहीं पाते और ठाकुर जी सुलभ इतने हैं कि प्रबल प्रेम को पा करके गोपियों के साथ रासलीला करते हैं ग्वाल वालों के साथ गाय चराते हैं। गोपियों के घर जाकर के माखन चोरी करते हैं।

## पंचायत चुनावों को लेकर संयोजकों की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव के निर्देशानुसार आगामी पंचायत चुनावों को लेकर बर्डपुर मण्डल के समस्त पंचायत चुनाव संयोजकों की एक आवश्यक बैठक आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर के प्रांगण में मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंचायत चुनावों के सफल संचालन को लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायतों के संयोजकों से आगामी कार्ययोजना तैयार किया गया। बैठक में मुख्यअतिथि जिला महामंत्री विपिन सिंह, सहित ब्लॉक चुनाव प्रभारी अरविंद उपाध्यायए वरिष्ठ नेत्री राजकुमारी पाण्डेयए जिला मंत्री अजय उपाध्याय ने पंचायत चुनावों में बेहतर प्रदर्शन को लेकर संयोजकों से आह्वाहन किया।

# जौनपुर के तदर्थ शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही सरकार: तिलकराज

संवाददाता। जौनपुर

### जिलाध्यक्ष ने कहा- अन्य सभी जनपदों में तदर्थ शिक्षकों का हो रहा वेतन भुगतान

**तदर्थ** शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक नगर के सरस्वती बाल मंदिर इन्टर कालेज में जिलाध्यक्ष तिलकराज सिंह की अध्यक्षता में हुई जहां उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जौनपुर के तदर्थ शिक्षकों के साथ लगातार अन्याय कर रही है। जहां अन्य जिलों में तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान लगातार हो रहा हैए वहीं जौनपुर के तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान पिछले 2 वर्ष से रोक दिया गया है। जौनपुर के तदर्थ शिक्षकों के साथ ही ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है जबकि सभी शिक्षक लगातार शिक्षण कार्य के साथ चुनाव ड्यूटीए मूल्यांकन कार्य कर रहे हैं। अभी हाल में ही 2 महीने पहले सर्वोच्च न्यायालय ने भी तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान करने के लिए राज्य सरकार को निर्देशित कर चुका है। उसके बाद भी सरकार ने इन शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं दिया है। सरकार के जौनपुर के तदर्थ शिक्षकों के साथ ऐसे सौतेले रवैये से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। सभी शिक्षकों ने एक सुर में सरकार से मांग किया कि सरकार तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान के साथ विनिमित करने की कार्यवाही शिक्षकों की हित को ध्यान में रखकर करे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण सिंह,उपाध्यक्ष प्रशान्त सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, रविन्द्र दुबे, नीरज , संदीप , ओम प्रकाश यादव, विमल ,रत्नाकर ,संदीप सिंह, विमल , अमन, सौरभ , अजय ,मनोज , नवीन, रोहित,राजेन्द्र मौजूद रहे।

# बसपा सोशल इंजीनियरिंग का करती है पालन: राम अचल



संवाददाता। देवरिया

### पूरे प्रदेश में प्रदेश सरकार दे रही है जाति विशेष को सम्मान

**बहुजन** समाज पार्टी के तत्वाधान में 337 देवरिया सदरएपूरवा साहू टोला में अभय नाथ त्रिपाठी जी के समर्थन में चुनावी जनसभा आयोजित की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए राम अचल राजभर बसपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि योगी सरकार में 1 जाति की ज्यादा महत्व दी जा रही है जहां किसान दलित पिछड़ा सहित सभी जातियां इस सरकार के तानाशाही रवैए से परेशान हैं अब समय आ गया है कि जनता योगी सरकार को जवाब दें और बसपा उम्मीदवार अभय नाथ त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाएं ।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि घनश्याम चंद्र खरवार पूर्व सांसद लोकसभा राज्यसभा व मुख्य सेक्टर प्रभारी गोरखपुर बस्ती अयोध्या व देवीपाटन मंडलद्धए ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार के नीति और रीति आप लोग देख चुके हैं जो भी वादे किए उसे पूरा नहीं किया और योगी सरकार में दलितों ओबीसी सहित सभी पर अत्याचार पड़े हैं।

मोदी सरकार ने निजी करण किया तो योगी सरकार ने जनता को समस्याओं का हल नहीं निकाला ऐसी सरकार को जनता अब जवाब दें क्योंकि वह समय आ गया है कि योगी सरकार को जवाब दें और बसपा प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाएं ।

## सपा प्रत्याशी के लिये घर-घर दस्तक दे रहे श्रवण व दिनेश



**जौनपुर।** मल्हनी विस उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्रवण जायसवाल व अखिल भारतीय यादव महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव ने संयुक्त रूप से उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र के लाला बाजारए सिकरारा बाजार सहित अन्य बाजारों के घर.घर दस्तक दिया। साथ ही उपरोक्त स्थलों के व्यापारियोंए किसानोंए छात्रों आदि से सपा प्रत्याशी को आशीर्वाद देने की मांग किया। इस अवसर पर ननकू यादव, शेर बहादुर यादव, बाल किशन प्रजापति, पंकज यादव, अभिषेक यादव, ओम प्रकाश यादव जिला सचिव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बिजली विभाग की छापेमारी में 45 लोगों पर एफआई आर

**गाजीपुर।** एक बार फिर जनपद में बिजली विभाग द्वारा शहर के कई मोहल्लों में मार्निंग रेड की गई। भोर में हुई छापेमारी के दौरान शहर के कोयला घाटए मियां पुराए झुन्नु लाल चौराहाए रौजा तिराहे के पास विजलेंस और बिजली विभाग ने बाईपास कनेक्शन के जरिए विद्युत उपभोग कर रहे लोगों पर बड़ी कार्यवाही की है। एसडीओ टाउन शिवम राय ने बताया कि मीटर के अतिरिक्त केबल कनेक्शन के जरिए अवैध बिजली उपभोग कर रहे 40 लोगों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कराई गई है जबकि बकाए पर पूर्व में काटे गए कनेक्शन को बिना भुगतान किए जोड़कर चलाने वाले 5 लोगों के ऊपर भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि आज की कार्यवाही में कुल 45 लोगों के ऊपर एफ्आईआर दर्ज कराई गई है।जिन लोगों का बकाया है वे तत्काल जमा कर दें और जो लोग कनेक्शन नहीं लिए हैं वे जल्द से जल्द कनेक्शन ले ले। अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# मऊ में पांच सौ वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक भरत मिलाप पर कोरोना ने लगा दिया विराम



संवाददाता। मऊ

**वैश्विक** महामारी कोरोना ने पांच सौ वर्ष प्राचीन मऊ जिले के ऐतिहासिक भरत मिलाप पर आखिरकार विराम लगा दिया। रामलीला कमेटी के सदस्यों 19 के नियमों का पालन करते हुए इस वर्ष ऐतिहासिक भरत मिलाप स्थगित करने का पत्र जिलाधिकारी को सौंप दिया है। ऐतिहासिक भरत मिलाप स्थगित होने के साथ ही इस बार शाही कटरा के मैदान में हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश देने वाले भरत मिलाप के दौरान अल्लाह.हो.अकबर व हर.हर महादेव की गूंज भी लोग नहीं सुन पाएंगें। जबकि यह भी सच्चाई है कि रामपुर के बाद मऊ जिला ही पूरे देश में एक ऐसा जिला हैं जहां पर रामलीला का मंचन मंच के बजाए अलग–अलग 14 किलोमीटर के दायरे में किया जाता है। हालांकि ऐतिहासिक भरत मिलाप स्थगित होने से श्रद्धालुओं में काफी निराशा भी है। तानेबाने के मऊ जिले में वर्षों पहले मुगल शासन काल में शाही महल का निर्माण हुआ थाए जिसमें रानी जहांआरा निवासी करती थी। उन्होंने ही हिन्दू मुस्लिम एकता को मजबूत करने के लिए अजान के समय ही राम भरत के मिलाप के मंचन की परम्परा को शुरु किया। एक तरफ मस्जिद में जब अजान में अल्लाह हू अकबर की आवाज गूंजती हैए ठीक उसी समय भरत मिलाप के दौरान हर हर महादेव के जयघोष के बीच भरत मिलाप होता है। मुगल शासन खत्म होने के बाद धीरे–धीरे इस ऐतिहासिक परम्परा पर हिन्दू–मुस्लिम एकता की मिशाल को कायम रखने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा काफ ी पुख्ता इंतजाम किया जाता है। प्रत्येक वर्ष लोगों को इस ऐतिहासिक क्षण का काफी बेसब्री के साथ इंतजार रहता है। दूर–दूर से लोग मऊ शहर की ऐतिहासिक भरत लीला को देखने के लिए आते थे तथा रातभर शाही कटरा के मैदान में बैठक ऐतिहासिक भरत मिलाप की लीला का सजीव मंचन देखते हैं। इस दौरान भोर में जैसे ही भगवान श्रीराम व भरत का मिलन होता है।

## किसानों के हित में खड़ी है भाजपा सरकार: बीपी सरोज

**मछलीशहर,जौनपुर।** देश के अन्नदाता किसान आज तरक्की की राह पर है। उसे अपनी उपज का उचित मूल्य बिना किसी बिचौलिए के तुरंत मिल रहा है। भाजपा सरकार द्वारा लाया गया किसान बिल आने वाले दिनों में किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उक्त बातें मछलीशहर के सांसद बीपी सरोज ने क्षेत्र के गोहका गांव में भाजपा नेता इन्द्रेश तिवारी के आवास पर आयोजित आत्मनिर्भर किसान गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कही।अन्नदाता किसान दिनरात मेहनत कर अपनी उपज अब तक औनेपौने दाम पर बेचने पर मजबूर था परंतु इस किसान बिल से निश्चित तौर पर किसानों को उसकी उपज का उचित लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। जल्द ही भारत सरकार किसानों को पेंशन की भी व्यवस्था करने जा रही है। सांसद ने तमाम जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में किसानो को जानकारी दी।

## महाअष्टमी व महानवमी पर दर्शन पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

### जय माता दी के जयकारे से गूंजायमान हो उठे देवी मंदिर

**मऊ ।** शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन महाअष्टमी और महानवमी पर जिले में श्रद्धा, भक्ति और आस्था की लहरें भक्ति रस के समंदर में उमड़ पड़ा। मां दुर्गा के मंदिरों और पंडालों में पूजा की थाल लेकर श्रद्धालुओं ने सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आराधना किया गया। इस दौरान सभी देवी मंदिर जय माता दी के जयकारे से गूंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर मंगल कामना की। घर घर में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भक्ति भाव से डूब गए। इस दौरान मास्कए सेनेटाइजरए थर्मल स्केनिंगए सोशल डिस्टेंसिंग जैसी सावधानियों के साथ ही माता के दर्शनपूजन की व्यवस्था किया गया था। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। नवरात्र पर्व को देखते हुए मंदिरों के आसपास नारियल, चुनरी, धूप,अगरबत्ती, फल, फूल सहित अन्य सामग्री की दुकानें सजी रही। सुरक्षाव्यवस्था के मद्देनजर सुबह से ही पुरुष व महिला पुलिसकर्मी मंदिरों के आसपास भ्रमण कर रहे थे। इसके अलावा सादे वेश में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में वैश्विक बीमारी कोरोना के कहर के बावजूद नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साहित दिखाई दिए। शनिवार को महाअष्टमी और महानवमी पर जिले में श्रद्धा, भक्ति और आस्था की लहरें भक्ति रस के समंदर में उमड़ पड़ा। इस दौरान देवी मंदिरों में जय माता दी के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। नगर क्षेत्र के शीतला माता धाम, रोडवेज स्थित दुर्गा मंदिर, वनदेवी मंदिर, मां कोयल मर्याद भवानी माई मंदिर, निधियांव स्थित अष्टभुजी मंदिर सहित जिले के विभिन्न देवी मंदिरों पर बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। भक्तगणों द्वारा नौ दिवसीय इस पूजा की परंपरा को निभाने के लिए काफी उत्साह दिखाई दिया। भक्तगणों का मंदिर में भोर होते से ही का आना शुरू हो गया था।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 25 अक्टूबर 2020



## खुलासाः प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर हुई थी भरत वर्मा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

# प्रेमी-प्रेमिका ने रेता था गला



**संवाददाता।** बाराबंकी

**भरत** वर्मा की हत्या यू ही नही की गई थी बल्कि प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर प्रेमी प्रेमिका ने मिलकर की थी। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भरत हत्याकांड का सफ्ल अनावरण किया है। प्रभारी पुलिस अक्षीक्षक आर. एस. गौतम ने घटना की सही जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली नगर के मोहल्ला संतोषी माता मंदिर निवासी भरत वर्मा की गुरुवार की रात गलारेंत कर हत्या कर दी गई थी। अगले दिन उसका शव जमुरिया नाले के निकट एक स्कूल के पीछें पाया गया था। उन्होनें बताया कि घटना का अनावरण करने के लिए क्षेत्राधिकारी नगर सीमा यादव के नेतृत्व में दो पुलिस टीमें गठित कर निर्देश दिये गये थें। तबसे पुलिस इस दिशा में कार्य कर रही थी, उन्होंने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस को तब एक बड़ी सफ्लता मिली जब मृतक के मोबाईल से कॉल डिटेल निकाली गई इसपर पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर अभियुक्त शिवम् शुक्ला उर्फ शम्भू नाथ शुक्ला पुत्र गंगाशरण शुक्ला निवासी लखपेड़ाबाग द्वारा घटना कारित करना प्रकाश में आया। जिसपर पुलिस ने अभियुक्त शिवम् कों हैंदरगढ़ ओवर ब्रिज से व उसकी प्रेमिका इशिका कश्यप उर्फनैन्सी पुत्री बृजेश कश्यप निवासी संतोषी माता मंदिर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्त के निशान देही आला कत्ल बरामद किया गया। प्रभारी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शिवम् से इशिका के प्रेम संबध थे, किन्तु वह मोटर साइकिल चोरी में जेल चला गया था। उसकी गैरमौजूदगी में मृतक ने प्रेमिका से संबध बनाने का प्रयास किया लेकिन प्रेमिका इसपर राजी नही हुई और इसकी शिकायत मृतक के परिवारजनों से की। इधर जब उसका प्रेमी शिवम् जेल से छुटकर वापस आया तो उसने उससे सारी दास्तान बतायी इसपर दोनो ने उसको रास्ते से हटाने की योजना बनायी और फ्रि मृतक को फोन कर शिवम् ने मिलने को कहा तब दोनो ने मिलकर इसकी हत्याकर दी और शव को फेंककर फ्रार हो गये थे। प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त शिवम् का एक अपराधिक इतिहास है। कई बार वो जेल भी जा चुका है। घटना का अनावरण करनें में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह अतिरिक्त निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह स्वाट टीम प्रभारी विवेक कुमार सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल रहें।

## देवी मंदिरों में उमड़ी आस्था

**लालगंज प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र मे अष्टमी के दिन देवी मंदिरो मे श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगी। घरों मे देवी का व्रत धारण करने वाले श्रद्धालुओं ने हवन पूजन भी किया। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी के स्वरूप की पूजा अर्चना करते हुए नारियल तथा चुनरी आदि भेंट किये। बाबा घुइसरनाथ धाम मे सुबह से श्रद्धालु नर.नारी पहुंचे तथा सोशल डिस्टेसिंग के बीच बाबा का पूजन अर्चन किया। वहीं बलीपुर कटरा मे इनहन भवानी धाम पर भी अष्टमी को लेकर महिलाओं की भीड़ जुटी दिखी। महिलाओं ने इंद्राणी देवी को पुष्प तथा प्रसाद अर्पित किया। असरही के गुम्मौर वन तथा ढ़िगवस के कल्यानपुर स्थित मां काली एवं लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड मे मां काली मंदिर व नगर पंचायत के मनीपुर मे दुर्गा जी के मंदिर मे भी दुर्गा अष्टमी को देवी संकीर्तन का आयोजन दिखा। देउम व तिना के बूढ़ेश्वर नाथ धाम पर भी आस्था की रंगत दिखी। वहीं पाण्डालो मे भी श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

# पुलिस अधीक्षक ने भजन गाकर मोहा सबका मन, श्रोता भावविभोर



**संवाददाता।** ललितपुर

**पुलिस** अधीक्षक कैप्टन एमएम बेग के नेतृत्व में पुलिस लाइंस ललितपुर स्थित ष्सौहार्द मंचष् में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कैप्टन एम0एम0 बेगए जिलाधिकारी ए0 दिनेश कुमारए सदर विधायक राम रतन कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया भजन संध्या में कलाकारों द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए जिससे कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु मंत्र मुग्ध रहे । इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पुलिस अधीक्षक ललितपुर कैप्टन एम0एम0 बेग द्वारा सुंदर भजन ;सुख के सब साथी दुख में ना कोईद्ध प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित संचालित ष्मिशन शक्तिष् अभियान के अंतर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के संबंध में संदेश दिया गयाए जिसमें महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं वूमेन पावर लाइन 1090एसीएम हेल्पलाइन 1076ए महिला हेल्पलाइन 181ए डायल 112 के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारीए अपर पुलिस अधीक्षकए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए मुख्य चिकित्सा अधीक्षकए क्षेत्राधिकारी सदर आदि जनपद के समस्त अधिकारीगण तथा जन प्रतिनिधि ए पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# पिटाई से घायल महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**संवाददाता।** बाराबंकी

**दहेज** न मिलने से नाराज ससुरालीजनों ने एक महीना पूर्व महिला की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद ससुराली जन उसे गंभीर अवस्था में मायके में छोड़ कर फ्रार हो गए। बीती रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई परिजनों ने पुलिस में तहरीर देकर ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है घटना थाना सतरिख इलाके के धारा गंज कस्बे की है। यहां के निवासी अनिल कुमार विश्वकर्मा मैं पुलिस में तहरीर देकर कहा है कि उसकी पुत्री सरिता का विवाह लगभग 3 साल पहले 2017 में जहांगीराबाद थाना अंतर्गत बंधौली गांव निवासी आनंद विश्वकर्मा के साथ हुआ था सामर्थ्य के अनुसार उसने दान दहेज भी दिया था। किंतु ससुराली जन दहेज को लेकर उसे मारते पीटते थे जिसकी वह घर आने पर शिकायत भी की थी किंतु परिवार बचाने के उद्देश्य कोई कार्यवाही नहीं की गई इसी के चलते ससुराली जनों ने 1 माह पूर्व फ्रि उसके पुत्री की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई इसके बाद ससुराली जन उसे मायके छोड़ कर फ्रार हो गए और फ्रि उसकी सुध तक नहीं ली इस दौरान उसका इलाज कराया जाता था लेकिन बीती रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया पीड़िता के पिता ने पति सास.ससुर एवं जीत पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है वहीं थाना अध्यक्ष सतरिख ने बताया कि तहरीर मिली है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## महिला से मोबाइल छीनने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** लखनऊ मे महिला का मोबाइल छीन कर फ़रार हुए अपराधी को लोनीकटरा पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है द्य थाना लोनीकटरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के हुसेनाबाद चौराहे पर एक ब्यक्ति को 12 बोर तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया द्य इंस्पेकटर अशोक कुमार यादव ने बताया कि पकडा गया ब्यक्ति एक शातिर लुटेरा हैए इसने अपना नाम थाना रामनगर के मोहल्ला धमेडी निवासी मोण् सुल्तान बताया एयह ब्यक्ति एक माह पूर्व लखनऊ के इन्दिरानगर मे एक महिला का मोबाइल छीन कर फ्रार हो गया था द्यजिसकी रिपोर्ट थाना गाजीपुर मे अग्यात में दर्ज है द्यइसके पास लूटा हुआ मोबाइल व तमंचा व कारतूस बरामद कर उसे जेल भेजा गया है।

# मार्ग दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल

**संवाददाता।** तिलोई अमेठी

**थाना** शिवरतनगंज क्षेत्र के इन्हौना सेमरौता राजमार्ग पर शनिवार को एक डग्गामार वाहन द्वारा ओवरटेक के चक्कर में बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी गई जिससे दो लोगों की मौत हो गई है।पुलिस जब घायलावस्था में लोगों को सीएचसी सिंहपुर लेकर पहुंची तो चिकित्सकों ने आनन फानन में उसे जिला अस्पताल रिफ्र कर दिया है जिससे आक्रोशित लोगों द्वारा अस्पताल में जमकर हंगामा काटा गया और चिकित्सकों के क्रियाकलापों से अधिकारियों को अवगत कराया है।पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में तो ले लिया है लेकिन देर शाम तक मुकदमा नही दर्ज किया था।बताते चलें कि थाना कमरौली क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी विकास सिंह पुत्र अम्बिका बख्श सिंह अपनी मोटरसाइकिल से परिजनों के साथ आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन के लिये आ रहे थे।वह इन्हौना से सेमरौता मार्ग पर ग्राम सआदतगंज पहुंचे ही थे कि सेमरौता की ओर से आ रही एक डग्गामार जीप यूपी 32 एएन 6577 से जोरदार टक्कर हो गई जिस में तीन लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने विकासएसाधना व सुदामा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल पहुंची तो चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिये रिफ्र कर दिया।चिकित्सकों की कार्यप्रणाली से खफ्र मृतक के परिजनों व रिश्तेदारों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा है। इन्हौना चौकी पुलिस ने डग्गामार जीप के साथ बाइक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने देर शाम तक मुकदमा दर्ज नही किया था न ही चालक के बारे में जानकारी जुटा सकी है।

## गर्म तेल से युवक गंभीर रूप से झुलसा

**सिरौलीगौसपुर।** देवी मंदिर पर भंडारे के दौरान कड़ाई से पूडी निकालते समय कढ़ाई के पलट जाने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे बाराबंकी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंजरौली में पचमेरी देवी मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा भंडारा आयोजित किया गया था जिसमें हातापुरवा का रहने वाला 17 वर्षीय विकास वर्मा पूड़ी निकाल रहा था इसी दौरान वहां पर पानी होने के कारण उसका पैर फ्सिल गया और वह कढ़ाई पर जा गिरा जिससे कढ़ाई तेल सहित पलट गई और तेल उसके शरीर पर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। इस दुर्घटना के बाद वहां पर अफरातफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने तुरंत उसे ले जाकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

# फर्जी अभिलेख लगाकर नौकरी कर रहे दो शिक्षक गिरफ्तार



**संवाददाता।** बाराबंकी

**फर्जी** अभिलेख के सहारे नौकरी कर रहे दो शिक्षकों को हैदरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। विदित हो कि उक्त शिक्षा अधिकारी द्वारा थाने इस आशय की रिर्पाट दर्ज करायी गई थी। गिरफ्तार शिक्षक अभिषेक त्रिपाठी पुत्र राजेन्द्र त्रिपाठी जनपद देवरिया अन्तर्गत पिपरा गाँव निवासी है तथा वह सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय सीठुमउ मे कार्यरत था। वही दूसरी शिक्षिका श्रीमति श्वाति तिवारी पुत्री विनोद कुमार तिवारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ धर्मेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि उक्त दोनों शिक्षकों के जाँच में अभिलेखफर्जी पाये गये थे।

## हिंगलाज देवी मंदिर पर दीपोत्सव आयोजन

**मुसाफिरखाना अमेठी।** क्षेत्र के दादरा स्थित हिंगलाज देवी मंदिर पर शुक्रवार की रात आयोजित दीपोत्सव में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु शामिल हुए।

## कवि सम्मेलन में बही रसधार

**लालगंज प्रतापगढ़।** बेलहा हिरऊ का पुरवा गाँव में नवदुर्गा पूजा पांडाल में शुक्रवार की रात कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डाण् अनुज नागेन्द्र ने किया। वहीं हरिवंश शुक्ल शौर्यए पवन प्रखरए दीपेन्द्र तन्हाए हरिबहादुर हर्षए रविकांत मिश्र कुंदन ने सामाजिक एकता तथा राष्ट्रीयता पर आधारित काव्यपाठ करके जनजागरण किया। मुख्यअतिथि ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि विजय बंजारा जय कौशलए अनिल शुक्ल राजा ने भी कवियों का सम्मान किया। कवि सम्मेलन का संचालन ओजकवि लवलेश यदुवंशी ने किया। मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह की ओर से कोरोना महामारी से बचाव के लिए कार्यक्रम मे मौजूद श्रोताओं को मास्क वितरित किया गया। कवि सम्मेलन मे विजय बंजारा की ओर से संयोजन समिति के सदस्यों और कवियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत का काम शुरु

**संवाददाता।** फ्तेहपुर बाराबंकी

**बदहाली** पर आंसू बहा रहे जरखा पुलके दिन बहुरने -शुरु हो गये है। क्षेत्रीय विधायक ने इस जर्जर पुल केकायाकल्प करने के लिये विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ निर्माण कार्य शुरु कराया। विधायक के इस कार्य से क्षेत्रीय जनता में खुषी कामाहौल है।गौरतलब है किफ्तेहपुर-सूरतगंज मार्ग पर दरियाबाद समानान्तर नहरशाखा का जरखा पुल करीब डे-सजय नुवजर्या से जर्जर अवस्था मे था। इस पुल परकोई आवागमन न हो इसके लिये इस पर बाउन्ड्रीवाल बना दी गयीथी, किन्तु फ्रि भी छोटे वाहन अधिक दूरी तय न करनी पडे इसकेलिये जल्दबाजी के चक्कर मे जान जोखिम मे डालकर इस पुल से गुजरते थे।पुल टूटने की वजह से बडे व छोटे वाहन नहर पटरी के किनारे सेहोकर बेलहरा मार्ग से होकर

### क्षेत्रीय विधायक ने पूजन अर्चन कर किया शुभारम्भ

फ्तेहपुर आते है, जो किसी जोखिम से कमनही था, वहीं क्षेत्र के दर्जनों गांवो का आवागमन प्रभावितथा। विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा द्वारा इस जर्जर पुल के पुनर्निमाणहेतु लगातार पत्राचार किया जा रहा था, लम्बी पैरवी के बाद उनकी मेहनतरंग लाई और प्रमुख अभियंता उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग ने इसजर्जर पुल के लिये 74.07 लाख रुपये की लागत से क्षतिग्रस्त स्लैब केपुनर्निर्माण कार्य कराने की स्वीकृति दी। शनिवार को क्षेत्रीय विधायकसाकेन्द्र प्रताप वर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों केसाथ इस पुल के क्षतिग्रस्त स्लैब के पुनर्निमाण कार्य का विधिवत पूजाअर्चना व नारियल फोडकर - शुभारम्भ किया। इस दौरान विधायक नेकहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि अपने कार्यो का लेखा-जोखा नहीदेता है, मैने अपनी विधानसभा क्षेत्र मे कराये गये विकास कार्यो केलेखा जोखा का कार्ड तैयार कर जनता के बीच बांटने का कार्य कियाहै। आगामी सरदार वल्लभ पटेल की जयन्ती पर विधानसभा क्षेत्र केविभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण किया जायेगा। मेरे द्वारा हर जरुरीकार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है, जिसके लिये क्षेत्रीयजनता का सहयोग काफी सराहनीय है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी योगेषकुमार, तहसीलदार राहुल सिंह, एई पीडब्ल्यू डी जेपी यादव, जेईओपी यादव, कोतवाल संजय मौर्य, मिहिर, अरुण सिंह, प्रमुखप्रतिनिधि आषी-ुनवजया सिंह, राजीव नयन तिवारी, देषराज वर्मा, रामषंकर वर्मा,महेष मिश्र, डा अंजू चन्द्रा, अंषुमान मिश्रा, अनुपम निगम, आदिमौजूद थे।

## राम वनगमन व सीताहरण पर भावुक हुये श्रद्धालु

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बेलहा गांव मे रामलीला के मंचन मे श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के वनगमन और सीताहरण को देख भावविभोर हो उठे। न्यू रामलीला समिति के बैनरतले कलाकारों ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम और मां जानकी के सत्य धर्म के संवर्धन का मनमोहक चित्रण प्रस्तुत किया। आयोजको ने भगवान श्रीराम.लक्ष्मण और सीता मां की भव्य आरती भी उतारी। राम वनगमन और सीताहरण का दृश्य देखकर श्रद्धालुओं की आंखे भी भर आई दिखीं। समिति के कलाकार आशीष विश्वकर्मा राम तथा पिंटू विश्वकर्मा लक्ष्मण व उज्जवल सिंह सीता सत्यम भरत रावेन्द्र शत्रुघ्न एवं अंजनी यादव दशरथ तथा राजेन्द्र जनक हरिओम विश्वामित्र रमेश वशिष्ठ डा महन्थ कुमार रावण जितेन्द्र कैकेयी तथा श्रवण कुमार हनुमान ने अपने पात्र अभिनय की छाप छोड़ी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकती मिली युवक की लाश

**संवाददाता।** तिलोई अमेठी।

**जनपद** के मोहनगंज कोतवाली अंतर्गत मिर्जागढ़ गांव में आज बीती रात एक नवयुवक की पंखे से लटकती मिली संदिग्ध अवस्था में लाश से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर के विच्छेदन के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के मिर्जागढ़ गांव निवासी संजय कुमार ;42द्ध पुत्र रामलाल की का शव घर में ही पंखे से लटकता हुआ मिला परिजनों के मुताबिक मृतक संजय कुमार एक निमंत्रण में गए थे जहां से रात्रि लगभग 8रू30 बजे वापस आए वह अपने ही घर में अलग कमरे में सोने के लिए चले गए बताते हैं कि प्रात: उनकी पुत्री कमरे में चादर लेने के लिए गई तो पिता का शव पंखे से लटकता हुआ देख करके उसने चिल्लाहट मचाई पूरा परिवार एकत्रित हुआ तथा स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर के विच्छेदन के लिए भेज दिया है। मृतक एक पुत्री हुआ 2 पुत्र हैं। घटना से पूरे परिवार में जहां गमों का पहाड़ टूट पड़ा है वहीं पूरे गांव में भी सनसनी फैल गई है । पत्नी निर्मला का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विच्छेदन रिपोर्ट मिलने पर जांचोपरांत कार्यवाही की जाएगी।

## घर में हजारों की चोरी

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे मंगल सिंह गांव में चोरों ने शुक्रवार की रात एक घर को निशाना बनाया। घर से 35 हजार नकदी कीमती जेवर के साथ जरूरी कागजातों को चोर उठा ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।कोतवाली क्षेत्र के पूरे मंगल सिंह मजरे हरदोईया निवासी विनय कुमार यादव के घर को शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। जब घर मे सभी लोग सो रहे थे। घर के पिछवाड़े से चोर सीढ़ी के सहारे घर मे प्रवेश किये। चोरों ने विनय कुमार की बहिन तथा माता के जेवर पर हाथ साफ किया। चोरों ने झुमकी दो चेन पांच अंगूठी कान की कुंडल हार मंगल सूत्र पायल करधन बिछिया मटर माला आदि कीमती जेवर के साथ 35 हजार नकदी पर हाथ साफ किये। चोरों ने एटीएम कार्ड पासबुक पढ़ाई के कागजातों को भी नहीं छोड़ा।

# एसडीएम ने किया धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**संवाददाता।** बाराबंकी

**उपजिलाधिकारी** सदरने शनिवार को सफ्दरगंज मण्डी स्थित धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिश निर्देश दिये उन्होंने उस दौरान पाया कि कुछ गाँव में किसानों के पंजीकरण की संख्या अधिक है। जिसपर उन्होने नायब तहसीलदार को पुन: भौतिक सत्यापन हेतु निर्देशित किया है। मिली जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी सदर अभय कुमार पाण्डेय ने शनिवार को सफ्दरगंज मण्डी स्थित विपणन शाखा एवं भारतीय खाद्य निगम के धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एसडीएम को विपणन शाखा पर किसान मिश्रीलाल पुत्र लल्लू निवासी ग्राम बघौरा तथा भारतीय खाद्य निगम के केन्द्र पर पुरुषोत्तम कुमार पुत्र बराती लाल औलिया लालपुर का तौल होते पाया जिनका पंजीकरण में मात्रा 100कुन्तल से अधिक थी। इसपर एसडीएम तहसील पोर्टल पर जाँच की तो पाया कि ग्राम बधौरा, उधौली बेरी और अम्बौर के धान पंजीकरण कराने वाले कृषकों की संख्या काफी अधिक है। इसपर एसडीएम ने नायब तहसीलदार कों प्रत्येक किसानों का भौतिक सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये है यही नही उन्होनें यह भी कहा है सत्यापन में बिचौलियें/आढ़तियें द्वारा किसानो के नाम से पंजीकरण कराया गया है तो उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें केन्द्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया कि मंगलवार और शुक्रवार को लघु व सीमान्त कृषकों का ही धान क्रय किया जाये।जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि किसान जनपद के किसी भी केंद्र पर अपना धान बिक्री कर सकते हैं हालांकि निकटतम क्रय केंद्र पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान का आयोजन

**बाराबंकी।** बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट ने किए तीन कार्यक्रम दिलाई सांस्कृतिक गीतों से जानकारी बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट ने मिशन शक्ति अभियानध् नारी रक्षा शिक्षा मिशन के अंतर्गत तीन कार्यक्रम किया गया जिसमें सबसे पहले ग्राम पंचायत कोटवा और दूसरा ग्राम पंचायत सादुल्लापुर तथा एच एल बी पब्लिक इंटर कॉलेज कोठी में किया इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया ।ग्राम पंचायत कोटवा में बंश गोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश कुमार पटेल के द्वार सरकार द्वारा संचालित समस्त महिला योजनाओं की जानकारी दी और आत्मरक्षा के लिए 1090, 1098, 112, 181 व वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया।

# असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है विजयदशमी: तिवारी

**संवाददाता।** लालगंज प्रतापगढ़

**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने नवरात्रि एवं विजयदशमी के पर्व को असत्य पर सत्य की तथा अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देने वाला आध्यात्मिक पर्व कहा है। प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने इस पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाए जाने पर भी जोर दिया है। शनिवार को स्थानीय कैम्प कार्यालय पर सोशल डिस्टेसिंग के बीच कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात के दौरान सीडब्लूसी सदस्य प्रमोद तिवारी ने लोगों से कोरोना महामारी को लेकर सतर्कता बरतनें को कहा है। उन्होने कोरोना संक्रमण पर सरकार की असफ्लता का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि महामारी को लेकर भारत देश की स्थिति कुछ बेहतर है तो इसका श्रेय जनता की स्वयं की जागरूकता को ही जाता है। बिहार विधानसभा चुनाव मे पार्टी के स्टार प्रचारक श्री तिवारी ने वहां के चुनाव का जिक्र करते हुए भी कार्यकर्ताओं की हौसला आफ्जाई की। उन्होने कहा कि बिहार के चुनाव मे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की जनसभाओं मे जिस तरह से जनता का भारी उत्साह नजर आ रहा है उससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद का जहां दो तिहाई बहुमत के साथ आना तय हैए वहीं प्रधानमंत्री मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार की जनसभाओं मे जिस तरह से पाण्डाल भरना ही मुश्किल हो गया है। बकौल प्रमोद तिवारी भाजपा तथा जेडीयू का बिहार की सत्ता से जाना भी तय दिख रहा है। श्री तिवारी ने रामपुरखास मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के डोर टू डोर मॉस्क वितरण अभियान की सफ्लता को लेकर भी कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की। निजीस्तर पर फगिंग के प्रबन्धों और कार्यकर्ताओं की मेहनत से रामपुरखास आत्मनिर्भर बना हुआ है।

# फसल अवशेष खेत में ही दफनाएं



**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज विकासखंड जामो अंतर्गत ग्राम लालूपुर ढबिया में किसानों द्वारा पराली न जलाई जाए को लेकर कृषि यंत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टमए श्रेडरए मल्चरए श्रब मास्टरए रोटरी स्टेशरए जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिलए कटर कम स्प्रेडर आदि कृषि यंत्रों को खेत में चलवा कर अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान भाई अपने खेतों में पराली ना जलाएं इसके लिए वे इन कृषि यंत्रों का प्रयोग कर फसल अवशेषों को खेत में ही खाद्य के रुप में प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन से स्पष्ट निर्देश हैं कि कहीं पर भी पराली ना जले इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां की गई हैंए ग्राम पंचायतों में बैठक कर किसानों को जागरूक किया जा रहा हैए साथ ही इसको रोकने के लिए अधिकारियोंध्कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त यदि कहीं पर भी पराली जलने की घटना सामने आती है तो संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही के साथ.साथ संबंधित किसान पर भी जुर्माना अथवा अर्थदंड की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान वहां पर मौजूद किसानों ने जिलाधिकारी महोदय को अपनी समस्याएं से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोगों की समस्याओं का संबंधित अधिकारियों द्वारा शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए उप निदेशक कृषि सत्येंद्र चौहानए जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडे सहित अन्य अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

# एजेण्डा



किसी ऐसे व्यक्ति पर समय या ऊर्जा लगाने के बजाय, जिसके प्रति मैं आश्वस्त नहीं हूं, मैं खुद के साथ रहना ज्यादा पसंद करूंगी
- ब्लेक लाइवली




**विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2019 की रिपोर्ट कहती है कि महामारी संक्रमितों की बढ़ती संख्या से युद्धस्तर पर निपटने की जरूरत है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की 7.5 फीसदी आबादी किसी न किसी प्रकार की मानसिक समस्या का सामना करती है, जो कि समस्त स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का लगभग 1/6वां भाग है और लगभग 15 फीसदी वैश्विक मानसिक, न्यूरोलाजिकल, एवं मूल उत्पीड़न बोझ के लिए जिम्मेदार है। विशेषज्ञों से बातचीत पर आधारित शालिनी सक्सेना की रिपोर्ट**

## अवसाद के कुछ महत्वपूर्ण कारण

- **तनावपूर्ण घटनाएं:** तलाक, नौकरी छूटना, मित्र या करीबी रिश्तेदार की मृत्यु जैसे व्यक्तिगत घटनाओं के कारण अवसाद हो सकता है।
- **पारिवारिक पृष्ठभूमि:** वंशाणु महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए यदि आपके माता पिता या भाई बहन में इस प्रकार के लक्षण होते हैं तो संभावना है कि आपमें भी यह विकसित होंगे।
- **जन्म देना:** गर्भावस्था के दौरान या जन्म के बाद, महिला के शरीर में होने वाले हार्मोनल व शारीरिक बदलाव, नए जीवन की अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ मिलकर, पोस्टनेटल डिप्रेशन का कारण बन सकते हैं, जो बेबी ब्लूज के नाम से भी जाने जाते हैं।
- **नशागत आचरण:** भारी मात्रा में शराब पीना व मनोविकृतकारी सोच दिमाग को प्रभावित कर सकती है।
- **बिमारी:** कैंसर जैसी जटिल या जानलेवा बिमारी अवसाद का कारण बन सकती है। अन्य उत्प्रेरकों में बदतर हार्मोनल संतुलन (हाइपोथाइरोइडिज्म) या सिर की चोट हो सकते हैं।
- **जेंडर या लिंगभेद:** सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश के कारण, पुरूषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा आम तौर पर अवसाद का शिकार होती हैं।

एक 15 वर्षीया छात्रा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली क्योंकि वह आनलाइन कक्षाओं के साथ खुद को ढाल नहीं पाई। तमिलनाडु में शिवगंगा जिले की दसवीं कक्षा की छात्रा, सुभिक्षा ने 15 सितंबर, 2020 को अपना जीवन समाप्त कर लिया क्योंकि वह आनलाइन सत्रों में पढ़ाए जाने वाले अध्यायों को समझ नहीं पाती थी। सुभिक्षा निराश थी क्योंकि वह अध्यायों को समझ नहीं पाती थी और डरती थी कि उसे अपनी परीक्षा में अच्छे नंबर नहीं प्राप्त होंगे यदि उसे आनलाइन कक्षाओं से पढ़ना पड़ा।

14 अगस्त, 2020 को एम्स में कार्यरत एक 40 वर्षीय डाक्टर की लाश साऊथ दिल्ली में स्थित उसके निवास स्थान पर पाई गयी। मोहित सिंघला को दूसरे तल पर अंदर से बंद, कमरे में लटका हुआ पाया गया। डाक्टर एम्स में बाल रोग विभाग में कार्यरत था। लाश के साथ आत्महत्या संबंधी चिट्ठी पाई गयी जिसमें लिखा था: '' यह उसका जीवन, उसका फैसला था, और वह 60-70 साल तक जीना नहीं चाहता था। पत्र में यह भी लिखा था कि वह अपनी मानसिक अवस्था को और ज्यादा छिपा नहीं सकता था। ''

10 अगस्त, 2020 को, एक 22 साल के मेडिकल छात्र, विकास, ने एम्स में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। वह बैंगलुरू से एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र था, और उसका संस्थान में अवसाद का इलाज चल रहा था।

11 जुलाई, 2020 को डा अनुराग कुमार, मनोचिकित्सा विभाग में जूनियर रेजिडेंट, ने एम्स में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी।

अवसाद वो शब्द है जिसका हम अक्सर बिमारी की गहराई को समझे बिना उपयोग करते चलते हैं। पोद्दार वेलनेस लिमिटेड में डा प्रकृति पोद्दार स्पष्ट करती हैं, '' यह एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जो सभी आयु के लोगों को एक या मौजूदा प्रमुख अवसादग्रस्त प्रकरणों, जो कि हल्के, संतुलित या गंभीर हो सकते हैं, के रूप में प्रभावित करती है। अवसाद का कोई अकेला कारण नहीं होता है, यह दिमाग की असंतुलन जो परस्पर कार्यरत जेनेटिक व परिस्थितिगत कारकों के मेल के कारण पैदा होता है। यह अक्सर उभरने वाली मानसिक अनियमितता है जो गंभीर रूप में निष्क्रीय बनाने वाली है और इसके व्यक्ति के तथा आम तौर पर समाज के रोजमर्रा जीवन पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ते हैं, इसमें समाज परउल्लेखनीय आर्थिक बोझ पड़ना शामिल है।''

द लांसेट के अनुसार, मानसिक समस्याएं भारत में गैरजानलेवा रोग बोझ के प्रमुख कारणों में से हैं और साल 2017 में 197.3 मिलियन लोगों को मानसिक समस्याएं थीं, जिनमें 45.7 मिलियन लोग अवसादग्रस्त समस्याओं तथा 44.9 मिलियन लोग बेचैनी की समस्याओं से पीड़ित हैं। यह स्थिति उस मुकाम पर जाती है कि 1990 में कुल अपंगता समायोजन जीवन वर्षों में से 2.5 फीसदी मानसिक समस्याएं अनदेखी रह गयी जो 2017 में बढ़कर 4.7 फीसदी पर पहुंच गयी। भारत में आर्थिक क्षति के लिए असंक्रामित बिमारियों में मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

डा पोद्दार का कहना है, '' यह समय है कि हम अवसाद व अन्य मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों संबंधी सामयिक नजरिए पर रोक लगाएं और उनकी सहायता के लिए सहयोग पर उतर आएं। अवसाद आत्महंता सोच के लिए एक जोखिमपूर्ण कारक है और अच्छी मानसिक स्वास्थ्य देखभाल उस खतरे को कम कर सकती है, प्रभावित व्यक्ति इन तक पहुंच बना सकता है इसे सुनिश्चित करने के कई तरीके हैं। आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रम और हॉटलाइंस सहयोग प्रदान कर सकते हैं और कुछ समय के लिए प्रवृत्ति पर रोक लगा सकते हैं। हालांकि, जोर और उसकी रोकथाम इस तथ्य से ध्यान भटकाते हैं कि बुरी स्थितियों वाले मामलों में अवसाद और परिणामस्वरूप आत्महंता सोच/ आत्महत्या प्रयास/ आत्महत्याएं मजबूरीवश हो सकती हैं। ''

कोविड-19 महामारी ने तनाव को बढ़ाया है और न केवल व्यवसायों को बल्कि हमारी उपभोग शैलियों व हमारे जीने के ढंग को बिगाड़ दिया है। महामारी ने जबरन घर से काम करने की शुरूआत की और आनलाइन शिक्षा नयी सहजता बन गयी है। स्क्रीन टाइम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और शारीरिक गतिविधि के अभाव ने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को जबरदस्त प्रभावित किया है। स्थापित दिनचर्याएं पूरी तरह बिगड़ चुकी है। तालाबंदी के एक सप्ताह के भीतर, मानसिक स्वास्थ्य के दर्ज मामले बीस फीसदी तक बढ़ गए।

टाटा साल्ट लाइट सर्वे ने इंगित किया है कि दिल्लीवासियों के लिए, काम संबंधी मसले तथा तकनीक संबंधी मसले क्रोध व तनावग्रस्तता को भुलाने के सर्वोच्च कारण रहे। प्रत्येक पांच में से तीन (61 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि उन्हें बेइंतहा गुस्सा, गलतियां करने या अपने बॉस से बहस करने का मन होता था यदि उन्हें छुट्टियों पर काम करने के लिए कहा जाता था या यदि उन्हें कुछ आपात कार्यवश शुक्रवारों को ज्यादा समय के लिए काम करने के लिए कहा जाता था।

मैक्स सुपर स्पेशियालिटी हास्पिटल, पटपड़गंज, में मानसिक स्वास्थ्य एवं आचरणगत विज्ञान विभाग के सीनियर सलाहकार व विभागाध्यक्ष, डा राजकुमार श्रीवास्तव के अनुसार, अवसाद मनोचिकित्सीय समस्या को सबसे आम प्रारूप है। श्रीवास्तव जी कहते हैं, ''यह हमेशा से मौजूद रहा है। आज, लोगों ने इसकी ज्यादा चर्चा करनी शुरू की है। लोग अधिक मुखर हैं और इसकी खबरें उभार पर हैं। सोशल मीडिया की भूमिका और नामचीन हस्तियां भ अपने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात कर रही हैं, लोग साहसी हो गये हैं। महामारी ने मामलों ने सहायता नहीं की है। संक्रमण, नौकरी खोने का भय और कोरोना वायरस से जुड़ी निराशा ने इस बोझ को बढ़ा दिया है। लोगों की जीवनशैली में भी बदलाव हुआ है। अनिश्चितता ने लोगों को बेचैन बनाया है। मीडिया द्वारा नामी लोगों की आत्महत्या को महिमामंडित करने को दोष देना होगा। व्यक्ति को समझना होगा कि जो व्यक्ति आत्महत्या करता है, वो व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत नहीं है। इंसान के जीवन में मामूली बातें भी मानसिक रोग उभरने की वजह बन सकती है।''


अच्छी बात यह है कि मानसिक रोग से संबंधित शर्मिन्दगी का भाव कमजोर हो रहा है, लोग अपनी समस्याओं के बारे में बात करना चाह रहे हैं।

डा श्रीवास्तव बताते हैं, '' हालांकि, छोटे शहरों में समस्या अभी भी बरकरार है। मेट्रो शहरों में स्थिति बहुत बेहतर है। ज्यादा महत्वपूर्ण है संकेतों पर नजर रखना। एक शब्द है, मनोचिकित्सा में आत्महत्या का इरादा।

>> पेज 3

## रोकथाम

- अपना अच्छी तरह खयाल रखें। पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक आहार का सेवन करें, और नियमित व्यायाम करें।
- यदि आप अकेलापन या दुखी महसूस कर रहे हैं तो परिवार व मित्रों से बातचीत करें, और उनके साथ समय बिताएं।
- व्यायाम, ध्यान व योग के जरिए तनाव से लड़ें
- खुद को बेहतर ढंग से जानें। अपनी खूबियों का पता लगाएं और पता लगाएं कि किस कारण की वजह से आपकी स्थिति बुरी होती है। इससे आपके डाक्टर या उपचारक को सहायता मिल सकती है।
- अपनी उपचार योजना का सख्ती से पालन करें। यदि आप दवा ले रहे हैं तो उसे निर्देशानुसार लें।
- नियमानुसार डाक्टर के साथ संवाद सत्रों में भाग लें और अपने डाक्टर को बताएं क्या आपके लिए कारगर हो रहा है और क्या नहीं।



## जमीन पर चौकीदार हैं हमारी आंखें, कान और हाथ

**शालिनी सक्सेना**

बीते दिसंबर, जब कुशल पंजाबी ने आत्महत्या की थी तो उसके दोस्त स्तब्ध थे। वह 25 दिसंबर, 2019 को एक दोस्त की पार्टी में गया हुआ था और उसके किसी भी दोस्त को अंदेशा तक नहीं था कि पंजाबी अवसादग्रस्त था और जब उन्होंने अलविदा कहा तो वह वह उनकी अंतिम समय होगा जब वे उसे जीवित देखेंगे। मीत बंधुओं के परम मित्र हरमीत सिंह को यही महसूस हुआ।

गायक संगीत निर्देशक कहते हैं, '' जब मैंने उसे पार्टी के समाप्त होने पर अलविदा कहा तो मुझे बिलकुल भी अंदाजा नहीं था कि मैं उसे दुबारा जीवित नहीं देख पाऊंगा। अगले दिन जब मुझे खबर मिली तो मैं स्तब्ध था, मैं यकीन नहीं कर पाया। जब मैं उसके घर गया और उसकी मां और बहन को आंसुओं में गमगीन देखा तो मैं जानता था कि मुझे इसे लेकर कुछ करना चाहिए था- दूसरों की कैसे मदद करें। वे कहते हैं कि चैरिटी जैसे काम की घर से शुरूआत करते हैं और इसलिए 10 सितंबर, 2020 को विश्व आत्महत्या रोकथाम जागरूकता दिवस पर द वी केयर इनीशिएटिव की शुरूआत की गयी। ''

इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को चौकीदार के रूप में प्रशिक्षित करना है जो फिर दूसरों में अवसाद के लक्षण पहचान सकें और व्यक्ति को चेतावनी दिए बिना उपयोगी प्रश्नों को पूछकर उन्हें सहायता प्रदान कर सकें, लेकिन सुनिश्चित करें कि वह अपनी बात बताए और वो मदद ले सके जो उसे चाहिए। जोर भावनात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जुड़ी शर्म को कम करना, और आत्महत्या रोकथाम संबंधी जागरूकता फैलाना भी है, तथा साथ ही लोगों को मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य संबंधी नजरिया बदलना है। इंडस्ट्री में यथासंभव अधिक से अधिक लोगों को चौकीदार के रूप में प्रशिक्षित करने से, वहां हर कहीं आखें और कान होंगे जो





आत्महत्या के लक्षणों की पहचान कर सकें और जान सकें कि क्या करना है और कैसे सहायता करनी है। श्री सिंह स्पष्ट करते हैं,

'' मकसद उन आम लोगों को प्रशिक्षित करना है जो दूसरों में अवसाद के लक्षणों की पहचान कर सकें, समस्या के बारे में जागरूकता फैला सकें और जहां मानसिक रोग से पीड़ित को अनिवार्य सहायता की आवश्यकता हो वहां उसे वो सहायता प्रदान की जा सके। प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाता है। यह दो घंटे का सत्र है जिसमें लोग ूएमबंतमपदपजपंजपअमण्बवणपद में पंजीकरण कराने और 1000 रूपया शुल्क जमा करने के बाद भाग ले सकते हैं। कुछ दोस्तों व अति-प्रशिक्षित पेशेवरों की सहायता से इस पहल की शुरूआत की गयी है। देश में आत्महत्याओं की बढ़ती दर, खास तौर पर मनोरंजन उद्योग में, ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चर्चा को आम पटल पर ला दिया है और यह पहला कदम है।''

पहल की कार्यात्मक निर्देशक नताशा शर्मा बताती हैं कि उनकी पहल का एक प्रमुख लक्ष्य आत्महत्या प्रयासों पर रोकथाम लगाना है और मानसिक समस्याओं से निपटना है। सुश्री शर्मा कहती हैं, '' हम इसके बारे में जितनी ज्यादा चर्चा करेंगे, यह उतनी ही ज्यादा लोगों की सहायता करेगी। आत्महत्या में वृद्धि होने का एक प्रमुख कारण महामारी के कारण होने वाली तालाबंदी का योगदान हो सकता है। आज, दुनिया एक अत्यंत दबाव वाली जगह है। काफी ज्यादा वित्तीय दबाव है और युवा पीढ़ी सत्तर- अस्सी दशक के लोगों की तुलना में बहुत ज्यादा संवेदनशील है। बेचैनी बढ़ती जा रही है। वह हर किसी को संघर्ष करते देखते हैं, वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। ''

>> पेज 3



जो भी विचार आप पेश करते हैं, जो कुछ भी आप कहते हैं, जो भी करते हैं उस पर आपकी मुहर होती है
- थिच न्हाट हान्ह

# ज्योतिष/ज्योतिषी की परीक्षा



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

कुछ साल पहले, एक अत्यंत प्रिय ने अपनी विरक्त पत्नी के लिए मिलने का समय मांगा। हालांकि वे अलग हो चुके थे, मगर वे अच्छे मित्र बने रहे। महिला ने अपनी जन्म संबंधी कागजात भेज दिए जिसके आधार पर उसकी ज्योतिष कुंडली बनाई गयी। फिर, मैंने परामर्श के समय तालिका बनाई। उस क्षण उभरने वाले सत्ताधारी ग्रह महिला द्वारा भेजी गयी जन्म संबंधी जानकारियों के अनुसार बनाई गयी कुंडली से मेल नहीं खाते थे। इसने दर्शाया कि जन्म संबंधी जानकारी सही नहीं थी। कृष्णमूर्ति प्रणाली में, यह जांचने की कि जन्म कुंडली सही है या नहीं, एक प्रमाणित पद्धति है। फिर मैंने उस महिला से पूछा: ''क्या आपकी जन्म संबंधी कागजात सही हैं? '' उसने पुष्टि की – ''हां''। उनके साथ बहस करना आसान नहीं था। इसलिए मैंने परामर्श के समय बनाई गयी कुंडली के आधार पर अपने सारे पूर्वानुमान निर्मित किए। अपने प्रश्नों के उत्तर पाने के बाद, वह संतुष्ट होकर घर गयी। फिर उसने फोन किया और अपने पूर्व पति को धन्यवाद दिया कि उसने उसे एक अच्छे ज्योतिष से मिलवाया।

फिर मेरे मित्र ने फोन पर सूचित किया कि महिला आपसे बहुत प्रसन्न थी। फिर उसने सवाल किया: ''कृपया उसने जो जानकारी दी उसके बारे में मुझे बताएं। '' वह चकित रह गया जब मैंने उसके द्वारा बताई गयी जन्म संबंधी जानकारियों के बारे में उसे बताया। उसने कहा, ''महोदय, उसने आपको जन्म संबंधी गलत जानकारियां दी थी। यह वो जानकारी थी जो उसने मुझे शादी के समय अपनी असली जन्म तिथि छिपाने के लिए दी थी। बाद में, मुझे उसका असली राशिफल मिल गया। आपके अनुमान इतने सटीक कैसे रहे, जबकि उसने आपको अपनी वास्तविक जन्म संबंधी जानकारियां नहीं दी थीं?'' मैंने उत्तर दिया, ''खैर मैंने जन्म तालिका को नजरंदाज कर दिया और बल्कि परामर्श के समय प्रस्तुत ज्योतिष कुंडली की गणना की।''

उसने सवाल किया, ''परामर्श के समय बनाई गयी कुंडली कैसे इतने सटीक ढंग से उसके बारे में बता सकती है? '' ''याद रखें, समय में निरंतरता होती है। व्यक्ति ने समय विशेष में जिस चीज का सामना किया है, वो अतीत में किए गए अच्छे व बुरे का प्रतिफल होता है। वर्तमान क्षण में जो बोया गया वही भविष्य में सामने आने वाला है। परामर्श के समय की तालिका बताती है कि आपके मन में क्या है, और किस तरह यह आने वाले समय में उभरने वाला है। यदि आप जानते हैं कि आप एक आम का बीज बो रहे हैं तो उसके रसायन के जानकार बनकर, आप इसके क्रमिक विकास का समयाक्रम पता लगाने में सक्षम हो सकते हैं। मौजूदा पल की ज्योतिष कुंडली मन में संभावित बीजों से परिचित कराती है, जो फिर संभावित भावी घटनाओं का पूर्वानुमान करना संभव बनाता है।''



हमारा अक्सर अपने पेशेवर जीवन में ऐसी चुनौतीपूर्ण घटनाओं से सामना होता है, खास तौर पर विवाह मेल में। यह पाया गया है कि अनेक विवाह योग्य लड़कियों के माता पिता उनके विवाह संबंधी जानकारियों में हेरफेर करते हैं ताकि यह विवाह पक्का करने के लिए वर की कुंडली से मिल जाए। हालांकि उन्हें अपनी लड़की के विवाह की जल्दी होती है, लेकिन किस अंजाम पर? अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होने की हड़बड़ी में, वे अपनी खुद की बेटी वैवाहिक खुशी की परवाह नहीं करते हैं। जब समस्याएं आती हैं तो वर पक्ष सवाल कर बैठता है: ''महोदय, हमने विवाह से पहले कुंडली मिलाई थी। फिर भी, यह कारगर क्यों नहीं है? '' जब दुबारा जांच की जाती है तो सामने आता है कि लड़की की कुंडली गलत थी।

हाल में, मेरा ऐसी स्थिति से सामना हुआ जब नवविवाहित बेटे के परेशान माता पिता एक दिन उनकी कुंडलियां लेकर मेरे पास आए। उन्होंने मुझसे पूछा कि कोई पूजा बताएं जो उसके वैवाहिक खुशहाली को बचाने में सहायता कर सके। वैसे, वैवाहिक टकराव हमेशा पति-पत्नी के दृष्टिकोणगत भिन्नताओं के कारण होता है। इसलिए समस्या उनके मनों में बैठी होती है। कोई पंडित कैसे किसी पूजा के जरिए उनके मानसिक दायरे में प्रवेश कर सकता है और आवश्यक दृष्टिकोण सुधार कर सकता है? उन्हें वैवाहिक खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए खुद को सुधारना पड़ता है।

लड़के की कुंडली की पड़ताल ने बताया कि उसमें भयंकर अहंकार था– जो स्वपरिभाषित अच्छाई और बुराई से बंधा हुआ था– जो बृहस्पति के खिलाफमंगल की यूरेनस की गठजोड़पूर्ण स्थिति का नतीजा हो सकता है। वह अपनी खुद की मान्यताओं व अवधारणाओं के विपरीत कुछ भी होना सहन नहीं कर सकता है। अव्यवहारिक व गैरसमझदार होने से, वह असामयिक व अनुचित प्रतिक्रियायों को दूसरों को दुखी करता है। जब लड़की की कुंडली को मैंने देखा तो उसे हेरफेरयुक्त पाया था। अनिवार्य सुधार करने के बाद, बनाई कुंडली ने उसके असली स्वभाव के बारे में बता दिया।

वह मिथुन राशि में जन्मी थी। लग्नस्वामी बुध सूर्य और बृहस्पति के साथ मिलकर लग्न में उपस्थित था, जो विवाह की परिचायक सातवें घर में अड़ियल यूरेनस, नटखट वरूण और शनि के विपरीत था। दुर्बल चन्द्रमा वीनस के विरूद्ध था। इसने दर्शाया कि लड़की, जमीनी सच्चाइयों से परे, अपनी खुद की खयाली अवधारणाओं में डूबी रहती थी। वह जीवन को अपनी खास शर्तों के आधार पर जीना चाहती थी, और दूसरे की संवदेनाओं व चिंताओं को दरकिनार करती थी। उसकी तार्किक व निर्णयन क्षमता की समझ कमजोर होगी। यदि चीजें उसके मुताबिक आगे नहीं बढ़ती हैं तो वह नाराज हो सकती थी। नतीजा आज सबके सामने है।

# रहें दिल से युवा



डा बलबीर सिंह



हार्ट अटैक की दर्द या असुविधा आम तौर पर कंठशूल से मिलती जुलती है, लेकिन अक्सर ज्यादा गंभीर होती है और पसीने, मिचली और सांस फूलने आदि से जुड़ी हो सकती है। डायबिटीज रोगियों में यह अधिक आम है।

हृदय रोगों को भारत में जानलेवा रोगों तथा मृत्यु के प्रमुख कारण में से एक माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टों के मुताबिक, हृदय संबंधी समस्याएं अनुमानतः प्रत्येक पांच पुरूषों तथा प्रत्येक आठ महिलाओं में से एक की जान लीलती है। बढ़ते हार्ट फेल की घटनाओं, जो रक्त कोशिकाओं धमनी मार्गों में एकत्रित होने वाले वसा तत्व के कारण होती हैं, के पीछे प्रमुखयता जीवनशैलीगत आदतों व धूम्रपान, मोटापा, उच्च कोलोस्ट्राल, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज जैसी स्थितियां हैं।

हार्ट अटैक को कभी बुढ़ापे से जोड़ा जाता था। हाल में, बीस, तीस व चालीस साल के ज्यादा लोग हृदयरोगों से पीड़ित नजर आए हैं। इंसान की अनुवांशिक बदलाव तथा पारिवारिक इतिहास के अलावा, जो कि सबसे आम तथा अनियंत्रणयोग्य जोखिमपूर्ण कारक हैं, मगर भारतीय युवा अब खराब जीवनशैली, तनाव, अव्यवस्थित निद्रा आदतों के कारण हृदय रोग का शिकार हो रहे हैं। जो फिर जलन तथा हृदयरोगों के खतरे बढ़ने का कारण बनता है। धूम्रपान के साथ मिलकर आलस्यपूर्ण जीवनशैली के फिर और खतरे सामने आते हैं जो युवा पीढ़ी में जोखिमपूर्ण कारकों को खुराक देते हैं।

भारत में हृदयरोग चिकित्सालय 2 लाख से अधिक ओपेन हार्ट सर्जरी करते हैं और इसमें हर साल 25 फीसदी का इजाफा हो रहा है लेकिन वे हार्ट अटैक की संख्या नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। सर्जरियां केवल दर्दनाशक होती हैं। हृदय रोग के मूल कारणों और उसके खतरों के बारे में शिक्षित करना मृत्यु की घटनाओं को जड़ से खत्म करने के लिए जरूरी है।

**लक्षण क्या हैं?**

ऐसा नहीं है कि प्रत्येक हृदय रोगी के एक जैसे लक्षण तथा सीने में दर्द होते हैं, जैसा कि ये आम लक्षण के तौर पर प्रचलित हैं। लक्षण शून्य से लेकर गंभीर तक भिन्न हो सकते हैं, कुछ लोगों को अपाच्य जैसी समस्या महसूस हो सकती है और कुछ मामलों में गंभीर दर्द, भारीपन या कड़ापन महसूस हो सकता है। दर्द आम तौर पर छाती के केन्द्र में महसूस होता है जो बाहों, गर्दन, जबड़ों व पेट तक में फैल जाता है, और इसके साथ धड़कन तेज होती है और अजीब बेचैनी महसूस होती है।

अगर हृदयधमनियां पूरी तरह बंद हो जाती हैं तो इससे हार्ट अटैक आ सकता है जिससे हृदय मांसपेशी को स्थायी क्षति पहुंच सकती है। हार्ट अटैक की दर्द या असुविधा आम तौर पर कंठशूल से मिलती जुलती है, लेकिन अक्सर ज्यादा गंभीर होती है और पसीने, मिचली और सांस फूलने आदि से जुड़ी हो सकती है। डायबिटीज रोगियों में यह अधिक आम है। हार्ट अटैक का तत्काल उपचार नहीं किया जाए तो वह जानलेवा हो सकता है।

संभावित हृदयरोगी के मूल्यांकन में चिकित्सा व पारिवारिक पृष्ठभूमि, जीवनशैली का आंकलन तथा खून की जांच कराना शामिल होता है। सीएचडी के रोग की पुष्टि के लिए अन्य जांचें होती हैं जिनमें इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम जैसी जांचें होती हैं ताकि प्रत्येक हार्ट वाल्व की गतिविधित, मोटाई व संरचना की पहचान की जा सके, हृदय, फेफड़ों, व छाती की दीवार को देखने के लिए एक्सरे होता है ताकि अन्य स्थितियां का पता लगाया जा सके जो लक्षणों का कारण बन सकती हैं। कसरत करते समय हृदय पर कसरत का असर जानने के लिए टेड्डमिल टेस्ट (टीएमटी) कराया जाता है, हृदय प्रवाह को जानने के लिए कार्डियोवस्कुलर कार्टोग्राफी होती है, कोरोनरी धमनियों संकुचित तो नहीं हैं तथा गतिरोध कितना गंभीर है, आदि का पता लगाने के लिए सीटी एंजियोग्राफी व इनवेसिव कोरोनरी एंजीयोग्राफी कराई जाती है।

यद्यपि कोरोनरी हृदय रोग को पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता, मगर लक्षणों से निपटने में, हृदय का कामकाज सुधारने तथा हार्ट अटैक जैसी समस्याओं की संभावनाएं घटाने में उपचार सहायता कर सकता है। असरकारी प्रबंधन में जीवनशैली बदलाव, दवाइयां व सहज उपचारों का समायोजन शामिल होता है। आक्रामक व सर्जिकल उपचारों की ज्यादा गंभीर मामलों में आवश्यकता होती है जहां व्यक्ति अपना सामान्य जीवन जीने में सक्षम हो। कुछ सरल जीवनशैलीगत बदलाव हैं जिनमें स्वस्थ संतुलित आहार, नियमित व्यायाम करना, धूम्रपान न करना और रक्त कोलोस्ट्राल और शूगर स्तरों को नियंत्रित करना शामिल है। ये बदलाव सीएचडी, स्ट्रोक और डिमेंशिया के खतरे कम कर सकते हैं।

**– लेखक कार्डिएक साइंसेज, मेक्स हास्पिटल, साकेत, नयी दिल्ली के चेयरमैन हैं।**

# संदेश को जिम्मेदारी से फैलाएं

**राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि एक ऐसी दुनिया में जहां झूठी खबरें सच्ची खबरों पर भारी पड़ रही है, यह समय है कि देश लोगों को अनिवार्य आध्यात्मिक क्रियाओं से परिचित कराएं ताकि लोग ऐसी सामग्री से अपनी मानसिक शांति को प्रभावित न होने दें**

हम सभी को 2015 में फ्रांसीसी व्यंग्यात्मक साप्ताहिक समाचार, चार्ली हेब्दो के कार्यालय पर आतंकवादी हमले की याद है। विश्वव्यापी मीडिया स्तब्ध और चकित रह गया था। बिरले ही कोई मीडिया संस्थान था जिसने इस विषय पर अपनी राय व्यक्त नहीं की थी। ऐसी घटना के संभावित कारणों पर काफी कुछ कहा, विचारा व सोचा गया था।

निश्चित रूप से, विचार काफी भिन्न थे और उसके कारण, अनेक देशों ने विचार की अपनी भिन्नताओं के कारण एक दूसरे के बीच कूटनीतिक संबंध तक बना लिए। हालांकि, एक बात जो घटना ने निश्चित रूप से व्यक्त की वो यह कि लिखित या बोले गए शब्दों की ताकतत जबरदस्त होती है। आज की दुनिया में, जहां संचार के माध्यम तेजी से विकसित हो रहे हैं और अत्यंत विकसित हैं, विचार आसानी से इंटरनेट पर चक्कर लगाते हैं और वे लोगों का ध्यान आकर्षित करने में सक्षम हैं। यह ठोस निर्णय लागू करने के बाद, व्यक्ति की आजादी और अभिव्यक्ति की ताकत के इस्तेमाल की आवश्यकता को इंगित करता है।




अखबार के व्यंग्यात्मक टिप्पणी को विशेष धर्म या उसके संस्थापक के अपमान के बतौर समझा गया। और इस कारण उस धर्म के मानने वालों ने, आमतौर पर प्रकाशन के खिलाफअपनी आवाज उठाई। हालांकि, अनेक अन्य प्रकाशन या पुस्तकें या पत्रिकाएं हैं जो विशेष तौर पर किसी समुदाय के खिलाफ नहीं होते हैं। यह शायद हर कहीं उनके खिलाफव्यापक प्रदर्शनों की संभावनाएं कम कर सकता था। अनेक लेखन या अध्याय हो सकते थे, जिन्होंने, हालांकि बहुत खुलेआम तथा ठोस स्तर पर पैगंबर विशेष की शिक्षाओं का विरोध न किया हो, मगर समाज के बड़े हिस्से के मन पर नकारात्मक प्रभाव छोड़ सकते थे। इसी प्रकार, काफी विषयसामग्री आनलाइन हो सकती है जो अधिकांश उन लोगों के मन को प्रभावित करते हैं जो इसे गलत ढंग से व्याख्यायित कर सकते हैं। भारी हिंसा, सेक्स, क्रोध आदि भी इसमें शामिल हो सकते थे। आज नही ंतो कल एक के बाद एक फिल्म में ऐसी सामग्री में दोहराव व्यक्ति के नैतिक तानेबाने को बिगाड़ देता है और उसके मन को भ्रष्ट बनाता है। परिणामस्वरूप, इंसान की चिंतन प्रक्रियाएं प्रदूषित होती हैं और नतीजतन, समूचा समाज इसके हानिकारक प्रभावों का शिकार होता है। चूंकि यह लोगों के मन को जहरीला बनाता नजर नहीं आता है, मगर वे बिरले ही कोई ठोस प्रतिरोध करते हैं। बल्कि ऐसे विषय सामग्री के निर्माता हमेशा मानते हैं कि लोग इसे पसंद करते हैं भले ही तथ्य हो कि यह ऐसे निर्माता हैं जिन्होंने अपने घटिया कंटेंट वाले संसाधनों के जरिए लोगों के रूचि को असलियत में विकृत बनाया है। अनेक लिखित किताबों, उपन्यासों, वयस्क पत्रिकाओं, फिल्मों व ऐसी चीजों के बारे में यही कहा जा सकता है जिन्हें बड़ी संख्या में लोग देखा करते हैं। कुछ के लिए, यह निश्चित रूप से प्रभावित कर सकता है या उनके विशेष इरादों या मनोबल तक को प्रभावित कर सकता है। खास तौर पर, ऐसी दुनिया में जहां झूठी खबरें ऐसा प्रमुख खिलाड़ी बन गयी हैं कि आज वास्तविक या झूठी खबर के बीच अंतर करना ज्यादा कठिन हो रहा है, ऐसे में यह जरूरी है कि ऐसा कंटेंट हमारी मानसिक शांति को प्रभावित न करता हो।

यह केवल ध्यान जैसी प्रक्रिया हे जो लोगों को राहत प्रदान कर सकती है और उनके समस्त शारीरिक व मानसिक तंत्र पर स्वास्थ्यवर्द्धक प्रभाव डाल सकती है। हिंसक कथ्य जैसी कोई बुराई निश्चित रूप से व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है। यह अनेक लोगों के लिए भावनात्मक रूप से अमानवीय भी हो सकती है। और फिर भी, हम बहुत कम ध्यान देते हैं कि किस तरह हमारे कार्यों के स्वस्थ तन, मन व हृदय के साथ परस्पर सहयोग में चलाने की जरूरत है। भावनाओं पर नियंत्रण ही वो तरीका है जो दुनिया की मानवता के बेहतर ढंग से समझने तथा हेब्दो पर आतंकवादी हमले जैसे अड़ियल फैसले लेने से परहेज करने में सहायता कर सकता है। यह उत्तम समय है कि दुनिया भर के देशों को ध्यान पर ध्यान दे तथा इसे हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य बनाए ताकि इस समस्या पर पूर्णतया ध्यान दिया जाए वर्ना मूल्यों की स्थापना करने तथा लोगों की जीवनशैली को आध्यात्मिक स्पर्श प्रदान करने के उनके सभी प्रयास बेकार चले जाएंगे। वे सामग्री को ऐसे देखने या पढ़ने के अंधड़ असर में बह जाएंगे।

## इस सप्ताह आपका भविष्य

मधु कोटिया


### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



कुछ नकारात्मक शक्तियां सक्रिय हैं और आपको उनसे इस सप्ताह लड़ना चाहिए। मौसमी बिमारियां आपको निष्क्रीय व सुस्त बना सकती हैं। उचित खुराक, व्यायाम और आराम स्वस्थ जीवन का मंत्र है। यदि आप लंबे समय तक इन मूलाधारों को अनदेखा करते हैं तो आप इसके दुष्परिणाम भुगत सकते हैं। कामकाजी परिवेश अनुकूल नहीं है और कई बार आपको परेशान कर सकता है। बदला लेने की मंशा में अपने समय व ऊर्जा को बर्बाद मत करें। बस जीवन के अगले चरण के लिए तैयार रहें। आप रचनाशील लोगों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं।

**शुभ अंकः** 13 **शुभ रंगः** पीला **शुभ दिनः** गुरूवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस सप्ताह भ्रम बना रहेगा। इस सप्ताह स्वास्थ्य के मामले में चिंता के अनेक मसले उभर सकते हैं। आपके पास इनसे निपटने के लिए कुछ निहित मामले हो सकते हैं। नाक, कान, गले की समस्याएं भी उभर सकती हैं, जो आपको डाक्टर के पास दौड़ा सकता है और आपका अधिकांश समय खा सकते हैं। आपको चीजों को प्राथमिकता देना सीखना चाहिए। करियर मोर्चे पर, आप काम पर लोगों व अपने सहकर्मियों के साथ अच्छा जुड़ाव साझा करते हैं। सम्मेलनों व वार्ताओं में भागीदारी करने का यह सही समय है। संबंधों के लिए यह अच्छा समय है।

**शुभ अंकः** 20 **शुभ रंगः** सफेद **शुभ दिनः** शुक्रवार

### मिथुन ( मई 22-21 जून )



इस सप्ताह आप अपने जीवन में परिष्कृत ऊर्जा व आकर्षण महसूस करेंगे। आप अपनी सेहत की जैसी देखभाल व खयाल करते आए हैं उससे आप परम उत्साहित रहेंगे। आप मन में आकर्षण व खुशी अनुभव करते हैं। यह समय दिव्य आस्था पर भरोसा करने का भी है। नयी दिशा व सुरक्षा आपमें भरोसा जगाती है कि दिव्य भावना आपके सर्वोत्तम हित में काम कर रही है। पेशेवर स्तर पर, आप अपने भीतर नयी चमक व रचनात्मकता की नयी भावना महसूस करती है। आप अपने नजरिए व अपने निर्णयन क्षमता में ज्यादा दृढ़निश्चयी व आक्रामक हैं।

**शुभ अंकः** 15 **शुभ रंगः** भूरा **शुभ दिनः** मंगलवार


### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



इस सप्ताह आप ताजा, प्रफुल्लित, व आगे बढ़ने के लिए प्रेरित महसूस करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, और आप इसे और बेहतर बनाने की कोशिश में हैं। अच्छी खुराक, पौष्टाहार, व्यायाम व सहज जीवन जीना आपके फैसले का हिस्सा हैं। भावनात्मक एवं आध्यात्मिक रूप में आप संतुष्ट महसूस करेंगे। आपका उत्साह और आकर्षण दिन पर दिन बढ़ रहा है, और दूसरों को आपके प्रति ईर्ष्यालु बना रहा है। करियर मोर्चे पर, आपको लग सकता है कि कार्यस्थल पर स्थितियां आपके पक्ष में नहीं हैं और आप अपने मन को बदलाव के लिए तैयार कर सकते हैं।

**शुभ अंकः** 28 **शुभ रंगः** आसमानी **शुभ दिनः** शनिवार


### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



आपको अपने स्वास्थ्य के मामले में सजग रहने की जरूरत है। आप विभिन्न कारणों से तनाव का शिकार हो सकते हैं, इसलिए स्वयं के प्रति उदार होना खासतौर पर महत्वपूर्ण है। यदि आप क्रोधित है, तो उसे व्यक्त करें। अपने क्रोध व दुख को अपने खिलाफमोड़ने के बजाय अपनी बेचैनी को व्यक्त करें। पेशेवर स्तर पर, चीजें आपके पक्ष में नहीं हैं। आपको इस सप्ताह कुछ झूठे आरोपों, उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप, तथा छानबीन का सामना करना पड़ सकता है। काम हेतु बेहतर नजरिया पाने के लिए आपको थोड़ी मदद की जरूरत पड़ सकती है।

**शुभ अंकः** 12 **शुभ रंगः** मैरून **शुभ दिनः** बुधवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



आपका शारीरिक स्वास्थ्य आपके मानसिक स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। यह समय है जब आपको अपने सहज आवेगों व प्रतिक्रियाओं के प्रति बहुत सजग होने तथा जीवन में बेहतर भलाई व अर्थवत्ता के साथ उनमें संतुलन लाने की जरूरत है। यह समय क्रोध या घृणा के साथ काम करने का नहीं, बल्कि स्थिति को प्रेम व करूणा से देखने का है। करियर स्तर पर, ज्यादा ध्यान इस बात पर दें कि आपके इर्दगिर्द लोग क्या कर रहे हैं। कार्यस्थल पर राजनीति से सतर्क रहें। कार्यस्थल पर कुछ नकारात्मक शक्तियां आपको कमजोर करने के लिए सक्रिय हैं।

**शुभ अंकः** 21 **शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ दिनः** बुधवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



आप जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए रात दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अपनी गति को धीमा करें और अपनी सेहत की ओर ध्यान दें, जो इस समय सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। आपके अनंत प्रयास आपको जीवन में मनचाहा प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर, आपकी क्षमता इस समय पूर्णतया उजागर है और आप आगे बढ़ सकते हैं। फिटनेस योजना शुरू करने या उसे बढ़ाने का यह उत्तम समय है। कार्यस्थल पर , आप अपनी जिम्मेदारियों व कामों में निर्भीक व साहसी हैं। आपकी रचनात्मक ऊर्जा उत्तम है और आपमें जीवन को दिशा देने की अच्छी समझ है।

**शुभ अंकः** 25 **शुभ रंगः** कत्थई **शुभ दिनः** रविवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस सप्ताह आप पहले से ज्यादा मजबूत हैं और अपने जीवन हर बाधा का सामना करने के लिए तैयार हैं। अगर गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना भी करते हैं तो सकारात्मक नजरिया अद्भुत कारगर हो सकता है। पेशेवर मोर्चे पर, अच्छी खबरें मिलने के आसार हैं। लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। आप चीजों को नए व असाधारण ढंग से समायोजित करने के विशेषज्ञ हैं जो काम को अधिक सहज बनाता है। अगर आप नौकरी ढूंढ़ रहे हैं तो आप उचित जगह हासिल करने वाले हैं। आप अपनी सोच से ज्यादा काम के मामले में बहुत संतुलित व व्यवस्थित हैं।

**शुभ अंकः** 10 **शुभ रंगः** सरसों **शुभ दिनः** मंगलवार

### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि आप बिमार पड़ सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के स्वास्थ्य को भी आपके ध्यान की जरूरत है, उन्हें अनदेखा न करें। आगे बढ़ने के लिए आपको पुरानी गलतियों व चोटों से पार पाने की जरूरत है। सत्य को देखने के लिए अपने प्रियजनों की सहायता करें। खुद को अभिव्यक्त करना सीखें, अपनी भावनाओं व आवश्यकताओं का दमन न करें। करियर मामले में यह एक अच्छा सप्ताह है। व्यापारियों को आर्थिक स्थिरता दिखेगी और वित्तीय सौदों में लाभ की प्राप्ति होगी।

**शुभ अंकः** 11 **शुभ रंगः** रजत **शुभ दिनः** सोमवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



इस सप्ताह स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। वैकल्पिक रोगपरामर्श पर विचार करें। कोई भी अंतिम फैसला करने से पहले अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ की सलाह अवश्य ले लें। आध्यात्मिक उपचार के लिए तैयार रहें। जो लोग गंभीर बिमारी से जूझ रहे हैं, वे जानते हैं कि उपचार हमेशा रोगनिदान से जुड़ा नहीं होता है। आपको कोई थेरेपी या सर्जरी करानी पड़ सकती है। करियर मोर्चे पर, व्यापारियों को उल्लेखनीय स्थिरता प्राप्त होगी। अपना सिर बुलंद रखें और जानें कि आपके पास काफी कुछ है जो आप सामने लेकर आ रहे हैं। भरोसेमंद बनने की जरूरत है।

**शुभ अंकः** 19 **शुभ रंगः** बैंगनी **शुभ दिनः** मंगलवार


### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



आप इस सप्ताह मानसिक रूप से मजबूत हैं। आपकी खुली सोच और स्पष्टवादिता आपको आगे बढ़ने में सहायता करेगी यदि आप अपने नजरिए में उदारता व सहृदयता को शामिल कर लेते हैं। सौम्यता के साथ अपना प्राधिकार दिखाना भी जरूरी है। पेशेवर मोर्चे पर, आप जिस संस्था के लिए काम कर रहे हैं उसे ज्यादा समय व ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। कोई शक्तिशाली व्यक्ति आपकी सहायता करने वाला है। कुल मिलाकर, आपका करियर उन्नति पर है। पेशेवर मोर्चे पर, आप थोड़ा अनासक्त हो सकते हैं। आपका अंतर्मन जो कहता है उसकी ओर ध्यान दें।

**शुभ अंकः** 18 **शुभ रंगः** काला **शुभ दिनः** शनिवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



इस सप्ताह आप अनुशासित होने की ओर ध्यानरत है और अपने तन, मन, व आत्मा की आवश्यकताओं को जानते हैं। अपने मूल्यों के मामले में आपकी सोच बहुत स्पष्ट है। इस समय के दौरान आपकी एकाग्रता प्रशंसनीय है। आपकी रचनात्मकता आपको निरंतर आगे बढ़ाएगी। आपकी रचनात्मक कार्यों में अपनी सकारात्मक ऊर्जा को लगाना चाहिए क्योंकि संतुष्टि की आंतरिक भावना आपको ज्यादा आत्मविश्वास प्रदान करेगी। करियर मोर्चे पर, दूसरे लोग शायद आपके नए विचारों या प्रस्तावों को न समझें, लेकिन आपको लगता है आप सही हैं तो आगे बढ़ें।

**शुभ अंकः** 30 **शुभ रंगः** बादामी **शुभ दिनः** शनिवार



परीकथाएं कहीं ज्यादा सच हैं, इसलिए नहीं कि वे हमें बताती हैं कि ड्रेगन होते थे, बल्कि इसलिए कि वे हमें बताती है कि उन्हें पराजित किया जा सकता है
- नील गाइमेन



# समय की परीक्षा

## एक सर्वे बताता है कि किस तरह कोविड-19 महामारी ने कामकाजी महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाला है, खासतौर पर मांओं के, जो वर्क-एट-होम दिनचर्याओं और घरेलू कामों के बीच जूझ रही हैं

कोविड-19 महामारी भारत में कामकाजी महिलाओं के भावनात्मक स्वास्थ्य पर भारी नकारात्मक असर डाल रही है क्योंकि नए सर्वे के मुताबिक, दो महिलाओं में से लगभग एक महिला ज्यादा तनाव या बैचेनी अनुभव कर रही है।

माइक्रोसाफ्टवेयर नीत लिक्डइन द्वारा किए गए, 'वर्कफोर्स कांफीडेंस इंडेक्स' सर्वे में जो कि देश में 2254 उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं पर आधारित था, चिंताजनक स्तर पर, पांच कामकाजी मांओं में दो से अधिक मांएं अपने कामकाजी घंटों से परे काम कर रही हैं ताकि बच्चों की देखभाल कर सकें, जो कि पुरूषों की तुलना में लगभग दुगुना है। कामकाजी पुरूषों के लिए यह संख्या 38 फीसदी रही, जो इस परीक्षा के दौर में महिलाओं पर गैरअनुपातिक प्रभाव का इशारा करती है।

तीन कामकाजी मांओं में से लगभग एक (31 प्रतिशत) वर्तमान में पूर्णकालिक बच्चों की देखभाल कर रही है, जब कि तुलनात्मक स्तर पर कामकाजी पिताओं में से लगभग एक (17 प्रतिशत) यह सेवा प्रदान कर रहे हैं।

आनलाइन पोर्टल जॉब्स फार हर की सीईओ, नेहा बगारिया ने कहा, ''एक कारक है आफिस और घरेलू काम का संतुलन करना, जबकि ज्यादातर घरेलू काम औरतों के कंधों पर होते हैं। अध्ययन बताता है कि महामारी के दौरान पुरूषों की भागीदारी बढ़ी है, लेकिन महिलाएं अभी भी अधिकांश समय बच्चों की देखभाल में बिताती हैं।''



आंकड़ों के मुताबिक, कामकाजी मांओं के बच्चों की देखभाल से भटकने के खामियाजे भुगतने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं जबकि पुरूष को दोस्तों व परिवार से सहयोग मांग लेते हैं। केवल पांच में से एक कामकाजी मां अपने बच्चों की देखभाल कार्य के लिए पारिवारिक सदस्य या मित्र पर भरोसा करती है जबकि पुरूषों के संदर्भ में यह तुलनात्मक आंकड़ा 32 फीसदी का है।

जानकारियों ने दिखाया कि 46 फीसदी से ज्यादा कामकाजी मांएं देर तक काम करती हैं और 42 फीसदी घर पर अपने बच्चों के साथ काम पर एकाग्रचित्त नहीं हो पाती हैं।

सर्वे के मुताबिक, लगभग चार में से एक फ्रीलांसर अपनी कमाई आमदनी (25फीसदी) तथा व्यक्तिगत बचत (27 फीसदी) में वृद्धि का पूर्वानुमान करते हैं, जबकि तीन में से लगभग एक (31फीसदी) अगले छह महीनों में उसके निवेशों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

इसके बावजूद, बेचैनी और तनाव घटाने के लिए व्यायाम को दिखाया गया है, लेकिन अब प्लॉस वन पत्रिका में प्रकाशित एक अन्य प्रमुख अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने बताया है कि यह शायद कोविड-19 के कारक स्तरों के लिए पर्याप्त नहीं है। जिन लोगों ने कोविड-17 की शुरूआत के बाद अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ने के बारे में बताया है, कि घर पर रहने से अन्य की तुलना में उनके अंदर तनाव और बेचैनी का स्तर अधिक था।

वाशिंगटन स्टेट युनिवर्सिटी के प्रमुख लेखक ग्लेन डंकन ने कहा, ''निश्चित रूप से, जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं, वे जानते हैं कि तनाव और बेचैनी का संबंध मानसिक स्वास्थ्य नतीजों से होता है, फिर भी जिन लोगों ने व्यायाम में वृद्धि की उन्होंने भी तनाव और बेचैनी बढ़ने के बारे में बताया।''

अध्ययन के लिए, शोध टीम ने वाशिंगटन स्टेट ट्विन रजिस्ट्री से 900 से अधिक समलैंगिक बिरादरी तथा सामान्य दंपत्तियों से मिली जानकारी का विश्लेषण किया। सर्वे के उत्तरदाताओं में से, 42 फीसदी ने कोविड संकट की शुरूआत के बाद शारीरिक गतिविधि स्तर के घटने की जानकारी दी और 17 फीसदी ने कहा कि उन्होंने अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाई थी। अन्य 31 फीसदी में कोई भी बदलाव न करने की सूचना दी थी।

भागीदारों से तुलनात्मक तौर पर संकट से एक महीने पहले और उसके बाद की उनकी शारीरिक गतिविधि में बदलावों के बारे में पूछा गया था। जिन लोगों ने बताया कि घर पर रहना शुरू करने के बाद दो सप्ताह के भीतर उनकी शारीरिक सक्रियता में कमी आई थी, उन्हें उच्च स्तरीय तनाव और बेचैनी पाई गयी थी, जो कि अपेक्षित था।

लेकिन आश्चर्यजनक रूप में, अनेक उत्तरदाता जिन्होंने शारीरिक सक्रियता बढ़ाई थी, उन्हें भी यही महसूस हुआ था। शोधकर्ताओं ने पाया कि शारीरिक गतिविधि घटने और तनाव के बीच संबंध अनुवांशिक तथा परिस्थितिगत कारकों से चौंकाने वाला था। शोधकर्ताओं ने शारीरिक गतिविधि घटने और बेचैनी के बीच कुछ संबंध पाया - कम शारीरिक गतिविधि वाले जुडवां बच्चों, भाई-बहन में कोई बदलाव न करने वाले भाई-बहन की तुलना में उच्च स्तरीय बेचैनी थी।

इसके अलावा, बेचैनी स्तर बुजुर्गों व कामकाजी महिलाओं में अधिक रहा। डंकन ने कहा, '' यह अनिवार्य नहीं है कि व्यायाम व्यक्तिगत स्तर पर तनाव से निपटने में सहायता नहीं करता। यह तभी जब दोनों के बीच अनुवांशिक व परिस्थितिगत संबंध होता है ''

**प्रमथ राज सिन्हा का कहना है कि हालांकि अपने विचारों को स्वर देना महत्वपूर्ण है मगर यह भी उतना ही जरूरी है कि दूसरों को सुना जाए। इससे आपको वक्ता के रूप में अधिक सम्मान पाने में सहायता मिलती है जो निश्चित रूप से सुने जाने की आपकी संभावनाएं बढ़ा देता है**



# ध्यान से सुने जाने की कला

कितनी बार आपने खुद को ऐसी स्थिति में पाया है जहां हर कोई आपके विचारों से सहमत नहीं होता है? ऐसा बोर्डरूम, वरिष्ठ सहकर्मियों के साथ सम्मेलन, मुवक्किल से मुलाकात, या किसी सामाजिक कार्यक्रम या टीम प्रस्तुति में हो सकता है। आपने बहस से बचने के लिए किसी आपत्तिजनक स्थिति में फंस जाने की आशंका के तहत चुप रहना बेहतर समझा होगा। दोनों प्रतिक्रियाएं समान रूप से अनुचित हैं। पहली प्रतिक्रिया आपको समर्पणवादी दिखाती है और दूसरी प्रतिक्रिया आपको आक्रामक दिखाती है। आपको बहसबाज समझा जा सकता है और आपके संदेश या नजरिया निष्फल हो सकता है।

खुद को सुने जाने लायक बनाना या अपने नजरिए को स्वीकार्य बनाना संतोषजनक व सशक्तकारी है। ज्यादा महत्वपूर्ण रूप में, यह आपको सुर्खियां, प्रभाव व प्रतिष्ठा प्रदान करता है, और इन सबकी आपको काम में सफलता के लिए जरूरत होती है।

बगैर बहसबाज या अड़ियल दिखते हुए आप अपना मूल नजरिया कैसे प्रस्तुत करते हैं? असरकारी ढंग से बोलना आपको उस झूलते दरवाजे से पार ले जाने की कला है जब कोई दूसरा को विपरीत दिशा से धकेल रहा है। आप पुनः सुने जाने के जरिए मगर किसी शुरूआत की प्रतीक्षा में ऐसा करते हैं। इसमें कौशल व रणनीति की जरूरत होती है। आपको अपने तरीका पाने के लिए मौका मिलने की जरूरत है।

बैठकें, आनलाइन या आफ्लाइन दोनों, साझा उपक्रम करने तथा अपनी बातत को प्रस्तुत करने का शानदार तरीका है लेकिन कभी कभी आपकी आवाज आवाजों के शोर में गुम हो सकती है। या आप उग्र दिख सकते हैं यदि आप अपने अधिकारी से असहमत होते हैं। इसलिए तैयारी अत्यावश्यक है।

**अपने दर्शक को समझने के लिए रहें तैयार:** आपको खुद से पूछने की जरूरत है कि आपको इस मीटिंग में क्यों बुलाया गया है और आप किस प्रकार बड़े लक्ष्य में योगदान कर सकते हैं। जिज्ञासु श्रोता बनें और अन्य लोगों की अवधारणाएं समझने का प्रयास करें। इससे आपको संभावित समस्याओं व गंठजोड़ों को पहचानने में सहायता मिलेगी जिनकी आप तैयारी कर सकते हैं।

**सम्मान व प्रोत्साहन दें:** एक सक्रिय श्रोता के रूप में, जो कुछ आपने सुना, उसका सार-संकलन करें। उदाहरण के लिए, आप कह सकते हैं, '' पिछले दस मिनट में हमने सीखा है.... '' या '' मुझे सुधार दें, अगर मैं कहीं गलत हूं ... '' दूसरों को बोलने के लिए प्रोत्साहित करें यह कहकर उनकी राय मांगें, '' मुझे बताएं कि आप क्या सोचते हैं। '' यह हमेशा सहायता करता है जब आप दूसरों को, खासकर चुप रहने वाले सहकर्मियों को, प्रोत्साहित करते हैं कि वे बोलें और व्यापक समूह के लिए अपनी जानकारियां प्रस्तुत करें।

**शिक्षित करें, दोष या आरोप न लगाएं:** जब आपके बोलने की बारी आती है तो खारिज करने वाले या बिना दावेदारी का भाव लिए अपने विचार व्यक्त करें। आपको बतौर मददगार काम करना चाहिए जो सोद्देश्यपूर्ण होता है मगर दावेदारीपूर्ण नहीं। दूसरों की आवाजों को दबाए बिना, बातों को आत्मविश्वास के साथ कहना ज्यादा असरकारी होता है। अपने शब्दों का सावधानीपूर्वक चुनाव करें, वे दोस्ताना व शांत भाव वाले हों। उचित भाव, स्वर व ध्वनि दूरगामी तौर पर असर डालेगी कि आपकी आवाज को सुना जाए, खासतौर पर, आज की दुनिया में जब अधिकांश बैठकें और बहसें आनलाइन हो गयी हैं। शारीरिक भाषा कैमरे के पीछे छिपी होने से, आपका स्वर और भाव सभी से आपको असरकारी बोलना पड़ता है। और आपको उन्हें उचित ढंग से बोलना चाहिए।

**सलाह व आलोचना के लिए तैयार रहें:** अपनी आलोचना को इस तरह व्यक्त करें कि वे सलाह व विमर्श आमंत्रित करती हो। आलोचना या नकारात्मक राय के लिए तैयार रहें। याद रखें कि यह एक विमर्श, एक साझीदारी है और यह टीम प्लेयर बनने के लिए महत्वपूर्ण है।

**संकोची या दुविधाग्रस्त न हों। आश्वस्त होकर बात कहें:** कभी हवाई बातें न करें। हमेशा तार्किकता, डाटा और उदाहरणों की मदद से अपने तर्कों को मजबूती दें। संक्षिप्त, सीमित व सटीक हों जब आप प्रस्तुति दे रहे हों। लोगों की एकाग्रता अल्पकालिक होती है, इसलिए विषय से भटके नहीं और बड़बोलेपन का इस्तेमाल करने से बचें। डिजीटल दुनिया में यह और भी महत्वपूर्ण है जहां आपके समक्ष अनेक भटकाव होते हैं।

**उदार, सौम्य व धैर्यवान हों:** टीम के बड़े लक्ष्यों के प्रति समर्पित टीम प्लेयर के रूप में खुद को इंगित करने के लिए 'हम ' ' हमारे ' जैसे सर्वनामों का उपयोग करें। जब कोई दूसरा बोल रहा हो तो बीच में न बोलें। बोलने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करें। नोट्स बनाएं यदि आपको कुछ महत्वपूर्ण जोड़ना और बोलना है जब दूसरे व्यक्ति ने अपनी बात पूरी कह डाली हो। आनलाइन बैठकों में, हमेशा अपना माइक्रोफोन बंद रखें या म्यूट कर दें जब आप नहीं बोल रहे हों। हालांकि अपने विचारों को स्वर देना महत्वपूर्ण होता है, मगर समान रूप से जरूरी है कि दूसरों को सुना जाए। यही उनके विचारों को समझने और आत्मसात करने में सहायता करता है और आपको एक समझदार नेता माना जाता है। आपके बतौर वक्ता अधिक सम्मान हासिल करने की संभावना है जो आपको सुने जाने की संभावनाएं बढ़ाती है।

**- (लेखक हड़प्पा एजूकेशन के चेयरमैन और संस्थापक हैं।)**

## पेज 1 का शेष

# मन के मसले

यह कामचलाऊ दौर हो सकता है जो ऐसा दौर हो सकता है जिससे व्यक्ति गुजर रहा है। लेकिन यदि दौर बार-बार सामने आता है तो यह खतरे की घंटी है।''

श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट में क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक, पल्लवी जोशी बताती हैं कि लोग आज ज्यादा जागरूक हैं और मानसिक बिमारियों के बारे में चर्चा करने के लिए मुखर हुए हैं। वो स्पष्ट करते हुए बताती हैं, '' लेकिन साइकोमेट्रिक टेस्टों और फिर रोग पहचान कराने की जरूरत है। चिकित्सीय स्तर पर पहचाने गया अवसाद एक गंभीर समस्या है। मौजूदा पीढ़ी, यदि खास सुविधाओं के मामले में नकारी जाती है, तो उसे महसूस होता है कि वे अवसादग्रस्त हैं, यह सच नहीं है। आज कुछ कारणों की वजह से वर्तमान पीढ़ी के लिए चीजों से लड़कर उबरने का तंत्र कमजोर है। शारीरिक व्यायाम की कमी एक कारण है। यह दिमाग में कुछ बदलाव करती है। दूसरा, पुरानी पीढ़ी को कुछ खास चीजें करने के लिए कहा जाता है मसलन किचन में मां की सहायता करना या मेहमान को पानी पिलाना। बच्चों के पास करने के लिए घरेलू काम होते थे। वे उपयोगी महसूस करते थे और उनके पास निभाने के लिए भूमिका होती थी। आज, उनके पास यह स्थिति नहीं है और वे दबाव से निपटने में अक्षम होते हैं। दूसरों के जीवन में योगदान देने के अपने लाभ होते हैं, इससे मनमौजीपन, बोरियत महसूस करने तथा अवसाद का शिकार होने पर रोक लगती है।''

कौंसिलर, मनोचिकित्सक एवं क्लीनिकल हिप्नोथेरेपिस्ट, नताशा शर्मा का मानना है कि युवा पीढ़ी ने संवाद की कला खो दी है क्योंकि वे सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में रहते आई है और वास्तविकता बहुत भिन्न होती है।

बकौल नताशा, '' इसीलिए, तालाबंदी इतनी तबाहीपूर्ण हुई है। इंसान सामाजिक पशु होता है। हम समुदाय में रहने के लिए बने होते हैं। हम सिमट जाते हैं जब कोई संपर्क नहीं रहता है। अलगाव जेलों में सबसे तकलीफ्देह सजा होती है, उसमें एकांत छोड़ दिया जाता है। यह मनोवैज्ञानिक स्तर पर सबसे बदतर काम है जो व्यक्ति, किसी इंसान के साथ कर सकता है। फिर सोशल मीडिया के कारण जुड़े होने का एक भ्रम होता है। हम अब अपने फोन नहीं उठाते हैं। एक समय था जब व्यक्ति को घर में एक फोन पर बात करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। आज हर व्यक्ति के पास अपना फोन होने के बावजूद, हम संदेश भेजते हैं। आमने सामने कोई बातचीत नहीं होती है। संवाद के रूप में कोई संपर्क नहीं रहता है, संवाद के मौखिक व अमौखिक तरीके होते हैं जब आप एक ही कमरे या रिश्ते में होते हैं। जो हम देख रहे हैं, वो तकनीक का नकारात्मक या काला पहलू है। ''

आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के संदर्भ में शोध बताता है कि नब्बे फीसदी व्यक्तियों को, जो आत्महत्या करते हैं, मानसिक समस्या का पता नहीं होता है। कहने का तात्पर्य यह नहीं है कि चूंकि आपको मानसिक समस्या है तो आप आत्महत्या करेंगे। सहज आत्महत्या का भाव भी होता है जो किसी नियमों की पालन नहीं करता है। लेकिन आत्महत्या में अनेक चरण शामिल होते हैं इसीलिए हस्तक्षेप की जरूरत होती है जिसके अनेक चरण होते हैं। एक भी चरण को अनदेखा करना जीवन हानि का परिणाम हो सकता है। मूलतः, कोई एक कारण नहीं है लेकिन अनेक भागीदारीपूर्ण कारक होते हैं जो एक खास समय या चरण में एकत्रित हो जाते हैं।

पुडुचेरी निवासी क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक पुलकित शर्मा कहते हैं कि आज और बीते कल में जो बदलाव हुआ है वो बाह्यस्तर पर हुआ है। पुराने जमाने में एक अच्छी सहयोग प्रणाली थी।शर्मा बताते हैं, '' लोग आपस में गहरे जुड़े होते थे। अगर कुछ बुरा घटित हो जाता था तो समाज उस व्यक्ति के साथ आ खड़ा होता था। प्रत्यक्ष संवाद सहायता करता था और रिश्ते गहरे और अर्थपूर्ण थे और आज की तरह खयाली नहीं थे। पुराने जमाने में, जीवन कम जटिल था। आज, कार्य संस्कृति ऐसी है कि मन को कभी राहत नहीं मिलती है। हम काफी कुछ कर रहे हैं और हमारे पास अपने आपके लिए समय नहीं है। सोशल मीडिया, आभासी दुनिया ने समस्या को बढ़ाया है। व्यक्ति के पास आनलान 500 मित्र हैं, लेकिन उनमें से कोई भी ऐसा नहीं जिसके साथ वे सचमुच भावनात्मक रूप से जुड़ पाएं। ''

माना कि लोग आज आर्थिक रूप में अच्छा कर रहे हों, मगर इसमें संतुष्टि की कमी की भावना भी मौजूद है। '' पैसे से परे, जीवन आज शून्य है। लोग मशीनों की तरह काम कर रहे हैं, खासतौर पर वे लोग जो कार्पोरेट सेक्टर में कार्यरत हैं। पुराने जमाने के स्रोत, जिन पर व्यक्ति का आत्मोत्साह आधारित होता था, ज्यादा गहरे और ज्यादा मूल्यवान, नैतिक, व कार्य प्रदर्शन से संबंधित थे। आज यह मिथ्याभास है, यह सब भौतिक चीजों से संबंधित है- यह इस बात पर है कि आप कितना ज्यादा कमाते हैं, आप कैसे दिखते हैं और आपके पास क्या है। यह मिथ्यापूर्ण जीवन आपको तेजी से धोखा दे सकता है और आपको अवसाद की ओर ले जा सकता है। 'मैंने अपना आकर्षण खो दिया है ' और 'मुझे वो पसंद नहीं है जिसका मैं आदी हूं' जैसे जुमले आम हो गए हैं और लगातार उभरते हैं।''

चूंकि कोई ऐसी सरकारी सहायता उपलब्ध नहीं है जो मानसिक रोगों के शिकार व्यक्ति तक पहुंच सके। नताशा बताती हैं कि यह आसपास के लोग व समाज है जिसको कदम उठाने व मदद का हाथ बढ़ाने की जरूरत है।

नताशा कहती हैं, '' ऐसी चर्चाएं हैं कि सरकारी स्तर पर कुछ घटित होता लग सकता है। बतौर राष्ट्र, हम हम बहुत कम तैयार हैं। हमारे पास आत्महत्या रोकथाम के लिए राज्य स्तरीय नीति का केन्द्र नहीं है। हमारे पास आत्महत्या रोकथाम के लिए कोई देशव्यापी हेल्पलाइन नहीं है, जो कुछ भी हो रहा है वह कुछ खास लोगों के कारण है। पर केपिटा पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर नहीं हैं। आबादी को देखते हुए पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक या अस्पताल नहीं हैं। इसलिए, सरकार को कदम उठाने चाहिए। हालांकि कुछ अग्रगामी कदम उठाए गए हैं मगर काफी कुछ और करने की आवश्यकता है।''

### जमीन पर चौकीदार हैं हमारी आंखें, कान और हाथ

वह बताती हैं कि किसी भी पहल की शुरूआत से पहले यह जरूरी है कि लक्षित श्रोता की पहचान को परिभाषित किया जाए।

शर्मा कहती हैं, '' हमारे लिए यह मनोरंजन इंडस्ट्री है, सिर्फ बालीवुड नहीं। अमरीका में यह संस्थान है, संस्थापक-सीईओ, डा पॉल क्विनेट का क्यूपीआर संस्थान। उनके पास बीस सालों के शोध आधारित कार्यक्रम हैं और उनमें से एक है चौकीदार प्रशिक्षण कार्यक्रम। बैंगलुरू में एक एनजीओ है - सोसाइड प्रीवेंशन इंडिया फाऊंडेशन। हमने क्यूपीआर इंस्टीट्यूअ द्वारा अनुशंसित उस संस्थान के साथ साझीदारी की है और हम चौकीदार प्रशिक्षण कराते हैं जो लोगों को सिखाता है कि किसके लक्षणों की पहचान करें और उसे लेकर क्या करें। यह एक जागरूकता प्रशिक्षण है जहां लोगों को खास लक्षणों को देखना सिखाया जाता है जिनसे कि यह व्यक्ति गुजर रहा है या आत्महत्या की योजना बना रहा है या उसकी कोशिश कर रहा है और समझते हैं कि वह किस स्थिति से गुजर रहा है। बतौर चौकीदार आप जान जाएंगे और जीवन को बचा लेंगे। इसमें बीस साल लग सकते हैं लेकिन चौकीदार जान जाएगा। हम यही कर सकते हैं कि हम जमीन पर यथासंभव अधिक से अधिक अपनी आंखें, कान और हाथ बनने वाले चौकीदारों को प्रशिक्षित करें। यदि हम पर्याप्त चौकीदारों को प्रशिक्षित कर पाएं तो हम अगले कुशल पंजाबी को आत्महत्या करने से रोक सकते हैं। ''



मेरे दिल में फैशन का एक विशेष स्थान है। हमने बहुत सोचा था कि हम फैशन उद्योग में खुद को कैसे प्रस्तुत करते हैं क्योंकि यह वह तरीका है जिससे हम दुनिया भर के लोगों के साथ जुड़ते हैं और प्रेरित करते हैं।

- सुष्मिता सेन

# लॉकडाउन ने कराया जीवन की सार्थकता का अनुभव

फिल्म निर्माता **इदा अली** का दृष्टिकोण गहन और तथ्यपरक है। उन्हें कहानियां और लोग प्रेरित करते हैं। संभवतः यही कारण था कि उन्होंने अपनी पदार्पण फिल्म **'बेचारी चिड़िया,'** में मुख्य कलाकार के रूप में अपनी घरेलू सेविका को लिया। इस फिल्म को लॉकडाउन के दौरान ही शूट और निर्देशित किया गया था। पायनियर संवाददाता **चहक मित्तल** से एक विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि किस प्रकार किसी कहानी को बहुत ही कम संसाधनों के साथ कैसे अभिव्यक्त किया जा सकता है। प्रस्तुत है बातचीत के अंश-



हम अपने जीवन में सदैव अच्छे उदाहरणों की बात ही क्यों करते हैं? संभवतः इसलिये कि वे हमारे आसपास ही होते हैं। हम बस उनके बारे में किसी परिस्थिति के चलते ही जान पाते हैं। वास्तव में वे हमारे जीवन की वास्तविकता होते हैं।

फिल्म निर्माता इदा अली ने अपनी पदार्पण फिल्म 'बेचारी चिड़िया, में भी अपने आसपास बिखरे इन्हीं उदाहरणों में से एक को ही चुना है, बल्कि ये उसके ही घर में है। जब उनकी घरेलू सेविका, जिसे वो दीदी कहकर बुलाती थी, लॉकडाउन के दौरान अपने घर नहीं जा पाई तो इदा को सूझा कि क्यों न इस विषय पर कि ' हजारों लोगों के विपरीत, वो एक मकान में है चाहे वो उसका घर न भी हो। फिल्म की कहानी एक घरेली सेविका के जीवन पर आधारित है जो राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद अपने मालिक के घर में फंस जाती है। वो अकेली है और अपने घर नहीं जा पाती, लेकिन उसे एक अनजान साथी मिल ही जाता है।

ये फिल्म लघु फिल्मों की एक श्रंखला 'लाइफ समर ऑफ 2020' का एक भाग है और इसे 'लॉकडाउन के दौरान 'लॉकडाउन शॉर्ट्स स्टूडियो' द्वारा शूट किया गया है। इसे डिज़्नी हॉटस्टार पर शीघ्र ही रिलीज़ किया जा सकता है।' प्रस्तुत हैं इस साक्षात्कार की प्रमुख झलकियां -

**❑ आपने इस फिल्म की परिकल्पना कैसे की? लॉकडाउन के चलते आपको इसे पूरा करने मे कितना समय लगा?**

जब मुझे 'लाइफ समर ऑफ 2020' के बारे में पता चला और मुझे एक कहानी पर सोचने के लिए कहा गया तो मैंने तुरंत अपने आसपास के वातावरण के बारे में सोचना प्रारंभ किया कि मेरे आसपास के लोग कौन हैं? और उनपर लॉकडाउन का क्या प्रभाव पड़ा है?
मेरे जीवन में मेरी घरेलू सहायिका जिसे मैं दीदी कहती हूं, सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। मैं उनके साथ सालों से रहती आ रही हूं लेकिन फिर भी मेरा घर उसका घर नहीं था क्योंकि उसका घर-परिवार ओड़िशा के एक गांव में था। लेकिन लॉकडाउन के कारण इस बार वो साल में एक बार अपने घर जाने और अपने बच्चों तथा पोता-पोतियों को देखने-मिलने का कार्यक्रम पूरा नहीं कर सकी। लेकिन उसे लेकर मेरा विचार केवल उसकी कहानी पर नहीं बल्कि उस जैसे हर कामगार की कहानी पर, जो काम की खोज में नगरों में गया और फिर लॉकडाउन के कारण फंस कर रह गया और गृहनगर स्थित अपने घर नहीं जा सका, आधारित था।

सौभाग्य से मेरी दीदी एक अद्भुत अभिनेत्री निकलीं। मैंने उन्हें अपनी फिल्म में एकल चरित्र के रूप में प्रस्तुत किया। मैंने इस फिल्म को अपने आईफोन पर शूट किया और इस प्रकार प्रोडक्शन स्टेज जल्दी ही पूरी हो गई। लेकिन फिल्म बनने के बाद की प्रक्रियाएं जटिल होती हैं क्योंकि फिल्म में कई लोगों का सहयोग होता है लेकिन मुझे इस काम के लिए कई प्रतिभाशाली लोग मिल गए।

लोगों से बात करना, फिल्म के बारे में बताना और इसके फुटेज को भेजना और निरंतर संपर्क में रहना आदि प्रक्रियाएं होती हैं लेकिन हमारा काम चल गया।

**❑ लॉकडाउन के दौरान फिल्म को निर्देशित करने में आपको किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

मैंने इससे पहले किसी फिल्म का निर्देशन नहीं किया था और लॉकडाउन के दौरान तो ऐसा करने के बारे में सोचा तक नहीं था। मैं प्रोडक्शन का सारा काम पूरा किया जिसमें साउंड, कैमरा, परिधान, सेट और निर्देशन शामिल थे। लेकिन अकेले ये करना एक चुनौती तो था लेकिन इससे मेरा साहस और बढ़ गया। इससे मुझे रूपांतरित फिल्म बनाने का रास्ता भी दिखाया जिसे आप कहीं और कैसे भी बना सकते हैं।

**❑ आपने इसे 'बेचारी चिड़िया' शीर्षक क्यों दिया? क्या इससे आप ये बताना चाहती थीं कि 'समर ऑफ 2020' केवल उनके लिए था जो हमेशा इधर उधर भटकने वाले घुमंतू होते हैं?**

मैं अपने अपार्टमेंट की 34वीं लोर पर थी और मैंने देखा कि लॉकडाउन के बाद मुंबई में चिड़ियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। वे पूरे नगर में दिखाई दे रही थीं। खाली सड़कों पर घूमती मिल जाती थीं और मेरी बालकनी पर सूर्योदय का आनंद भी लेती थीं। अपनी कल्पना में मैंने सोचा कि इस लॉकडाउन के दौरान कोई ऐसा भी अकेला रहता मिल सकता है जिसके साथ केवल चिड़ियां ही हों। विचार ये था कि लॉकडाउन के दौरान स्त्री और चिड़िया एक दूसरे का प्रतिबिंब ही बन गई थीं। ये कोई पिंजड़ा नहीं था बल्कि प्रकृति की ही एक स्वीकारोक्ति थी।

**❑ लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूर संकट में घरों की सेविकाएं और दैनिक मजदूर ही रोजगार खोने के कारण सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। लेकिन आपकी फिल्म में तो सेविका मालिक के ही घर में रह गई थी। ये तो लॉकडाउन के दौरान के संकट में एक नया दृष्टिकोण था। क्या कहना चाहेंगी?**

प्रवासी मजदूरों के संकट ने भारत में कामगारों की दुखद स्थिति को सामने लाने में बहुत मदद की और इसकी आवश्यकता भी थी। लेकिन मेरा दृष्टिकोण तो मेरी जानकारी पर ही आधारित था। ये दुखद है कि घरेलू सेविकाओं की स्थिति पर कम ही फिल्में बनी हैं। ऐसा लगता है जैसे उनकी उपेक्षा की गई है। मैं अपनी दीदी की अनदेखी नहीं कर सकती थी। मैं उस पहचान की समस्या से जूझना चाहती थी चाहे कोई किसी सुरक्षित स्थान पर ही क्यों न हो- वो मेरे मकान में थी अपने घर में नहीं।

**❑ क्या आपको लगता है कि लॉकडाउन ने कई नए उपक्रमों को जन्म दिया है?**

मेरा मानना है कि मेरे जैसे महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं को लॉकडाउन ने ये सिखाया है कि विपरीत परिस्थितियों में फिल्म को कैसे बनाया जा सकता है। जब आपके पास टीम छोटी हो, इंटरनेट पर, और जिसके लिए योजनाबद्ध ढंग से काम करना होता है। ये तभी होता है जब लोगों पर नए और वैकल्पिक पद्धतियों का सहारा लेने का दबाव पड़ता है। मेरा मानना है कि लोग तभी वास्तव में स्वतंत्र होते हैं जब वे अपनी सहजता की सीमा से बाहर निकलते हैं और तभी वास्तविक रचनाशीलता के दर्शन होते हैं। मेरे लिए तो ऐसा ही था।

**❑ क्या आप मानती हैं कि कोविड-19 के बाद के समय में भारतीय सिनेमा को अब अधिक वास्तविकतापरक फिल्में बनाने का दबाव रहने वाला है?**

कोविड-19 के बाद दुनिया पूरी तरह से बदली नजर आएगी। आज ही इसमें बहुत परिवर्तन दिखाई देने लगा है। मास्क और सामाजिक दूरी शीघ्र हमारे बीच से नहीं जाने वाली। अब लोग महत्वपूर्ण और महत्वहीन बातों के बीच का अंतर समझ गए हैं। फिर चाहे वो मित्रता, नौकरी, या फिर अवकाशकालीन गतिविधियां। सिनेमा भी समाज का ही दर्पण होता है तो ऐसे में सिनेमा में भी परिवर्तन अवश्यंभावी है।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी सिनेमा में कम वास्तविक चीजों को दिखाना कम कर दिया गया था। इसमें युद्ध की झलक दिखाई जाती थी। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद फ्रांस में भी ऐसा ही हुआ था। हर कठिन समय कला को कुछ नया सिखा कर जाता है और 2020 में भी ऐसा ही होगा।

**❑ इदा अली का चरित्र किस प्रकार का है? आपकी लिखने और किसी चरित्र को गढ़ने की रणनीति कैसी रहती है?**

मैं लोगों में ही रुचि रखती हूं फिर वो कोई भी हो सकते हैं-मेरी मां, मेरी मित्र के दादा जी या फिर सड़क से जाता हुआ कोई पथिक। मैं लोगों के बारे में सदा कुछ नया जानना चाहती हूं।

ये एक प्रक्रिया होती है। पहले मैं किसी व्यक्ति के संबंध में कहानी की भूमिका बनाती हूं। इसके बाद भविष्य की योजना। इसके बाद ही मैं सोचती हूं कि वे क्या सोचते हैं। मेरे चरित्र समग्रता में विश्वास करते हैं। वे एक जैसे नहीं होंगे। मैं हर प्रकार के लोगों के बारे में जानने की इच्छा रखती हूं।

भारतीय सिनेमा में इम्तियाज अली को महत्वाकांक्षी फिल्मकार माना जाता है। उनकी पुत्री होने के कारण क्या आप पर कभी उनसे तुलना का दबाव आया है?

मुझसे ये प्रश्न प्रायः पूछा ही जाता है और इसी समय मुझे ये असहज लगता है। इसके अलावा मेरा उद्देश्य कहानियां बनाना और प्रस्तुत करना है। मैं वो कर रही हूं और लोग इसकी सराहना करते हैं। अभी मैं इस बोझ से मुक्त रहना चाहती हूं और यदि मेरी फिल्म से किसी को एक मुस्कान भी मिलती है तो मुझे प्रसन्नता होगी।

फिल्मकार होने की प्रेरणा आपको किससे मिली? क्या अपने माता-पिता से? आपके पालन पोषण ने इसमें कितना योगदान दिया है?

मेरे माता-पिता तो लंबे समय से फिल्में बना रहे हैं। ये कहना सही नहीं होगा कि उनके साथ रहने का प्रभाव मुझपर नहीं पड़ा। लेकिन कहानियों से ही मुझे फिल्म बनाने की प्रेरणा मिली है। मुझे वे रोचक लगती हैं। मैं कहानियां घंटों सुनती रही हूं। यहां तक कि जब मैं सोने जाती थी तो भी आंखें बंद नहीं होती थीं क्योंकि मैं और कहानियां सुनना चाहती थी।

अब मैं अपनी कहानियां कहती हूं, बनाती हूं और फिल्मों के माध्यम से उन्हें अपनी कल्पना के अनुसार जीवंत करती हूं। मैं यही करने के लिए फिल्मकार बनना चाहती हूं।



## हमारे इर्द-गिर्द की कहानियों पर आधारित है फिल्म मट्टो की साइकिल : एम गनी



**नई दिल्ली।** अपनी पहली फिल्म मट्टो की साइकिल को लेकर उत्साहित फिल्मकार एम गनी का कहना है कि इसकी कहानी रोजमर्रा के ऐसे लोगों पर आधारित है, जिनके संघर्षों को आमतौर पर समाज द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है।

इस फिल्म में फिल्मकार एवं अभिनेता प्रकाश झा ने मट्टो का किरदार निभाया है जोकि एक दिहाड़ी मजदूर है और मट्टो का परिवार उसके आने-जाने के लिए एक साइकिल खरीदना चाहता है। बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की विंडो ऑन एशियन सिनेमा श्रेणी में इस फिल्म को शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मथुरा से आने वाले गनी ने कहा कि फिल्म के नायक और लॉकडाउन के दौरान बड़े शहरों को छोड़कर वापस अपने घर पैदल ही जाने को मजबूर हुए श्रमिकों के बीच अजब सी समानता है। 45 वर्षीय फिल्मकार ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, महामारी के दौरान जो लोग नंगे पैर ही अपने घरों को लौटने को मजबूर हुए, वे सभी हमारे आसपास हैं। जब हम घर बनाते हैं तो वे काम करते हैं, हम रोजमर्रा की जरूरतों का जो सामान उपयोग करते हैं, वे ही इन्हें बनाते हैं लेकिन हमने कभी ऐसे लोगों पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, इनका जीवन कितना संघर्षपूर्ण है, इस बात का अहसास हमें उस वक्त हुआ, जब हमने टीवी स्क्रीन पर बड़ी संख्या में लोगों को नंगे पांव अपने घरों को लौटते देखा।

फीचर फिल्म निर्माण में प्रवेश करने से पहले गनी कई छोटी फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री पर काम कर चुके हैं। फिल्म निर्देशक ने कहा कि मट्टो जैसे लोग हमारे इर्द-गिर्द हैं लेकिन इनकी कहानियों को समाज द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है।

गनी ने जब इस फिल्म के निर्माण का विचार किया तो उन्हें लगा कि अब शायद लोग साइकिल का इस्तेमाल नहीं करते लेकिन जब उन्होंने अध्ययन किया तो खुद को गलत पाया। गनी ने कहा, दुकानदारों ने मुझे बताया कि आज भी मोटरसाइकिल और स्कूटर के मुकाबले साइकिलों की बिक्री अधिक होती है। थोड़ा बदलाव आया है लेकिन इनकी बिक्री में कोई कमी नहीं आई है। यहां बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आज भी साइकिल पर ही निर्भर हैं। साइकिल उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन हमने इस सच्चाई को नजरअंदाज कर दिया है। इसलिए ऐसी कहानियां हमारे आसपास हैं। इस फिल्म में सभी किरदार वास्तविक जीवन के लोगों पर ही आधारित हैं।

## नटखट और हबड्डी के प्रसारण के साथ आईएफएफएम 2020 की शुरुआत हुई

**मेलबर्न।** फिल्म नटखट और हबड्डी के ऑनलाइन प्रसारण के साथ शनिवार को मेलबर्न भारतीय फिल्म महोत्सव(आईआईएफएम) की शुरुआत की गई। महामारी के कारण ऑनलाइन आयोजित हुए इस महोत्सव में इस वर्ष आठ दिनों में 17 भाषाओं की 60 फिल्में दिखाई




जाएंगी। पहले दिन दिखाई गई विद्या बालन अभिनीत फिल्म नटखट और खेल पर आधारित फिल्म हबड्डी लैंगिक समानता का संदेश देती हैं।

आईएफएफएम के निर्देशक मीतू भौमिक लांगे ने शुक्रवार को ऑनलाइन उद्घाटन समारोह के दौरान कहा, स्वतंत्र लघु फिल्मकारों से लेकर बड़े निर्देशकों तक अधिकतर भारतीय फिल्मकार स्वतंत्रता और समानता के समसामायिक मुद्दों पर पर गंभीरता से काम करते हैं और उनके काम में विविधता में एकता की झलक हमें परिभाषित करती है। उन्होंने कहा, फिल्म लोगों को एक साथ लाने का दमदार तरीका है, चाहे वे खचाखच भरे सिनेमा घर में बैठे हों या 2020 में अपने घरों में हों।

पहले से रिकॉर्ड किए हुए अपने संदेश में बालन ने भी लोगों से महोत्सव में दिखाई जा रही फिल्में देखने की अपील की। फिल्म समारोह में बॉलीवुड अभिनेचा इरफान खान, ऋषि कपूर और सुशांत सिंह राजपूत को भी सम्मानित किया जाएगा, जिनका इस साल निधन हो गया। आईएफएफएम का 11वां संस्करण 30 अक्टूबर तक चलेगा।

## ब्रिटेन के लीसेस्टर में लॉकडाउन के बीच ऑनलाइन ही होगा दिवाली उत्सव

**लंदन।** कोविड-19 लॉकडाउन के प्रतिबंधों के बीच ब्रिटेन के लीसेस्टर में बेहद धूमधाम से मनाया जाने वाला दिवाली उत्सव इस बार ऑनलाइन ही आयोजित होगा। भारत के बाहर लीसेस्टर का दिवाली उत्सव सबसे जबरदस्त माना जाता है।

लीसेस्टर सिटी काउंसिल ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रसार की रोकथाम के मद्देनजर लागू सख्त उपायों के बीच बेलग्रेव रोड पर मनाए जाने वाले पारंपरिक मनोरंजन एवं पटाखे जलाने के उत्सव के लिए भीड़ एकत्र करने की अनुमति नहीं रहेगी। हालांकि, लीसेस्टर के निवासियों और अन्य लोगों को शहर के पहले ऑनलाइन दिवाली डे उत्सव के लिए आंमत्रित किया जा रहा है ताकि वे घरों में सुरक्षित रहकर उत्सव मना सकें। लीसेस्टर सिटी के भारतीय मूल के उप महापौर प्यारा सिंह क्लैर ने कहा, इस साल दिवाली और क्रिसमस जैसे महत्वपूर्ण त्योहार मनाने के लिए हम सभी को अलग तरीके तलाशने की आवश्यकता है। यद्यपि, हम अपने दूर-दराज के रिश्तेदारों से आमने-सामने



मुलाकात नहीं कर सकते लेकिन हमारा ऑनलाइन दिवाली उत्सव लोगों को एक-साथ लाने में सहायक साबित होगा।

14 नवंबर को आयोजित होने वाले ऑनलाइन दिवाली उत्सव के तहत लोग अपना वीडियो संदेश रिकॉर्ड करके भेज सकते हैं, जिसे एक घंटे तक चलने वाले मनोरंजन कार्यक्रम में दिखाया जा सकता है जिसका प्रसारण लीसेस्टर की वेबसाइट पर किया जाएगा।

## बांके बिहारी मंदिर खुलवाने के लिए अब मथुरा के विधायक एवं ऊर्जामंत्री ने लिखी मुख्यमंत्री को चिट्ठी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के बांकेबिहारी मंदिर को भक्तों के दर्शनार्थ खुलवाने के लिए विधायक एवं राज्य के ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा ने राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा के पत्र की मीडिया को जारी की गई प्रति के अनुसार शर्मा ने मुख्यमंत्री को लॉकडाउन के बाद मंदिर खुलने और दो दिन बाद ही बंद कर दिए जाने का हवाला देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत ही राज्य के मंदिरों को खुलवाया है। उन्होंने लिखा है कि इसी बीच वृन्दावन का बांकेबिहारी मंदिर भी खुला परंतु, दो दिन बाद ही अव्यवस्थाओं के चलते इसे अप्रत्याशित रूप से बंद करा दिया गया। उन्होंने मंदिर खुलवाने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया। गौरतलब है कि करीब आठ माह बाद शनिवार को खोले गए मंदिर को 19 अक्टूबर को पुनः बंद करा दिया गया था।